रोहल साहब - ग्रंथावली

जीवनी और वाणी



ब्रजेन्द्रकुमार सिंहल

रोहल साहब-ग्रंथावली

जीवनी और वाणी

ब्रजेन्द्रकुमार सिंहल

रोहल साहब–ग्रंथावली

जीवनी और वाणी

ब्रजेन्द्रकुमार सिंहल

प्रधान सम्पादक
डॉ. धर्मेन्द्र पारे

सम्पादक
अशोक मिश्र

जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी
मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद् भोपाल का प्रकाशन

प्रकाशक – जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी
मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद्
मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय, श्यामला हिल्स, भोपाल-462002
फोन – 0755-2661948, 2661640
E-mail : mplokkala@rediffmail.com
mptribalmuseum13@gmail.com
web. : www.mptribalmuseum.com

प्रकाशन वर्ष – वर्ष 2022 प्रथम संस्करण

मुद्रण – मध्यप्रदेश माध्यम, भोपाल

मूल्य – 300/- रुपये (तीन सौ केवल)

ISBN - 978-93-92148-16-3

संत–साहित्य रचने वाले न होकर लोकजीवन की शब्दावली में परमात्म अनुभव को अभिव्यक्त करने वाले रचनाकार रहे हैं। इनके यहाँ न भाषा, न जाति– वर्ण, न देश और न एक दर्शन विशेष का ही बंधन रहा है। ये निर्बंध परमात्मा को भेंट कर बन्धनहीन रहने वाले मनमौजी फकीर रचनाकार रहे हैं। रोहलसाहब आजीवन सिंध प्रदेश में रहे। पारिवारिक परिवेश फारसी भाषा का रहा। समाज में सिन्धी भाषा का बोलबाला था। आसपास पंजाबी भाषी जनता थी। फिर भी इन्होंने ठेठ ब्रजी मिश्रित मारवाड़ी भाषा में जो निर्गुणी संतों की मान्य भाषा रही है, उसमें अपना अनुभव व्यक्त किया है।

कई प्रान्तों के संतों और भक्तों पर शोधपूर्ण ग्रंथ और उनकी वाणियों के कुशल सम्पादक श्री ब्रजेन्द्र कुमार सिंहल ने कन्नड़, गुजराती, पंजाबी, सिंधी, राजस्थानी और ब्रज आदि भाषाओं के रचनाकारों पर प्रमाणिक कार्य किया है। इनकी खोजी प्रवृत्ति इन्हें अनेक अज्ञात या अल्पज्ञात रचनाकारों तक पहुँचा देती है। रोहलसाहब हिन्दी साहित्य क्षेत्र में अभी तक अज्ञात ही हैं, जबकि इन्होंने उत्कृष्ट वाणी का सृजन किया है। संभव है इस गुमनामी का कारण इनकी रचनाओं का अरेबिक सिंधी भाषा में मिलना और भारत से सुदूर अमरकोट का निवासी होना हो। आश्चर्य है कि इनके ऊपर किसी अंग्रेजी भाषी विद्वान ने भी कोई ठोस काम नहीं किया। सिंधी भाषा के ऐतिहासिक ग्रन्थों में भी इन पर दो–चार पंक्तियों में ज्यादा लिखा नहीं मिलता। श्री सिंहल ने रोहलसाहब तथा उनके पश्चातवर्ती रचनाकारों की समस्त रचनाओं के बारे में यथासंभव जानकारी देने का प्रयत्न किया है।

अकादमी ऐसे उत्कृष्ट ग्रंथ को प्रकाशित करने में गौरव का अनुभव कर रही है। हम श्री ब्रजेन्द्र सिंहल जी को कोटिश: धन्यवाद देते हैं। आशा है संत साहित्य में उत्सुक पाठकों के लिए यह ग्रंथ उपयोगी होगा और वे अपनी प्रतिक्रिया से अकादमी को अवगत भी करायेंगे।

– अशोक मिश्र
सम्पादक

अनुक्रम

रोहल साहब-ग्रंथावली : परिचय	9
रोहल साहब की वाणी	37
साहू साहब की वाणी	244
गुलामअली साहब की वाणी	274
खुदाबख्श साहब की वाणी	298
दुल्हदरियाखान साहब की वाणी	300

रोहल साहब-ग्रंथावली : परिचय

1. पृष्ठभूमि

मध्यकालीन हिन्दी-साहित्य प्रायः भक्ति-साहित्य माना जाता है जिसकी मुख्यतः तीन धाराएँ मानी गई हैं। निर्गुण-भक्ति-साहित्य, सगुण-भक्ति-साहित्य तथा सूफी-साहित्य।

निर्गुण-भक्ति-साहित्य ज्ञानमार्गी होते हुए भी भक्तिमार्ग के सोपान पर चढ़कर ही ज्ञानमार्ग के गन्तव्य पर पहुँचता है जिसको साहित्यिकों ने ज्ञानाश्रित-भक्तिमार्ग कहा है। दर्शन की भाषा में जहाँ ज्ञानमार्गी ज्ञान को, भक्तिमार्गी भक्ति को, कर्ममार्गी कर्म को तथा योगमार्गी योग को मोक्ष का किम्वा भगवत्प्राप्ति का किम्वा स्वस्वरूपस्थ होने का स्वतंत्र व एकमात्र साधन मानते हैं, वहाँ संतों द्वारा अंगीकृत निर्गुणी ज्ञानाश्रित भक्ति-मार्ग को क्रमसमुच्यय-मार्ग के अन्तर्गत मानते हैं। क्रमसमुच्यय-मार्ग वहाँ होता है जहाँ पहले एक मार्ग के अनुसार साधना की जाती है, तत्पश्चात् दूसरे साधन-मार्ग या तीसरे साधन-मार्ग से लक्ष्य प्राप्त किया जाता है। निर्गुणी संत पहले भक्ति-मार्ग का आचरण करता है, तत्पश्चात् ज्ञान-मार्ग का; दोनों मार्ग साथ-साथ आचरित नहीं किये जाते; दोनों मार्गों का एक साथ सम्पादन होना प्रायः संभव होता भी नहीं, इसीलिये इसको 'क्रम-समुच्यय-मार्ग' कहा गया है। एक साथ दो या तीन साधन-मार्गों का सम्पादन करने पर 'सम-समुच्चय-मार्ग' कहा जाता है। आचार्य शंकर ने क्रम-समुच्चय-मार्ग को मान्य ठहराया है तथा सम-समुच्चय-मार्ग को अमान्य किया है। निर्गुणी संत भी क्रम-समुच्चय-मार्ग के ही समर्थक व आचरण-कर्ता हैं। सूक्ष्मता से विचार करने पर सूफी भी प्रेम-मार्ग से चलकर ज्ञान-मार्ग के लक्ष्य ऐक्यभाव में प्रतिष्ठित होते हैं; अतः ये भी क्रम-समुच्चय-मार्गी हैं।

हम जिन रचनाकारों की चर्चा यहाँ करने जा रहे हैं, वे मूलतः योगमार्गी होकर भी सूफी कहलाते हैं। जांगेचा शिया मुसलमान होकर भी हिन्दू साँईनाथ नामक योगी के शिष्य बनकर योगमार्गानुसार साधना कर आत्म-साक्षात्कार-लाभ प्राप्त करते हैं। इनकी वाणियों में

हिन्दू-धर्मानुसार ही विचार व्यक्त किये मिलते हैं। यदि सूफीमतानुसार कुछ विचार यत्र-तत्र मिलते हैं तो वे प्रसंगवश ही मिलते हैं। फिर भी इनके वर्तमानकालीन उत्तराधिकारी अपने आपको सूफी कहने लगे हैं।

ये योगमार्ग की चर्चा करते-करते भक्ति की भी बातें करते हैं और अन्तन्तः ब्रह्मात्मैक्य रूप अद्वैत की बात करते हैं। ये योगमार्गी गोरखनाथ की भाँति द्वैताद्वैतविवर्जित ऐक्य की बात न करके, अद्वैत-ब्रह्म व ब्रह्मात्मैक्य की चर्चा करते हैं। योगियों के प्रिय विषय 'सृष्टि की उत्पत्ति व लय' का वर्णन अनुलोम-प्रतिलोम दोनों रीतियों से करते हैं जो कुछ अंश में पौराणिक वर्णनों से मेल खाता है तथा शेष नाथों व सिद्धों के वर्णनों से। इन रचनाकारों के अनुयायी जितने मुसलमान हैं, उतने से भी अधिक किसी समय हिन्दू रहे थे। भारत के राजस्थान, विशेषकर मारवाड़-राज्य में इनके अनुयायी अच्छी मात्रा में मिलते हैं। अतः ये सिन्धी होकर भी हिन्दी हैं और हिन्दी होकर भी सिंधी। इनकी आधी के करीब रचनाएँ सिन्धी-भाषा में व इतनी ही हिन्दी-भाषा में मिलती हैं।

उपर्युक्त संत, सूफी, रचनाकारों में प्रमुख व प्रथम हैं—श्रीरोहलसाहब। इन्हीं के साले मुरादसाहब व पुत्र-पौत्रादि हैं इस शृंखला के रचनाकार। इन सभी रचनाकारों की रचनाएँ अरेबिक-सिंधी-लिपि में 519 पृष्ठों में लिखी मिलती है। मेरे पास इन रचनाकारों की रचनाओं की हस्तलिखित प्रति की एक श्वेत-श्याम प्रति उपलब्ध है। इस हस्तलेख में 1. रोहल-साहब 2. मुराद-साहब 3. साहू-साहब 4. गुलाम-साहब 5. दुल्हदरियाखान-साहब 6. नज़रअलीखान-साहब 7. अलीनवाज़खान-साहब 8. महरहयातखान-साहब 9. ख़ुदाबख़्शखान-साहब 10. नवाबखान-साहब 11. फकीर दरमहलखान-साहब, कुल ग्यारह रचनाकारों की रचनाएँ पृष्ठ एक से 513 तक हैं। पृष्ठ 514 से 519 तक उक्त रचनाकारों की संक्षिप्त तवारीख है। यही तवारीख हमारी जानकारी का प्रमुख व प्रामाणिक स्रोत है।

दुःख है कि न तो सिंधी-साहित्येतिहास की पुस्तकों और न हिन्दी-साहित्येतिहास की पुस्तकों में ही इनका विस्तृत उल्लेख मिलता है। कहीं दो-चार पंक्ति लिखी मिल जाएँ तो बात अलग है। यह भी कम आश्चर्य का विषय नहीं कि इनमें से किसी भी रचनाकार के ऊपर अंग्रेजी में भी पुस्तक नहीं है।

ऐसा अनुमान होता है कि इस गुमनामी का एक ही कारण है और वह है, इन रचनाकारों की रचनाओं की सीमित मात्रा में हस्त-लिखित प्रतियों का प्राप्त होना। प्रकाशित संस्करणों का तो प्रायः अभाव-सा ही है। यदि एक दो संस्करण प्राप्त हैं भी तो वे या तो लोक में प्रचलित कंठानुकंठ से सुनकर संग्रहित प्रकाशन हैं या किसी आधी-अधूरी पाण्डुलिपि के आधार पर संकलित-संपादित संस्करण।

यह सौभाग्य ही समझना चाहिए कि मुझको जो हस्तलेख मिला है, वह रोहलसाहब की मुख्य-गद्दी कंडड़ी में उपलब्ध हस्तलेख की प्रतिलिपि है जिसको लिपिकार ने सन् 1932 में तैयार किया था; किसने किया, हस्तलेख से ज्ञात नहीं। वैसे याददास्ती के लिये सन् 1932 के पश्चात् रोहल-साहब की गद्दी पर बैठने वाले उत्तराधिकारियों की भी नोटिंग इस पुस्तक के 519वें पृष्ठ पर है, जिसकी चर्चा आगे चलकर करेंगे।

2. पाण्डुलिपि

जैसा पूर्व में कहा गया है, आलोच्य पाण्डुलिपि में कुल 519 पृष्ठ हैं। पृष्ठानुसार रचनाकारों की सूची निम्न प्रकार है।

	पृष्ठ से पृष्ठ तक
1. रोहल-साहब	1 से 68 तक
2. साहू-साहब	69 से 98 तक
3. गुलाम-साहब	99 से 107 तक
4. दुल्हदरियाखान-साहब	108 से 119 तक
5. मुराद-साहब	120 से 132 तक
6. रोहल-साहब	133 से 166 तक
7. साहू-साहब	169 से 170 तक
8. गुलाम-साहब	173 से 182 तक
9. दुल्हदरियाखान-साहब	183 से 202 तक
10. नज़रअलीखान-साहब	204 से 210 तक
11. अलीनवाज़खान-साहब	212 से 215 तक
12. मुरादखान-साहब	217 से 232 तक
13. महरहयातखान-साहब	233 से 233 तक
14. दुल्हदरियाखान-साहब	235 से 238 तक
15. रोहल-साहब	239 से 250 तक
16. खुदाबख्शखान-साहब	251 से 253 तक
17. मुरादखान-साहब	260 से 267 तक
18. दुल्हदरियाखान-साहब	268 से 274 तक
19. मुरादखान-साहब	275 से 280 तक
20. रचनाकारों की सूची	281 से 292 तक

21.	रोहल-साहब	295 से 309 तक
22.	गुलाम-साहब	309 से 318 तक
23.	दुल्हदरियाखान-साहब	320 से 377 तक
24.	नज़रअलीखान-साहब	383 से 389 तक
25.	नवाबखान-साहब	393 से 395 तक
26.	फकीर दरमहलखान-साहब	397 से 398 तक
27.	मुराद-साहब	399 से 405 तक
28.	महरहयातखान-साहब	409 से 419 तक
29.	रचनाकारों की सूची	421 से 423 तक
30.	रोहल-साहब	425 से 437 तक
31.	साहू-साहब	441 से 442 तक
32.	गुलामअली-साहब	447 से 448 तक
33.	दुल्हदरियाखान-साहब	453 से 466 तक
34.	मुरादखान-साहब	473 से 510 तक
35.	तवारीख	514 से 519 तक

उपर्युक्त सूची से पाठक जान सकते हैं कि एक ही रचनाकार की रचनाएँ एक स्थान पर न होकर, भिन्न-भिन्न स्थानों पर लिखित हैं।

पाठक इसको अग्रांकित उदाहरण के साथ आसानी से समझ सकते हैं। हस्तलेख में सर्वप्रथम रचनाकारों की ग्रन्थात्मक रचनाएँ सम्मिलित हैं। अगले विभाग में पदावली है। तत्पश्चात् रेखते, काफी आदि हैं। तत्पश्चात् लोकगाथाओं सम्बन्धी रचनाएँ हैं। फिर बैतों के रूप में रचनाएँ हैं। इनके पश्चात् सी-हरफी, चाली-दरबाब आदि शीर्षक की रचनाएँ हैं।

इसका तात्पर्य है कि यह हस्तलेख जब तैयार किया गया, तब सभी रचनाकारों की एक-एक प्रकार की रचनाएँ क्रमशः लिखकर, फिर दूसरी प्रकार की, फिर तीसरी प्रकार की, इस प्रकार सभी रचनाओं को लिखा गया।

हस्तलेखों को इस प्रकार की पद्धति पर लिखने की रीति मुझे अभी तक या तो रोहल-साहब और उनके परवर्तियों की रचनाओं के संकलन में मिली है या राजस्थान के विष्णोई संतों की रचनाओं को अपने पोथों में लिखने वाले परमानंद बणिहाल के पोथों में मिली है। अन्यथा दादूपंथियों की पंचवाणी पुस्तकों, रामस्नेही-सम्प्रदाय, शाहपुरा की बड़ी पुस्तकों, निरंजनियों की बड़ी पोथियों आदि में सर्वत्र रचनाकार विशेष की समस्त प्रकार की

रचनाएँ एक साथ क्रमशः सलंग रूप में लिखी मिलती हैं। तत्पश्चात् दूसरे रचनाकार की, फिर तीसरे रचनाकार की...।

दादूपंथी हस्तलेखों की एक-एक पोथी में 150 रचनाकारों तक की रचनाएँ लिखी मिलती हैं। मेरे पास एक हस्तलेख सम्वत् 1785 का है जिसमें 103 रचनाकारों की रचनाएँ संग्रहित हैं। एक हस्तलेख ऐसा है, जिसको नौ लेखकों ने लिखा है जिसमें लगभग 2.5 लाख अनुष्टुप श्लोक प्रमाण वाणियों का अलभ्य संग्रह है।

यहाँ यह उल्लेख करना आवश्यक है कि रोहल-साहब और उनके अनुवर्तियों की रचनाएँ, रचनाओं के प्रकारों के आधार पर संकलित हैं। इसी प्रकार के संकलन विष्णोई परमानन्द के पोथे में हैं जिनमें रचना-प्रकारों के आधार पर रचनाएँ लिखित हैं। संत रज्जब की सरबंगी, गुरुग्रंथ-साहब, गोपालदास की सरबंगी-सरह- चिंतामणि, जगन्नाथदास का गुणगंजनामा, नवलरामजी का सर्वांगसार तथा रामभजनजी रामस्नेही का सर्वसार-संग्रह ग्रंथ विषयानुसार संकलन हैं। इन ग्रंथों के एक-एक अंग अर्थात् अध्याय में एक-एक विषय से संबंधित अनेक-अनेक रचनाकारों की रचनाएँ संकलित हैं।

3. प्रस्तुत सम्पादन

ऊपर हमने लिखा है कि उक्त हस्तलेख में कुल ग्यारह रचनाकारों की रचनाएँ संकलित हैं। हमारे पास इस पूरे हस्तलेख के समस्त रचनाकारों की रचनाओं का अरेबिक-सिंधी-लिपि से नागरी लिप्यंतरण तैयार है किन्तु एक ही जिल्द में समस्त रचनाओं को प्रकाशित करना समुचित नहीं जान पड़ता। अतः मैंने सर्वप्रथम स्वयं रोहलसाहब, जो अपने सम्प्रदाय के प्रवर्तक हैं, उनकी समस्त वाणी सहित उनके चारों पुत्रों की वाणियों को इस संकलन में संपादित की है। रोहल-साहब की वाणी सानुवाद तैयार की गई है। इन समस्त रचनाकारों की रचनाओं का विवरण निम्न प्रकार है।

3.(1). रोहल-साहब : इनकी कुल तेरह रचनाएँ हैं जिनकी विगत अग्रांकित है। पाठक जान सकेंगे कि एक गद्य-पद्य मिश्रित ग्रंथ सहित इनकी वाणी का कुल परिमाण 742 छन्दात्मक है।

1. शास्त्र मन-प्रबोध	छंद प्रकार	5	छंद संख्या	251
2. शास्त्र अद्भुत-ग्रंथ	छंद प्रकार	6	छंद संख्या	94
3. शास्त्र सर्व-ग्यान-निज-मूल ग्रंथ	छंद प्रकार	3	छंद संख्या	165
4. अगमवार्ता (गद्य-पद्य मिश्रित)	छंद प्रकार	4	छंद संख्या	18

5. सबद (पद)	राग प्रकार	12	पद संख्या	59
6. पंद्रह-तिथि	छंद प्रकार	1	छंद संख्या	16
7. सी-हरफी	छंद प्रकार	2	छंद संख्या	37
8. सी-हरफी	छंद प्रकार	1	छंद संख्या	30
9. काफी, गजल, रेखता	राग प्रकार	6	पद संख्या	09
10. बैत पंजाबी	छंद प्रकार	1	छंद संख्या	25
11. बैत सिंधी	छंद प्रकार	1	छंद संख्या	22
12. बैत पूरव	छंद प्रकार	1	छंद संख्या	9
13. बैत सुहिणी व हीर-रांझा	छंद प्रकार	1	छंद संख्या	7
	कुल			**742**

3.(2). साहू-साहब : ये रोहल-साहब के ज्येष्ठ पुत्र थे और प्रायः उनकी यात्राओं में उनके साथ रहते थे। रोहल-साहब के पश्चात् उनकी गद्दी पर ये ही बैठे। इनकी कुल निम्न चार रचनाएँ हैं–

1. ग्रन्थ सर्वशास्त्र-अन्तर-विलास	छंद प्रकार	2	कुल छंद	198
2. आत्म-विचार-अनुभव ग्रंथ	छंद प्रकार	9	कुल छंद	127
3. सबद (पद)	–		कुल पद	7
4. बैत	–		कुल बैत	4
	कुल			**336**

3.(3). गुलामअली-साहब : ये रोहल-साहब के दूसरे क्रमांक के बेटे थे और ये तथा साहू-साहब सहोदर अर्थात् एक माँ-जाये भाई थे। साहू-साहब निःसंतान थे; अतः उनके पश्चात् ये ही गद्दीनशीन हुए और वर्तमानकाल तक इनके वंशज ही रोहल-साहब की गद्दी पर बैठते आ रहे हैं। इनकी चार रचनाएँ हैं, जिनकी विगत निम्न प्रकार है।

1. ग्रंथ ब्रह्म-विचार	छंद प्रकार	9	कुल छंद	49
2. सबद	राग प्रकार	7	कुल पद	20
3. काफी-रेखता	राग प्रकार	7	कुल पद	22
4. बैत	–		कुल छंद	7
	कुल			**98**

3.(4). दुल्हदरियाखान-साहब : ये रोहल-साहब के सबसे छोटे पुत्र थे। इन्होंने गुलामअली-साहब को अपना गुरु माना है। इनकी माता और पूर्ववर्ती साहू साहब व गुलामअली-साहब की माताएँ अलग-अलग थीं। इनके मामा मुराद-साहब थे जो रोहल-साहब के कल्होड़ा-शासन में सहकर्मी व दरवेशी-जीवन में सहवर्ती थे। रोहल-साहब के परवर्तियों में सर्वाधिक समर्थ रचनाकार दुल्हदरियाखान-साहब को ही माना जाता है। इनकी रचनाओं का विवरण इस प्रकार है-

1. ग्रन्थ ब्रह्म-वेद	छंद प्रकार	5	कुल छंद	103
2. सबद	राग प्रकार	13	कुल पद	39
3. बावन अखरी	छंद प्रकार	1	कुल छंद	35
4. चाली दरबाब नसीहत	संख्या प्रकार	5	कुल छंद	61
5. काफी-रेखता	राग प्रकार	15	कुल संख्या	148
6. बैत	प्रकार	6	कुल संख्या	92
7. सी-हरफी		1	कुल संख्या	1
		कुल		**479**

3.(5). खुदाबख्शखाँ-साहब : ये उक्त दुल्हदरियाखान-साहब के सहोदर माँजात बड़े भाई थे जबकि साहू-साहब व गुलामअली-साहब की माँ इनकी विमाता थी। इनकी रचना के रूप में मात्र एक सी-हरफी की 13 कड़ियों की मिलती हैं।

1. सी-हरफी	छंद प्रकार	1	छंद संख्या	13

उपर्युक्त पाँचों रचनाकारों की रचनाओं की कुल संख्या 1668 छंद प्रमाण है। इनके अलावा रोहल-साहब के एक गद्य-पद्य मिश्रित ग्रंथ में गद्य और है।

यह आश्चर्य का विषय है कि धुर सिंधु-देश के रहने वाले, इन मुस्लिम धर्मानुयायी परिवार में जन्मे दरवेशों ने सिंधी-प्रभावित ब्रजभाषा के छन्दों सहित सिन्धु-देश में प्रचलित काफी, रेखते एवं विभिन्न रागों के पदों में अपनी रचनाएँ लिखी हैं। इनकी भाषा प्रायः ब्रजी, मारवाड़ी और सिंधी है। कुछ सी-हरफियाँ व एक-दो काफियाँ पंजाबी-भाषा में भी हैं। लिपि अरेबिक-सिंधी है और यही कारण है कि वर्तमान समय तक इनकी रचनाएँ न तो हिन्दी क्षेत्र के विद्वानों के संज्ञान में आईं और न सिंधी विद्वान् ही अभी तक इनकी समग्र रचनाओं की खोजबीन कर इनको प्रकाशित कर सके। संभवतः इसका प्रधान कारण यही है कि इनकी रचनाओं की सीमित हस्तलिखित प्रतियों का मिलना व आजकल हस्तलेखों को पढ़कर पाठ-सम्पादन करने वालों का प्रायः अभाव-सा होता जा रहा है।

संभवतः यह पहला अवसर है, जब उक्त पाँच महान् दरवेशों की समग्र वाणियाँ एक ही जिल्द में, एक साथ प्रकाशित होकर हिन्दी-भाषी सिन्धी-समाज सहित हिन्दी-साहित्य-सेवियों को सुलभ होंगी।

4. जीवन-परिचय :

रोहल-साहब अपने समय के महान् संतोंदरवेशों में परिगणित हैं। फिर भी न तो इनके ऊपर हिन्दी में और न अंग्रेजी में ही कोई प्रामाणिक विस्तृत अध्ययन मिलता है। हाँ, सिंधी-भाषा में पाकिस्तान के सिंधी-अदबी-बोर्ड ने एक पुस्तक प्रकाशित की है जिसमें परिचयात्मक भूमिका तो अच्छी मात्रा में है किन्तु यह भूमिका व इसकी रचनाएँ लोक में प्रचलित सामग्री के आधार ही लिखी गई है, जिस कारण इसकी प्रामाणिकता संदिग्ध हो जाती है।

रोहल-साहब की दरगाह से एक पुस्तक 'सरताज-ए-कंडीरी' प्रकाशित हुई है जिसके सम्पादक फकीर ताजुद्दीनखान साहब हैं। ये उक्त गुलामअली-साहब के वंशज हैं। इन्होंने पुस्तक के शुरू में एक वंश-सजरा भी प्रकाशित किया है। पाठकों के लाभार्थ वह यहाँ परिशिष्ट में प्रकाशित कर रहे हैं। इसमें रचनाएँ तो अच्छी मात्रा में प्रकाशित हैं किन्तु इन रचनाकारों के बारे में कोई शोधपूर्ण अध्ययन नहीं है। हर-एक रचनाकार की रचना के प्रारंभ में सामान्य-सी परिचयात्मक जानकारी है। यह जानकारी प्रायः हमारे द्वारा विवेचित हस्तलेख में उपलब्ध तवारीख के अनुसार ही है; अतः इस पुस्तक से भी इन दरवेशों के बारे में कोई विशेष जानकारी नहीं मिलती।

मैंने मेरे कई परिचित सिंधी विद्वानों से इनके बारे में चर्चाएँ कीं किन्तु किसी के पास भी कोई विशेष जानकारी नहीं मिली। एक विद्वान् ने तो यहाँ तक कहा 'प्रवाद सुनने में आता है, रोहल-साहब की वाणी पढने से अनष्टि होने की आशंका बद्धमूल होने से कोई भी रोहल-साहब के बारे में पढ़ता-लिखता नहीं है।' आज के जमाने में एक विद्वान् के मुँह से उक्त बात सुनकर मैं सोचने को विवश हुआ।

4.(1). रोहल-साहब : इनकी जाति जांगेचा बलोच मुसलामान है जिसको अब सिन्धी-मुसलमान कहा जाता है। पहले इनकी बोलने की भाषा बलोच थी किन्तु अब ये इस भाषा का प्रयोग नहीं करते। अब इनकी बोलने व लिखने की भाषा सिरायकी है जो उर्दू से मिलती-जुलती है। सन् 2009 में बलोचों की जनसंख्या 90 लाख आँकी गई, जिनमें से 60% पाकिस्तान के बलोचिस्तान में निवास करते हैं। रोहल-साहब का प्रभाव इन बलोचों में अब भी है जो प्रायः सिंध-प्रान्त में रहते हैं। मूलतः जांगेचा-बलोच-कबीले सुन्नी मुसलमान हैं

(विकीपीडिया की साइट की जानकारी के अनुसार) किन्तु रोहल-साहब का कबीला शिया मज़हब से सम्बद्ध है, ऐसा रोहल-साहब की तवारीख में लिखा है।

जब हम सिंध का इतिहास पढते हैं, तब ज्ञात होता है कि रोहल-साहब के जमाने में उमरकोट-क्षेत्र कल्होड़ा-शासकों द्वारा शासित था। तवारीख रोहल-साहब में लिखा है कि तत्कालीन कल्होड़ा शासक गुलामशाह का सेनाध्यक्ष जो जांगेचा बलोच था रोहल-साहब का मौसी-जात भाई था। सिंध की तवारीख से यह भी ज्ञात होता है कि कल्होड़ों को शासनासीन करने में जांगेचाओं का बड़ा भारी योगदान था; अतः ये जांगेचा कल्होड़ों के राज्य में महत्वपूर्ण पदों पर आसीन थे। इन सभी परिस्थितियों के कारण रोहल-साहब के पिता साहो-साहब कल्होड़ाओं के यहाँ महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त थे, जैसा उक्त रोहल-साहब की तवारीख में लिखा है।

4.(2). रोहल-साहब का जन्म किस सन् में हुआ, का उल्लेख तो रोहल-साहब की तवारीख व वाणी में नहीं है किन्तु तिथि का उल्लेख वाणी में इस प्रकार मिलता है। यथा–

मेरी पूनम की जोई राखै व्रती, कर सत्संग अर भाव ब्रतावै।
रटै सत नाम अंतर में राखै, अनासुरत की डोर लगावै ॥

–शास्त्र सर्वग्यान-निज-मूल, 98

सेली सींगी सतसटी, हम हैं प्रगटे आइ।
पूनम तिथि दिन सोम, ले देह घर साहो के पाइ ॥

–अगमवार्ता, दोहा-1

रोहल-साहब की तवारीख में लिखा है कि जब कल्होड़ा शासक गुलामअली सन् 1772 में मरा और घटना विशेष घटी, जिसका वर्णन हम आगे करेंगे एवं जिस ही के कारण रोहल-साहब ने कल्होड़ों की नौकरी छोड़ी, तब वैराग्य धारण किया अथवा उमरकोट छोड़कर दरवेशी धारण की उस समय उनकी उम्र 46 वर्ष की थी। यदि हम सन् 1772 में से 46 वर्ष ऋण करते हैं तो इनका जन्म-समय 1726 सन् आता है। जब हम श्रीमोहन गियानी द्वारा लिखित 'सिन्ध का इतिहास' पुस्तक के पृष्ठ 116-117 को पढ़ते हैं तो ज्ञात होता है कि कल्होड़ा-शासक गुलामअली के उत्तराधिकारी मिंया सरफराज ने सन् 1772 से 1776 तक शासन किया। इसने अपने सेनापति बेहरामखान को उसके पुत्र सहित तब मरवा डाला, जब वे राजकीय दफ्तर में प्रवेश कर रहे थे। बेहरामखान बलोच था। इस हत्या के कारण संपूर्ण बलोच-जाति सरफराज की जानी दुश्मन हो गयी। यह भी एक अन्य कारण है रोहल-साहब का नौकरी छोड़ने का।

तवारीख स्पष्ट कहती है कि जब सरफराज ने गुलामअली के ऊपर उस कफन को डालने से बिल्कुल मना कर दिया जिसको गुलामअली ने मंगवाकर इसलिये रोहल-साहब के पास सुरक्षित रखा कि उसके मरने पर वही कफन उसके ऊपर डाला जाए, तब रोहलसाहब के मन में वैराग्य का भाव दृढ़ हो गया और उन्होंने बारह दिन का कार्यक्रम पूरा करके राजधानी से निकल जाने का पक्का निर्णय-कर निकल गये।

अतः हमें लगता है, रोहल-साहब का जन्म-वर्ष सन् 1726 ही ठीक है।

इसके विपरीत, विकीपीडिया की साइट पर उपलब्ध रोहल-साहब के सम्बन्ध में सामान्य जानकारी के अनुसार रोहल-साहब का जन्म सन् 1734 ज्ञात होता है किन्तु इसका कोई आधारभूत स्रोत विकीपीडिया से ज्ञात नहीं होता है।

इधर डॉ. रमेशचन्द्र मिश्र लिखते हैं- 'ऐसे रोहल-साहब के जन्म-वर्ष के सम्बन्ध में निश्चित् प्रमाण तो नहीं मिलते। हाँ, उनके चोला-त्याग का वर्ष सन् 1804 ई. लिखा मिलता है। जनाब लुत्फुल्लाह बदवी द्वारा संपादित पुस्तक 'कंडड़ी वारनि जो कलाम' (प्रकाशक : सिन्धी-अदबी-बोर्ड, हैदराबाद, पाकिस्तान, सन् 1964), डॉ. मुरलीधर जेतली द्वारा लिखित 'सिन्धी-साहित्य जो इतिहास' (प्रकाशक : सिन्धू-समाज, नईदिल्ली, सन् 1972) तथा श्री एल॰एच॰ अजवाणी द्वारा लिखित और आनन्द खेमानी द्वारा अनुवादित पुस्तक 'सिन्धी-साहित्य का इतिहास' (प्रकाशक : साहित्य-अकादमी, दिल्ली सन् 1978) एवं डॉ. दशरथराज द्वारा संपादित पुस्तक 'संत रोहल की वानी' (प्रकाशक : शिव-शक्ति-प्रकाशन, पूना, सन् 1969 ई॰) में उल्लिखित संत रोहल का जन्म-वर्ष सन् 1734 मानते है।' 'संत रोहल-फकीर-ग्रंथावली', पृष्ठ-19, सन् 2016 संस्करण।

साहित्य-अकादमी द्वारा प्रकाशित 'सिंधी-साहित्य का इतिहास', पुस्तक के पृष्ठ 132, 135, 136 व 138 पर रोहल-साहब, मुराद-साहब व दुल्हदरियाखान-साहब का अति संक्षिप्त वर्णन है किन्तु इन पृष्ठों पर तीनों में से किसी एक के भी जन्म-मरण के सन्-सम्वतों की चर्चा नहीं है। डॉ. मिश्र ने अन्य पुस्तकों के नाम मात्र लिखे हैं, किन्तु उनके उद्धरण उद्धृत नहीं किये हैं, जिनसे जाना जा सके कि उनके उल्लेख कहाँ तक प्रामाणिक हैं। वैसे विकीपीड़िया की साइट भी 1734 ईस्वीय सन् की ही चर्चा करती है, इससे इतना तो समझ में आता है कि भेड़ी-धसान न्यायानुसार एक-दूसरे ने, एक-दूसरे का अनुगमन किया है किन्तु इस मत के पीछे कोई आधार नहीं है।

हमने रोहल-साहब के गद्दी-स्थान में उपलब्ध ऊपर वर्णित हस्तलेख (तवारीख) के आधार पर अपनी बात कही है जिसके अनुसार रोहल-साहब का जन्म-वर्ष 1726 ईस्वी सन् सुनिश्चित् होता है। इस सम्बन्ध में तवारीख का सम्बद्ध पाठ इस प्रकार है।

पृष्ठ 514 का प्रारम्भ 'गुलामशाह 1772 में बफात कई, रोहल-साहब उहा जोड़ी संदसि कफन जे मथां विझण लाए खणी आथो पर जब मिंया गुलामशाह जे पुट मिंया सरफराज जों खाँउसि पोए गादीनशीन थियो उन उहा जोड़ी में खेसि डाढ़ी पसन्द आई सो चयाड़ त इहा जोड़ी मां पंहिंजो कतबि आगीं दुसि उन जे एवज तूं बिया कपड़ा कीमखाब, बखमल, अतलस बी खणीं कफन ते बिझ, रोहल-साहब खेसि घणो समुझायेसि त तुंहिंजो पीउ सची बादशाही ऐं हेतिरो धन ऐं मिलकियत तव्हां खे डेई बियो आहे पाण कुझ बि साणु कोन खणी वियो फकत हीअ जोड़ी पंहिंजे कफन ते बिझण लाए बसीयत करे वियो आहे तव्हां पंहिंजे पीउ जी इहा खसीस वसीयत नथा मञियो, मगर सरफराज न मुड़ियो, इन्हीअ गातह रोहल-साहब जी दिल खे डाढी चोट लगाई, खयाल कयाऊंत बादशाही दौलत मिलकियत त साणु न हलंदी पर पुट बि बीठे जा आहिनिं तंहिकरे जमाने में रहण मुं कहिड़ो फाइदो आहे? मिंया गुलामशाह जो बारहों गुजरियो त रोहल-साहब घर अची चयो त असां हाणे नौकरी छडी, हाणे फकीरी पाईदासीं सो जेकडहिं तूं इते रहण चाहीं त धन ऐं मिलकियत झझो अथई जे चवीं त पेके छडे अचां पर माई चयो त जेडाहुं तव्हां वेंदा ओडांहुं मां बि हलंदुसि रोहल-साहब घणो समुझाइसि त तकलीफू ऐं डाखडा डिसणा पवंदव पर माई न मुड़ी, तंहिंते रोहल-साहब चयुसि त भला जेवर समलाहे, उन वक्त रोहल-साहब खे ब पुट जा वल पुट हुवा शाहुसाई ऐं गुलामअलीसाई उन्हनि खे जे की जेवर पियल हुआ उहे बि लाथाऊं सभई घर खां निकरी थिया बाहिर पोइ रोहल-साहब सभ जेवर धन ऐं बी जे का बि मिलकियत हुअन, हथनि सां लुटयाइ को बि बसिलो थाटपड़ पाण सां कोन रखियाऊं, पोइ उमरकोट छडियाऊ चवनि था त उन वक्त रोहल-साहब जी उम्र 46 साल हुई मुरादसाई सागी तरह नौकरी छडीअन उन वक्त मुरादसाई जी उम्र 43 साल चवण में आये थी हिजरी सन् मूजिब–जेकड़हि बराबर आहे त रोहल-साहब जो जन्म ईस्वी सन् 1726 धारे ऐं मुरादसाई जो जन्म 1729 धारे थियो हूंदो, रोहल-साहब अगमवार्ता में एतिरो जाणायो आहे संदनि जन्म पूनम तिथि ऐं मुराद डसह में थियो हो मगर महीनो ऐं साल जाणायल कोन आहे।'

ऊपर उद्धृत तवारीख की निश्चयात्मक जानकारी के आलोक में रोहल-साहब का जन्म-वर्ष 1734 मानने का कोई आधार शेष नहीं बचता। निश्चयात्मक रूप से कह सकते हैं कि रोहल-साहब का जन्म-वर्ष सन् 1726 व मुरादसाँई का जन्म-वर्ष 1729 ही सर्वथा प्रामाणिक है।

विकीपीडिया में लिखा है कि मुरादसाँई रोहल-साहब से दस वर्ष छोटे थे, यह सूचना भी गलत ही माननी चाहिए क्योंकि तवारीख मुरादसाँई को रोहल-साहब से कुल तीन वर्ष छोटा बताती है।

डॉ. रमेश मिश्र ने मुरादखान-साँई को रोहल-साहब का चचेरा भाई बताया है तथा कहा है कि उन्होंने रोहल-साहब को अपनी बेटी विवाहित की (पृष्ठ-19, उक्त पुस्तक)। ये दोनों ही सूचनाएँ डॉ. मिश्र की झूठी हैं। तवारीख में स्पष्टतः लिखा है कि मुराद-साँई व रोहल-साँई के खानदानों में पहले से कोई पारिवारिक या रिश्तेदारी जैसे सम्बन्ध नहीं थे। दोनों कल्होड़ाओं के दरबार में नौकरी करते थे, केवल इतना ही सम्बन्ध था। जब रोहल-साहब ने नौकरी छोड़ी, तब मुराद-साँई ने भी नौकरी छोड़ दी और रोहल-साहब के साथ ऊमरकोट छोड़ दिया। जब दोनों फकीर 'कोटली' या 'कोटड़ी' में रहे, तब मुराद-साहब ने अपनी बहिन की शादी रोहल-साहब से की, जिससे रोहल-साहब के दो पुत्र उत्पन्न हुए–(1) खुदाबख्शखान-साहब व 2. दुल्हदरियाखान-साहब (देखें, तवारीख, पृष्ठ-514 व विकीपीडिया-साइट)

4.(3). माता-पिता : जैसा पूर्व में कहा गया है, रोहल-साहब के पिता का नाम 'साहू' या 'साहो' था; स्वयं रोहल-साहब ने इस नाम की पृष्टि 'अगमवार्ता' ग्रंथ में की है।

सेली सींगी सतसटी, हम हैं प्रगटे आइ।
पूनम तिथि दिन सोम, ले देह घर साहो के पाइ ॥ दोहा-1

इनकी माता का नाम क्या था, हमको जितनी सामग्री प्राप्त है, उससे ज्ञात नहीं होता। तवारीख रोहल-साहब में लिखा है कि 'हिन घराणे जा दरवेश शीया जा आहिन ही दरवेश असल किथे जा वेठल हुवा इन जो पूरो पतो कोन्हे के कीअ था चवनि के कीअ। राजो लेखा जो कल्होड़नि जो वजीर हो जो सिंध जो तारीख में बि जिकर आहे सो रोहल-साहब जो सगो मासात हो।' पृष्ठ-514

विकीपीडिया-साइट पर उपलब्ध सूचना के अनुसार इनके पिता साहोखान कल्होड़ा शासक नूरमोहम्मद के शासनकाल में महत्वपूर्ण पद (नूर मोहम्मद के सलाहकार) पर आसीन थे। नूरमोहम्मद सन् 1755 में मरा, तत्पश्चात् मिंया मुरादयाव शासनारूढ़ हुआ जो मात्र सन् 1757 तक रहा। इसके पश्चात् गुलामशाह कल्होड़ा शासनारूढ़ हुआ, जिसके समय में रोहल-साहब तोशाखाना के अध्यक्ष थे। गुलामशाह सन् 1757 से 1772 तक शासनारूढ़ रहा।

जैसा तवारीख के ऊपर उद्धृत कथन से ज्ञात होता है, कल्होड़ाओं का वजीर रोहल-साहब का सगा मौसा-जात भाई था। यह कौन से शासक का वजीर था, स्पष्ट नहीं। श्रीमोहन गियानी द्वारा लिखित 'सिंध का इतिहास' पृष्ठ 115 से 117 तक से ज्ञात होता है कि नूर मोहम्मद, मुरादयाव, गुलामशाह व सरफराज तक के शासन में दीवान के पद पर

गिद्दूमल थे जिनके नाम से ही ज्ञात होता है, ये मुसलमान न होकर हिन्दू थे। अतः इस बात की संभावना बिल्कुल नहीं है कि दीवान गिद्दूमल की पत्नी व साहोखान की पत्नी बहनें रही होंगी।

जैसा पूर्व में उल्लेख कर आये हैं, कल्होड़ाओं के सेनापति प्रायः बलोच होते रहे थे। रोहल-साहब की जाति भी बलोच जांगेचा ही थी; अतः हो सकता है, तवारीख लिखने वाले ने सेनापति को ही दीवान लिखा हो। चूँकि गुलामशाह के शासन में बेहरामखान बलोच सेनाध्यक्ष था, वही सरफराज के समय में भी था; अतः हो सकता हे, रोहल-साहब की माँ और बेहरामखान की माँ दोनों बहिनें रही हों। अतः हमने सेनाध्यक्ष माना है, दीवान नहीं।

4.(4). भाई-बहन : उक्त तवारीख तथा विकीपिड़िया-साइट की जानकारी बताती है कि रोहल-साहब कुल तीन भाई थे। रोहलसाहब मँझले थे। इनके बड़े भाई का नाम 'सुलतान' तथा छोटे भाई का नाम 'मेवो' था। (तवारीख पृष्ठ-514) इनके कोई बहिन थी अथवा नहीं, इसका उल्लेख इसमें नहीं है। तवारीख के अनुसार सुलतान तथा मेवो भी कल्होड़ों की नौकरी में ही थे। अब इन दोनों के वशंज भी कंडड़ी में ही रहते हैं। ये अब भी जांगेचा बलोच ही कहलाते हैं।

4.(5). नौकरी : जैसा ऊपर उल्लेख हो चुका है, रोहल-साहब के पिता कल्होड़ा शासक नूरमोहम्मद के महत्वपूर्ण सलाहकार थे; अतः उन्होंने अपने तीनों पुत्रों की कल्होड़ा राजदरबार में नौकरी लगवा दी; तवारीख व साइट दोनों के अनुसार रोहल-साहब तोशाखाना के अध्यक्ष थे। तोशाखाना शासकों का निजी खजाना होता है जिस पर महत्वपूर्ण व विश्वासपात्र व्यक्ति को ही नियुक्त किया जाता है। रोहल-साहब ने काफी दिनों तक राजदूत के पद पर भी कार्य किया और वे यदा-कदा कार्यवशात् वर्तमानकालीन राजस्थान राज्य के बीकानेर, जोधपुर, जैसलमेर जैसे राज्यों में भी आया-जाया करते थे। मारवाड़ी-भाषी इन राज्यों में आने-जाने व इनके निवासियों तथा राजकर्मचारियों के सम्पर्क में रहने से इनको हिन्दी-भाषा का, यहाँ के साहित्य, विश्वास व सामाजिक-जीवन के बारे में काफी कुछ जानने को मिला जिसका ही सुफल यह रहा कि इन स्वयं सहित इनके उत्तराधिकारियों ने निःसंकोच-भाव से हिन्दी में प्रयुक्त छन्दों को अपनी रचनाओं में प्रयुक्त किया है। जोधपुर के महाराजा विजयसिंह ने तो इनसे लगातार सैतीस दिन तक सत्संग किया। इसी दरमियान काफी हिन्दू जनता भी इनकी अनुयायी बनी। अब भी उक्त तीनों पुराने रजवाड़ों में इनके अनुयायी पाये जाते हैं। पाठकों के मनों में ही नहीं, मेरे मन में भी प्रश्न स्वाभाविक रूप से उठा कि रोहल-साहब के पिता का नाम साहोखान अथवा साहूखान था, तब रोहल-साहब के पुत्र का नाम भी साहूखान कैसे हो सकता है? क्या दादा व पोता का एक नाम होना संभव है।

मैंने यह जिज्ञासा रोहल-साहब के अखाड़े के पुजारी वा महंत श्रीअचलरामजी साँसी से पूछा, तब उन्होंने बताया कि जांगेचाओं में कभी-कभी दादा व पोते का नाम एक हो जाया करते थे। हमने सुविधा के लिये रोहल-साहब के पिता को साहोखान-साहब तथा पुत्र को साहूखान-साहब लिखा है।

4.(6). जन्म-स्थान : रोहल-साहब के जन्म-स्थान के बारे में तवारीख में जो उल्लेख मिलता है, वह वह इस प्रकार है, ''नका लाज बारे में का बि दाखिला आहे चवनि था त ऊमरकोट मां समई विया ऐं पोइ पदमात जे भिट ते अची रहिया, चवण में अचे थो त पदमात जे भिट ते हिक ओलियाउ जो मकबिरो अञां ताईं आहे जिते सालियानो मेलो बि लगन्दो आहे। पृष्ठ 514

विकीपीडिया की साइट पर उपलब्ध सूचना के अनुसार इनका जन्मस्थान ऊमरकोट के निकटस्थ पद्म-भिट (सिन्ध) ही ज्ञात होता है।

डॉ. रमेश मिश्र ने भी इनका जन्मस्थान 'पद्माद जी भिट्ट गाँव, तहसील ऊमरकोट, जिला थारपरकर (सिंध) ही लिखा है। संत रोहल फकीर : ग्रन्थावली, पृष्ठ-18.

विकीपीडिया में और भी लिखा है कि रोहल-साहब का जन्म जिस गाँव में हुआ उसका नाम रोहलबाई हो गया किन्तु अब इस नाम का गाँव अस्तित्व में नहीं है।

डॉ. मिश्र ने जन्म-स्थान या जन्म-देश के बारे में निम्न पदांश के आधार पर एक कल्पना और की है कि रोहल-साहब ने अपना जन्म-देश 'थर-देश' बताया है। यथा—'वे अपना गाँव थर ही बताते हैं—'थर गाँव मेरा थर नाम हमारा।

आपो हि आप रहूँ निरधारा' ॥थल॥ पदांक 31, पृष्ठ-20।

वस्तुतः रोहल-साहब अपना गाँव व नाम—दोनों 'थर' बताते हैं। यहाँ अगम-देशस्थ गाँव व नाम का उल्लेख है, न कि संसार में रहने वाले गाँव व देश का नाम। अगली पंक्ति में वे स्पष्ट कहते हैं कि मैं उस स्थिर गाँव में, स्थिर नाम धारण करके, स्वयं की ही महिमा में स्थित हुआ, स्वयं ही निराधार रूप में रहता हूँ। मेरा कोई आधार नहीं है, बल्कि मैं ही सबका आधार रूप हूँ, अधिष्ठान रूप हूँ। यहाँ 'थिर' का तात्पर्य स्थिर=निश्चल है। रोहल-साहब अन्यत्र अपना नाम 'रोहल नाम धराया' कहकर स्वयं को रोहल ही कहते हैं। अतः 'थर' शब्द के द्वारा रोहल-साहब का गाँव 'थर-पारकर' मानना सर्वथा भूल है।

4.(7). गुरु : रोहल-साहब सगुरे थे अथवा निगुरे थे, पहला प्रश्न तो यही है। दूसरा

प्रश्न है, यदि सगुरे थे तो इनका गुरु कौन था; हिन्दू था अथवा मुस्लिम था। हिन्दू था तो किस साधना-पद्धति और विचारधारा का अनुयायी था; और यदि मुसलमान था तो क्या वह सूफी था; सूफियों के किस सम्प्रदाय को मानता था? ये प्रश्न ऐसे हैं जिन पर प्रकाश पड़ने पर ही रोहल-साहब की विचारधारा का कुछ अंश स्पष्टतापूर्वक समझा जा सकता है।

विकीपीडिया-साइट के अनुसार रोहल-साहब कादिरी-सम्प्रदाय के सूफी शाह ईनायत की कृपा से सूफियत की ऊँचाइयों तक पहुँचे।

सिन्धी-साहित्य का इतिहास, लेखक ला॰ह॰ अजवानी में भी रोहल-साहब के गुरु का नाम शहीद शाह इनायत बता रखा है। 'झोक के संत प्रसिद्ध शहीद शाह इनायत के आशीर्वाद से सूफी-मत की पराकाष्ठा पर पहुँच गए।' पृष्ठ-135

इधर डॉ. रमेश मिश्र ने भी लिखा है कि रोहल-साहब के गुरु शाह इनायत शहीद थे जो उसी इलाके के मीरांपुर कस्बे के निकट झोंक गाँव के निवासी थे। (संत रोहल फकीर : ग्रन्थावली, पृष्ठ-22)

पृष्ठ-23 पर डॉ. मिश्र एक अन्य संभावना और व्यक्त करते हैं 'दूसरी मान्यता के अनुसार रोहल के गुरु रूप में एक अन्य योगी महात्मा डूंगरसी महाराज(फकीर) का नाम भी आता है जिनसे इन्हें योग-साधना एवं योग-ज्ञान प्राप्त हुआ था। (उक्त, पृष्ठ-23)

तवारीख में गुरु सम्बन्धी उल्लेख इस प्रकार मिलता है- 'मगर गुरुअ जो नालो बिन्हीं दरवेशनि किथे बि जाहिर कोन कयो आहे। चवनि था त इहो दरवेश डाढो लिकल हो ऐं पान खेनि मनह कई हुवाई त संदसि नालो न कजो। के चवनि था त संदनि मुरशिद जो नालो असहाक हो ऐं झोक वाजन साहिबनि जो मुरीद हो। कंडड़ी वारा दरवेश बि चवनि था त संदनि मुरशिद झोक वारा साहिब आहिन। मुराद साँई हिक बैत में चयो आहे त 'वरूं पुसी पदमात जे बन हलो व हालात' इन्हीअ बैत मां मथिन गाल्ह खे थोड़ी घणी मिले थी।' पृष्ठ-514

उक्त तीनों स्रोत झोंक गाँव निवासी शाह इनायत शहीद को ही रोहल-साहब का गुरु बताते हैं किन्तु लगता है, यह जनश्रुत्याधारित जानकारी मिथ्या है। कारण स्पष्ट है कि रोहल-साहब का जन्म तवारीख के अनुसार सन् 1726 जबकि अन्य स्रोतानुसार सन् 1734 सिद्ध होता है। इधर शाह इनायत शहीद सन् 1718 में ही शहीद हो गये। विकीपीडिया की साइट पर शाह इनायत शहीद, झोंकवालों का समय, जन्म 1655 ई॰ व मरण–7 जनवरी, सन् 1718 (सफर 17, 1130 हिजरी) बता रखा है। सन् 1726 में जन्मने वाला व्यक्ति कभी भी

सन् 1718 में मरने वाले व्यक्ति का शिष्य नहीं हो सकता; अतः शाह इनायात शहीद को गुरु मानने का मत खारिज हो जाता है।

इधर डॉ. मिश्र, योग-साधना के ज्ञान के लिये रोहल-साहब को डूंगरसी फकीर का शिष्य बताते हैं; यह भी निरी झूठी कल्पना है। रोहल-साहब और डूंगरसी फकीर ('डूंगरसी' सही नाम न होकर, 'डूंगर पुरी' है। देखें रोहलसाहब-ग्रंथावली (आलोच्य पुस्तक), पदांक 58-59) रोहल-साहब व डूंगर पुरी का सम्वाद जिस लहजे में उक्त दोनों पदों में उपलब्ध है, उससे यह बिल्कुल समझ में नहीं आता कि ये दोनों गुरु-शिष्य रहे होंगे। पहले डूंगर पुरी ने प्रश्न पूछा है और तत्पश्चात् रोहल-साहब ने उत्तर दिया है। उत्तर की पहली पंक्ति 'कहूँ म्हारी भक्ति का भेद, पड़ूत्तर साधू कहै' ही यह स्पष्ट करने को पर्याप्त है कि जब रोहल-साहब तथा डूंगर पुरी का सम्वाद हुआ, तब तक रोहल-साहब अपनी साधना-पद्धति, इष्ट आदि का निश्चय कर चुके थे और परमतत्व को प्राप्त कर चुके थे। परमात्म-प्राप्त व्यक्ति को गुरु करने की जरूरत नहीं होती और इस सम्वाद से वाद-प्रतिवाद होने की ही ध्वनि तो निकलती है किन्तु गुरु-शिष्य के प्रश्नोत्तर का आभास नहीं होता। अतः यह डॉ. मिश्र की कोरी कल्पना-भर है।

भारत में रोहल-साहब के अखाड़े के महंत वा पुजारी श्रीअचलरामजी से बात करने पर ज्ञात हुआ कि रोहल-साहब साँईनाथ नामक नाथयोगी के शिष्य थे। साँईनाथ हिन्दू थे और हिंगलाजदेवी के मंदिर के आस-पास वहीं कहीं के निवासी थे। साँईनाथ योगीराज के प्रभाव से रोहल-साहब हिन्दू योगियों की भाँति कोपीन लगाते थे तथा कमर से ऊपरी भाग के शरीर को योगियों की भाँति नग्न रखा करते थे। सेली-सींगी धारण करते थे जैसा कि अगमवार्ता के दोहा क्रमांक एक में उन स्वयं ने स्पष्टता के साथ कहा है। ये पूर्णतः शाकाहारी थे। इनके उपदेश जितने हिन्दू-विचारधारा के अनुकूल होते थे, उतने मुस्लिम अथवा सूफियों की विचारधारानुसार नहीं होते थे। उक्त महन्त श्रीअचलरामजी के अनुसार रोहल-साहब केवल मुस्लिम माता-पिता की सन्तान होने से ही मुस्लिम थे, अन्यथा विचारों से वे पूर्णतः हिन्दू थे। इसी कारण, इनके अनुयायियों में हिन्दू व मुसलमान दोनों ही थे। महंत अचलरामजी का कहना है कि मुसलमानों के प्रभाव से इनके बाद वाले उत्तराधिकारी अब रोहल-साहब को सूफी कहने लगे हैं किन्तु वे सूफियों की तरह न तो कुरान की आयतों को पढ़ते थे, न मोहम्मदसाहब का ही उन्होंने कहीं जिक्र किया है। उनकी सारी की सारी रचनाएँ निर्गुण-संतों व नाथ-सिद्धों का अनुगमन करती हैं। एक जगह रोहल-साहब ने स्वयं को कबीर का अवतार कहा है और इसीलिये इनको 'सिंध का कबीर-साहब' भी कहा जाता है। पद क्रमांक एक में कहते हैं–

'साधु कबीर मैं हुवा कासी। मिल पंडिताँ सूँ कीनी हाँसी ॥1/7॥

रोहलसाहब के अनुयायियों में इस संबंध में निम्न दोहा प्रचलित है–

कनड़ी कासी एक है, रोहल रूप कबीर।
जो चल आवै दुख मिटै, जनम जनम की पीर ॥

पद एक को ध्यानपूर्वक पढने से संज्ञान में आता है कि रोहल-साहब इस पद में अनेक हिन्दू साधु-संतों की तो चर्चा करते हैं किन्तु वे एक भी सूफी फकीर की चर्चा नहीं करते। सृष्टि को बनाने वाला भी वे स्वयं को ही बताते हैं। 'हम हूँ साहब सकल कूँ पालूँ। मैं अविनासी उपावणहारौ ॥'

इतना ही नहीं, रोहल-साहब स्वयं को ही समस्त ब्रह्मांड में व्याप्त बताते हैं। तत्काल बाद में, वे कहते हैं- मैं सबसे न्यारा=निर्लिप्त भी हूँ। जिस प्रकार स्वामीजी श्रीरामचरणजी राम को 'रमतीत' बताते हैं। जो राम समस्त ब्रह्माण्ड में रम रहा है और संसार से अतीत भी है। गीता भी इसी प्रकार का कथन करती है

मया ततमिदं सर्वं जगदव्यक्तमूर्तिना।
मत्स्थानिसर्वभूतानि न चाहं तेष्ववस्थितः ॥9/4॥

रोहल-साहब का पद ''हम हूँ सकल, सकल सूँ न्यारा ॥'' पदांक 57॥

कुरान में ऐसा कोई उल्लेख नहीं मिलता कि अल्लाह मानवाकृति में सृष्टि में अवतरित होता है जो सबमें रम भी रहा है तथा सबसे सर्वथा निर्लिप्त भी है। कुरानानुसार तो अल्लाह सातवें आसमान में पर्दों के भीतर रहता है, जहाँ केवल मोहम्मदसाहब जाते हैं और अल्लाह से मिलते हैं। अन्य किसी को मिलने की इज़ाज़त नहीं।

ये सभी बातें हिन्दूधर्म की हैं जो शाह इनायत शहीद की सूफियाना शिक्षाओं से मेल नहीं खातीं। अतः हमारा दृढ़ निश्चय है कि परम्परागत श्रुतकथन से सुनी गई जानकारी जो अचलरामजी ने बताई है, वही सही है। रोहल-साहब का यह कथन, क्या यह सिद्ध नहीं करता कि वे एक सिद्ध योगी थे, न कि सूफी

सेली सींगी सतसटी, हम हैं प्रगटे आइ।
पूनम तिथि दिन सोम, ले देह घर साहो के पाइ ॥ -अगमवार्ता, दोहां क-1

संत-साहित्य में प्रकटने का तात्पर्य साधनान्तर प्रकाश में आने से लगाया जाता है, न कि माता के गर्भ से उत्पन्न होने से। किन्तु रोहल-साहब के उक्त कथन में तो प्रकटने

का तात्पर्य पैदा होने से ही है और वे कहते हैं कि मैं साहोखान के घर में पूनम तिथि, सोमवार को सींगी, सेली, सतसटी के साथ ही उत्पन्न हुआ। इससे तो यह भी सिद्ध होता है कि रोहल-साहब जन्मजात सिद्ध योगी थे, पूर्वजन्मकृत ऋणानुबन्ध-वश ही उनका जन्म मुस्लिम-धर्मानुयायी माता-पिता के यहाँ हुआ। निष्कर्ष रूप से हम कह सकते हैं कि शाह इनायत शहीद, रोहल-साहब के गुरु, समान समय न होने से हो ही नहीं सकते। डूंगर पुरी दसनामी संन्यासी थे, जो संभवतः जालोर (राजस्थान) के रहने वाले थे, जहाँ आकर शिक्षा पाना रोहल-साहब के लिये संभव नहीं था। द्वितीयतः जो उत्तर रोहल-साहब ने दिया है, उससे भी ज्ञात होता है कि जब दोनों का सम्वाद हुआ, तब दोनों परिपक्व विचाराधारा वाले अपने-अपने सिद्धांतों को मानने वाले सिद्ध-पुरुष थे। दोनों के मार्ग भिन्न थे। दशनामी संन्यासी शंकराचार्य के अद्वैत-वेदांत सिद्धान्त को मानने वाले संन्यासी होते हैं। पुरी दशनामियों का ही एक भेद है।

वस्तुतः गुरु वह होता है जो आत्मजिज्ञासु को अथवा भटके हुए साधक को तत्काल अध्यात्म-मार्ग पर आरूढ़ करा दे। जैसे रामकृष्ण परमहंस ने नरेन्द्र जैसे तार्किक पढ़े-लिखे नवयुवक को तत्काल भगवद्दर्शन करा-कर अध्यात्म-पथ-पथिक बना दिया। दादू ने रज्जब को एक शब्द सुनाकर सावधन कर दिया और विवाह करने से पराङ्मुख करके अध्यात्म-पथ-पथिक बना दिया।

रोहल-साहब का जीवन भी ऐसी ही एक आकस्मिक घटना से एकदम परिवर्तित हो गया जिसका वर्णन तवारीख में निम्न प्रकार हुआ है। चाहे वह दिव्य सिंह रूपी उपदेष्टा भगवान् स्वयं ही क्यों न हो। यदि वास्तविक रूप से देखा जाय तो रोहल-साहब के गुरु यह सिंह रूप धारी कोई महात्मा (साँईनाथ) या भगवान् स्वयं ही है।

'चवनि था त अजो रोहल नौकरी में हो त हिक डींहुं शिकार ते वियो हो दरियाह भरते त उते कंहिं संदसि नालो वठी सडियो हेडे होडे त को बि नजर कोन आयसि। करी बीहर बि सागी तरह सड़ू थियस पर तडहि बि को माण्हू नजर कोन आयसि, नेठि टीट्टर सड़ु थियण ते जां डिसे त हिक शख्स दरियाह जे डन्ऐं ते बीठी आहे पाणीअ में, रोहल-साहब डाऊंसि वियो, उहो शख्स संदसि डिठल कोन हो, उन चयुसि 'रोहल प्यालो पीअंदे' चयाउ छो त 'पीयंदसि' तहिं ते उन शख्स चयुसि त दरियाह जी मिटीअ मां सुराहीं ऐं प्यालो ठाहे, रोहल-साहब तैयार करे, खेसि डिना, उन सुराही दरियाह मां पानी सां भरे, प्याले मां भरी, पोए उन पाण ढुक भरे वाकी बचात, रोहल-साहब खे डिना ऐं, पीतो पोए छा डिसे त उहो शख्स आहे ई कोन, उहो केर हो तहिं बावत का बि साबिती कोन आहे, मगर चवन में अचे थो त खवाज़ हनकर हो, कंहिं वि सूरत में दरवेश कोन हो, प्याले पियण सां रोहलसाहब

जा कपाट खुली विया ऐतिरे कदुर जो सम पंहिंजी दिल जो हाल दुखी मइलूम पियो थे।'' पृष्ठ 513॥

उक्त उद्धरण से ज्ञात होता है, उक्त घटना के पूर्व रोहल-साहब राजसीक पुरुषों की भाँति शिकार करने भी जाया करते थे। उनका जीवन पूर्णतः राजपुरुषों जैसा था, जैसा कि तवारीख में लिखा है। इनके पास धन-दौलत, बाग-बगीचे, जेवर-जेवरात अच्छी मात्रा में थे। बस, पूर्वजन्मार्जित शुभ पुण्यों के कारण इनका भाग्योदय हुआ और ये विलासितामय जीवन को त्यागकर सर्वथा योगमार्ग-पथिक बन गये। यह सब परब्रह्म-परमात्मा की इन पर विशेष कृपा का फल था।

4.(8) विवाह : न तो तवारीख में ही और न अन्यत्र ही उल्लेख मिलता है कि रोहल-साहब का पहला विवाह किस परिवार की किस नाम वाली लड़की से हुआ किन्तु दूसरा विवाह मुराद-साहब, जो कल्होड़ाओं के यहाँ रोहल-साहब के साथ ही राज्य की नौकरी करते थे, तथा रोहल-साहब के प्रबल समर्थक व प्रथम अनुयायी थे, की बहिन के साथ हुआ। नाम इसका भी हमको ज्ञात नहीं। पहली पत्नी से साहूखान-साहब व गुलामअली-साहब पैदा हुए। दूसरी पत्नी से खुदाबख्शखान-साहब व दुल्हदरियाखान-साहब। रोहल-साहब की पुत्रियाँ भी थीं या नहीं, इसकी जानकारी हमको उपलब्ध साहित्य से ज्ञात नहीं हो सकी। ये चारों ही रचनाकार थे जिनकी सभी उपलब्ध रचनाएँ इस पुस्तक में प्रकाशित की जा रही हैं। इन सभी का विस्तृत विवरण आगे उत्तराधिकारी शीर्षक में मिलेगा।

डॉ. रमेश मिश्र ने बडी ही हास्यास्पद बात लिखी है 'आपकी दूसरी बीबी, आपके चचेरे भाई मुरादखान (सन् 1743-1796) की बेटी थी, जिनसे आपके तीसरे और चौथे क्रम के पुत्र थे।' सन्त रोहल फकीर : ग्रंथावली पृष्ठ-19। जैसा हम पूर्व में तवारीख के हवाले से लिख आये है, रोहल-साहब ने मुराद-साहब की बहिन से विवाह करके सम्बन्ध स्थापित किये। रोहल-साहब की दूसरी पत्नी मुराद-साहब की बेटी नहीं, बहिन थी। 'सिन्धी-साहित्य का इतिहास', पृष्ठ-138 पर स्पष्टतः लिखा है ''मुराद फकीर रोहल के उत्साही शिष्य थे। वे उनके साले भी थे।' पृष्ठ-138। विकीपीड़िया-साइट पर भी स्पष्टतः मुराद-फकीर को रोहल-साहब का साला ही बताया है। तवारीख तो स्पष्टतः दोनों को साला-जीजा ही बताती है। मुराद-साहब, रोहल-साहब से केवल तीन वर्ष छोटे थे, न कि नौ वर्ष; जैसा डॉ. मिश्र ने लिखा है। मृत्यु सन् के सम्बन्ध में तवारीख कोई निश्चित जानकारी नहीं देती है। अतः हम मुराद-साँई की मृत्यु-वर्ष के बारे में प्रश्न नहीं उठा रहे हैं।

तवारीख में विवाह के बारे में एक बात और लिख रखी है कि जिस समय

रोहल-साहब ने ऊमरकोट छोडा, उस समय उनकी एक ही पत्नी व दो लड़के थे। दूसरा विवाह तब हुआ, जब रोहल-साहब तथा मुराद-साहब कोटली उर्फ कोटड़ी गाँव में साथ-साथ रहे। तवारीख इस सम्बन्ध में अनभिज्ञता जाहिर करती है कि रोहल-साहब ने दूसरा विवाह, पहली पत्नी के मरने पर किया अथवा उसके जीवित रहते ही कर लिया।

4.(9). रोहल-साहब ने कल्होड़ाओं की **नौकरी क्यों छोड़ी**, का बहुत ही सुंदर विवरण तवारीख में मिलता है।

'सिंध का इतिहास' लेखक मोहन गियानी ने लिखा है कि सन् 1718 में कल्होड़ा-राज्य-संस्थापक यार मोहम्मदखान मरा और उसका उत्तराधिकारी नूर मोहम्मद बना। सन् 1740 में नूरमोहम्मद ऊमरकोट में चला गया क्योंकि इसी वर्ष में नादिरशाह ने सिंध पर आक्रमण किया। रोहल-साहब के पिता साहोखान इसी नूर-मोहम्मद की नौकरी में थे। यह सन् 1755 में मरा। इसके पश्चात् मुरादयाव व इसके पश्चात् गुलामशाह कल्होड़ा गद्दी पर बैठे। गुलामशाह ने मक्का-मदीना से अपने कफन के लिये दो कीमती कफन मंगवाए और तोशाखाना के अध्यक्ष रोहल-साहब को संभलाकर कहा कि यदि पहले मैं मर जाऊँ तो इस कफन को मेरे ऊपर डलवा देना और यदि आप मर जायेंगे तो मैं आपके ऊपर इसको डालूंगा। सन् 1772 में गुलामशाह कल्होड़ा मर गया। रोहल-साहब प्रतिज्ञानुसार उक्त कफन को गुलामशाह के ऊपर डालने को ले गये। जैसे ही गुलामशाह के उत्तराधिकारी सरफराज ने इस कफन को देखा, उसने रोहल-साहब से कहा, यह कफन में डालने लायक नहीं। इसको मेरे को दे दो और इनके ऊपर दूसरा कफन डालो। रोहल-साहब ने समझाया कि तुम्हारे मरहूम अब्बा ने तुमको राज्य दिया, दौलत दी, सब कुछ दिया, फिर भी तुम हो कि अपने पिता की इच्छानुसार उनके ऊपर एक कफन तक डालने को मना कर रहे हो। अच्छा हो, तुम मरहूम पिता की इच्छा का आदर करो। सरफराज नहीं माना। उसने उस कफन को अपने कब्जे में ले लिया। रोहल-साहब इस घटना से अत्यन्त व्यथित हुए तथा सोचने लगे कि व्यक्ति जिस धन-दौलत, राज-शासन के लिये इतना कठोर परिश्रम करता है, उसमें से एक तार भी उसके काम नहीं आता। अतः क्यों नहीं, इन सबको छोड़कर परमात्माभिमुख हुआ जाए! गुलामशाह के बारहवें का कार्यक्रम करके रोहल-साहब ने ऊमरकोट को त्यागने का निर्णय ले लिया। मुरादसाँई, जो इनके सहकर्मी थे, ने भी रोहल-साहब के साथ रहने का निर्णय किया और दोनों ने ऊमरकोट छोड दिया।

उस समय रोहल-साहब के पास बहुत अधिक सम्पत्ति, कुआँ, बाग, खेत, जमीन, जायदाद, माल, मवेशी प्रभूत मात्रा में थे।

उक्त घटना घटने पर रोहल-साहब ने पत्नी से आकर कहा- अब मैं नौकरी छोड़कर ऊमरकोट भी छोडूँगा। यदि तुमको मेरे साथ रहना है तो तुमको सब कुछ छोड़ना होगा। पत्नी ने सब कुछ छोड़कर फकीरों की तरह रहना स्वीकार किया। शरीर के गहने तक दान कर दिये। दोनों पुत्रों के शरीरों के भी गहने दान कर दिये। मुराद-साँई और रोहल-साहब के परिवार ऊमरकोट को छोड़कर कोटड़ी या कोटली में आकर रहने लगे। ये कोटली में कितने वर्ष रहे, ज्ञात नहीं, किन्तु मुराद-साँई का इन्तकाल कोटली में ही हुआ। यदि विकीपीडिया पर उपलब्ध इन्तकाल के समय को सही मानें तो मुराद-साँई का इन्तकाल सन् 1798 में हुआ। संभव है, रोहल-साहब व मुराद-साहब कोटली में सन् 1772 से 1798 तक रहे हों किन्तु तवारीख के अनुसार रोहल-साहब कोटली में अधिक वर्ष नहीं रहे। हो सकता है, रोहल-साहब कंडड़ी की ओर चले गये हों और मुराद-साहब कोटली में ही रहते रहे हों, जहाँ ही इनका इन्तकाल हुआ।

आगे तवारीख बताती है कि कोटली में एक शक्करशाह नाम का जबरदस्त आदमी रहता था। वह मुराद-साहब से झगड़ा करता था। मुराद-साहब ने उस शक्करशाह की शिकायत रोहल-साहब से की। रोहल-साहब ने कहा, वह शहीद है; उससे झगड़ा करना अच्छा नहीं, तब मुराद-साँई को संतुष्टि नहीं हुई। वे अपने कपड़े बाँधकर वहाँ से चले गये किन्तु मुराद-साँई का इन्तकाल कोटड़ी (कोटली) में ही हुआ। जब मुराद-साँई कपड़े बांध कर चले गये, तब रोहल-साहब का मन कोटली में नहीं लगा और वे वहाँ से, वहाँ तक आगे बढते चले गये जहाँ जाकर उनका रास्ता कंडी (काँटों के झाड़) ने रोका। तवारीख का कहना है कि वह काँटे का झाड़ अभी तक भी मौजूद है। उसकी छाल को गले में बाँधने से या घिसकर लगाने से लाभ होता है। जो मूल गाँव कंडड़ी रोहल-साहब के समय पर था, वह समुद्र के बहाव में वह गया। उस बहाव में काफी साहित्य, मजारें वगैरह भी बह गये। अभी का कंडड़ी गाँव रोहल-साहब नम्बर दो के जमाने में बसा। (रोहल-साहब नम्बर दो का विवरण आगे आयेगा।) तवारीख के वर्णन से स्पष्ट होता है, जब शक्करशाह से मुरादसाँई का वश न चला, तब वे वहाँ से चले गये। रोहल-साहब का मन भी अकेले नहीं लगा। उन्होंने भी कोटली (कोटड़ी) को छोड़ दिया और कंडड़ी में आ बसे किन्तु मुराद-साँई समय पाकर कोटली (कोटड़ी) में पुनः आ गये और अपने अंतिम समय तक यहीं रहते रहे। इनका इंतकाल भी कोटली (कोटड़ी) में ही हुआ।

4.(10). जोधपुर-प्रवास : जैसा पूर्व में लिखा है, रोहल-साहब कल्होड़ाओं के राजदूत भी रहे और इनको कई राज्यों में आना-जाना पड़ता था। जब इन्होंने पूर्णतः दरवेशी जीवन धारण-कर कंडड़ी में रहना प्रारम्भ किया, तब रोहल-साहब कुछ विश्वस्त सहयोगियों सहित जोधपुर के महाराजा विजयसिंह के शासनकाल में महाराजा के बुलावे पर जोधपुर आये और

गुलाब-सागर क्षेत्र में बने महलों में सैंतीस दिनों तक रहकर सत्संग सुनाते रहे। इस सत्संग में कौन-कौन-सी चर्चाएँ हुईं, का सामान्य-सा विवरण स्वयं रोहल-साहब की रचना, अगमवार्ता में मिलता है।

महाराजा विजयसिंह, महाराजा बखतसिंह के पुत्र थे और जोधपुर की पाट-गद्दी पर सम्वत् 1809 में बैठे। इनके पिता बखतसिंह को भाई-बँटवारे में नागौर की जागीर मिली थी। वे सम्वत् 1808 में जोधपुर के महाराजा बने और 1809 में मर गये। महाराजा बखतसिंह व महाराजा विजयसिंह दोनों ही परम वैष्णव थे। इन्होंने नागौर में अनेक मस्जिदें तुड़वाकर वहाँ मंदिर बनवाए। अजान पर रोक लगा दी, गौ-हत्या बन्द करवा दी। कसाइयों को दूसरे काम-धन्धों में नियोजित किया। विजयसिंह ने गोकुलिए गोस्वामियों को चौपासनी गाँव उदक में दिया जहाँ उन्होंने पुष्टिमार्ग-सम्मत ठाकुर-पूजा का मंडान बांधा। इनकी पासवान गुलाब परम वैष्णव थी जिसके कारण ही महाराजा की वैष्णव-भक्ति की ओर अभिरुचि अधिक जागृत हुई।

चूँकि अगमवार्ता स्वयं रोहलसाहब का बनाया हुआ ग्रन्थ है; अतः हमको यह मान लेने में कोई हिचकिचाहट नहीं कि इन दोनों का आध्यात्मिक-सत्संग हुआ था। हाँ, यह मानना ठीक नहीं होगा कि महाराजा रोहल-साहब का शिष्य बन गया। गुलाब को महाराजा विजयसिंह ने महलों में सम्वत् 1822 में चढ़ाया। उसके नाम से गुलाब-सागर व महल कुछ समय बाद बने होंगे। अतः हमको ऐसा लगता है, इस सत्संग का समय लगभग सम्वत् 1840 के आसपास का रहा होगा, क्योंकि रोहल-साहब ने सन् 1772 (सम्वत् 1829) में ऊमरकोट छोड़ा, कुछ समय कोटली (कोटड़ी) में रहे। तत्पश्चात कंडड़ी में आये, तब ही उनकी ख्याति जोधपुर तक पहुँची और वे जोधपुर आये होंगे। इस सारी घटना को घटने में ग्यारह वर्ष का समय लग जाना कोई बडी अवधि नहीं; अतः हमारा अनुमान है कि रोहल-साहब और महाराजा विजयसिंह का सैतीस दिन का सत्संग लगभग विक्रम-सम्वत् 1840 (सन् 1783) के आस-पास में हुआ होगा।

डॉ. रमेश मिश्र ने इस सत्संग का विवरण देते समय राजस्थान के इतिहास से अनभिज्ञ होने के कारण निम्न भूलें की हैं जो निश्चिय ही संशोधनीय हैं।

डॉ. मिश्र ने लिखा है 'इतिहासकार गौरीशंकर हीराचंद ओझा द्वारा लिखित जोधपुर राज्य का इतिहास (भाग 2, पृष्ठ 709) में विजयसिंह का उल्लेख मिलता है। विजयसिंह के पिता आत्माराम के निधन के बाद कुल 23 वर्ष की अवस्था में विजयसिंह राजगद्दी पर आसीन हुए थे। इनका राज्यकाल सन् 1752-1793 तक चला था। राजा विजयसिंह के सम्बन्ध में यह भी इतिहास-प्रसिद्ध है कि इन्होंने सन् 1783 ई० में अब्दुलनबी के साथ युद्ध

भी लड़ा था। नबी ने इन्हें थरपारकर जिले के ही ऊमरकोट क्षेत्र और उस क्षेत्र का किला सौंप-कर संधि की थी। संत रोहलसाहब विजयसिंह के दादा, बखतसिंह और पिता आत्माराम के समय से ही जोधपुर राजघराने में जाया-आया करते थे।' संत रोहल फकीर : ग्रंथावली, पृष्ठ-25।

डॉ. मिश्र का यह कथन ठीक है कि महाराजा विजयसिंह के अधीन ऊमरकोट का किला रहा था। यही वह कारण था जिसकी वजह से रोहल-साहब और महाराजा विजयसिंह का सत्संग सम्पन्न हुआ।

डॉ. मिश्र ने ओझाजी के इतिहास का संदर्भ तो दिया है किन्तु लगता ऐसा है कि उन्होंने ओझाजी की पुस्तक को ध्यानपूर्वक नहीं पढ़ा। यदि पढ़ा होता तो आत्माराम निरंजनी साधु को विजयसिंह का पिता न लिखते। वस्तुतः आत्माराम नामक व्यक्ति निरंजनी-पंथ का साधु था जिसको महाराजा विजयसिंह ने वि॰सं॰ 1816 में बागी तीन सामन्तों के साथ जोधपुर के मेहरानगढ किले में धोखे से बुलवाकर मरवा डाला। आत्माराम निरंजनी की समाधि किले में अब भी है। महाराजा विजयसिंह आत्माराम निरंजनी में गुरुभाव रखता था किन्तु इसके बागी सामन्तों से मिल जाने के कारण महाराजा ने इसको उनके साथ मरवा डाला। महाराजा विजयसिंह के पिता महाराजा बखतसिंह थे और बखतसिंह, महाराजा अजीतसिंह के दूसरे क्रमांक के पुत्र थे। अजीतसिंह के बड़े पुत्र अभयसिंह थे। अजीतसिंह के पश्चात् जोधपुर के मालिक अभयसिंह बने। अभयसिंह के पश्चात् इनके पुत्र रामसिंह जोधपुर के स्वामी हुए। रामसिंह से शासन नहीं सँभला, तब समस्त सामंत, मुत्सद्दी, कार्यकर्ता नागौर से बखतसिंह को बुलाकर लाये और सम्वत् 1808 में जोधपुर की गद्दी पर बैठाया। इस प्रकार बखतसिंह व विजयसिंह जोधपुर के महाराजा बने।

बखतसिंह वि॰सं॰ 1786 से 1808 तक नागौर के राजा रहे। उसके पश्चात् लगभग 14 महिने सम्वत् 1808 से 1809 तक जोधपुर के शासक रहे।

डॉ. मिश्र ने अगमवार्ता का परिचय देते समय एक भयंकर भूल और की है। वे लिखते हैं- 'संवाद जोधपुर के राजा विजयसिंह और उनके दरबारी पुरोहित ईसरसिंह के साथ बातचीत के रूप में निरूपित किया गया है।' (उक्त पुस्तक, पृष्ठ-43)

वस्तुतः गद्य ग्रंथ 'अगमवार्ता' में कहीं भी 'ईसरसिंह' का कोई उल्लेख नहीं है। पता नहीं, डॉ. मिश्र को ईसरसिंह का नाम कहाँ से मिल गया। सम्वाद सीधे-सीधे रोहल-साहब और महाराजा विजयसिंह के बीच में है। शास्त्रार्थ के लिये आये विभिन्न शास्त्रार्थियों का उल्लेख अवश्य है। जैसे रामस्नेही (शाहपुरा के रामस्नेही), रामापंथी (खेड़ापा के रामस्नेही) आदि-आदि। यहाँ भी नामोल्लेख नहीं है।

हाँ, रोहल-साहब के पदांक 15 में ईसरदास वैरागी का नाम अवश्य आया है जिसके साथ रोहल-साहब की ज्ञानचर्चा, प्रश्नोत्तर का विवरण है। इस पद में चर्चा करने वाले का नाम ईसरदास वैरागी आया है जिसका तात्पर्य है, यह साधु वैरागी अर्थात् रामानन्दी-सम्प्रदाय का वैष्णव साधु था। डॉ. मिश्र एक तरफ ईसरसिंह लिखते हैं, दूसरी ओर उसको पुरोहित लिखते हैं। राजस्थान की संस्कृति व जाति व्यवस्था को ठीक ढंग से न जानने के कारण ही ऐसा लिखने में आ गया है। राजस्थान में केवल वे ब्राह्मण पुरोहित ही 'सिंह' शब्द का प्रयोग करते हैं जो मात्र राजा का पौरोहित्य करते हैं किन्तु वे अध्यात्म-चर्चा नहीं करते। अध्यात्म-चर्चा आदि करने के लिये व्यास होते थे। राजपुरोहित जन्म-मरण आदि का भी सारा कार्य राजा की ओर से करते थे। जैसे पिता के मरने पर पुत्र शिर का मुंडन कराता है किन्तु राजा का पुत्र, पिता के मरने पर मुंडन नहीं कराता। यह राजपुरोहित ही मुंडन करवाता है, यही बारह दिनों तक समस्त विधि-विधान करता है। इनके अलावा अन्य पुरोहित 'सिंह' शब्द का प्रयोग नहीं करते। लगता है, डॉ. मिश्र कुछ का कुछ लिखने के आदी हैं, या लिखते समय संदर्भों की पुनः जाँच नहीं करते और कहीं की ईंट, कहीं का रोड़ा मिलाकर स्मृति को आधार बनाकर कुछ का कुछ लिख डालते हैं। वस्तुतः पदों के आधार पर रोहल-साहब का सम्वाद ईसरदास वैरागी से हुआ है, न कि ईसरसिंह से।

4.(11). उत्तराधिकारी : रोहल-साहब के पश्चात् उनकी संतति का क्रम व गद्दी पर कौन-कौन बैठा, का एक खाका तवारीख में उपलब्ध है, उसी को आधार बनाकर यहाँ लिखा जा रहा है।

रोहल-साहब का परमधाम-गमन विकीपीडिया-साइट के अनुसार सन् 1804 है जबकि तवारीख में कोई निश्चित् सन् न देकर कहा गया है कि रोहल-साहब नम्बर एक सन् 1806 के पूर्व ही मृत्यु को प्राप्त हो गये होंगे। रोहल-साहब के पश्चात् उनकी गद्दी पर उनके बड़े पुत्र साहूखान-साहब बैठे। साहूखान-साहब के नाम का एक परवाना खानगाह में सन् 1231 हिजरी का तवारीख लिखने वाले को मिला, इसके आधार पर यह हिजरी सन् 1816 के समान ज्ञात होता है। तवारीख में लिखा है, साहू-साहब इसके पश्चात् ही मृत्यु को प्राप्त हुए। कहते हैं, मृत्यु के समय इनकी उम्र काफी बड़ी थी, किन्तु कितनी थी, पता नहीं। यदि ये अपने पिता की बीस वर्ष की उम्र में भी जन्मे हों तो इनका जन्म वर्ष 1746 ई॰ आता है। इनके कोई पुत्र नहीं था। अतः इनके पश्चात् इनके छोटे भाई गुलामअली-साहब को गद्दी पर बैठाया गया। इन्होंने अपनी रचनाओं में गुरु के रूप में साहूसाहब का ही नाम लिया है। गुलामअली साहब के समय की कोई सनद या रुक्का-परवाना नहीं मिल सका।

जैसा पूर्व में लिखा गया है, पुराना कंडड़ी गाँव दरिया के किनारे था और दरिया के

जलजले में डूब गया। अतः यदि कोई दस्तावेज रहे भी होंगे तो वे जल की भेंट चढ़ गये होंगे। अब वे प्राप्त नहीं हैं। गुलामअली-साहब के दो पुत्र थे। बड़े पुत्र अल्लादितो तथा छोटे पुत्र नवाबखान थे। गुलामअली-साहब के पश्चात् गद्दी पर अल्लादितो बैठे। इन्हीं का नाम रोहल-साहब नम्बर दो हुआ। इन रोहल-साहब दूसरे के नाम का पहला प्रमाण सन् हिजरी 1256, सन् 1840 का है। इससे ऐसा ज्ञात होता है कि सन् 1840 के पूर्व ही गुलामअली-साहब का इंतकाल हो गया। गुलामअली-साहब ने गद्दी अपने पुत्र को दी। अपने दोनों छोटे भाइयों खुदाबख्श-साहब व दुल्हदरियाखान-साहब को नहीं दी।

इन दोनों ही वैमात्रेय भाइयों ने गुरु रूप में गुलामअली-साहब का ही नाम-स्मरण किया है।

जाइ स्नान कीयो तहाँ, ऊजल भयो सरीर ॥148॥

वहाँ गंगा, यमुना व सरस्वती की त्रिवेणी बहती है। वहाँ जाकर स्नान किया जिससे शरीर=आत्मा उज्जवल=निर्मल हो गई ॥148॥

उसी कमल के पेट मँह, देख्या सुरति समाइ।
बाजा अनहद बाजिया, अखँड धुनी लिव लाइ ॥149॥

सहस्त्र पंखुड़ी के कमल को देखते ही उसके उदर में सुरति=चित्तवृत्ति समाहित हो जाती है। अनहद=निस्सीम बाजे बजते है और अखंडित ध्वनि होती है ॥149॥

पूरन पदवी जोग की, कह साखी चित जान।
बाजा अनहद बाजिया, निहचै करौ पिछान ॥150॥

साक्षी चित्त से कहता है- इसी को योग की पूर्ण पदवी जान। यहाँ अनहद-नाद बजता है। इसको पक्का निश्चय पहचानो ॥150॥

बैठा सुक्ख समाधि में, सतगुरु वचन विचार।
बिना मुरलिया बाजट बजिया, जिभ बिन भई पुकार ॥151॥

सद्गुरु के उपदेश पर अमल करके चित्त समाधि के सुख में स्थित हो गया। वहाँ बिना मुरली के ही बाजे बजे व बिना जिह्वा के ही शब्द का निर्गमन हुआ ॥151॥

केता ताल मृदंग है, अर केता दादर मोर।
किती नटपिया मुरलिया, बाजै अनहद घोर ॥152॥

पाठांतर : केती तंत्री

वहाँ कितने ही ताल-मृदंग हैं तो कितने ही ध्वनि करने वाले दादुर-मोर हैं। कितने ही नाचने वाले व मुरली हैं जिनसे अनहद-नाद=निस्सीम ध्वनि होती है ॥152॥

बाजों की जब धुनि सुनी, भयो चित्त लवलीन।
जाइ तहाँ रिलमिल गयो, ज्यूँ जल मध्ये मीन ॥153॥

चित्त ने जब नाना वाद्य-यंत्रों की ध्वनि सुनी तब वह उसमें निमग्न हो गया। वह वहाँ जाकर उसमें उसी प्रकार घुल-मिल गया जिस प्रकार मछली जल के साथ घुली-मिली रहती है ॥153॥

चित-वाच

तब चित आँख उघाड़ि कै, करी साखि सूँ बात।
अनहद बाजा बाजिया, सतगुरु के परसात ॥154॥

तब आँख खोलकर चित्त ने साक्षी से बातचीत की; कहा- सद्गुरु महाराज की कृपा से अनहद-नाद बजा ॥154॥

पुहुप पछिम सर भौंर है, सेत न कारौ होत।
ताके अरधै मुख में अमी झरै, उरधै मुख में जोत ॥155॥

पुष्प के पश्चिमी सर में भ्रमर है जो न श्वेत है, न काला है। उसके अधो-मुख में अमृत झरता है और ऊर्ध्व-मुख में प्रकाश है ॥155॥

साखी चित तहाँ जा कियो, परमहंस दीदार।
अमी रस्स किमि पीजिए, कह हम कूँ निज सार ॥156॥

साक्षी और चित्त ने वहाँ जाकर परमहंस का साक्षात्कार किया। निवेदन किया- अमृत-रस का पान किस प्रकार किया जाता है, उसका रहस्य (सार) हमसे कहो ॥156॥

परमहंस-वाच

जे हमसे तुम पूछियो, विष रस कूँ तुम त्याग।
कुबुधि सर्पणी मार करि, पिवो अमी रस जाग ॥157॥

परमहंस ने कहा- तुमने जो हमसे पूछा है, उसके लिये सर्वप्रथम तुम विषयानन्द का त्याग करो। कुबुद्धि रूपी सर्पणी को मार-कर चैतन्य हो-कर अमृत-रस का पान करो ॥157॥

परमहंस परबोध सुन, चलिया उलटी बाट।
जहाँ सही निरंजन आतमा, लिखिया भाग लिलाट ॥158॥

परमहंस द्वारा प्रदत्त प्रबोध को सुनकर चित्त उलटी वाट=सुषुम्ना-मार्ग से ऊपर की ओर चला। जहाँ पर निरंजन आत्मा विराजित है। ललाट पर सौभाग्य लिखा है ॥158॥

बंकनाळ के आँतरै, पच्छिम दिस के द्वार।
उलटी अंटी खोलकर, पायो दुरस दीदार ॥159॥

बंकनाळ= सुषुम्ना के निचले मुँह के सन्निकट पश्चिम की ओर के द्वार पर कुंडलिनी की उल्टी पड़ी हुई साढ़े तीन ग्रंथियों को खोल-कर परब्रह्म-परमात्मा का दुरुस्त=प्रत्यक्ष साक्षात्कार प्राप्त किया ॥159॥

मेरु सिखर आसन किया, जहाँ बैठो आतमराम।
तहाँ ससि सूरज दोनों नहीं, नहिं छाया नहिं धाम ॥160॥

मेरु-शिखर=सहस्रार-चक्र में जाकर आसन लगाया जहाँ आत्मा-राम विराजमान है। वहाँ सूर्य व चन्द्रमा दोनों नहीं हैं। वहाँ छाया व धूप भी नहीं हैं ॥160॥

तहाँ जन्म मरण को भै नहीं, अर नहीं करम की हान।
हद जोई बेहद पड़्या, नूर माहिं निरवान ॥161॥

वहाँ जन्म व मरण का भय नहीं है और कर्मों का हान=प्रभाव भी वहाँ नहीं है। जो हद=सीमा में था, वह निस्सीम में हो गया। प्रकाश में निर्वाण है॥ 161॥

गगन मँडल भट्टी चढी, निकसै अमिरत सार।
बाल कुँवारी भर दिया, चाख्या पाँच कुँवार ॥162॥

गगन-मंडल (सहस्रार-चक्र) में भट्टी चढ़ी हुई है जिसमें से अमृत रूपी सार=शराब निकलती है। बाल-कुँवारी=बाल-ब्रह्मचारिणी ने प्याला भर-कर दिया और पाँच कुमारों ने उसका पान किया ॥162॥

झिलमिल जोती जळहळी, छिप्पा चंद अर सूर।
गगन मँडल के महल मूँ, बरसै अमिरत नूर ॥163॥

परब्रह्म-परमात्मा रूपी ज्योति वहाँ झिलमिल-झिलमिल प्रकाशित होती है, जिससे चन्द्रमा व सूर्य के प्रकाश भी मंद पड़ गये, छिप गये। गगन-मंडल के महल से अमृत (ऐसा प्रकाश जो कभी भी न कम होता है और न मंद पड़ता है। एक रस रहता है।), प्रकाश प्रसारित होता है ॥163॥

आतम के उजवाल की, मुख सूँ बनै न बात।
ज्यूं गूंगा सपना लहै, समझ समझ पछतात ॥164॥

आत्मा के इस अप्रतिम प्रकाश का वर्णन मुख से करना शक्य नहीं। यह बात वैसी ही है, जैसे गूंगे को स्वप्न आया हो, वह उसको समझता तो है किन्तु कह नहीं सकने के कारण पश्चाताप करता है ॥164॥

आतम अणभै औलखिया, थाकी मंछा बाण।
जैसा था तैसा भया, पाया पद निरवाण ॥165॥

आत्मा ने अणभै=परब्रह्म-परमात्मा का साक्षात्कार किया जिससे बुद्धि-वृत्ति व वाणी दोनों ने काम करना बंद कर दिया। जैसा था, वैसा हो गया, निर्वाण पद प्राप्त करके। (आत्मा, परमात्मा ही था, वाण=माया के कारण अपने आपको परमात्मा से भिन्न मानने लगा। ब्रह्म-साक्षात्कारोपरान्त आत्मा, परमात्मा के रूप में ही अनुभव करने लगा। यही 'जैसा था, वैसा हो गया' है) ॥165॥

आतम राम बुलाइ करि, साखी चित्त हजूर।
किया नजारा नूर का, होइ रह्या भरपूर ॥166॥

स्वयं के हजूर=सन्मुख आत्माराम ने साक्षी व चित्त को बुलाया। उन्होंने परम प्रकाश रूप परमात्मा का साक्षात्कार किया और एकमेक हो गये ॥166॥

अथ कीर्तन

प्रभुजी मैं सरन तुम्हारी आया।
मन में ममता रही न काई, दर्द मिट्या सुख पाया ॥रहाउ॥
ग्यान सुरज घट भीतर उगिया, अखँड जोति रँग लाया।
जिस कारण जग फिरत उदासी, सो घट भीतर पाया ॥1॥
काम क्रोध का डंक न लागै, मोह न व्यापै माया।
काया कलह कलेस लेस नहिं लागै, सोई सहर बसाया ॥2॥
जनम मरण का साँसा भागा, चेतन सूँ चित लाया।
पारस सूँ जब परचा लागा, लाल अमर भइ काया ॥3॥
अगम भेद अनड़ को मारग, सतगुरु मोहि बताया।
रोहल रतन अमोलक मिलिया, भागहि प्रापत पाया ॥4॥167॥

हे प्रभो! मैं आपकी शरण में आया हूँ। अब मन में किसी भी प्रकार की ममता का लेश भी नहीं रहा। जन्म-मरण का दर्द मिट गया। अखंडानन्द का अनुभव होने लगा ॥रहाउ॥ हृदय में ज्ञान-सूर्य का उदय हो गया जो अखंड ज्योति स्वरूप आनन्द को देने वाला सिद्ध हुआ। जिस आत्म-साक्षात्कार को पाने को मैं उदासीन होकर इधर-उधर घूमा-फिरता था, वह इस शरीर के भीतर ही मिल गया ॥1॥ अब काम व क्रोध का डंक लगने वाला नहीं, मोह व माया का प्रभाव भी पड़ने वाला नहीं। जिस शहर को मैंने बसाया है, उसमें काया-जन्य कलह व क्लेश का लेशमात्र भी व्यापता नहीं ॥2॥ जन्म व मरण होगा या नहीं, इस प्रकार का जो उभय-कोट्यात्मक संशय था, वह नष्ट हो गया और चित्त का सामरस्य चैतन्य-तत्त्व से हो गया। अब, जब पारस रूपी लाल=परमात्मा से साक्षात्कार हो गया, तब काया अमर हो गई ॥3॥ अगम=अगम्य परमात्मा का ज्ञान, साक्षात्कार अनड़=अलंघ्य पर्वत को लंघन करने का मार्ग है जिसको मुझे सद्गुरु महाराज ने बता दिया। रोहल कहता है- मुझे अमूल्य रत्न मिल गया है जो भाग्य से प्राप्त हुआ है ॥4॥167॥

जनम जनम का दुःख मिट्या, अर जनम जनम के पाप।
सभ तन पावन हो रह्यो, जब दरस्यो आतम आप ॥168॥

जन्म-जन्मान्तरों के दुख नष्ट हो गये, जन्म-जन्मान्तरों के पाप भी विनष्ट हो गये। अब जब स्वयं आत्माराम का साक्षात्कार हो गया, तब समस्त शरीर पावन=निर्मल हो गया ॥168॥

साखी चित्त बुलाइ करि, आतम पूछी बात।
ये पद किमि तुम पाइयो, जो अकळ कळ्यो नहिं जात ॥169॥

आत्मा ने साक्षी व चित्त को बुलाकर पूछा, जो कलता नहीं, ऐसा अकल पद तुमने किस प्रकार प्राप्त किया॥ 169॥

चित-वाच

जाँ पर किरपा तुमारी, अर दया करी गुरुदेव।
पूरन पदवी तब मिलै, चरन कमल की सेव ॥170॥

चित्त ने कहा- जिस पर आपकी कृपा हो और गुरुदेव ने कृपा कर दी हो, तब ही पूर्ण पद की प्राप्ति होती है और चरण-कमलों की सेवा करने का अवसर मिलता है ॥170॥

जेते दुख चित कूँ लगे, अर मन ममता की मार।
से सभ आतमराम कूँ, जाए करी पुकार ॥171॥

जितने भी दुःख चित्त को दुखित करते थे, मन व ममता की चित्त पर मार पड़ती थी, उन सभी ने आत्माराम से जाकर पुकार की ॥171॥

जहाँ दुख मूँ सुख पाइए, सोई दुख सुख जान।
बिना दुक्ख सुख किमि मिलै, किस विधि पड़ै पिछान ॥172॥

जिस दुःख में सुख मिलता है, उस दुःख को सुख ही मानना चाहिए। बिना दुःख पाये, सुख कैसे मिल सकता है और किस प्रकार 'यह सुख है' जाना जा सकता है। (जैसे रात्रि की सापेक्षता से दिन जाना जाता है, ऐसे ही दुख की सापेक्षता से सुख जाना जाता है) ॥172॥

रे चित चिंता मत करौ, चेतन तुमरौ नाम।
राम दुहाई फेर ले, काया नगरी गाम ॥173॥

हे चित! चिंता मत कर। तेरा नाम चैतन्य है। काया रूपी नगर के गाँव में राम-नाम की दुहाइ फेर ले ॥173॥ (दुहाई=घोषणा, राजाज्ञा, प्रताप, तेज, पुकार, आन की स्थापना करना, दुहाई फेरना कहा जाता है।)

दिल के देस डेरा करौ, साखी तुमरे साथ।
दुरजन सकल हटाइ करि, मन कूँ पकड़ौ हाथ ॥174॥

हृदय-देश में निवास करो। साक्षी तुम्हारे साथ है। समस्त दुर्जन=विकारों=काम क्रोधादि षड्-विकारों को भगाकर मन को हाथ में पकड़ लो अर्थात् मन को नियंत्रित कर लो ॥174॥

ग्यान घोड़ा प्रतीत पलाणी, तत दीनी तलवार।
खम्या गरीबी कापड़ा, सँयम सील हथियार ॥175॥

ज्ञान का घोड़ा, विश्वास का चारजामा व तत्त्व की तलवार ले लो। क्षमा व नम्रता के कपड़े पहन-कर संयम व शील के हथियार धारण करो ॥175॥

करणी का कंगन दिया, अर रहणी के सुखपाल।
चेतन कूँ आतम कियो, काया को रखपाल ॥176॥

करणी=उत्तम साधना का कंगन पहनो। उत्तम आचरण की पालकी में बैठो। आत्मा ने चेतन=चित्त को शरीर का रक्षक बना लिया ॥176॥

चेतन कूँ पहराइ करि, साखी दीनों साथ।
कायागढ़ के कोट की, कुंजी दीनी हाथ ॥177॥

चैतन्य (चित्त) को पहरायत=द्वारपाल बनाकर साक्षी को साथ में कर दिया। काया रूपी किले की चाबी हाथ में दी ॥177॥

नमस्कार कर जोड़ करि, चेतन कियो सलाम।
आतम तब आग्या दीनी, जाइ करौ विसराम ॥178॥

चेतन (चित्त) ने दोनों हाथ जोड़कर नमस्कार किया व प्रणाम किया। तब आत्माराम ने आज्ञा दी कि जाओ और विश्राम करो ॥178॥

आतम कूँ परनाम करि, चलिया चेतन संग।
साखी गुरु आगे गया, प्रगट भयो निकलंक ॥179॥

आत्मा को प्रणाम करके चित्त साथ में चला। साक्षी गुरु पहले ही चला गया। निष्कलंक रूप में प्रकट हुए ॥179॥

देस देस में धूम पड़ी, अर वाणी फूटी वास।
चढियो चेतन चाहि करि, मारूँ मन मेवास ॥180॥

देश-देशान्तर में समाचारों की धूम आग की तरह फैल गई। सुमधुर वाणी का प्रस्फुटन हुआ। आनन्दित होकर चैतन्य युद्धार्थ तैयार हुआ और संकल्प किया कि मन रूपी मेवासा=लुटेरे को मारूंगा ॥180॥

चेतन को परिवार सभ, आगे मिलियो आइ।
एक एक कूँ सभ देवुँ, घोड़ा अर सिरपाइ ॥181॥

चैतन्य (चित्त) का समस्त परिवार आगे=सन्मुख में ही आ मिला। तब चैतन्य ने कहा- मैं आप सभी को घोड़े और सिरोपाव=चोटी से लेकर एडी तक युद्ध में जाने वाले योद्धा द्वारा पहने जाने वाले कवचादि, देता दूँ ॥181॥

सिव नगरी आसन किया, निरभय वाणी बात।
भजन बिना भगवान का, और न बोली बात ॥182॥

शिव की नगरी में आसन लगाया। निर्भय वाणी में बातें करने लगा। भगवद्भजन के अलावा और कोई दूसरी बात बोलता ही नहीं ॥182॥

जिस घट नौबत राम की, बाजै अनहद घोर।
रोहल रल बिछड़ै नहीं, जैसे चंद चकोर ॥183॥

जिस शरीर में राम-नाम की नौबत से अनहद-ध्वनि बजती है, वह परमात्मा से मिलकर उसी प्रकार बिछुड़ता नहीं, जिस प्रकार रात्रि में चन्द्रमा से चकोर नहीं बिछुड़ता ॥183॥

चेतन चिट्ठी लिक्ख कर, मेली मन के पास।
अब तुम आ पागै पड़ौ, तज ममता की आस ॥184॥

चैतन्य ने चिट्ठी लिखकर मन के पास भेजी। समाचार लिखा, अब तुम ममता की आशा को त्याग-कर हमारे पैरों में आकर नत-मस्तक हो जाओ॥ 184॥

रे मन मूरख समझ ले, तजि झूठौ अभिमान।
नहिं तो मैं अैसे करूँ, जो देखै जुमल जहान ॥185॥

झूठा अभिमान त्यागकर, हे मूर्ख मन! समझ जा। अन्यथा मैं तेरे साथ ऐसा करूंगा कि उसको सारा संसार देखेगा ॥185॥

जा चिट्ठी चेतन लिखी, सा पहुँती मन कूँ जाइ।
जे अपने उमराइ थे, लीए सकल बुलाइ ॥186॥

जो चिट्ठी चेतन ने लिखी, वह मन के पास जाकर पहुँच गई। उसके (मन के) जो-जो सामंत थे, उन सभी को उसने बुला लिये ॥186॥

मन-वाच

एक एक सूँ पूछिया, अब लड़ूँ कि मिलूँ जाइ।
चिट्ठी वाँची चित्त की, कहो मुझे समझाइ ॥187॥

मन ने अपने प्रत्येक सामंत से पूछा- अब लड़ना चाहिए अथवा अधीनता स्वीकार करके मिल जाना चाहिए। मैंने चित्त द्वारा भेजी चिट्ठी पढ़ी है। मुझको समझाकर कहो, उचित सलाह दो ॥187॥

अथ कीर्तन

अपना रूप पिछान। समझ मन दरसन एही है,
पिंड ब्रह्मँड कुल रास तुमारी, काहे कूँ करत गुमान ॥रहाउ॥
जैसे सिंघ अजिया मूँ डोला, आप न चीन्है भरमै भोला।
जानत होय अजान ॥1॥
कस्तूरी बसै मृघ के माहीं, वनखँड ढूँढै सूंघै जाई,
होइ रहिया हैरान ॥2॥
जिन तुम कूँ निहचै करि जान्या, रमता राम सकल घट मान्या,
सेई साधु प्रमान ॥3॥
तीन लोक मँह तुमरा वासा, काहे कूँ तू निरत उदासा,
जान सकौ तो जान ॥4॥

जब मेरी प्रीति साहिब सूँ लागी, रोहल रैन भरम की भागी,
आतम मूँ गलतान ॥5॥188॥

अपने वास्तविक स्वरूप को जान। हे मन! समझ। आत्मा के वास्तविक स्वरूप का अनुभव कर लेना ही दर्शन है। समस्त पिंड व ब्रह्मांड में तेरी ही राशि =आत्मा अथवा सत्ता है। क्यों, नाहक ही गर्व-गुमान करता है ॥रहाउ॥ जिस प्रकार सिंह बकरियों के झुंड में रहने से अपने सिंहत्व को नहीं पहचानता और भ्रम के कारण अपने आप से अनजान होकर बकरियों के साथ घूमता-फिरता है ॥1॥ कस्तूरी मृग की नाभि में रहती है किन्तु भ्रम-वश वह वनखंड में सूंघ-सूंघकर कस्तूरी को ढूंढता है। हैरान होता है (किन्तु कस्तूरी जंगल में नहीं मिलती) ॥2॥ जिसने तुझको निश्चय-पूर्वक जाना है, समस्त सचराचार-मात्र में तुमको रमताराम करके जाना है, वे ही प्रामाणिक साधुजन हैं ॥3॥ तीनों लोकों में तू ही व्याप्त है, फिर भी क्यों उदासीन होकर घूमता-फिरता है। अपने असली स्वरूप को जान सके तो जान ले ॥4॥ रोहल कहता है- जब से मेरी एकान्तिकी प्रीति प्रियतम से लगी है, तब से भ्रम की अंधेरी रात्रि भाग गई है और मैं आत्मतत्त्व में एकाकार हो गया हूँ ॥5॥188॥

प्रधान-वाच

तब बोल्यो परधान सभ, मन राजा के साथ।
चित्त विचारा क्या करै, चलौ त पकड़ूँ हाथ ॥189॥

तब प्रधान ने मन से कहा- हम सभी राजा-मन के साथ हैं। बेचारा चित्त क्या करेगा? यदि आप मेरे साथ चलो, तो मैं चित्त का हाथ पकड़ लूँ, (गिरफ्तार कर लूँ) ॥189॥

हम तुमरे दरबार का, खाया सेर अनाज।
तुम निहचै करि जानियो, सकल मल्हाऊँ आज ॥190॥

मैंने तुम्हारे दरबार में रहकर तुम्हारा अनाज खाया है, अतः आप निश्चित जानिये कि मैं आज ही सभी को मार डालूँगा ॥190॥

जो आगै हम नीकालिया, ओही है अब चित्त।
पकड़ तुमारे हाथ देउँ, घास कटाऊँ नित्त ॥191॥

पूर्व में हमने जिसको निकाल-कर भगा दिया था, वही चित्त अब है। उसको पकड़-कर मैं आपके हाथों में दे दूंगा और उससे रोजाना घास कटवाऊँगा ॥191॥

मन सूँ मिल अम्मल पियो, उठै हलामा खाए।
अब नहिं छोड़ूँ चित्त कूँ, जो कुछ करै खुदाए ॥192॥

प्रधान ने मन से मिलकर=एकमत होकर अमल-पान किया, कलमा पढ़ा और युद्धार्थ तैयार हुए। कहा- अब चित्त को छोड़ूँगा नहीं, खुदा जो भी=अच्छा या बुरा करे ॥192॥

चिट्ठी भेजी चित्त कूँ, अब भाजी मत जाइ।
सिर के सौदे देस है, जो खाटै सो खाइ ॥193॥

चित्त के पास चिट्ठी भेजी। लिखा, अब युद्ध-क्षेत्र से भाग मत जाना। देश या राज्य सिर के बदले में मिलता है, जो श्रम करता है, वही प्राप्त करता है॥ 193॥

चढिया मन मेवास जब, बजे दमामे घोर।
जाइ कहूँ अब चित्त कूँ, जो भाजै सो चोर ॥194॥

जब लुटेरा, रणोत्सुक मन युद्धार्थ तैयार होकर चला, तब युद्ध के नगारों की गंभीर ध्वनि हुई। अब चित्त से जाकर कहूंगा कि जो रणक्षेत्र से पीठ दिखाकर भागता है, वह चोर है ॥194॥

जितनी बात मन सूँ सुनी, सभ कहि चित सूँ जाइ।
साखी चित दोनों चढ्या, बेली सकल बुलाइ ॥195॥

प्रधान ने जितनी व जैसी बातें मन से सुनीं, वे सभी चित्त से जाकर कही। सुन-कर चित्त व साक्षी दोनों युद्धार्थ तैयार होकर चले। इन्होंने भी अपने साथी बुला लिये ॥195॥

चेतन दल है ब्रह्म का, मन माया दल जान।
अरध उरध के बीच में, सूराँ का घमसान ॥196॥

चेतन, ब्रह्म के दल का है। मन, माया के दल का है। अधः (नीचे) और ऊर्ध्व (ऊपर) के मध्य शूरवीरों का युद्ध है, यह ॥196॥

अड़ै उड़ै सूँ जा लगी, अर सूर मिल्या जा सूर।
मन चेतन के बीच में, बाजै अनहद तूर ॥197॥

इधर के योद्धा उधर जा पहुँचे। (यहाँ अड़ै=अर्ध और उड़ै=ऊर्ध्व का वाचक भी है। अमर होने का अमृत ऊर्ध्व में है जिसको मूलाधार-चक्रस्थ सूर्य सोख लेता है और अमरत्व प्राप्त नहीं होता। अतः लड़ाई का तात्पर्य इस अमृत को नीचे की ओर न आने देने से है।) शूरवीर, शूरवीर से जा मिले। मन और चैतन्य के मध्य लड़ाई के निस्सीम नगाड़े बजने लगे ॥197॥

प्रथम कह्यो मन काम कूँ, जाइ करौ तुम जंग।
अर्ध दलाँ के बीच में, मारी घात निसंग ॥198॥

मन ने सर्वप्रथम काम से कहा- जाओ और युद्ध करो। नीचे वाले दलों पर निश्शंक होकर मार मारो ॥198॥ (पुरुषेन्द्रिय व नारीन्द्रिय दोनों शरीर के निचले भाग में है। अतः काम से नीचे के भाग में प्रहार करने को कहा।)

चढ्यो काम अभिमान करि, आइ खडौ मैदान।
अति अहँकार करि कल्पना, बक बक भयो हैरान ॥199॥

काम अभिमान में भरकर लड़ने को तैयार हो मैदान में आ खड़ा हुआ। अति अहंकार के वशवर्ती होकर कल्पना में डूबकर कि मैं चेतन को अपने वश में कर लूंगा, नाना प्रलाप करने लगा किन्तु थक गया, कर कुछ नहीं सका ॥199॥

तब चित कहियो सील कूँ, तृष्णा काम मिटाइ।
लिंग वासना देह की, देवौ सकल हटाइ ॥200॥

तब चित्त ने शील से कहा कि तुम काम की तृष्णा को मिटा डालो। देह में जो लिंग-भोग की वासना है, उस समस्त काम-तृष्णा को हटा दो ॥200॥

गुरु के चरणै लागि करि,चलियो सील सुजान।
हाथ जोड़ि पागै पड़्यो, भयो काम हैरान ॥201॥

गुरु के चरणों में प्रणाम करके विवेकी शील चला। शील को देखते ही हाथ जोड़कर हैरान काम, शील के चरणों में झुक गया ॥201॥

कहाँ गई ओ कल्पना, अर कहाँ गई ओ खीज।
जब देख्यो मुख सील को, भयो काम निरहीज ॥202॥

जब शील का मुख देखा, तब काम निरीह=चेष्टाहीन=निर्वीय हो गया। कहाँ तो उसकी कल्पना चली गई व कहाँ उसका गुस्सा चला गया ॥202॥

काम सरूपी मिरघली, सील सिंघ है सूर।
एकौ हाथ लगाइ करि, मारि गयो चकचूर ॥203॥

काम मृगी के समान है। शील शूरवीर सिंह के समान है जिसने एक ही हाथ की मार से काम रूपी मृगी को चकनाचूर=सर्वथा नष्ट कर दिया ॥203॥

काम कह्यो तब सील कूँ, राम दुहाई तोहि।
तुम जीत्यो हम हारियो, अब मत मारौ मोहि ॥204॥

तब काम ने शील से कहा- तुझे रामजी की सौगंध है। तुम जीत गये, मैं हार गया हूँ। अब मुझे मारो मत ॥204॥

काम गले में जेवड़ी, बाँधी सील सुजान।
ले आयो चेतन अगै, आइ कियो उनमान ॥205॥

शील सुजान ने काम के गले में रस्सी बांधी और उसको चेतन के आगे ले आया तथा पूछा, इस काम का उनमान=क्या करूँ?॥205॥

तब चेतन कह्यो सील कूँ, बाँध कैद में डार।
ऐसे ही कर राखलो, जो अहनिसि खावै मार ॥206॥

तब चैतन्य ने शील से कहा- बाँध-कर इसको कैदखाने में डाल दो। इसको रात-दिन ऐसे ही करके रखना ताकि यह मार खाता रहे॥ 206॥

तब काम कह्यो चेतन अगै, तुम कीनौं बडौ सँताप।
काम रूप मुझ प्रभु कियो, तुम कूँ लगै सराप ॥207॥

तब काम ने चेतन के सामने निवेदन किया, आपने तो बड़ा संताप=दुःख दे दिया है। परमात्मा ने मुझको काम के रूप में बनाया है। यदि मुझे कारागार में डालोगे तो आपको श्राप लगेगा ॥207॥

एक साधनी देत हूँ, ओहि बहुत करि जान।
और आस तुम मत करौ, नहिं तो काटूँ कान ॥208॥

तब चेतन ने कहा- तुझे मैं एक साध्वी देता हूँ; तू इसी को बहुत=पर्याप्त मान। और स्त्री पाने की कामना मत करना। करेगा तो मैं तेरे कान काट लूंगा ॥208॥

अथ कीर्तन

प्रेमी भल्यू भया रे भाई, ऐसौ प्रेम पियालौ पीधौ ॥रहाउ॥
प्रेम पियासी रिधि सिधि दासी, जोग जाग नहिं कीधौ।
भई कृपा तब अलख लखायो, सतगुरु वचनन सीधौ ॥1॥
प्रेम पियालौ अजर अमर है, गहला लोक न जाणैं।
जो रस था देवतिया नु दुर्लभ, सो रस प्रेमी माणैं ॥2॥
प्रेम बिना कोइ पार न पावै, बात करै जिमि सूवा।
मोह माया के पिंजरे पड़िया, कथनी कथ कथ मूवा ॥3॥
प्रेम हमारे सिर का साँई, मैं ताँ प्रेम की दासी।
प्रेम कला सूँ नैनन निरख्या, आतम मैं अविनासी ॥4॥
प्रेम प्रकास भयो उजवाला, जोग जुगति के जागे।
रोहल पिय कूँ प्रेमिन पायो, प्रेम बडौ है पागे ॥5॥209॥

हे भाई! मैंने प्रेम का ऐसा प्याला पिया है कि मैं अच्छा प्रेमी हो गया हूँ ॥रहाउ॥ मैंने कोई योग अथवा यज्ञ नहीं किया अपितु प्रेम का प्याला पिया जिससे रिद्धि व सिद्धि मेरी दासी हो गईं। जब प्रेमास्पद की कृपा हुई तब उस अलक्ष्य के दर्शन हुए, यह सब सद्गुरु महाराज के वचनों का पालन करने के कारण सिद्ध हो सका ॥1॥ प्रेम का प्याला अजर-अमर है किन्तु मूर्ख लोग इसको सही रूप से नहीं जानते। जो प्रेमानंद देवताओं को भी दुर्लभ है, वह आनंद प्रेमीजन पाते हैं ॥2॥ बिना प्रेम के कोई भी परमात्मा का पूरा रहस्य नहीं जान सकता, जैसे तोता पिंजरे में रटाई हुई बातें तो बोलता है किन्तु उनका रहस्य नहीं जानता। वह शुक माया-मोह में पिंजरे में बंद हो जाता है जिस कारण कह-कह कर, थक-कर मर जाता है, हाथ कुछ नहीं आता ॥3॥ प्रेम मेरे सिर का मोड़ है, स्वामी है, मैं उस प्रेम की दासी हूँ। मैंने प्रेम की कला से आत्मा में ही अविनाशी को नेत्रों से देख लिया है ॥4॥ योग युक्ति के जागने=सिद्ध हो जाने से प्रेम के प्रकाश का उजाला हो गया। रोहल कहता है- प्रियतम को प्रेमियों ने प्राप्त किया है। प्रेम प्रियतम का पाने का बहुत बड़ा सोपान है, बहुत बड़ी सीढ़ी है ॥5॥209॥

फतह हुई चेतंन की, जो सुर नर धीर गँभीर।
मिटी काम की कलपना, जब डाल्यो सील जँजीर ॥210॥

जो सुर व नर के समान धीर एवं गंभीर है उस चेतन की जीत हो गई। जब शील

ने काम को जंजीर से जकड़ लिया तब काम का उद्रेक मिट गया, काम शांत हो गया ॥210॥

सील काम कूँ मारियो, जब सुनी मंन ये बात।
लागौ दुख तब गिर पड़ो, सिर पर मारे हात ॥211॥

जब मन ने यह बात सुनी कि शील ने काम को मार डाला है, तब वह दुःखी होकर जमीन पर गिर पड़ा और माथे पर हाथ मारने लगा अर्थात् पछताने लगा ॥211॥

बहुत काल मन कूँ चढ्यो, लीयो क्रोध बुलाइ।
काम कछू सत ना कियो, तुम करौ लड़ाई जाइ ॥212॥

मन को बहुत भारी काल=युद्धोन्मादजन्य संहारक-भाव चढ़ आया, उसने तत्काल क्रोध को बुलाया। कहा- युद्ध में काम ने कुछ भी शूरवीरता का कार्य नहीं किया। अब तुम जाकर लड़ाई करो ॥212॥

चढ्यो क्रोध मैदान मँह, कियो बहुत उदमाद।
तब चित कह्यो सँतोष कूँ, अब करौ क्रोध कूँ माद ॥213॥

क्रोध रणक्षेत्र में युद्धार्थ आया और बहुत ही उत्साह दिखाया। तब चित्त ने संतोष से कहा- अब क्रोध को मंद (नष्ट) कर दो ॥213॥

चेतन के चरणै लाग करि, चल्यो सँतोष सुजान।
सतगुरु वचन विचार करि, जाइ खडौ मैदान ॥214॥

संतोष सुजान चैतन्य के चरणों में प्रणाम करके चला। सद्गुरु के वचनों को शिरोधार्य-कर रणक्षेत्र में जाकर खड़ा हो गया ॥214॥

कह्यो क्रोध संतोष कूँ, सीस काटूँ तुझे मार।
कह्यो संतोष क्रोध कूँ, अंत चलैगा हार ॥215॥

क्रोध ने संतोष से कहा- तेरे सिर को काट-कर तुझे मारूँगा। इस पर संतोष ने क्रोध से कहा- अंत में तू ही हार-कर पलायन करेगा ॥215॥

क्रोध कियो बकवाद तब, उनमन भयो संतोष।
खायो काल किरोध कूँ, सँतोष पायो पद मोख ॥216॥

तब क्रोध ने बकवास की। संतोष उन्मन=चुप हो गया। उसने कराल काल के समान सन्मुख मिले क्रोध को खा डाला। संतोष ने मोक्ष पद प्राप्त किया ॥216॥

अगनि रूप है क्रोध का, सँतोष रूप है जल।
जब दोनों भेड़ा भया, गयो अगनि को बल ॥217॥

क्रोध का स्वरूप अग्नि के समान है जबकि संतोष जल के समान है। जब दोनों एक साथ मिले तब अग्नि रूपी क्रोध का बल शांत हो गया ॥217॥

सँतोष सुत सत सार है, क्रोध कूड़ अर कच।
नहीं ठौर तहाँ कूड़ की, जब प्रगट्यो पूरन सच ॥218॥

संतोष स्वतः सत का सार है। क्रोध कूड़=झूठा और कच=असत्य है। जब पूर्ण सच प्रकट हो गया, तब वहाँ झूठ का कोई स्थान न बचा ॥218॥

क्रोध ऊभौ मैदान में, जैसो कागज कोट।
जब पड़ी बूंद संतोष की, कोट पड़ो भू लोट ॥219॥

क्रोध रणक्षेत्र में वैसे ही खड़ा है जैसे कि कोई कागज का बना किला खड़ा हो। जब संतोष रूपी जल की बूंद क्रोध रूपी कोट पर पड़ी, तब कोट (किला) भूशायी हो गया ॥219॥

कान पकड़ जब क्रोध कूँ, ले आयो सूर सँतोष।
चेतन के दरबार में, वहु पायो पद मोष ॥220॥

शूरवीर संतोष कान पकड़कर क्रोध को जब चैतन्य के दरबार में ले आया, तब उसने भी मोक्ष पद प्राप्त किया ॥220॥

क्रोध मिल्यो संतोष कूँ, निहचै लीयो भाव।
गई कलपना करम की, सीतल सदा सुभाव ॥221॥

क्रोध जब संतोष से मिला तब क्रोध ने निश्चय का भाव धारण कर लिया। उसकी नाना दुष्कर्म करने की कल्पनाएँ=भंगिमाएँ नष्ट हो गईं और उसका स्वभाव सदैव के लिए शीतल हो गया ॥221॥

साँभर में जो गिर पड़ै, सकल लूण हो जाइ।
क्रोध पड़्यो संतोष मँह, एकमेक हो जाइ ॥222॥

जो जल सांभर-सर में गिर जाता है, वह लवण रूप हो जाता है। इसी प्रकार क्रोध संतोष रूपी जल के सर में गिरकर एक-मेक हो गया ॥222॥

क्रोध हार्‌यो संतोष सूँ, सुनी मंन एह बात।
पड़्यो अंत अंदोह में, लगी जिगर में घात ॥223॥

क्रोध संतोष से हार गया, यह बात मन ने सुनी। वह अत्यन्त दुःखी हुआ और हृदय में गहरी चोट लगी ॥223॥

तब मन कह्यो अहँकार कूँ, जाइ करौ तुम जुद्ध।
चेतन को दल मार कर, पकड़ ले आओ बद्ध ॥224॥

तब मन ने अहंकार से कहा- जाकर तुम युद्ध करो। चेतन के दल को मार-कर चैतन्य को बांधो और पकड़-कर ले आओ ॥224॥

अहँकार चढ्यो अति गर्व सूँ, दो दल के रण माहिं।
चेतन कह्यो तब प्रेम कूँ, पकड़ ले आवौ बाँहिं ॥225॥

अति गर्व धारण करके अहंकार रणक्षेत्र के दोनों दलों के मध्य पहुँचा। तब चैतन्य ने प्रेम से कहा- बाँह पकड़-कर अहंकार को ले आओ ॥225॥

चढ्यो प्रेम मैदान में, जिम हाथी रण मस्त।
पहले ही अहँकार कूँ, मार्‍यो सिर पर दस्त ॥226॥

प्रेम रणक्षेत्र में वैसे ही पहुँचा जैसे रण-मस्त हाथी रण में जाता है। जाते ही सर्वप्रथम अहंकार के माथे पर प्रेम ने अपने हाथ की थाप मारी ॥226॥

लगो हाथ अहंकार कूँ, पड्यो भूमि परि लेट।
गीदड़ होई सेर की, किस विधि झेलै चपेट ॥227॥

जैसे ही अहंकार के हाथ की लगी, वह भूमि पर गिरकर लोट-पोट हो गया। गीदड़ हुआ अहंकार प्रेम रूपी सिंह की मार कैसे सहन कर सकता है?॥227॥

अहँकार कह्यो तब प्रेम कूँ, बहुरि न मारौ बाण।
तुम जीत्या हम हारिया, अब छोड्या तीर कमाण ॥228॥

तब अहंकार ने प्रेम से कहा- अब और वाणों का प्रहार मत करो। हम हार गये, तुम जीत गये। अब मैंने तीर-कमान छोड़ दिये हैं ॥227॥

भुजा पकड़ अहँकार की, केस ले आयो प्रेम।
चेतन के दरबार में, जाइ लियो निज नेम ॥229॥

अहंकार को भुजा व केशों के द्वारा पकड़-कर, चैतन्य के दरबार में प्रेम खींच-कर ले आया। अपना नेम=कर्तव्य पूरा किया ॥229॥

तब लोभ मोह कूँ मन कह्यो, जा लड़ै विवेक विचार।
लोभ मोह दोनों कह्यो, ए बाजी कूड़ पसार ॥230॥

तब मन ने लोभ व मोह से कहा- जाकर विचार व विवेक पूर्ण होकर लड़ो। तब लोभ व मोह दोनों ने कहा- यह युद्ध झूठ का विस्तार मात्र है ॥230॥

ऊवाँ को बल बहुत है, साहिब इसके माहिं।
भाजन एही बार है, पीछै निकसन नाहिं ॥231॥

उनकी ताकत अपरिमित है। भगवान् भी उनके साथ है। यह समय तो लड़ने का नहीं, भागने का है क्योंकि बाद में युद्ध क्षेत्र में से निकलना भी संभव नहीं होगा ॥231॥

मंन उहाँ सूँ भाग कर, जा पड़्यो घर अभिमान।
चेतन चढियो चाह सूँ, गढ कूँ रोक्यो आन ॥232॥

मन वहाँ से भाग-कर अभिमान के घर में जा छिपा। उत्साह सहित चैतन्य ने अभिमान के गढ़ पर चढ़ाई कर दी और गढ़ को चारों ओर से घेर लिया ॥232॥

सुरँग लगाई सास की, अर दारू कीनौं दंम।
जब लगा पलीता प्रेम का, ना को तुम ना हंम ॥233॥

श्वास की सुरंग बनाई। दम=प्राणवायु=श्वास को काष्ठ व बारूद बनाया। जब प्रेम रूपी पलीता (अग्नि) लग गया तब न तुम न हम, सभी जलने लगे ॥233॥

पकड़ उहाँ सूँ मंन कूँ, ले आयो चेतन पास।
हाथ जोड़ पागै पड़्यो, मुख में पायो घास ॥234॥

मन को पकड़-कर वहाँ से चैतन्य के पास ले आया। मन ने हाथ जोड़े, मुख में दीनता सूचक घास रखी और पैरों में पड़ गया ॥234॥

चेतन कूँ परणाम करि, धर्यो पगाँ पर सीस।
मैं चेला तुम सतगुरू, नाम करौ बखसीस ॥235॥

चेतन को प्रणाम करके मन ने चेतन के पैरों में अपना मस्तक झुका दिया। कहा- मैं शिष्य व आप सतगुरु हो। अब मुझे नाम-दान=दीक्षा प्रदान करो ॥235॥

चेतन-वाच, सवैया

प्रीति की रीति कहूँ तुमको चित, लाइ सुनौ भोरा मन मेरा।
ये जग जान जिसौ सुपनौ तजि, झूठ की ओट नहीं कछु तेरा ॥

ताहि सुँ नेह करौ अधिकौ जाके, संग तरौ भव जल्ल का घेरा।
साँइ के नाम को नीर पिवौ रुच, रोहल तोहि मिटै जम फेरा ॥236॥

चित्त लगाकर सुनो- हे मेरे भोले मन! मैं तुमसे प्रीति की रीति कहता हूँ। इस जगत् को स्वप्न के समान जानो। इस झूठे जगत् का आश्रय त्याग दो। यहाँ तेरा कुछ नहीं है। उसी से अत्यधिक=अनन्य प्रेम करो जिसके संग से भव-जल के घेरा=समुद्र को पार कर सको। रोहल कहता है- रुचि-पूर्वक परमात्मा के नाम रूपी जल का पान करो जिसके कि यमराज के यहाँ जाने का चक्र रुक जाए ॥236॥

मानव को अवतार भलो निज, नाम बिना कह नाम किसी को।
जिमि कामिणि हार सिंगार करै, भरतार बिना सभ लागत फीको ॥
चेत अचेत कहूँ तुम कूँ दिल, भीतर नूर बसै प्रभुजी को।
तत जोति सरूप बसै उर अंतर, रोहल रंग लगौ तहँ नीको ॥237॥

मनुष्य जन्म भला है किन्तु भगवन्नाम के बिना किसका नाम स्थायी रहा है। जिस प्रकार कामिनी हार पहनती व शृंगार करती है किन्तु बिना पति के सारा हार-शृंगार रस-हीन लगता है। हे अचेत=असावधान! चैतन्य हो जा। मैं तुझसे कहता हूँ। दिल के भीतर ही प्रभुजी का प्रकाश=अंश बसता है। ज्योतिस्वरूप तत्त्व अन्तर्हृदय में बसता है। रोहल को उसी का श्रेष्ठतम= अनन्य रंग लग गया है ॥237॥

एक अखंडित ब्रह्म विराजत, ऊँच र नीच नहीं कुछ ताहीं।
चौरासी लख जून उपाइ कै, आप बसै सभ ही घट माहीं ॥
एक है रूप अनेक धर्‌या जग, भूल पड़्यो जिन कौं गम नाहीं।
रोहल रंग लगौ जिन कूँ सोइ, एक अलक्ख देखै सभ माहीं ॥238॥

अखंडित एक ही ब्रह्म समानरूपेण विराजमान है। उसके लिये ऊँच-नीच कुछ भी नहीं है। वही चौरासी लाख जीवा-जोनियों को रचकर, उन सभी में स्वयं ही निवास करता है। वह एक है किन्तु उसी ने जगत् में अनेक रूप धारण किये हैं। जो भ्रम में पड़े हैं उनको उक्त की जानकारी नहीं है। रोहल कहता है- जिनको उस एक ब्रह्म का रंग-चस्का लग गया है, वे उस एक अलख ब्रह्म को ही सचराचर में देखते हैं ॥238॥

एक सज्जन नहीं दुरजन कहुँ, तुम निज मंन सुनौ मत मेरी।
जान अजान तजौ अभिमान, करौ न गुमान नहीं कोइ बैरी ॥
आदि अरूप धर्‌यो अब रूप, पड़ौ मत कूप लहौ सुध सेरी।
रोहल रंग लगौ पिय संग, पड़ौ नहिं भंग मिटै जम फेरी ॥239॥

हे निज मन! तुम मेरी सलाह सुनो। समस्त सचराचर में एक ही सजन=प्रियतम है, दुर्जन कोई है ही नहीं। जान में अथवा अनजान में, अभिमान करना छोड़ दो। गुमान (गर्व) मत करो। कोई भी शत्रु नहीं है। आदि में वह परमात्मा नीरूप था। अब उसी ने रूप धारण किया है। कुएँ में मत पड़ो। विवेक रूपी सही रास्ते को पकड़ो। रोहल कहता है, प्रियतम के संग में लगकर उसी के रंग में रंग जाओ। भंग होने वाली माया के चक्र में मत उलझो ताकि यमराज के यहाँ बार-बार जाने का चक्र मिट जाए ॥239॥

जब आप हि आप को चीन लियो, उर अंतर जोत जगी पिय पायो।
ग्यान की गम्म पड़ी जब ही तब, जीव ज सीव में उल्ट समायो ॥
चेतन चन्द्र उग्यो घट भीतरि, जोति सरूप ने जोति मिलाओ।
रोहल राति गई दिन पायो, पाँच सखी मिल मंगल गायो ॥240॥

जब स्वयं ने स्वयं को पहचान लिया तब अन्तर्हृदय में प्राप्त किये हुए प्रियतम की ज्योति द्योतित हो गई। जब ज्ञान का उदय हो गया तब जीव शिव में समाहित हो गया। घट के अंदर ही चैतन्य रूपी चन्द्र का उदय हो गया। ज्योति स्वरूप आत्मा, ज्योति स्वरूप परमात्मा हो गया। रोहल कहता है- रात्रि व्यतीत हो गई, दिवसोदय हो गया। पाँच सखी रूप पाँचों ज्ञानेन्द्रियों ने मंगल गान किया ॥240॥

सबद

राती माती प्रेम प्यासी मिट गइ ममता, टूटी जम फासी ॥रहाउ॥
चेतन चन्द्र दहूँ दिसि झलकै, पिंड ब्रह्मंड में सकल चुरासी।
कहाँ रस-अंमृत भोजन खावै, कहाँ व्रत दँडवत सदा उपवासी ॥1॥
अजब लीला तेरी रंग रचायो, कहुँ भयो चोर कहूँ सँत दासी।
क्याह कहूँ कछु कह्यो न जावै, देख अचँभ आवत मोहि हाँसी ॥2॥
भाँति भाँति के रंग रचाए, केता भेष किया अविनासी।
था नूर जंगम सकल सृष्टि में, अलख निरंजन जोति प्रकासी ॥3॥
ज्ञान भँडार खुल्यो दिल भीतर, सदा सीतल मन वैकुँठ वासी।
सुरति सुहागण सनमुख पिय सूँ, रोहल रंग लगो अविनासी ॥4॥241॥

प्रेम की प्यासी प्रेम में अनुरक्त व मस्त है। उसकी सांसारिक ममता मिट गई। यम की फाँसी टूट गई ॥रहाउ॥ चैतन्य रूपी चन्द्रमा दशों-दिशाओं में झिल-मिलता है। पिंड में, ब्रह्मांड में व समस्त चौरासी लाख जीवा-जोनियों में वही प्रकाशित है। कहीं तो अमृत सदृश रसान्वित भोजन खाते हैं, कहीं दंड स्वरूप (सीधी लकड़ी के समान अर्थात् खाने-पीने को कुछ नहीं मिलता) सदा व्रत व उपवास करना पड़ता है ॥1॥ हे परमात्मा! तेरी लीला अजब

है। तेरा रचा हुआ रंग भी अजब हैकहीं तो तू चोर हो जाता है, कहीं संतों का दास बन जाता है। क्या कहूँ, कुछ कहा नहीं जाता। तेरे आश्चर्य-मय रंगों=लीलाओं को देखकर मुझको हँसी आती है ॥2॥ हे अविनाशी! तू ने कितने वेश=कितने प्रकार की आकृतियाँ बनाई हैं। भाँति-भाँति के रंग रचे हैं। समस्त सृष्टि में परमात्मा का जंगम=चल नूर था जो अलख निरंजन परमात्मा की ज्योति का प्रकाश है ॥3॥ दिल के अंदर ज्ञान का भंडार खुल गया। मन सदा शीतल रहता है वैकुंठ निवासी के निवास करने के कारण। सुरति रूपी सौभाग्यवती प्रियतम के सम्मुख है क्योंकि उसको अविनाशी प्रियतम का रंग लग गया है ॥4॥241॥

झूलना

मन चेत सचेत सँभाल चलीं ओखी, इश्क अड़ाँगे दी राह साँई।
तिल की तिल जितनी फिर ठौर है उथाँ, पैर टिकावण दी जाइ साँई ॥
कूड़ी काया दिती जे तू लाल लहीं, दीदे आह कढी मताँ आह साँई।
रोहल रख रजाइते दम कदम, दिलवर डाढा है बेपरवाह साँई ॥242॥

हे मन! सावधान हो जा। सावधान होकर चल। साँई से इश्क की राह अटपटी व मुश्किलों से भरी है। साँई से मिलने को जाने के लिये तिल को तिल भर जगह मिले, पैर टेकने को, वहाँ इतनी सी ही जगह है। झूठी काया यदि तुझे दी है परमात्मा ने तो, उससे उस लाल के दीदार कर और उस साँई के प्रति झूठी काया देने के लिये तनिक भी आह मत निकाल। रोहल कहता है- प्रभु की आज्ञा से प्रत्येक दम व कदम रख, वह दिलवर बेपरवाह परमात्मा तेरे से मिलने को खड़ा है ॥242॥ ओखी=अटपटी। अड़ांगे=मुश्किल, अटपटी, विघ्नों से भरी। उथाँ= वहाँ। कूड़ी=झूठी। दीदे=दीदार, दर्शन। कढ़ी मत=निकाल मत। रजाइते=आज्ञा।

जिन्हाँ इश्क की चासनी चक्ख दिढी, पीती प्रेम पियाली से जाणदे नी।
नेही नेह सजन्न दे राती दिहाँ, जेहि दे तांघे तिथाँ दिल ताणदे नी ॥
जिन्हाँ दिल अंदर दीदार कीता, नाल यार सदा सुख माणदे नी।
रोहल रंग गूढे रच लाल थई, वजु मिलइ असल जिहँ खाणदे नी ॥243॥

जिन्होंने इश्क की मिष्ठता को चाखकर देखा और उस प्रेम की पियाली को पी, वे ही उसका स्वाद जानते हैं। प्रेमी, प्रियतम के प्रेम में रात-दिन अनुरक्त रहते हैं। जिसके वे प्रेमी हैं अपने दिल को उसी प्रियतम में एकमेक कर देते हैं। जिन्होंने दिल के अंदर ही दर्शन किये हैं, वे प्रियतम के साथ सदा सुख मानते हैं। रोहल गूढ़ रंग में रच-वश कर लाल हो गई। वही असल आस्वाद मिला जिसको खाने की चाहत थी ॥243॥

इस दार दरूनी दे अँदर मिंया, अजीब खेल दिठा यार आपणे दा।
सब घट में घूंघट कर चले खाली, थान नहीं कोइ थापणे दा ॥
देखौ हद बेहद की आरसी है, बिना हद बेहद न जाणणे दा।
रोहल रंग लगा गुरु ग्यान दियाँ, सोहूँ सबद है राह सुणीपणे दा ॥244॥

हे मिंया! इस दुष्ट दुनिया के ही अन्दर अपने प्रियतम की अजीब (अद्भुत) लीलाएँ देखने को मिलीं। वह प्रियतम सभी शरीरों में घूंघट=पर्दे में रहता है। उसको स्थापित करने के लिए कोई भी स्थान खाली नहीं है। ससीम व निस्सीम को देखने का दर्पण हृदय है। बिना हृदय के ससीम व निस्सीम परमात्मा को जानना संभव नहीं। रोहल कहता है- गुरु ने ज्ञान दिया, उसका रंग लगा। सोऽहं शब्द परमात्मा तक पहुँचने का मार्ग हैं किम्वा परमात्मा को सुनने (जानने) का मार्ग है ॥244॥

दिल तख्त हजारे दा राँझौ मेंडा, माहीं जाल मोहब्बत अटकी है।
छोडूँ छुटै नहीं मन मीठी लगै, पाइ पेच चोखी चित चटकी है ॥
दे गलबाँह मैं सुती सुख सेज इतै, छाती नाल पियारे लग लटकी है।
रोहल रात हिजर दी हट गई, जागी जोत दिठी महाँ घटकी है ॥245॥

हे प्रेमियों! मेरा हृदय हजारे का तख्त है। उसी के प्रति मेरी मोहब्बत अटक गई है। छोड़ता हूँ, किन्तु छूटती नहीं क्योंकि मीठी लगती है। दोनों के मध्य अच्छा पेच=जोड़ बन गया है और वह मोहब्बत चित्त में अच्छी तरह चटक=खिल गयी है। गलबाहीं देकर मैं सुख-सेज पर सोई हूँ। प्रियतम की छाती पर लगकर मैं लटक (छाती से लगकर सो रही हूँ) रही हूँ। रोहल कहता है, हिजर=पर्दे की रात्रि मिट गई है और हृदय में ही प्रियतम की महती ज्योति जाग गई है ॥245॥

रेखता

सजन तुझ इश्क ने मुझ कूँ, किया मद होश दोई सूँ।
रह्या इक नक्श दिल ऊपर, ख्याल उस यार जानी का ॥रहाउ॥
विरह की आग मूँ साजन, सूते दिल कूँ जगाना है।
हुआ है रोज रोशन दिन, तुझे दीदार दरसन का ॥1॥
देखी है प्रेम की पोथी, रची है रंग सूँ रोहल।
पढै को संत जन सूरा, जिसे घट सब्द सतगुरु का ॥2॥246॥

हे सजन! तेरे इश्क ने मुझको, द्वैतभाव से पृथक्-कर तेरे ऐक्य में मदहोश कर दिया है। हृदय पर एक चित्र बना, उसी प्राण-प्रियतम का चिन्तन हृदय में है॥ रहाउ॥ विरह की अग्नि ने हे सजन! मेरे सोते हुए दिल को जागृत कर दिया है। तेरे दीदार-दर्शन से मेरा हर

दिन प्रकाशमान हो गया है। रोहल कहता है- मैंने प्रेम की पोथी को देखा है जिसको रंग से रची है रोहल ने। इस पोथी को कोई शूरवीर संत-जन पढता है जिसके हृदय में सद्गुरु महाराज का उपदेश विद्यमान है ॥246॥

सबद

अचरज खेल अचंभा देखा। ना कुछ रंग न रूप नहीं कुछ रेखा ॥रहाउ॥
पाँच तत्त गुण तीन पसारा। चेतन एक बहुत विसतारा ॥1॥
सब्द सपर्स रूप रस गंधा। सभ मँह अलख लखै नहिं अंधा ॥2॥
चन्द्र सुरज दिवस नहिं रजनी। नहिं तहाँ भगत नहीं कोइ भजनी ॥3॥
नहिं तहँ काइर नहिं कोइ सूरा। एक अखंडित सभ घट पूरा ॥4॥
नहिं तहाँ सुंन सिखर नहिं गगना। पीवत प्रेम भया मन मगना ॥5॥
तहाँ सब्द न दरसै बुधि नहिं परसै। से स्वाति बूंद जल अहनिसि बरसै ॥6॥
नहिं तहँ ग्यान नहीं को अग्याना। नहिं कोइ मूरख नहिं को सयाना ॥7॥
अपने पेटा आपइ ताना। आप आप में उलट समाना ॥8॥
नहिं तहाँ जन्म मरण कछु नाहीं। जिमि कूप की छाया कूप के माहीं ॥9॥
नहिं कुछ गया नहीं कुछ आया। रोहल रतन अमोलक पाया ॥10॥247॥

अचंभित करने वाला अद्भुत खेल देखा। उसका कोई रंग नहीं, रूप नहीं, कोई रेखाचित्र भी नहीं ॥रहाउ॥ संसार रूप प्रसार पाँच तत्त्व व तीन गुण मय है। चेतन ब्रह्म एक है, वही बहुत होता है ॥1॥ शब्द, स्पर्श, रूप, रस व गंध, इन सभी में अलख ब्रह्म समाया है, किन्तु अंधा=अज्ञानी उसका अनुभव नहीं करता ॥2॥ वहाँ न चन्द्रमा, न सूर्य, न दिवस और न रात्रि है। न ही वहाँ कोई भक्त है और न वहाँ भजन करने वाला है ॥3॥ वहाँ कोई न कायर है और न कोई शूरवीर है। समस्त प्राणियों में एक अखंडित ब्रह्म समाया है ॥4॥ वहाँ न शून्य है, न शिखर है और न गगन है। प्रेम-प्याला पीकर मन मग्न हो जाता है ॥5॥ वहाँ न शब्द का दर्शन है और न बुद्धि का स्पर्श है। वहाँ स्वाति नक्षत्र का जल अहर्निशि बरसता है ॥6॥ वहाँ न ज्ञान है और न अज्ञान है। न कोई मूर्ख है और न कोई सयाना है ॥7॥ वह स्वयं ही बाना तो वह स्वयं ही ताना हैं। वह स्वयं ही उलटकर स्वयं में एकाकार होता है ॥8॥ वहाँ न जन्म-मरण है और न कुछ और है। जिस प्रकार कुएँ की छाया कुएँ में ही रहती है ॥9॥ न कुछ गया और न कुछ आया। रोहल ने अमूल्य रत्न को पाया है ॥10॥247॥

दोहा

ओही मन ओहि चित्त है, ओहि साखि ओहि जीव।
ओहि आत्म परमातमा, ओहि ईश्वर ओहि सीव ॥248॥

वही मन है, वही चित्त है, वही साक्षी है, वही जीव है। वही आत्मा व वही परमात्मा है। वही ईश्वर है, वही शिव है ॥248॥

एक उसी के नूर सूँ, दीसत सारा नूर।
रोहल एको रम रह्या, ठाम ठाम भरपूर ॥249॥

उसी एक के नूर से समस्त ब्रह्मांड में नूर व्याप्त है। रोहल कहता है- स्थान-स्थान पर सर्वत्र एक ही राम रम रहा है ॥249॥

जो को मन परबोध कूँ, पढै सुणै आछी रीति।
मन चित का झगड़ा मिटै, मन आवै परतीति ॥250॥

अच्छी प्रकार से जो कोई मन-प्रबोध ग्रंथ को पढ़ेगा, उसके मन व चित्त का झगड़ा मिट जायेगा तथा मन में परमात्मा के प्रति विश्वास जमेगा ॥250॥

जो को मन परबोध कूँ, सुणै विचारै माँहि।
दिल दरिया भीतर रहै, निकसन की गम नाँहि ॥251॥

॥ इति मन-प्रबोध संपूर्ण समाप्त ॥

जो कोई मन-प्रबोध ग्रंथ को सुनकर मन के भीतर विचारेगा, उसके दिल रूपी दरियाव में यह ग्रंथ सदैव बना रहेगा, निकलेगा नहीं ॥251॥

कुल छंद संख्या : दोहा 229, कीर्तन पद 12, सवैया 5, झूलणा 4, रेखता 1; कुल 251॥

शास्त्र अद्भुत -ग्रंथ
अनुभव को अंग

सवैया

जा घट ग्यान प्रकास करै पुनि, सो घट नाहिं पिछै कहुँ छानौ।
ज्यूँ ससि को प्रतिबिम्ब द्रसै जल, त्यूँ प्रभु संतन माहिं समानौ ॥
संत में राम है परगट व्यापक, ताहि न जानत लोक बेगानौ।
रोहल राम दुहाइ कहै सत, ब्रह्म को रूप सही सँत जानौ ॥1॥

जिसके हृदय में ब्रह्मात्मैक्य-ज्ञान स्वरूप परमात्मा का प्रकाश हो जाता है, वह न कहीं छिपता है और न अज्ञात ही रहता है। जिस प्रकार चन्द्रमा का प्रतिबिम्ब जल में दिखता है, वैसे ही परमप्रभु परमात्मा संतों में समाया हुआ है। संतों में राम व्याप्त है और वह राम

संतों के रूप में प्रकट भी है किन्तु अज्ञानी लोग इस तत्त्व को जानते नहीं। रोहल रामजी की सौगंध खाकर कहता है- सत्यस्वरूप ब्रह्म का सही स्वरूप संतों को ही जानो ॥1॥

पाँच ततों की है देह सथूल सो, ब्रह्म को भेद नहीं कछु जानै।
नौइ ततों को सरीर है सूख्यम, आतम अर्थ को नाहिं पिछानै ॥
वेद थके जप जाप थके बिन, ग्यान थके कथ ग्यान लिखानै।
रोहल ब्रह्म कूँ ब्रह्म पिछानत, आतम रूप ता माहिं समानै ॥2॥

स्थूल-देह पाँच तत्त्वों से बनी है। यह ब्रह्म का रहस्य लेशमात्र भी नहीं जानती। सूक्ष्म-शरीर नव तत्त्वात्मक है। यह भी आत्मा के वास्तविक अर्थ को नहीं जानती। बिना ब्रह्म-ज्ञान के वेद थक गये, जप-जाप थक गये, ज्ञान कथन करने वाले भी थक गये तो लिखने वाले लेखक भी थक गये। रोहल कहता है, जो ब्रह्म को ब्रह्म रूप में जानते हैं, वे ही ब्रह्म हैं; आत्मा रूपी ब्रह्म उन्हीं में ही समाहित है ॥2॥

चौपाई

मैं मैं करूँ त तुम सूँ डरूँ। तू तू करूँ त बिछड़ियाँ मरूँ ॥
मैं तू छाडि मुवाहिद थ्यूँ। दे गलबाँह सदा रस पियूँ ॥3॥

यदि मैं, 'मैं' 'मैं' कहता हूँ तो तुझसे से डरता हूँ। यदि 'तूँ' 'तूँ' कहता हूँ तो वियोग के कारण मेरा मरण होता है अर्थात् द्वैत-जन्य भय के कारण जन्म-मरण होते हैं। मैंने 'मैं' और 'तू' दोनों छोड़ दिये हैं, मैं मुवाहिद=अद्वैत हो गया हूँ। तेरे गले में बाहें डालकर सदा अद्वैत-रसानंद का पान करता हूँ ॥3॥

रोहल मैं रुह अल्लह पाया। अपना सौदा आप बनाया ॥
पँगला दौड़ सिखर ते चढिया। अंधे लखिया गूंगे पढिया ॥
दर्द वँदा दी इहिया चाली। समझैगा को मस्त मवाली ॥4॥

रोहल कहता है- मैं आत्मा हूँ, मैंने अल्लाह को पा लिया। मैंने अपना कार्य स्वयं ने ही किया है। अल्लाह को पा लेने पर पंगु दौड़-कर पर्वत के शिखर पर चढ़ जाता है; अंधा देखने लगता है और गूंगा बोलने, पढ़ने लगता है। जो परमात्मा के दर्दबंद=ईश्की हैं, उनका आचरण यही होता है। इसको कोई मस्त-मौला ही समझेगा ॥4॥ (मवाली=मौला)।

प्रश्न, दोहा

शिष्य कह्यो गुरु आपणे, तुम जैसा नहिं और।
हम कुँ एक संसा पड़्या, तुम गुरू बतावौ ठौर ॥5॥

अपने गुरु से शिष्य ने कहा- आप जैसा और कोई नहीं है। मेरे मन में एक संशय उत्पन्न हो गया है। आप गुरु हैं, अतः निश्चय बताइये॥ ठौर=निश्चय, निश्चित् बात ॥5॥

उत्तर, कवित्त

चेतन बहु रूप धर्‌यो, तामें फिर भूल पड़्यो,
आपनौ सरूप देख, आप ही भुलानौ है।
जोग जप तप करै, आपकी न समझ पड़ी,
हीरौ है अमोल सो तो, काच में बिकानौ है ॥
तू केवल अविनासी हरि, मेरे मन संक परी,
तेरौ निरबंध रूप, काहे को बंधानौ है।
मैं तो इक बाजी रची, रोहल मत जान सची,
आप ही सूँ आप खेलूँ, जगत कूँ बहानौ है ॥6॥

चैतन्य परमात्मा ने 'एकोऽहं बहुस्याम' ईक्षण-कर स्वयं को अनेक रूपों में व्यक्त किया। फिर स्वयं ही उन नाना रूपों से भ्रमित हो गया। अपने स्वरूप को देखकर स्वयं ही भ्रमित हो गया। (जैसे कुत्ता अपनी ही परछाँई को शीशे में दूसरा कुत्ता जानकर भौंकने लगता है।) स्वयं को ही पाने के लिये योग, जप, तप करता है क्योंकि स्वयं के नित्य-शुद्ध-बुद्ध स्वरूप का बोध न रह सका। आत्म-तत्त्व अमूल्य हीरे के सदृश है, उसको विषय-भोग रूपी काच के बदले में बेच डाला। तू तो केवल अविनाशी हरि है। निर्बंध रूप है। फिर भी बंधनों में क्यों बँध गया है? यही मेरे मन में शंका उत्पन्न हो गई है। हे रोहल! मैंने संसार रूपी एक खेल रचा है। तू इसको सच्चा मत जान। मैं स्वयं से स्वयं ही खेलता हूँ। मेरे लिये जगत् तो एक बहाना मात्र है ॥6॥

प्रश्न, दोहा

ना कुछ करणी कर सकूँ, हम सुँ न होवै जोग।
करि किरपा अस सीख द्यौ, अंमृत रस को भोग ॥7॥

शिष्य ने निवेदन किया, मैं कुछ भी करनी (साधना) करने में असमर्थ हूँ। मेरे से योग की साधना होना भी संभव नहीं। कृपा करके ऐसी शिक्षा दीजिये, जिसमें अमृत-रस का भोग मिलता है ॥7॥

उत्तर, कुंडलिया

दरपण माहिं न फेर कछु फेर पड़्यो मुख माहिं।
जैसा मुख करि देखिए तिसा दिखावत ताहिं॥

तिसा दिखावत ताहि जिसा है रूप तुम्हारा।
ब्रह्म भाव तो ब्रह्म नहीं तो फिर ता न्यारा॥
रोहल भाव सफल फलै सत कर मानौ ताहिं।
दरपण माहिं न फेर कछु फेर पड़्यो मुख माहिं॥8॥

गुरु उत्तर देते हुए कहते हैं- दर्पण में कोई अंतर नहीं है। अंतर तो मुख में पड़ता है। जैसा मुँह बनाकर देखा जाता है, वैसा ही दर्पण में दिखता है। जैसा तुम्हारा रूप है, वैसा ही दिखता है। यदि ब्रह्म-भाव है तो ब्रह्म दिखता है अन्यथा वह अन्य ही दिखता है। रोहल कहता है- सफल भाव ही फलीभूत होता है, उसी को सत्य करके जानो ॥8॥

उत्तर, कवित्त

केवल निश्चिंत हरि, ताकूँ इक इच्छा परी,
रूप की तो चाह धरी, जक्त कूँ बनायो है।
भूल ते ये बाजी रची, कुबुधि की तो रांध रची,
दुर्मति न मानै सची, झूठ कूँ अघायो है॥
अक्ल कूँ तो गैर कियो, अग्यान तो बजीर दियो,
लोक तासूँ सीख लियो, भरम में भुलायो है।
गुरु अैसो उपदेस कियो, सिष तासूँ समझ लियो,
रोहल यह भेद जान, आप में समायो है ॥9॥

श्रीहरि केवल व निश्चिंत=निरिच्छ है। उसने एक इच्छा की‘एक हूँ, अनेक रूप हो जाऊँ’ और इस प्रकार उस एक ने जगत् को बनाया। इस जगत् रूपी खेल को भूल-वश बनाया। कुबुद्धि की तो यह रचना आफत ही है। दुर्बुद्धि प्राणी सत्य तत्त्व को मानता नहीं, प्रत्युत् झूठे तत्त्व में ही सराबोर है। बुद्धि को पराया मान लिया। अज्ञान को मंत्री बना लिया। जगत् से शिक्षा ग्रहण की। वस्तुतः ऐसे-ऐसे भ्रमों में प्राणी भूला पड़ा है। गुरु ने उक्तानुसार उपदेश दिया। शिष्य ने इस ज्ञान को भली प्रकार समझ लिया। रोहल उक्त रहस्य को जानकर स्वयं में ही समरस हो गया है ॥9॥

सिख-वाच, कुंडलिया

सतगुरु अंतर खोल कर दिखलाया महबूब।
मनमोहन सोई मिल्यो जो खूबन में खूब॥
जो खूबन में खूब सोहि अब सहजे पायो।
सफल भयो सभ काज मंनछा मंगल गायो॥

रोहल रस रँग रीझि करि आतम कियो सुजूद।
सतगुरु अंतर खोल कर दिखलाया महबूब ॥10॥

शिष्य ने कहा- सद्गुरु महाराज ने हृदय के अज्ञानांधकार को हटाकर स्वच्छ कर दिया (खोलकर) और उसमें प्रियतम का दर्शन करा दिया। जो मनमोहन था, वह मिल गया। वह खूबों में खूब है। अब वह मुझे सहज में ही मिल गया। मेरे समस्त कार्य=मनोरथ सफल हो गये। मनसा (मन की वृत्तियाँ) मंगल गाने लगी हैं। रोहल ने रस-रंग (आनंद) में प्रसन्न होकर आत्मा-रूप परमात्मा को सुजूद=सज्दा=प्रणाम किया है ॥10॥

गुरु-वाच, कुंडलिया

जा घटि अनुभव ऊपजै सो कहिए बड भाग।
जैसे पारस लोह कूँ तुरत मिटावै दाग ॥
तुरत मिटावै दाग करै पुनि कंचन जैसो।
सतगुरु वचनन रूप समझि जैसे कूँ तैसो ॥
रोहल इश्क मैदान मँह मरण कनूँ मत भाग।
जा घट अनुभव ऊपजै सो कहिए बड भाग ॥11॥

जिसके अंतर में आत्मानुभव हो जाता है, उसी को सौभाग्यशाली कहा जाता है। जिस प्रकार पारस लोहे के दाग को स्पर्श करते ही तत्काल मिटा देता है और स्वर्ण के समान, जैसा बना देता है। साधक सद्गुरु के उपदेश को समझ व आचरित करके जैसा था, वैसा ही हो जाता है। रोहल कहता है- इश्क के मैदान में से मरण के भय से भयभीत होकर भाग मत ॥11॥

सवैया

जा दिन ते पिय को मुख देखियो, वा दिन ते ममता मति भूली।
मस्तक ऊपर हाथ धर्यो गुरु, वाणी विचार विवेक की फूली ॥
ग्यान के सूर प्रकास कियो घट, रैणि बिछोड़े की दलदर डोली।
जब आतम माहिं पायो अनुभव पद, रोहल आँख विग्यान की खोली ॥12॥

जिस दिन से प्रियतम के मुँह को देखा है, उस दिन से ममतामयी बुद्धि नष्ट हो गई है। गुरु महाराज ने मस्तक के ऊपर अपना वरद हाथ रखा जिससे वाणी, विचार व विवेक प्रस्फुटित हो उठे। ज्ञान रूपी सूर्य ने हृदय में प्रकाश फैला दिया जिससे रात्रि-वियोग-जन्य दारिद्र्य डुलायमान=नष्ट हो गया। जब आत्मा में परमात्मानुभव रूप पद को प्राप्त कर लिया, तब रोहल की विज्ञान की आँख खुल गईं। (विज्ञान=विशेष ज्ञान। आत्मानुभव ही विशेष ज्ञान है) ॥12॥

षट सास्त्रह वेद पुराण पढे हृदे, वेद पढे बिनि मोछ स नाहीं।
जप तप्प करे पुनि ध्यान धरे बिन, ग्यान मिटै संसा सोक नाहीं ॥
राम नाम जिसा धन दिल्ल बसै ताकूँ जान सकै अंधा लोक नाहीं।
जाकि सिक्क सोइ रोहल आइ मिल्या अब, चुप्प जैसा कोई झोक नाहीं ॥13॥

षड्शास्त्र, वेद, पुराण हृदय से पढ़े जाएँ क्योंकि बिना वेद पढ़े मोक्ष नहीं मिलती। जप, तप किये बिना, ध्यान धरे बिना, बिना ज्ञान के संशय और शोक मिटते नहीं। जिसके दिल में राम-नाम जैसा धन निवास करता है, उसको अज्ञानांधकार- ग्रसित-जन जान नहीं पाते। रोहल कहता है- जिसकी सिक=खोज थी, चाहत थी; वह स्वयं ही आकर मिल गया। अब चुप जैसा कोई झोक=धोखा नहीं रह गया ॥13॥

झूलना

लख वेद पुरान अनेक पढै, सतसंग बिना रँग लागै नाहीं।
महबूब का मुक्ख न देख सकै जो, दोइ की नींद सूँ जागै नाहीं ॥
नाल यार विसाल न थीवै तहाँ, ममता मोह के रोग कूँ त्यागै नाहीं।
रोहल इश्क मैदान मुहब्बत दे, सूरा सोहि पीछै मुड़ भागै नाहीं ॥14॥

लाखों वेद, अनेकों पुराण पढ़ने पर भी सत्संग के बिना परमात्मा का रंग लगता नहीं है। जो द्वैत-जन्य निद्रा से जागते नहीं, वे महबूब का मुख नहीं देख पाते हैं। प्रियतम के साथ वहाँ एकाकार नहीं होता, जहाँ ममता व मोह रूपी रोग को त्यागा नहीं जाता। रोहल कहता है- शूरवीर वह है जो इश्क-मोहब्बत के मैदान में से मुड़कर=उलटकर भागता नहीं है ॥14॥

सिष-वाच, दोहा

चेतन कहीं अरूप है, रूप धर्‌यो सो कौन।
मोकउँ तो संसा पड़्या, यह सीहा है की सौन ॥15॥

चैतन्य अरूप=नीरूप कहा जाता है। फिर जिसने रूप धारण किया, वह कौन है? मुझे संशय उत्पन्न हो गया है कि यह शीशा है या स्वर्ण है ॥15॥

गुरु-वाच, झूलना

चेतन अरूप कूँ न्यारा कहै लख, जाति चुरासी में कौन है जी।
कहाँ साँच बन्या कहाँ काच दिसै, कहाँ सीहा भया कहाँ सौन है जी ॥
कहाँ आग बन्या कहाँ खाक बन्या, कहाँ पानी भया कहाँ पौन है जी।
रोहल देख अचंभा हैरान हुआ, कैणा कुच्छ नहीं ममी मौन है जी ॥16॥

यदि चैतन्य को नीरूप बताकर सबसे न्यारा बताया जाता है तो चौरासी लाख जीवा-जोनियों में कौन है? कहीं सत्य के रूप में है। कहीं काँच के रूप में है। कहीं शीशा है। कहीं स्वर्ण है। कहीं अग्नि बना हुआ है। कहीं राख बना हुआ है। कहीं जल बना हुआ है। कहीं पवन बना हुआ है। रोहल इस आश्चर्य को देखकर हैरान=अचंभित हो गया। कहना कुछ नहीं, बस मम=चुप व मौन होना ही उचित है ॥16॥

अखंड अगंम अगाध कहै ताका, अंत किसी नहिं पाया है जी।
पढि सास्त्रह वेद पुरान थके इक, ठौर किसी न बताया है जी ॥
जाकूँ साँच कहूँ मानै कोइ नहीं, जग मोह सर्पणी खाया है जी।
सुक्ष्म वेद सकल्ल कूँ खारा लगै, रोहल ग्यानी के मन मौन भाया है जी ॥17॥

परमात्मा को अखंडित, अगम्य, अगाध कहा जाता है; उसका किसी ने भी अंत नहीं पाया है। वेद, शास्त्र, पुराण पढ़-पढ़कर थक गये किन्तु किसी ने भी एक ऐसी ठौर नहीं बताई है जहाँ उक्त परब्रह्म-परमात्मा मिलता है। जिसको भी सच्ची बात कहता हूँ, कोई भी मेरी बात मानता नहीं है, क्योंकि जगत् को मोह रूपी सर्पिणी ने डँस रखा है। समस्त जगत को सूक्ष्म-वेद रस-हीन लगता है। रोहल कहता है- इसीलिए रोहल ज्ञानी के मन को मौन भा गया है ॥17॥

सिष-वाच, दोहा

खोजूँ मैं सो कौन कूँ, काको धरूँ धियान।
कहौ तैसी होवै जिसी, मैं हूँ अती अजान ॥18॥

शिष्य कहता है- वह कौन है, जिसको मैं खोजूँ? किसका ध्यान करूँ। वही कहो, जो वास्तविकता है क्योंकि मैं बहुत बड़ा अज्ञानी हूँ ॥18॥

गुरु-वाच, झूलना

पर रूप के आसिक बहु देखे, अपने रूप के आसिक कोइ है जी।
जासुँ पिंड ब्रह्मँड प्रकास हुवा, सारी सृष्टि रची जग जोइ है जी ॥
चार कूँट में होइ तपास देख्या, जहाँ जाउँ तहाँ सागी सोइ है जी।
और राम सेती रोहल काम केहा, आतमराम मेरे दिल माहीं है जी ॥19॥

दूसरे के रूप के आशिक तो बहुत देखे गये हैं किन्तु स्वयं के रूप के आशिक कोई-कोई हैं। जिससे समस्त पिंड व ब्रह्मांड प्रकाशित हुए, जिसने समस्त सृष्टि की रचना की, वही स्वयं का रूप (स्वरूप) परब्रह्म-परमात्मा है। चारों कोनों में घूमकर, ढूँढकर देखा, जहाँ जाता हूँ वहाँ सघनता-पूर्वक, पूर्णतः वही है। आत्माराम मेरे दिल के भीतर ही है, तब अन्य राम से मुझ रोहल को कौनसा काम है?॥19॥

सिख-वाच, दोहा

तुम जैसा गुरु भेटिया, बडौ हमारौ भाग।
जैसे पारस लोह कूँ, तुरत मिटावै दाग ॥20॥

हे गुरु-महाराज! आपका जैसा गुरु हमको मिला, यह हमारा परम सौभाग्य है। जिस प्रकार पारस लोहे के लोहत्व रूपी दोष को तत्काल मिटा देता है ॥20॥

इंदव, गुरु-वाच

एक सजंनहि दुर्जन है कहुँ, कहुँ तुम मन्न सुनौ मति मेरी।
जान अजान तजौ अभिमान, करौ न गुमान नहीं कोइ बेरी ॥

आदि अरूप धर्‍यो अब रूप, पड़ौ मत कूप लहौ सुध सेरी।
रोहल रंग लगौ पिय संग, पड़ै नहिं भंग मिटै जम फेरी ॥21॥

कहीं जो सज्जन है, वही अन्यत्र दुर्जन है। हे मन! मैं कहता हूँ कि तुम मेरी सलाह को सुनो। ज्ञात-अज्ञात जिस भी तरह का अभिमान है, उसको तज दो। गर्व मत करो। कोई भी शत्रु नहीं है। आदि-अनादि अरूप परमात्मा ने ही रूप धारण किया है अर्थात् वही सचराचर में परिव्याप्त है। हे प्राणियों! अज्ञान रूपी कुएँ में मत गिरो। विवेक रूपी रास्ता अंगीकार करो। रोहल कहता है, प्रियतम के रंग में लग जाओ अर्थात् सदैव प्रियतम का स्मरण, चिंतन, मनन-कर चित्त-वृत्ति को उसी में आरोपित रखो। ऐसा चिंतन, मनन खंडित नहीं होना चाहिए ताकि यमराज के यहाँ आने-जाने का फेरा मिट जाए ॥21॥

झूलना

अगम अखंड अगाध बेअंत सो, वेद पुराण मूँ लिखिया है जी।
अलख अरूप बिचून कहैं ताकौं, कहौ किनि कुछ पेखिया है जी ॥
जोगी जती सभ थाकि रहे आगे, दादु कबीरै देखिया है जी।
जब ग्यान चख्यु गुरु खोल दिया, रोहल रंग बेरंग में देखिया है जी ॥22॥

परब्रह्म-परमात्मा अगम्य, अखंड, अगाध, अंतहीन-अनंत है। निर्विशेष ब्रह्म के ये सब लक्षण वेद-पुराणों में लिखे हैं। परमात्मा अलक्ष्य, अरूप व बिचून कहा जाता है। बताइये कौन ने उसको किस प्रकार देखा है। योगी, यती सभी थक गये हैं, ऐसे परमात्मा को जानने का प्रयत्न करते-करते। हाँ, पूर्वकाल में दादू, कबीर ने उसको देखा है। जब गुरु महाराज ने ज्ञान रूपी आँखें खोल दी हैं तब रोहल ने बेरंग में रंग को देखा है (सचराचर में व्याप्त परब्रह्म को देखा है।) ॥22॥

दोहा

मन मोहन के रूप की, बात न बरणी जाइ।
ज्यूँ गूंगा सपना लहै, सुमरि सुमरि पछिताइ ॥23॥

मनमोहन के रूप का वर्णन करना संभव नहीं। जिस प्रकार गूंगा स्वप्न देखता है किन्तु उसको कहकर बता नहीं सकता; केवल स्मरण कर-करके ही पश्चाताप करता रहता है ॥23॥

झूलना

अख्यर लिख रखौ अणपढिइ अगूँ, पढ्या नसीं कहा ऊ जानती है।
वर की बात कुँवारी सूँ पूछ देखौ, कंत पाया नसीं कहा ऊ मानती है ॥

जाँ कूँ साँच कहूँ मानै कोइ नहीं, गुरु गंम नसीं लख लानती है।
रोहल रंग रती जाँ का राँझू सेती, इस बात कूँ साई पछानती है ॥24॥

अनपढ़ के सामने अक्षर लिखकर रखो, वह पढ़ नहीं सकती तो वह उसमें लिखे के बारे में क्या जान सकती है। कुँवारी कन्या से पति के बारे में पूछ-कर देखो, उसने कंत को अभी तक प्राप्त किया ही नहीं है तो पति-जन्य सुख को वह कैसे जान सकती है। जिससे भी सच कहता हूँ, कोई मानता ही नहीं है। उनको गुरु का ज्ञान प्राप्त नहीं है, ऐसों को लाखों लानत हैं। रोहल कहता है- जिसका प्रेम रांझे (प्रियतम) से लेश मात्र भी है, वही, प्रियतम की इस बात को जानती है ॥24॥

मन कूँ उपदेस को अंग

गुरु-वाच, इंदव

प्रीति की रीति कहूँ तुम कूँ, चित लाइ सुनौ भोरा मन मेरा।
ए जग जान जिसो सपनौ तजि, झूठ की ओट नहीं कछु तेरा ॥
ताहि सूँ नेह करौ अधिकौ जाके, संग तरौ भव जल्ल का घेरा।
साँई के नाम को नीर पियो रुच, रोहल तोहि मिटै जम फेरा ॥25॥

हे मेरे भोले मन! मैं तुमसे प्रीति की रीति कहता हूँ, चित्त लगाकर सुनो। इस जगत् को स्वप्न जैसा जान। इस झूठे का आश्रय छोड़ दे। इसमें तेरा कुछ भी नहीं है। उसी से अधिकतम स्नेह करो, जिसके संग से भव-जल-समुद्र को पार कर सको। रुचिपूर्वक प्रियतम के नाम का जल-पान करो, तब ही तेरा यमराज के यहाँ का आवागमन का फेरा मिटेगा ॥25॥

मानव को अवतार भलौ निज, नाम बिना कहि काम किसी को।
जिमि कामणि हार सिंगार करै, भरतार बिना सभ लागत फीको ॥

चेत अचेत कहूँ तुम कूँ दिल, भीतर नूर बसै प्रभुजी को।
तत ज्योति सरूप बसै उर अंतर, रोहल रंग लगौ तहँ नीको ॥26॥

मनुष्य-योनी में जन्म लेना बहुत अच्छा है किन्तु बिना भगवन्नाम-जप के यह किसी भी काम का नहीं है। जिस प्रकार कामिनी हार पहनती व शृंगार करती है किन्तु बिना पति के सब कुछ रस-हीन लगता है। हे अचेत=असावधान! मैं तुझसे कहता हूँ कि सावधान हो जा। तेरे दिल के भीतर ही परमप्रभु-परमात्मा का प्रकाश बसता है। तत्त्व=परमब्रह्म-परमात्मा ज्योति के रूप में निवास करता है। उसी के रंग में अच्छी तरह रंग जाओ ॥26॥

एक अखंडित ब्रह्म विराजित, ऊँच र नीच नहीं कुछ ताहीं।
चौरासी लख जूण उपाइ कै, आप बसै सब ही घट माहीं ॥

तहँ एकहि रूप अनेक किया जग, भूल पड़ौ जिन को गम नाहीं।
रोहल रंग लगो जिनकूँ सोइ, एक अलख्य देखै सभ माहीं ॥27॥

ब्रह्म एक=अद्वैत व अखंड रूप में विराजित है, जिसमें ऊँचत्व अथवा नीचत्व कुछ भी नहीं है। वह चौरासी लाख जीवा-जोनियों को उत्पन्न-कर उन सभी में स्वयं ही निवास भी करता है। उस एक ने ही अनेक रूप में अपने आपको प्रकट किया है। जो भ्रम में पड़े हुए हैं उनको इसकी कोई जानकारी नहीं है। रोहल कहता है- जिनको उस एक अद्वैत परमात्मा का रंग लग गया है, वे ही उस एक अलक्ष्य ब्रह्म को सभी में देखते हैं ॥27॥

जब आपहि आप कूँ चीन लियो उर, अंतर जोति जगी पिय पायो।
ग्यान की गम्म पड़ी जब ही तब, जीउ हि सीउ में उलट समायो ॥
चेतन चन्द्र उग्यो घट भीतर, जोति सरूप ने जोति मिलायो।
रोहल राति गई दिन पायो, पाँच सखी मिलि मंगल गायो ॥28॥

जब स्वयं को स्वयं ने, स्वयं के असली रूप में पहचान लिया, तब उसके हृदय में ब्रह्म-ज्योति का प्रकाश हो गया और उसने प्रियतम का अपरोक्षानुभव कर लिया। जब ज्ञानोदय हो गया, तब जीव जीवत्व-भाव को छोड़कर अपने निज स्वरूपभूत ब्रह्म-रूप में समाहित हो गया। हृदय में चैतन्य रूपी चंद्रोदय होने पर ज्योति स्वरूप आत्मा को परमज्योति रूप ब्रह्म में मिला लिया। रोहल कहता है, अज्ञान रूपी रात्रि चली गई। दिन रूपी ज्ञानोदय हो गया। पाँचों सखियों ने मिलकर मंगल-गान किया ॥28॥

गुरु का उपदेस को अंग

झूलणा

मन चेत सचेत सँभाल चली, ओखी इश्क अड़ाँगे दी राह साँई।
तिल की तिल जितनी फिर ठौर नहीं, उथाँ पैर टिकावण दी जाइ साँई ॥
कूड़ी काया दिती जे तू लाल लही, दीदे आह कढी मताँ आइ साँई।
रोहल रख रजाइते दम कदम, दिलवर डाढा है बेपरवाह साँई ॥29॥

सर्व जगत के जीवन कारण, सत नाम मैं सब्द सुनाया ॥89॥

मैं देह धारण करके भूतल पर आया और मेरा नाम रोहल-साहब हुआ। जगत् के समस्त जीवों के हितार्थ मैंने 'सत-नाम' शब्द का उपेदश दिया ॥89॥

निरगुण निरबँध भजन हमारा, निरपख निरभै है निरवाणी।
वंस हंस जे कोइ है मेरा, हंस परमहंस निरवाणी ॥90॥

मेरा भजन निर्गुण, निर्बंध, निष्पक्ष, निर्भय व निर्वाणी है। जो भी कोई हंस मेरा वंश=अंश है, वही हंस निर्वाणी परमहंस है ॥90॥

जो परम धरम की पूछै बाता, सेज सिंघासण चढै सुहागी।
जिंह सत नाम का मरम न जाण्या, सोई फिरता दुखिया दुहागी ॥91॥

जो परम-धर्म की बात पूछता है, वही सौभाग्यवान सेज-सिंहासन पर चढ़ने का अधिकारी होता है। जिन्होंने सत-नाम का मर्म नहीं जाना, वे ही दुर्भाग्यशाली हुए दुखित होकर डोलते-फिरते हैं ॥91॥

जिस कूँ बाण सबद का लागा, पूरे सतगुरु पाया।
सोइ जगत सूँ न्यारा हूवा, घाव वचन के धाया ॥92॥

पूर्ण सद्गुरु प्राप्त करने के उपरान्त जिसके शब्द रूपी बाण लग गया, वही जगत् से अलिप्त हो गया क्योंकि वह वचन के द्वारा हुए घाव के प्रभाव से साधना में प्रवृत्त हुआ किम्वा भगवदुन्मुख हुआ ॥92॥

उस मान्या फरमान हमारा, जिस वचन ग्रहण कर लीया।
सत्त नाम का बेड़ा झेल्या, प्रेम पियाला पीया ॥93॥

उसने मेरा आदेश माना। जिसने हमारा वचन धारण कर लिया; जिस सत्त-नाम का बीड़ा हमने दिया, उसको उसने ग्रहण कर लिया और प्रेम रूपी प्याला पिया ॥93॥

पूगा अमरलोक मृत नहिं आवै, अजर बजर होइ जावै।
आगे होता हंस बीछड़्या, मिल साहब नाम कहावै ॥94॥

वह अमरलोक में पहुँच गया, मृत्युलोक में नहीं आता क्योंकि वह वज्र जैसा अमर हो जाता है। पहले वह हंस स्वरूप था किन्तु अज्ञानवश साहिब हंस से बिछुड़ गया था। वापिस मिल गया और साहब ही हो गया ॥94॥

मुझ में समाइ मेरा होइ रहिया, फेरै सत नाम दुहाई।
रोहल नाम धराया जबही, आइ सभ का फंद छुड़ाई ॥95॥

मुझमें समरस होकर मेरा होकर रहता है और सत्त नाम की दुहाई फेरता है। मैं तब ही रोहल नाम धारण कराके जगत् में आकर सभी के बन्धनों से छुड़ाता हूँ ॥95॥

काटूँ फंद जगत का सारा, बंदीछोड़ है नाम हमारा।
उस कूँ हम तो कबु नहिं छोडूँ, जे कोइ करसी भजन हमारा ॥96॥

मैं जगत के सारे बंधनों को काटता हूँ। मेरा नाम बंदी-छोड़ है। उसको मैं कभी भी बंधन में रहने नहीं देता जो हमारा भजन करता है, करेगा ॥96॥

हिन्दू तुरक दोउँ घर ऊपर, लागी छाप हमारी।
सत नाम का बेड़ा साथ लीया, क्या त्यागी घर बारी ॥97॥

हिन्दू और तुर्क दोनों घरों के ऊपर हमारी छाप लग गई है। मैंने सत-नाम का जहाज साथ में ले रखा है जिसमें सभी चढ़ सकते हैं, चाहे त्यागी हो, चाहे घर गृहस्थी हो ॥97॥

मेरी पूनम की जोई राखै व्रती, कर सत्संग अर भाव बरतावै।
रटै सत नाम अंतर में राखै, अनासुरत की डोर लगावै ॥98॥

मेरे जन्म-दिन पूर्णमासी का जो व्रत रखता है, सत्संग करता है, श्रद्धा रखता है, अन्तर (हृदय) में धारण करके सत-नाम का स्मरण करता है और अनन्य चित्त होकर लय लगाता है ॥98॥

तिसका हंसा पूगा पल माहीं, जे कोइ ऐसी सहज समावै।
उहि कदे हम कूँ नहिं बिसरै, मेरे निज सरूप समावै ॥99॥

जो भी उक्त प्रकार की सहज में समरस होता है उसका हंस एक पल में ही मेरे पास पहुँच जाता है। वह कभी भी मुझे विस्मृत नहीं करता, मेरे निज स्वरूप में समरस हो जाता है ॥99॥

इसका हमको बडा वसीला, सिर चोटी का मालिक।
रोहल साहब नाम कहाया, खुद खाँवद मैं खालिक ॥100॥

जो ऐसी श्रद्धा रखता है कि इसका=ये ही (रोहल-साहब) मेरा सबसे बड़ा आश्रय है (वसीला= आश्रय, सहायक, मार्गदर्शक आदि) ये ही मेरे आपाद-मस्तक के स्वामी हैं। जो रोहल साहब के नाम से कहे जाते हैं। रोहल साहब कहते हैं- ऐसे मेरे स्वामी हैं, मैं उसका सेवक हूँ ॥100॥

ओही मैं हंसा अमरलोक ले जाऊँ, जिस पर छाप लगाणी।
दृढ़ निहचा करि अडिग होइ रहिया, उन मेरी निज धाम पिछाणी ॥101॥

ऐसे हंसों का मैं अमरलोक में ले जाता हूँ, जिन पर मैंने मेरी छाप लगा दी है। जो दृढ़ निश्चय धारण-कर उस पर अडिग रहते हैं, उन्होंने मेरे निज-धाम को पहचान लिया है ॥101॥

रोहल साहब वचन उचारै, है कोइ संत हमारा।
जो कोइ वाख्या समझै हंसा, विधि विधि प्रगट कहूँ ततसारा ॥102॥

रोहल-साहब कहते हैं- क्या कोई संत हमारा है, जो हमारे वचनों (व्याख्या) को समझने का प्रयत्न करे जिसके प्रति मैं भाँति-भाँति से समस्त प्रकार से तत्त्व का सार प्रकट करता हूँ ॥102॥

सोइ सतगुरु जिसकूँ सभ गम होवै, इक छिन माहीं करम कटावै।
ऊणे गुरु सूँ रहै अडोरा, सार सब्द के गम नहिं पावै ॥103॥

सद्गुरु वह है, जिसको पूर्ण ज्ञान होता है। एक क्षण में ही समस्त कर्मों को कटवा देता है। साधक को अपूर्ण गुरु से पृथक् रहना चाहिए क्योंकि उनकी सानिध्य में सार शब्द का रहस्य ज्ञात नहीं हो सकता ॥103॥

अणअच्छर निज सार सबद है, और सबद है रांधौ।
दुविध्या दुरमति भरम मिट्या नहिं, भटकत मूवा ज्यूँ आंधौ ॥104॥

निजसार-शब्द अनक्षर=अक्षरातीत है। निज शब्द के अलावा अन्य शब्द कीचड़ के समान हैं। अन्य शब्दों से दुविधा, दुर्मति व भ्रम मिटते नहीं, उल्टे अंधे की भाँति भटकते हुए मरते हैं ॥104॥

रोहल साहब साँच कहत है, सुण ल्यो हंस विचारौ।
नौखँड चौदह लोक सात दीप सूँ, भाखूँ मैं न्यारौ ॥105॥

मैं रोहल-साहब सत्य कहता हूँ- हे हंसो! सुनो और विचार करो। नौखंड, चौदह-लोक और सात द्वीप के ज्ञान से मैं विलक्षण ज्ञान बताता हूँ ॥105॥

सती पुरा सत लोक स्वर्ग भी ओला, अमरापुर ओला वैकुंठा।
राम भी ओला रहीम भी ओला, सभ गाडर का पूछ ले जूटा ॥106॥

सतीपुर, सत्तलोक, स्वर्गलोक, अमरपुर, वैकुंठ, राम, रहीम ये सभी ओला=इसी ओर के लोक हैं। ये सभी वैसे ही हैं, जैसे कोई भेड़ की पूंछ पकड़कर सागर से पार होने को जुटे हों ॥106॥

चढी खुमारी भइ सुध सारी, परस्या आरँभ पारा।
भया गलतान गरक गम जाणैं, लहरि माहिं उलट्या सिंध सारा ॥107॥

नशा चढ़ा, सारा ज्ञान प्राप्त हो गया, आरंभ=ब्रह्मांड के पार का तत्त्व=परब्रह्म-परमात्मा का स्पर्श=दर्शन हो गया। ब्रह्म में निमग्न हो गया, समरस होकर ब्रह्म का रहस्य जान गया। फलतः लहर=आत्मा में सिंध=ब्रह्म उलटकर एकरस हो गया ॥107॥

सिंध लहर हो गया इकसारा, सूभर भर्या भरपूरा।
दहुँ दिस भिन भिन चमकै चांदणा, नैन वैन मँह सरूप निज नूरा ॥108॥

लहर व सिंधु एक समान हो गये और सूभर=इस छोर से उस छोर तक व नीचे से

ऊपर तक भर गया। दसों दिशाओं में नाना भाँति का प्रकाश प्रकाशित होता है। यह निज नूर का स्वरूप नयन व वचन में समा गया ॥108॥

ऐसा अरूप हमारा साधौ, मानव देह धारि करि आए।
सर्व सगल का हम हूँ साहब, रोहल नाम कहाए ॥109॥

हे साधुओं! हमारा इस प्रकार का अरूप स्वरूप है और मैं मानव देह धारण करके भूतल पर आया। सर्व समस्त का मैं साहिब हूँ और रोहल के नाम से कहलाता हूँ ॥109॥

हिन्दू तुरक दुहाँ कूँ परगट, कह समझाइ बुलाऊँ।
जे कोइ आवै मेरी राह माहीं, तो अमरलोक ले जाऊँ ॥110॥

मैं हिन्दुओं व तुर्कों दोनों का बुलाकर प्रकट में समझाकर कहता हूँ। जो भी कोई मेरे मार्ग पर आकर आरूढ़ हो जाता है तो मैं उसको अमरलोक में ले जाता हूँ ॥110॥

राजा होवै परजा होवै, ऊँच नीच नहिं कोई।
मेरे नाम सूँ हेत लगावै, तुरत ले जाऊँ सोई ॥111॥

चाहे राजा व प्रजा को, चाहे ऊँच व नीच कोई भी हो, जो भी कोई मेरे नाम से प्रीति जोड़ता है, उसको तुरंत ही मैं अपने धाम में ले जाता हूँ ॥111॥

ए अवसर फिर हाथ न आवै, मानव देह पिराई।
अब ऐसो तेरौ दाव बन्यो है, कुछ कर ले मेरे भाई ॥112॥

मानव देह नष्ट होने वाली है, ऐसा अवसर दुबारा हाथ में आने वाला नहीं। हे भाई! अब ऐसा सुअवसर तेरे को मिला है, अब कुछ कर ले ॥112॥

हिमत बाँध करि नाम सम्हावौ, अपना कीजे भला।
नहिं तो जूण चुरासी पासी, दर दर खासी खला ॥113॥

हिम्मत के साथ नाम का आश्रय लेकर अपना कल्याण कर। अन्यथा चौरासी लाख योनियाँ प्राप्त करेगा और द्वार-द्वार पर जूता खायेगा ॥113॥

मनखा पद गफिल होइ खोया, जूणि सँकट भुगतावै।
चार जुगाँ में खाइ पालटा, परलय भेड़ा जावै ॥114॥

मनुष्य जन्म अज्ञानी होकर नष्ट कर दिया और पुनः-पुनः शरीर धारण करने का कष्ट भुगतता है। मनुष्य जन्म चार युगों के पश्चात् मिलता है और व्यर्थ ही प्रलय में नष्ट होते हैं ॥114॥

प्रलय का जीव सभ डोलत रहिया, पवन पौल में घीसै।
कर गहरी नजर उर्ध बिंब राखै, तो पतंग उडंता दीसै ॥115॥

प्रलय में सभी जीव घूमते=भ्रमण करते रहते हैं और खुले आकाश में घिसते रहते हैं। गंभीर दृष्टि करके ऊपर की ओर देखता रहता है, और अन्यान्य प्राणी भी पतंगे की तरह उड़ते हुए दिखते हैं ॥115॥

जिसमें हांदा बहुता वेली, कुना ढाकण आकास डेराया।
ज्यूँ घूंघड़े सहज सहज भूल जावै, त्यूँ जीव जगत ठहाया ॥116॥

जिसमें बहुत से संगी-साथी थे, वहाँ कौन ने आकाश को आच्छादित करने को ढक्कन लगाया। जिस प्रकार घूँघट के कारण सहज-सहज में देखना भूला जाता है, वैसे ही जगत में जीवात्मा ठगा जाता है॥ 116॥

असंख जुगाँ का जीव अलूधा, उनका नाहिं निबेड़ा।
उर्ध बिंब मँह उड़ता रह गया, फिर फिर परलय भेड़ा ॥117॥

जो प्राणी असंख्य युगों से उलझे हुए हैं, उनका निस्तारा नहीं हुआ। वे ऊपर के आकाश में भ्रमण करते ही रह गये हैं और पुनः-पुनः प्रलय में नष्ट होते हैं ॥117॥

ओही जीव ऊर्ध्व भवंता, जोई देखै बिनछै सारा।
उड उड ऊँचा जाँफा मारै, एक इक न्यारा न्यारा ॥118॥

यही जीव ऊपर भ्रमता है। जिसको देखता है, वे सभी नष्ट होते हैं। उड़-उड़कर एक से एक अलग-अलग ऊँचे से ऊँचा झपट्टा मारता है ॥118॥

कोइ एक साध आवै पतंग बताऊँ, नवे चेले कूँ बतलावै।
ऐसे इष्ट जे कोई झालै, अंत प्रलय में जावै ॥119॥

कोई एक साधु आकर नये शिष्य को कहता है- आओ, तुम्हें पतंग बताता हूँ। जो कोई भी ऐसे इष्ट को धारण करते हैं, वे अंत में प्रलय=नष्ट होते हैं ॥119॥

ओही दीसै इन अँखियाँ सूँ नाहीं, दरसै जो दीसै आकारा।
ओही लोचन लखिए होई विवेकी, जिसका संताँ पास विचारा ॥120॥

यह इन आँखों से नहीं दीखता। जो दीखता है, वह आकार है। इन्हीं आँखों से विवेकवान होकर देखिये जिसका संतों के पास विचार है ॥120॥

इस जग में ऐसा गुरु चेला, जूठा बैराठ बतावै।
जूठा उर्ध्व बिंब का निसाना, गुरु चेला बहु गोता खावै ॥121॥

इस जगत् में ऐसे गुरु व चेले हैं जो ब्रह्मांड को झूठा बताते हैं। ऊर्ध्व बिम्ब का निशान झूठा है; ऐसे गुरु व चेले भव-सागर में गोता खाते हैं ॥121॥

मत है ओछी करै बहुत ग्याना, सीखै साख उधारी।
सतसंग में वाद विवाद करै, करमाँ के अधिकारी ॥122॥

बुद्धि तुच्छ है जबकि ज्ञान ऊँचा बघारते हैं, अन्यों की साखियाँ सीखकर उनका कथन करते हैं, (स्वानुभव बिल्कुल नहीं है) ऐसे कर्मों के अधिकारी सत्संग में वाद-विवाद करते हैं ॥122॥

ज्यूँ ढूढे ऊपर स्वान होइ भेड़ा, भुस भुस करत लड़ाई।
दावौ बांधै अग्यानी अंधा, काचौ ताण माहिं मर जाई ॥123॥

जिस प्रकार कंकाल पर कुत्ते एकत्रित होकर भौं-भौं करके लड़ाई करते हैं। इसी प्रकार जो दावौ=स्वत्वाधिकार जताते हैं, वे अज्ञानी और अंधे हैं और कच्चा सूत पूरकर उसके अंदर मर जाते हैं ॥123॥

सीख्या सुन्या ग्यान बहु भाखै, दाँत कथाली करता।
बिना कमाण भव सागर माहीं, डूब डूब गुरु चेला मरता ॥124॥

सीखा व सुना हुआ ज्ञान ही बहुशः सुनाते हैं, दंत-कथ करते हैं। बिना साधना रूपी कमाई के गुरु व चेले दोनों भव-सागर में डूब-डूब कर मरते हैं ॥124॥

जे कोइ होवै हंस विचारी, जोइ जोइ करै गुरु पूरा।
असल बात की पड़ै पारखा, साँच लखै कोइ सूरा ॥125॥

जो कोई विचारवान हंस होता है, वह देख-देखकर (सोच-समझकर) पूरे को गुरु बनाता है। जिससे, उसको असली शब्द-तत्त्व का बोध हो जाता है और कोई शूरवीर ही सत्य को जान पाता है ॥125॥

साँच लखै सोहि जौहरि कहिए, परखै ओला हीरा।
कागर पत्थर पगाँ सूँ ठेलै, लजावै न उस्ताद अपना गुरु पीरा ॥126॥

जो सच को जानता है, वह जौहरी है। वह छिपे हुए हीरे की परीक्षा करना जानता है। कंकर-पत्थर को ठोकर मार-कर दूर करता है और अपने उस्ताद, गुरु, पीर को लज्जित नहीं करता ॥126॥

मेरा होइ जो नर सचियारा, सिर परि छाप डेराए।
नाम हमारा अंतै में राखै, उसका हंस अमरलोक ले जाए ॥127॥

जो सच्चा प्राणी मेरा बनकर सिर पर मेरी छाप धरता है, अंतःकरण में मेरा नाम धारण करता है, उसके हंस को मैं अमरलोक में ले जाता हूँ ॥127॥

अमरलोक का देस अगोचर, अगम अगाधी आगा।
कलियुग ही सभ लांदा पंथी, उन्हाँ नहिं लाभै मागा ॥128॥

अमरलोक का देश अगोचर, अगम्य, अगाध व सबसे ऊपर है। कलियुग में सभी लांदा-पंथी=लादने वाले, राह के राहगीर हैं। उनको सच्चा-मार्ग नहीं मिलता ॥128॥

लांदा पंथी लोभ ललचाणा, झूठा जगत भ्रमावै।
झूठा सबद कान में फूँकै, झूठा संख ढुलावै ॥129॥

लादने वाले राह के राहगीर लोभ के ललचाये झूठे जगत में भ्रमते अथवा झूठ का आश्रय लेकर जागतिक-लोगों को भ्रमाते हैं। वे कानों में झूठे शब्द (मंत्र) फूँकते हैं तथा झूठे शंख बजाते हैं ॥129॥

पुतला बांध डाभ का कीया, झूठा कलस ठपाया।
धागा बांध सात फूवा जिबह कीया, जिस पर जीव चढाया ॥130॥

कुशा को बाँधकर पुतला बनाया। झूठा कलश स्थापित किया। रुई के सात फुवों पर धागा बाँधकर उन पर जीव का आरोपण किया और उनका कत्ल किया ॥130॥

यूँ गुरु जीव उहाँ नहिं पूगै, मुद्रा धात अर सींगी बाँधै।
झूठा चीप लगावै झूठे तू, रोटा राडो साँधै ॥131॥

इस प्रकार गुरु व जीव मुद्रा, धातु और सींगी बाँधने से वहाँ नहीं पहुँच सकते। झूठे गुरु व चेले झूठे चीप लगाते हैं और झूठे ही रोटों (मोटी रोटी) को पका-पकाकर बाँटते हैं (रोटा राड़ो सांधे) ॥131॥

बीज सबीज अबीज सूँ न्यारा, जोइ ऊगै सोइ झूठा।
जो सींचै सो वृच्छ विष का, जड़ाँ समेत न राखै बूठा ॥132॥

बीज, सबीज दोनों अबीज से पृथक् हैं, जो उगता है, वह झूठा है। जिसको सींचते हैं, वह विष का वृक्ष है। जड़ सहित उन बूट=पौधों को नहीं रखते ॥132॥

हिन्दू तुरक सूँ हम हूँ न्यारा, राजा परजा देहधारी।
और साध भेष ब्रह्मचारी, दर दर मरै भिखारी ॥133॥

हिन्दू व तुर्क दोनों से मैं विलक्षण हूँ। राजा, प्रजा, देहधारियों से भी पृथक् हूँ और साधु, भेषधारी, ब्रह्मचारी द्वार-द्वार भिखारी बने घूमते हैं ॥133॥

दरसन परसन में हम नाहीं, दरसै परसै सभ सूचा।
कुम्हार काँचा ठीकर काँचा, गद काचा अर घूँचा ॥134॥

दर्शन व स्पर्श के घेरे में मैं नहीं हूँ अर्थात् मैं इनसे न्यारा हूँ जो दर्शते व परसते हैं, वे सभी सूचे हैं। कुम्हार कच्चा है, उसके द्वारा घड़े गये बर्तन भी कच्चे हैं। उनका गद=गधा व धूँचा=ढाँचा भी झूठा ही है ॥134॥

ध्यान भी काचा ज्ञान भी काचा, जख जख मुवा विचारा।
मन मस्ती सूँ सब्द साखी बहु जोड़्या, कर बैत राख अर करी पुकारा ॥135॥

ध्यान व ज्ञान कच्चे हैं। जख=झक अर्थात् झक-झक करके ज्ञान सुनाने वाला बेचारा मर गया। मन की मस्ती में बहुत से साखी व पद आदि का निर्माण किया। ऐसे लोग उनके समान हैं जो हाथ में बैत=लकड़ी की छड़ी या तलवार रखते हैं और मुँह से राम-राम की पुकार लगाते हैं ॥135॥

किरत उपावै जगत भुलावै, अर पाँच नाम का भजन बतावै।
सत सुकृत का सबद सिखावै, लिख परवाना भेला मुख पावै ॥136॥

कृत्य करते हैं, जगत को भ्रमित करते हैं, पाँच नाम के भजन का उपदेश देते हैं। सत-सुकृत=सत्य और पुण्यकर्मों के शब्द सिखाते हैं। परवाना=आदेश लिखकर भेला मुख पाते है ॥136॥

अैसा ग्यान गुरु चेले को देवै, बीच में जावै लूट्या।
सूना खेत मन जाण्या वाही, मांड काल केई कूट्या ॥137॥

इस प्रकार का ज्ञान गुरु, चेले को देते हैं। बीच में ही लूट लिये जाते हैं। मन जान नहीं पाता, खेत सूना है। काल पकड़कर कइयों को मार मारता है ॥137॥

सुरती ऊठै झूठै वैसे, झूठै झूठा धरै धयाना।
सुरति लेइ निरति कूँ मिलावै, हंसै उपजै औलिया ग्याना ॥138॥

चित्तवृत्ति को उठाते हैं, झूठे तत्त्व में समाहित करते हैं। झूठे साधक झूठे तत्त्व का

ध्यान धरते हैं। जो सुरति को निरति से मिलाते हैं, वे अवलिया ज्ञान सम्पन्न हंस बन जाते हैं ॥138॥

जे सत सुकृत की रहणी रहै, तोही अजर अमर नहिं होवै।
जे हंसा नू लाख घाट जेपे तो क्या, जम असंख लाख घाटे पर जोवै ॥139॥

यदि कोई सत व सदाचरण युक्त रहनी रहता है, फिर भी वह अजर, अमर नहीं होता। यदि हंस एक लाख घाटों पर अपने को बचाता है तब भी क्या? काल उसको असंख्य-लाख घाटों पर ताकता रहता है ॥139॥

जे हंसा कष्ट करै बहु केता, ओ सतलोक में जाई।
ऐसा सब्द गुरु चेला ग्रहै, बांध काल पकड़ ले जाई ॥140॥

यदि हंस बहुत से कितने ही कष्ट उठाकर साधना करता है तो वह सतलोक में जाता है। गुरु के ऐसे शब्दों को चेले ग्रहण करते हैं तो उनको काल पकड़कर ले जाता है ॥140॥

अमरपुरी में अंमृत आचरै, तोइ काल कबहू नहिं छोड़ै।
कर ऐसा सुमरन सुकृत कूँ ध्यावै, घाट जाल जम रोड़ै ॥141॥

अमरपुरी (इन्द्रलोक) में जाकर अमृत पान कर लेने पर भी काल उसका पीछा नहीं छोड़ता। ऐसा उत्तम भगवत-स्मरण व सुकृत का आचरण करो कि ये दोनों शरीर धारण करने के फंदे व यम-यातना को नष्ट कर दें ॥141॥

असल धाम पूगा बिन कबहू, अजर अमर नहिं होसी।
सत लोक की नगरी गइ फेरा, चोट काल लूट ले खौंसी ॥142॥

असली धाम तक पहुँचे बिना कभी भी अजर-अमर नहीं हुआ जा सकता। सतलोक की नगरी में जाने से पुनः फिर-कर आना पड़ता है, काल की चोट लूटकर खाती है ॥142॥

रोहल जिस पर गुरु की दिच्छा, उसे झूठा सबद सुनावै।
औ हंसा आध बिच उलझ्या, अमरलोक नहिं जावै ॥143॥

रोहल कहते हैं- जिसने गुरु से दीक्षा प्राप्त कर रखी है, उसको भी यदि कोई झूठा ज्ञान सिखाता है तो ऐसा हंस आधे-बीच में ही उलझकर रह जाता है, अमरलोक में नहीं जाता ॥143॥

आप आप कूँ किस विधि उबारसी, अर हाथ हंस का भेड़ा दिया।
अर हंसा आपके साथ नहिं हालै, बिन कमाण बीच में घर किया ॥144॥

स्वयं, स्वयं का उद्धार किस प्रकार कर सकता है, यदि स्वयं के हाथ से ही अपना बेड़ा=जहाज दूसरे के हाथों में दे दिया है। स्वयं के साथ अन्य हंस चलते नहीं (कि वे कुछ सहायता करके गंतव्य तक पहुँचा दें) ऐसे बिना कमाई (परिपक्व साधना) किये साधक आधे रास्ते में ही घर किया=रुक जाते हैं ॥144॥

काल पुरुष सूँ छूटै नाहीं, गुरु चेले का मन परचावै।
करै व्याख्यान सब्द अपने का, जे सुने जगत सारा तर जावै ॥145॥

गुरु, शिष्य के मन को भ्रमित करते हैं कि बिना उनकी सहायता काल-पुरुष के फंदे से छूटना संभव नहीं। अपने शब्दों का व्याख्यान करते हुए कहते हैं कि जो हमारे वचन सुनेगा, वह भव-सागर से पार हो जायेगा ॥145॥

यूँ कह करै बख्सिस चेले पर, ओ मियाँ सिव का सब्द सुनाया।
कलिजुगी गुरु यूँ परबोधे, गुप्ती लांबा रंढो बताया ॥146॥

इस प्रकार कह-कह कर शिष्य के प्रति बक्षीश करते हैं। कहते हैं- मैंने शिवजी व उमा का शब्द तुमको सुनाया है। कलियुग के गुरु इस प्रकार का प्रबोध देते हैं। व्यर्थ का गुप्त व लम्बा उपदेश सुनाते हैं ॥146॥

उजरी भीत नहिं लिपे इन सब्द सूँ, झूठा भेड़ा दाखै।
सतलोक झूठा का सुकृत का, झूठा कर भाव झूठा कह वाखै ॥147॥

उज्जवल भींत इन शब्दों से लिपती=आच्छादित नहीं होती, क्योंकि साथ में झूठ बोलते हैं। सत्यलोक झूठा है, सुकृत को भी झूठ करके कहते हैं, झूठे झूठा कहकर बोलते हैं ॥147॥

जीवत मुकती लाधी नाहीं, मूवाँ पीछै कद पाई।
प्राण पिंजर जद बाहर पड़्या, पीछे किन घर जाई ॥148॥

जीते जी मुक्ति प्राप्त नहीं की, मरने पर मुक्ति कब प्राप्त की जा सकती है? प्राण जब शरीर से बाहर निष्क्रमण कर जायेगा, तब वह किस घर में जायेगा? (पता नहीं) ॥148॥

अंधा लोक समझ नहिं राखै, थिर ईहाँ नहिं रहणा।
घर माया अर्धंग्याँ नारी, सभ छोड अकेला बहणा ॥149॥

सांसारिक अंधे लोग समझते नहीं कि यहाँ स्थायी रूप से रहना नहीं है। घर, माया, अर्धाङ्गिनी नारी, सभी को यहीं छोड़कर अकेले जाना है ॥149॥

इस जग का कोइ किसका नाहीं, राखी झूठी आसा।
ए आसा सभ मन में रहसी, जासी फोक निरासा ॥150॥

इस जगत् में कोई किसी का नहीं है। फिर भी इनके प्रति 'सच्चे सम्बन्ध हैं' ऐसी झूठी आशा पाले रखते हैं। ये आशाएँ मन की मन रह जायेंगी और अंत में निराश होकर नष्ट होंगे ॥150॥

आसा साँची मेरे नाम की, जिस राखी अंती माहिं।
भवसागर की सीर मूँ, पकड़ उतारू बाँहिं ॥151॥

जिसने अपने अंतःकरण में मेरे नाम की सच्ची आशा रखी है, उसको मैं भव-सागर की लहरों में से बाँह पकड़कर बाहर निकाल देता हूँ ॥151॥

वचन हमारा मान लैवे, कोइ सूरा नर सचियारा।
सहज सम्हावौ सत्त नाम का, भजन करौ निरधार ॥152॥

कोई शूरवीर सच्चा साधक मेरे वचनों को मान ले, सत्यस्वरूप परमात्मा का नाम धारण करे और एकरस अनन्य चित्त होकर भजन करे ॥152॥

ए जग सारा झूठ है, आखिर परलै होइ।
अमरलोक पहुँचे नहीं, बिना वसीलै कोइ ॥153॥

यह समस्त ब्रह्मांड झूठा है, अंत में यह नष्ट होगा ही। बिना किसी वशीले (आश्रय, सहायक) के कोई अमरलोक में नहीं जा पाता ॥153॥

वसीला पूरे सतगुरू का, सत नाम सब्द का जोर।
अनासुरत की डोर लगाइ करि, पूगै अमरलोक की ठोर ॥154॥

पूर्ण सद्गुरु का आश्रय व सत्य-नाम शब्द का बल लेकर, परब्रह्म-परमात्मा में अनन्य-वृत्ति की लय लगाकर अमरलोक को पहुँचता है ॥154॥

अमरलोक सुहावणा, कोइ संत लेवै विसराम।
रोहल का ओहि देस है, निरभै अगमगढ गाम ॥155॥

अमरलोक सुहावना=अखंडानन्दात्मक है जिसमें कोई संत ही विश्राम प्राप्त करता है। रोहल का यही देश=वास-स्थान है जो निर्भय, अगम्य गढ़ गाँव है ॥155॥

अथ प्रलै का विचार

अष्ट भौमि माँह खेह हो जासी।
भूमि गंध माँह खेह हो जासी ॥156॥
अर गंध जल माँह खेह हो जासी।
अर जल सूक्ष्म रस माँह खेह हो जासी ॥157॥
अर सूक्ष्म रस तेज माँह खेह हो जासी।
अर तेज जोत माँह खेह हो जासी ॥158॥
अर जोत पवन माँह खेह हो जासी।
अर पवन सपरस माँह खेह हो जासी ॥159॥
सपरस आकास माँह खेह हो जासी।
अर आकास सक्ति माँह खेह हो जासी ॥160॥
अर आदि सक्ति तामस माँह खेह हो जासी।
अर तामस ओंकार माँह खेह हो जासी ॥161॥
अर ओंकार महतत माँह खेह हो जासी।
अर महतत प्रकृति माँह खेह हो जासी ॥162॥
अर प्रकृत काल माँह खेह हो जासी।
अर काल अविगत अविनासी माँह खेह हो जासी ॥163॥
अर अविनासी अरूप बीचों।
गुनागुन माँहे खेह हो जासी ॥164॥

दोहा

रहते आपो आप, रोहल नाम धराया।
सर्व जीव पर छाप, निहकलंक कहाया ॥165॥

॥ इति शास्त्र निज-मूल ग्रंथ जिसकूँ सर्वग्यान भी कहते हैं, सम्पूर्ण समाप्त ॥

॥ दोहा 141, चौपाई 15, छंद 9, सर्व 165 ॥

पाँच तत्त्व व तीन गुण का शरीर भूमि तत्त्व में लय होता है। भूमि गंध में लय होती है ॥156॥ गंध जल में लय होती है। जल सूक्ष्म-रस में लय होता है ॥157॥ सूक्ष्म-रस तेज-तत्त्व में लय होता है और तेज-तत्त्व ज्योति-तत्त्व में लीन होता है॥ 158॥ ज्योति पवन में लय होती है। पवन स्पर्श में लय होता है ॥159॥ स्पर्श आकाश में लय होता है और आकाश शक्ति में लय होता है ॥160॥ आदि-शक्ति तामस-गुण में लीन होती है और तामसगुण ऊँकार में लीन होता है ॥161॥ ऊँकार महतत्त्व में लय हो जाता है और महतत्त्व

प्रकृति में लय होता है ॥162॥ प्रकृति काल में लय होती है, काल अविगत, अविनाशी में लय होता है ॥163॥ और अविनाशी, गुणागुण अरूप में समाहित होते हैं ॥164॥ मैं अपनी ही महिमा में स्थित था, अब मैंने रोहल नाम धारण किया है। सर्व जीवों पर छाप रखकर मैं निष्कलंक कहलाया ॥165॥

अथ अगम-वार्ता

(जिसमें गोष्ठी, रोहल-साहब और विजयसिंह, जोधपुर के राजा की है)

रोहल-वाच

[1]सेली सींगी [2] सतसटी [3], हम हैं प्रगटे आइ।
[4]पूनम तिथि दिन सोम, ले देह घर साहू के पाइ ॥1॥

रोहल-साहब आत्मकथन करते हुए कहते हैं- मैं सेली, सींगी और सतसटी साथ में लेकर प्रकटा हूँ। उस दिन पूनम तिथि, सोमवार का दिन था। मैंने देह साहू के घर में प्राप्त की ॥1॥

ज्यूँ बिजली का भड़का भया, चहुँ दिसि भया उजास।
जिस पल में हम आविए, खोळै पायो निवास ॥2॥

जैसे बिजली की ध्वनि के साथ प्रकाश होता है, ऐसे ही मेरे अवतरित होने पर चारों ओर प्रकाश हुआ। जिस पल मैं आया तब उस समय मैंने शरीर में निवास किया ॥2॥

मैं बालक बन्धन निरमला, लोहू रगत न रेख।
सर्व जीव के कारणै, धरिया मानष भेख ॥3॥

मैं बन्धन-हीन बालक था जिसके न रक्त था न लोहू (खून) और न कोई ढाँचा। सर्व जीवों के हितार्थ मैंने मानव वेश धारण किया ॥3॥

बाप मेरा साहू नहीं, उस घर नाहीं मात।
जननी हम जाया नहीं, कुल वरण नहिं जात ॥4॥

साहू मेरा पिता नहीं है, उसके घर में माता भी नहीं है। माता के उदर से मैं जन्मा नहीं। मेरा कोई कुल, वर्ण और जाति नहीं ॥4॥

पाँच तत का पिंड नहीं, नवाँ तत [5] सूँ न्यारा।
अभय अखय अमर सदा, आपहु अपरम अपारा ॥5॥

मेरा शरीर पाँच तत्त्वों का नहीं, यह नौ-तत्त्वों के शरीर से भी विलक्षण है। मैं अभय, अक्षय, अमर, सनातन, अपरम्पार, अपार और अपनी महिमा में स्थित मैं स्वयं हूँ ॥5॥

मेरा पार पावै नहीं, कोटि भजनीक वीर।
धरमराइ के हुकम सूँ, गए पकड़े दास कबीर[6] ॥6॥

करोड़ों भजनीक भक्त भी मेरा पार नहीं पा सकते। कबीरदास भी धर्मराज के द्वारा पकड़कर ले जाये गये ॥6॥

नाम रखावै साधु कहावै, अंते भीतर चोर।
करम करै संसार में, अन्धा आदमखोर[7] ॥7॥

ऊपर से साधु नाम से कहलाते हैं जबकि अंतःकरण में भीतर से चोर हैं। आदमखोर अंधे संसार में नाना कर्म करते हैं ॥7॥

बाना पहरै भगवा करै, सामी [8] पीर फकीर।
रहति[9] बिना जम ले गया, जड़कर जीव जँजीर ॥8॥

स्वामी, पीर, फकीर भगवा रंग का वेश बनाकर पहनते हैं। बिना सदाचरण व साधना के जीव को जंजीर में जकड़कर यमराज ले जाता है ॥8॥

सवैया

साधु कहाइ कै साधु होवै नहीं, साधना करत तब साधु होवै।
दंम कूँ खोज अदंम में आवना, दम अदम को सहज जोवै ॥

मूरति लेइ अमूरति देख ले, प्रेम का रस्स दिन रात पीवै।
रम रोहल मैदान चौगान की, सेज पर ध्यान के सुख सोवै ॥9॥

साधु कहलाकर वास्तविक साधु बनते नहीं। वस्तुतः साधना करने से ही साधु बनता है। दम (श्वास=प्राण) को खोजकर अदम की स्थिति में आना चाहिए और दम व अदम स्थिति को सहज में देखें। मूर्ति को लेकर अमूर्त को देखे। दिन-रात प्रेम का रस पीवे। रोहल कहते हैं- चौगान=चार अंतःकरण की शैय्या पर रमण करते हुए ध्यानावस्था के सुख में निमग्न होवे ॥9॥

रेखता-सवैया

[10]फकीर सोई पीर[10] पैगंबरी[10] आद का, दम मँह गुम गलतान रहता।
दम का ध्यान हरदम पिछान कर, कुद[11] पतंग परवान[12] रहता ॥
दे सीस तो चीस[13] करता नहीं, सूर में घाव इक ठाव अस्थान रहता।
सोई मिल रोहल दरियाह की मौज चढ़ नाह[14] पर सुरत सरवान[15] रहता ॥10॥

जो अनादि=आदि-काल का पीर पैगम्बर है, वही फकीर है। वह प्राणों को साधकर आत्मा में निमग्न रहता है। प्राण के ध्यान को प्रत्येक क्षण पहचान-कर स्वयं पतंगा रूप होकर अग्नि-पिंड स्वरूप स्वात्मा में रमण करने को तत्पर रहता है। शूरवीर रूपी साधक साधना रूपी रणांगण में शीश समर्पण करते समय विघ्न-बाधा रूपी शत्रुओं के सामने क्रन्दन नहीं करता। साधना रूपी संग्राम में एक ठाँव अस्थान=एक लक्ष्य पर अडिग रहता है। रोहल कहते हैं- दरियाव रूपी परमात्मा का आनंद पाने के लिये साधना रूपी नाव में बैठकर आनन्द लो, वैसे ही जैसे नाह=धनुष के तीर के सिरे पर सरवान=नुकीला लोहा लगा होता है ॥10॥

कौन हिन्दू भया कौन तुरका कहै, तुरक हिन्दू दोइ राह कीया।
दुवीध्या राख ले कूड़[16] की साख ले, ओ कहीं राम अल्लाह कीया ॥
बाद कर संत भेष तुरक भया, जनम मरण इक ठाह कीया।
रहत रोहल हम कहत कोइ जान ले, आप में आन पतसाह कीया ॥11॥

कौन हिन्दू हुआ, कौन तुर्क हुआ; वस्तुतः हिन्दू और तुर्क दो रास्ते हैं। दुविधा धारण करते हैं, झूठ की साक्षी अंगीकार करते हैं और कहते हैं- यह राम व अल्लाह ने किया है। संत वेश को बाद करने से तुर्क होता है किन्तु जन्म व मरण तो परमात्मा ने एक जैसे ही बनाये हैं। रहने वाला रोहल कहता है- सभी कोई जान ले, आप में ही आकर मैंने अपने आपको बादशाह बनाया है ॥11॥

साध सृष्टि महीं संत अनेक हैं औलिया सर्व पर सीस सरदार मैं हूँ।
पीर फकीर केई आप हैं औलिया, सर्व पर सीस सरदार मैं हूँ ॥
मुलके खलके देव हैं देवता, आकास पाताल करतार मैं हूँ।
रोहल ए नाम क्या नाम सूँ काम, सर्व अवतार पर निज निरधार मैं हूँ ॥12॥

सृष्टि में साधु-संत अनेक हैं, सर्व औलियाओं के सिर का मैं सरदार हूँ। कई पीर, फकीर और औलिया हैं; इन सभी के सिर का सरदार मैं हूँ। मुल्क, खलक के देव-देवता हैं जबकि आकाश से पाताल तक का करतार=सृजनकर्ता मैं हूँ। रोहल कहते हैं- ये नाम, इन नामों से क्या काम है। इन सभी अवतारों के ऊपर निज निराधार मैं हूँ ॥12॥

तब राजा विजयसिंहजी ने कहा- ए रोहल-साहब! आप फरमायो, तो इस कलजुग माहीं अवतार[17] धरकै आए हो सो किस विधि, इसका विचार दया कर कहो।

ओहूँ हर हूँ, ओहूँ हर हूँ, ओहूँ हर हूँ, ओहूँ हर हूँ, आदि-जुगादि सूँ, अगम अगोचर, आगे सूँ आगे, परे सूँ परे, दूर सूँ दूर, सुन सूँ सुन, महासुन, असुन सुन, अलह सुन, भूम सुन, अभूम सुन, भव सूँ अभव, निरंतर, निरालंब, निरअहंकार, निराधार, अटल, अडोल, अनिवासी, अनामी, निहनामी, हम हैं। सारी सृष्टि हम ही रचाई। सात दीप, नौ खंड, इक्कीस ब्रह्मांड हम ही कीना। चान्द, सूरज, नौ लख तारा, एही सारा मेरा विस्तारा। ब्रह्मा, विष्णु, शिव, शक्ति हम ही पैदा किया। चार वाणी, चार खानी, तेतीस करोड़ देवता, चौबीस अवतार, सवा लाख नवी, हिन्दू, तुर्क, प्रहलाद, राजा हरिश्चंद, पांडव बडा राजा, कुँवेर मुनि, सेवड़ा, संन्यासी, रिषीसर, जती, भगत, संत, साध, पीर, फकीर, औलिया, सामी, सिद्ध, नौ नाथ, दास कबीरा, दादू, नानक, ये सभी हमारा भजन करते हैं। हम तो सर्व की पालना करने वाला हूँ। ये तो सर्व संत हमारे पठाए आए हैं। इन सूँ भगति[18] एकठाँह नहीं हुई। अपना पराया दोइ करि जान्या। यों करि दुविधा मन में आनी। पीछै कलजुग माहीं हम रोहल नाम धराकै आए हूँ। मृत्युलोक में निष्पक्ष भगती हलाई[19] है जिसमें दुरमति दुविधा नहीं है। दोइ राह माहीं एक राह लखाया। अपने रूप का अरूप बताया। जिसने हमारा कह्या मान्या, औरों कूँ त्याग हम कूँ जान्या।

मुझ कूँ जान मुझमें समाया। विकर्म कर्म का भरम मिटाया ॥
निर्मल होइ रह्या निकलंकी। अजर बजर सोइ अमर अभंगी ॥13॥

जो मुझको जानकर मुझमें ही समरस हो गये, उन्होंने कर्म व विकर्म का भ्रम मिटा डाला। वे निष्कलंकी, निर्मल हो गये हैं। वे वज्र अजर, अमर व अभंग हो गये हैं ॥13॥

हम हु अकल मेरी कला पसारा। देख पसार भूला संसारा ॥
भूला होइ सोइ बह जावै। मेरी दरगह पूरा पावै ॥14॥

मैं ही अकल (कला-विभाग रहित, एक अद्वैत) हूँ, सब कुछ मेरी ही कला का विस्तार है। इस पसारे को देखकर संसारी जीव भूल में पड़ जाता है। जो भूला होता है, वही बहता=नष्ट होता है। मेरे धाम को तो पूरे ही प्राप्त करते हैं ॥14॥

मेरी दरगह आवै काल सूँ छूटै। जम जाल जंजाल जिसी का टूटै ॥
जम का हुकम उसी पर नाहीं। मुझमें ओही मैं उस माहीं ॥15॥

जो मेरे धाम में आ जाते हैं, वे काल के चक्र से छूट जाते हैं। उस का यम-जाल-

जंजाल कट जाता है। उस पर यम का आदेश काम नहीं करता। वह मेरे में व मैं उसमें स्थित होता हूँ ॥15॥

और इन्द्र धर्मराइ संग आसन छोड़्या।
मेरे संत के आगल आइ हाथ जोड़्या ॥
गण दूत सभ इन सूँ डरै। होइ अधीन वन्दना करै ॥16॥

और इन्द्र, धर्मराज आसन छोड़ देते हैं तब, जब मेरे संत उनके सामने होते हैं और ये संतों के आगे हाथ जोड़ते हैं। यमदूत के गण व दूत सभी इनसे डरते हैं। अधीन होकर वन्दन करते हैं ॥16॥

जिस पर लागै हमरी छाप। उस पर दोष करम नहिं पाप ॥
इसमें भूला कोइ मत जानै। रोहल श्रीमुख आप बखानै ॥17॥

जिस किसी पर मेरी छाप लग जाती है, उसको दोष, कर्म व पाप नहीं लगते। संतों को कोई भी उक्त दोष, कर्म व पाप में भूला हुआ नहीं जाने। ऐसा रोहल स्वयं अपने मुख से कहते हैं ॥17॥

कोइ इक जानै मरम हमारा। साचा सूरा संत पियारा ॥
वाद करै सोइ वाद विवादी। उसकूँ मैं जानूँ अपराधी ॥18॥

कोई-एक सच्चा शूरवीर, प्यारा संत मेरे मर्म को जानता है। जो वाद-विवाद करता है, वह वाद-विवादी है, उसको मैं अपराधी मानता हूँ ॥18॥

तब राजा विजयसिंहजी पूछा- ए रोहलसाहब! इन भगताँ सूँ भगती इकठाँह[20] क्यों नहीं होई, इसका विचार दया कर कहो।

रोहलसाहब-वाच

एक तो सेस को पूज रहे हैं।[21] जो कहैं, सेस भगवान हैं और विचार की तो खबर ही नाहीं। एक तो ब्रह्मा कूँ पूज रहे हैं जो कहैं, ब्रह्मा चार वेद बनाए हैं। वेद की बात साँची करि बैठे हैं और विचार की तो खबर ही नाहीं। एक तो विष्णु को पूज रहे हैं जो कहैं, विष्णु की उत्पत्ति है। दूसर कोई नाहीं और विचार की तो खबर ही नाहीं। एक तो शिव कूँ पूज रहे हैं, जो कहैं शिव शक्ति का जोड़ा है। सकल बूंद का विस्तार है और विचार की तो खबर ही नाहीं। एक तो गणेश कूँ पूज रहे हैं, जो कहैं, गणेश रिद्धि-सिद्धि का देवता है और विचार की तो खबर ही नाहीं। एक तो अवताराँ कूँ पूज रहे हैं जो कहैं, अवतार धर कै संताँ की सहाइ कीनी है और विचार की तो खबर ही नाहीं। एक तो अखय वृछ कूँ पूज रहे हैं जो

कहैं, अमरफल इसका पसार है और विचार की तो खबर ही नाहीं। एक तो चन्द्रमा, सूरज कूँ पूज रहे हैं जो कहैं चन्द्रमा, सूरज साहब के दो नैना हैं और विचार की तो खबर ही नाहीं। एक तो ध्रुवतारा-मंडल कूँ पूज रहे हैं जो कहैं, ध्रुवतारा मंडल अडिग पदवी है अमरापुरी है, और विचार की तो खबर ही नाहीं। एक तो स्वर्ग कूँ पूज रहे हैं और विचार की तो खबर ही नाहीं। एक तो जल-पानी कूँ पूज रहे हैं जो कहैं जल की पैदा है जल परवीन है। और विचार की तो खबर नाहीं। एक तो पवन कूँ पूज रहे हैं, जो कहैं, पवन प्राण है और विचार की तो खबर ही नाहीं। एक तो निरगुण कूँ पूज रहे हैं, निर्गुण-निर्गुण कर रहै हैं। निर्गुण के विचार की तो खबर ही नाहीं। सब कोई अपने इष्ट में बंध रह्या है। अपणा-अपणा इष्ट कूँ बधाइ बखाण कर रहे हैं, पखापखी लाग रहे हैं, निरपख के विचार की तो खबर ही नाहीं।

इहाँ ही उलझ रहे हैं। एको ही हंस[22] हमारे धाम नहीं पूगा। जब हम सर्व जीवों की पालना करन कूँ आए हूँ, रोहल नाम धराय कै, सुनो राजा विजयसिंहजी इन लोगाँ कूँ तो हमारे तुमारे का विचार नाहीं। तब राजा विजयसिंहजी हाथ जोड़ कै कह्या- ए रोहलसाहब! जगत जब होता नहीं, तब रचना किमी[23] रचानी, दया करि सुनाओ। तब रोहलसाहब-वाचनाहीं धुंधुकार होता, नाहीं सब्द ररंकार होता, नाहीं नामै सहस हजार होता, नाहीं कोई बनावट विस्तार होता, एक हमारा निज स्वरूप होता, इश्क प्रेम की मौज होई; अपने निज स्वरूप नूर का दरिया होता जिस मूँ गर्द गुबार घोर ररंकार ऊठा, चमकार तजला[24] भया, इस मूँ पतंग ज्यूँ चिणगाँ[25] उडिया, उस कतरे कतरे का नाम हंस ठहराया, रूह ठहराया, अर्द्ध नाम ठहराया, आदम ठहराया, आतम बोलता ठहराया, इन सूँ पीछै तीन सफीलाँ[26] कीना, मैं अपने श्रीमुख सूँ वचन फरमाया, इन हंसा कूँ कहिया, तुमरा साहब कौन है, अगली सफील हंसाँ की होती, जिसने कह्या, हमारा साहब जब आप हो; दूसरी सफील सुनिया, पर कह्या नहीं, तीसरी सफील सुनिया भी नहीं, कहिया भी नहीं; पीछै मैं इन हंसाँ का मकान बनाया, मानसरोवर नाम ठहराया, अंमृत रस का हौज बनाया, जिसमें मोती अगम अपारा, ओही हंसा का चारा है। पीछै मैं अपनी कुदरत[27] सूँ अविगत धाम बनाया। चौमुख झरोखा, सेत सेज बिछायी, जिसके ऊपर स्याह काली गादी धराई। उस सेत गादी के ऊपर मेरी नजर का एक वंस विराजमान है। सेत चादर का परदा है। उसी मेरे वंस का नाम अविगत ठहराया। पीछै नह-नह[28] अमर शब्द ऊचरिया। एक अंडा फूटा, रचिया ब्रह्मंड। पहला एक कुर्स बना, दूजा अर्श बनिया, तीसरा आकास बनिया, चौथा आकास बनिया, पाँचवाँ आकास बनिया, छठवाँ आकास बनिया, सातवाँ आकास बनिया, जब सात ही आकास बने, आठवाँ आकास अर्श बना, नवाँ कुर्श बना, ये ही सारा ब्रह्मांड बना और पीतांबर भींत बनाई जिस पर ठहराया। पहली भींत चार सालम[29] सिला जिस पर ठहराई। पहली सिला पर रज-बीरज मिलिया। दूसरी सिला पर तेज ठहराया। तीसरी सिला पर धारा ठहराई, चौथा सिला पर जल थल

अलील[30] पानी ठहराया, पानी माहीं जोत जगाई, इस जोत माहीं एक फूल होया। कुदरत सूँ इसी माहीं एक रूप होया आदि पुरुष का। उस आदि पुरुष की नाभि मूँ पोली[31] नाड़ी निकसी कितना कितना जोजनाँ में लांबी हो गई। जब पानी के ऊपर आइ चढ़ी, माहीं एक फल कमल का लागा, उसी कमल माहीं ब्रह्मा चौमुखा पैदा हुआ, विष्णु हुआ, शिव हुआ, शक्ति होई। चार ही मूरताँ कमल माहीं बैठा। जमीन नाहीं, पाँव कहाँ धरै, पीछै ब्रह्मा बीज पयाल सूँ लेकर पाणी के माहीं बड़्या।[32] जब[33] धुवाँ ज्युँ धक निकली। उन माँ जमीन बणन लागी। रूप सेस का होया। रूप धूल का होया। सींग के ऊपर राई, जिस पर नव खंड धरती ठहराई। पचास[34] करोड़ पृथिवी बन रही। जब दस दिग्पाल[35] होया। तब धरती दाबी है। सूरज चन्द्रमा का परकास होया है। आकाश में नव लख तारा का प्रकास होया है। आकास में जिस कमल पर ब्रह्मा, विष्णु, शिव, शक्ति बैठा था, उसी ठौर मेरु सुमेरु हो गया। दस चिणगाँ[36] होइ गइया। मेरु सुमेरु कीया, जिस पर दस पुरिया होया। अवतारा कीया। अखय[37] बड़ होया। तेतीस करोड़ देवता होया। कैलास पर्वत होया। चार वाणी, चार खाणी, सात द्वीप, नौ खंड, इकीस ब्रह्मंड बन रहे हैं। स्वर्ग होइ रहिया, नरक होइ रहिया, पीछै शिव शक्ति कूँ कामना जागी, वृच्छ की डालियों को पकड़्या था, पीछे पटकाए[38], फैंकिया था। एक जाइ पूरव पड़िया, एक जाइ पच्छिम कूँ पड़िया, यूँ कर पुरुष नारी का जोड़ा हुवा। ब्राह्मण, वैश्य, क्षत्रिय, शुद्र हुवा, चार वर्ण हुवा। ब्रह्मा मूँ ब्राह्मण होया, वैश्य मूँ नवी होया, क्षत्रिय मूँ राजपूत होया, अर नवी मूँ मुसलमान होया, सूद्र मूँ कमीन लोक होया। एक राह में दोई राह बनाई है। दुविधा मन में राखै, हिन्दू लोक अवताराँ की मत लेकर ब्राह्मण कूँ पूजते हैं। मुसलमान नवियाँ, पैगंबराँ का मत लेकर काजियाँ मुल्लाँ को पूजते हैं। फकीराँ, सताँ की मत की खबर ही नहीं, कैसा ही विचार है। हमारे विचार की तो किसी बिरले फकीर संत को खबर है, और लोगाँ कूँ तो खबर ही नाहीं, राजा विजयसिंहजी हम कूँ तो बैचून हूँ।[39] तब राजा विजयसिंहजी हाथ जोड़-कर कहा- ए रोहलसाहब! उतपत का विचार दया करके कहो, किस विधि होइ है।

तब रोहलसाहब-वाच आदि पुरुष की नाभि मूँ ब्रह्मा प्रकास होया है। ब्रह्मा का दस लड़का[40] होया, एक लड़को मारीच, दूजौ अत्री, तीजौ अगर, चौथो पुलस्त्य, पाँचवों पीरसत, छठवों बरग, सातवों वशिष्ठ, आठवों नारद, नौवों शम्भुमन, दसमों पीवरदत[41] है। पीवदत को लड़कौ उत्तानपाद, उत्तानपाद को लड़कौ ध्रुव। गोरथ[42] दांगल दवा पुलस्त्य को लड़को वशीअरसर्वा,[43] विसर्वा को लड़को रावण राकसाँ का वंस है। मारीच को लड़को कासब, कासब को लड़कौ [44]कुंभकर्ण है। कुंभकर्ण की तेरह [45]राणियाँ हैं। पहली राणी अदितियाँ जिसका लड़का पियूषमन है। दूजी राणी अदियाँ है जिसका लड़का पैतीस करोड़ दानव है, जिसमूँ दैत्य पैदा हुए हैं। तीजी राणी विदतियाँ जिसका फरजंद नौ कुली नाग[46] होया है।

चौथी राणी विनतियाँ जिसका लड़का गरुड़ होया। पाँचवी राणी सोमियाँ जिसका लड़का सर्व नौ लख तारा नक्षत्र है। छठवीं रानी नमानोती है जिसका लड़का चन्द्रमा है। सातवीं रानी सलकान जिसका लड़का सूरज होया। आठवीं राणी कर्मावंती जिसका लड़का आठ कुली[47] पर्वत पहाड़ है। नवमीं राणी मेघनिद्रा जिसका लड़का छपन करोड़ मेघ होया है। दसवीं रानी दयावंती जिसका लड़का अठासी हजार करोड़ हैं। ग्यारहवीं रानी रूपावंती जिसका लड़का सात धातु है। बारहवीं रानी पावन्ती जिस मूँ अठारह भार वनस्पति पैदा हुई है। तेरहवीं रानी रूपमाला है जिस मूँ चार वाणी चार खाणी होई है।

चार वाणी चार खाणी किस विध कहिजे है, उसका विचार सुनो। ब्रह्मा चार जुगु थापै है। सतजुग प्रमान सतरह लाख अठासी हजार वर्ष होता है जिसमें अवतार चार है। मच्छ, कच्छ, वाराह व नृसिंह। त्रेतायुग प्रमान बारह लाख छियानवें हजार वर्ष होता है जिसमें अवतार तीन है वामन, परसुराम, रामचन्द्र। आगै द्वापरजुग प्रमाण आठ लाख चौसठ हजार वर्ष होता है जिसमें अवतार दो हैं कृष्णावतार व बुद्धावतार। फिर कलजुग प्रमाण चार लाख बतीस हजार वर्ष होता है।[48] साधु, संताँ, फकीराँ पदवी बहुत होसी। ब्रह्मा चार वेद बनाए हैं। अथर्ववेद, सामवेद, ऋग्वेद, यजुर्वेद ये चार वेद हैं। सुनो राजा विजयसिंह चार वेद, अठारह[49] पुराण, नौ निधि[50], व्याकरण[51], किताब[52] तुरकाँ के जिससूँ हमारे अरूप का विचार न्यारा है। अब चार वाणी का विचार सुनो।

परा-वाणी सूँ प्रीति पड़ जावै सोई परा-वाणी कहिए। परा-वाणी नाभि उचरै, पश्यन्ति-वाणी सूँ परब्रह्म का विचार सरूप का राखै, सोई पश्यन्ति-वाणी कहीजे। पश्यंती-वाणी हिरदै स्थान बसै। मध्यमा-वाणी सूँ गुप्त ग्यान उपजै, सोई विवेकी मध्यमा-वाणी कहीजे, ओ कंठ-स्थान में बसै। बावन अखरे वाणी पोथी, वेद, कुरान, श्लोक, साखी, वचन रेहान (बैखरी) सूँ कह समझवै। सोई बावन अखरे वाणी कहीजे सो मुख स्थान बसै। चार वाणी को विचार संपूर्ण भयो।

अथ चार [53]खाणी को विचार कहत हूँ—जरा-खान गर्भ ठाम मूँ पैदा होवै। जरा-खान का इकीस लाख जीव है। अंड-खान अंडे मूँ पैरा होवै। अंड-खान का इकीस लाख जीव है। स्वेद-खान मूँ पर्वत, पहाड़, पाखान, तारा-मंडल आडोरन, पारस, दागीना लाल, याकूत, नमरूद नग, रतन काहोर और तरह-तरह का पारस दाणा, सोना, रूपौ, अनेक खानाँ, पाखान पैदा होया है जिसका इकीस लाख जीव है। उदमोद (उद्भिज) खान मूँ तो वनस्पति, सर्व वृछ, घास भाँति भाँति के, अर धान पैदा होया है। मक्खी, मच्छर, कीड़ा, कांग जिसका ईकीस लाख जीव है। सुनो राजा विजयसिंहजी चार वाणी चार खाणी का विचार ऐसा होया है। तब राजा विजयसिंहजी हाथ जोड़ कै कहा- ए रोहलसाहब गर्भ के विचार की हम कूँ खबर नाहीं, जिसका विचार दया कर कहो।

तब रोहलसाहब-वाच औराँ कूँ तो हमारे विचार की खबर नाहीं। हंस किस विधि आवै गर्भ माहीं। बालक के अस्थूल माहीं किस विधि आवै और बालक का अस्थूल किस विधि बनता है। लड़के का आकार किस विधि होवै। लड़की का आकार किस विधि होवै। हंस किस द्वार से समावै है अर बालक गर्भ कँवल माहीं सास किस प्रकार से लेता है। अर क्या खावै, क्या पीवै, किस विधि जीवै, अर बाहर गर्भ मूँ आयकर किस विधि मोटा[54] होवै। फिर गुरु के सबद किस विधि कमाण कमावै। अर किस विधि आपके धाम हंसा पहुँचता है। सुनो राजा विजयसिंहजी, इन साधाँ कूँ इस विचार की खबर नाहीं। तुम्हारे गुराँ सूँ पूछौ तो क्या कहते हैं? इस बात की तकरार[55] करो। तब राजा विजयसिंहजी उन साधाँ कूँ कहा- रोहलसाहब प्रश्न पूछा है जिसका जवाब करो। उन साधाँ कहा- हम कूँ मालुम नहीं है।

तब रोहलसाहब-वाच मानुष के त्रिगुणी माहीं एक मूरत है, मर्द माहीं मर्द का आकार है। नारी माहीं नारी का आकार है। जब स्त्री के अंग माहीं रितु आवती है तो पुरुष स्त्री ले भोग कमावै। उसी मूरत की सूँचाँ ऊपर सूँचाँ उतर आवता है। ओही बीज बूंद गर्भ कमल में समावती है। पहले जल समान होती है। पीछै लोही समान होती है। फिर उसका गूँटा[56] होता है। फिर अंडा होता है। अंडा मूँ फिर लोथ[57] होती है। लोथ माहीं फिर बनिया सरीर। जब सरीर बन रह्या तब हंसा मानसरोवर सूँ आयकर बालक की माता के सास में समावती है। बंकनाल लेकर नाड़ी मूँ ढलकर बालक की नाभि में समाइ रहिया। हंसा त्रिगुणी माहिं नाभि सूँ सास लेता है। नाभि-नाड़ी सूँ रस लेकर भूख प्यास मिट जाती है। फिर दसवें मास जब बालक बाहर आवता है, दो विकार लगते हैं, एक लोभ दूजा क्रोध। क्रोध सूँ रोदन करता है, लोभ सूँ आँचल अपनी माता का सरूप जानकर पीछा करता है, तब मोह लगता है। जब मोटा होवै, चौदह वर्ष का तब कामना जागै, अर अहंकार जागै, पीछे गृहचार माहीं फँस जावै अर दूसरी चेत न आवै। सुनो राजा विजयसिंहजी, हमारी खोज कूँ कोई समझै विचारै। इन संताँ सूँ सात पाताल की खोजना पूछो तो क्या कहते हैं।

तब राजा विजयसिंहजी उन संताँ कूँ कहा- रोहलसाहब, प्रश्न पूछा है जिसका जवाब करो। तब उन साधाँ ने कहा- हम कूँ मालूम नहीं।

तब रोहलसाहब-वाच सुनो राजा विजयसिंहजी तिल-तिलकर समझाऊँ। चार तिल बीस बाल है। बीस बाल माहीं सात पाताल के सात पुड़[57] है। पहली पाँखुड़ी के ऊपर चार पाँखुड़ी का कमल है। दूसरे पुड़ के ऊपर खट पाँखुड़ी का कमल है। तीसरे पुड़ के ऊपर अष्ट पाँखुड़ी का कमल है। चौथे पुड़ के ऊपर बारह पाँखुड़ी का कमल है। पाँचवे पुड़ के ऊपर अठारह पाँखुड़ी का कमल है। छठवे पुड़ के ऊपर दो-दो पाँखुड़ी का कमल है। सातवे पुड़ के ऊपर हजार पाँखुड़ी का कमल है। सुनो राजा विजयसिंहजी, इन संताँ सूँ पूछौ तो पिंड की खोजना कैसे है? इस बात की तकरार करो तो देखूँ। क्या कहते हैं?

तब राजा विजयसिंहजी इन साधाँ कूँ कहारोहलसाहब प्रश्न पूछता है, जिसका जवाब करो। तब उन साधाँ ने कहा- हम कूँ मालूम नहीं।

तब रोहलसाहब-वाच पहले मूल[58] के ऊपर चार पाँखुड़ी को कमल है। लिंग के ऊपर खट पाँखुड़ी को कमल है। नाभि के ऊपर अष्ट पाँखुड़ी को कमल है। हृदय के ऊपर बारह पाँखुड़ी को कमल है। कंठ के ऊपर अठारह पाँखुड़ी को कमल है। त्रिकूटी के ऊपर दो-दो पाँखुड़ी को कमल है। भँवर गुफा के ऊपर हजार पाँखुड़ी को कमल है। सुनो राजा विजयसिंहजी, इन संताँ सूँ पूछो तो उन कमल के ऊपर देवता कौन-कौन विराजमान है, तो कैसा जवाब देता है, अर क्या कहता है?

तब राजा विजयसिंह इन साधाँ कूँ कहा- रोहलसाहब प्रश्न पूछा है, जिसका जवाब करो। तब उन साधाँ कहा- हम कूँ मालूम नहीं।

तब रोहल साहब-वाच मूल के ऊपर गणेश विराजमान है। लिंग के ऊपर ब्रह्मा विराजमान है। नाभि के ऊपर विष्णु विराजमान है। हिरदै के ऊपर शिव विराजमान है। कंठ के ऊपर सरस्वती विराजमान है। त्रिकूटी के ऊपर निरंजन विराजमान है। भँवरगुफा के ऊपर परमहंस विराजमान है। दसवे द्वार पर पारहंस विराजमान है। बंकनाल[59] के गैले चले खोज अष्टकमल कूँ हंसा ब्रह्मांड पयाणा करै विधि इन संता सूँ पूछौ, राजा विजयसिंहजी तो क्या कहते हैं। इस बात की तकरार करौ। तब राजा विजयसिंहजी इन साधाँ कूँ कहा- रोहलसाहब प्रश्न पूछा है जिसका जवाब करो। तब उन संताँ कहा- हम कूँ मालूम नहीं।

तब रोहलसाहब-वाच सुनो राजा विजयसिंहजी, तिल-तिल[60] सूँ कर समझाऊँ। चार तिल बिस्वा माहीं। चार विस्वा एक ऊंगली माहीं। चार उंगली मुठ्ठी माहीं। आठ मुट्ठी एक हाथ माहीं। चार हाथ एक पैंडा माहीं। दो हजार पैंडा एक कोस माहीं। चार कोस एक योजन माहीं। चार सौ योजन एक देस माहीं। चार सौ देस एक मंडल माहीं। चार सौ मंडल एक खंड माहीं। ऐसे नौ[61] खंड हुए हैं जिसकूँ एक लोक कहीजे। ऐसे चौदह[62] लोक हैं। उसके आगे मेदिया कितनी है, सुनो। चार करोड़ जोजन सुन हेम वर्ण है। उधर चौकी देव विराजै उसके आगै ऊँचे बीज माहीं पुखलिया फिरता है। फिर उसके आगे सुन तीन करोड़ जोजन है। उसके ऊपर पवन का कोट है जिस माहीं परमलदेव विराजै जिसकी एडी सूँ पवन बांधा है। फिर उसके आगे सुन तीन करोड़ जोजन के ऊपर अखै वृच्छ है। असी हजार जोजन ऊँचा है। असी हजार जोजन चौड़ा है। फिर उसके आगे सुन तीन करोड़ जोजन के ऊपर है। इसके ऊपर अमिय कलश रिद्धि की चौकी है। दीनोदाण चढ्यो निर्वाण। फिर उसके आगे सुन तीन करोड़ जोजन के ऊपर है। उसके ऊपर सिद्ध की चौकी है। फिर उसके आगे सुन तीन करोड़ जोजन के ऊपर है। उसके ऊपर पारस का कोट है। अनादि की चौकी

है। फिर उसके आगे सुन पाँच करोड़ जोजन की है। उसके ऊपर पारस का कोट है। अनादि की चौकी है। फिर उसके आगे सुन पाँच करोड़ जोजन की है। उसके ऊपर हीरा पन्ना का कोट है। ऊपर अरुण की चौकी है। फिर उसके ऊपर सुन पाँच करोड़ जोजन है। इसी के ऊपर अखै मंडल चौमुख झरोखा सेत सेज है। उसके ऊपर मेरी नजर का वंस विराजमान है। उसका नाम अविगत है। ओही अविगत-धाम कहीजे। हमारा मुकाम इस सूँ आगे है। असंख्य सुनाँ के ऊपर है। ऊहाँ कोई नहीं पूगा। सुनो राजा विजयसिंहजी, ऐसी ही खोज है जो हम कह सुनाया है। अर हमारा धाम जो कोई चाहे तो ओही विचार एक और है। सार सबद है। सार सबद लेकर देही माहिं चक्र-चक्र की न्यारी विधि है।

चक्र-चक्र का न्यारा गुण है। अर न्यारी-न्यारी कमाण है। अर न्यारा-न्यारा विचार है। देही सारी खोजकर अपनी कला कूँ लखै। फिर सार सबद कूँ लेकर पीछै आकासाँ का पयाणा करे। फिर मानसरोवर का पयाणा करे। अविगत का पयाणा करे। अविगत के आगे, हमारे धाम का पयाणा करे, हमारा धाम असंख्य सुनाँ के ऊपर है। सुनो राजा विजयसिंहजी, ये साध भेष पहर के संताँ का नाम धराय के बैठे हैं। तोल[63] तो किसी बात का नाहीं। तोल होवै तो कहै क्यों नहीं। इन संताँ सूँ पूछो तो क्या कहते हैं।

तब राजा विजयसिंहजी इन साधाँ कूँ कहा- रोहलसाहब प्रश्न पूछा है, उसका जवाब करो। तब उहाँ साधाँ कहा- हमकूँ मालूम नहीं।

तब रोहलसाहब-वाच होवै कोई ऐसा हंस, हमारा तो अमरलोक पहुँचावाँ। बीच में अनेक दूत भूत हैं। सो लड़ाई करते हैं। किसी को जावण देता नहीं है। अनेक शिकारी बीच में शिकार करते हैं। लूटमार कर हंसाँ पाछा गिरा देते हैं। अनेक मारग पाड़न[64] वाला है। इकीस लोकाँ तक छोड़ै नाहीं। सारे ब्रह्मांड के चौफेर जम का घेरा है। कोई जावण पावै नहीं। उसके ऊपर निरंजन सार इन जमाँ के ऊपर जम है। उसके हाथ में एक जर-जर घंटा है। दूसरा जाल है। तीसरा तो हाथ में डंडा है। चौथे डुगडुगी[65] है। पाँचवा जंजाल है। रन्डोढा[66] जिसकूँ उछलाए फाँसी घात पकड़ ल्येत है। किसी कूँ छाड़ै नाहीं। जो कोई पूरे गुरु का चेला है, उस पर जोर लागै नाहीं। उसके आगे असंख्य संख्या है। असंग पलंग है। असथान उहाँ सूँ आगे है धाम हमारी जिसका किसी ने पार न पाया। मेरा कह्या जो कोई मानै तो पल में देव आन छुड़ावै। सुनो राजा! विजयसिंहजी चार वेद हिन्दुवाँ के अर चार किताब तुरकाँ की है जिसकी मरजाद में सारा संसार उलझ रह्या है। बारह पंथ हिन्दू के और बहत्तर पंथ तुरकाँ के हैं जिसमें खींचातान कर-कर मर गए। कोई परमधाम को पूगा नाहीं। अपने-अपने इष्ट माहीं बांध रह्या। अपने-अपने सबद रान्ढो[67] बनाए रहे हैं। सार सब्द की तो खबर नाहीं। जगत के टुकड़े खाइकै मस्त होइ गये हैं। कोई फकीर कहावै। कोई दरवेश कहावै।

कोई पीर कहावै। कोई साधु कहावै। कोई अतीत कहावै। कोई सामी कहावै। कोई संन्यासी कहावै। कोई जोगी कहावै। कोई नाथ कहावै। कोई मुनी कहावै। कोई धुंधारी कहावै। कोई वैरागी कहावै। कोई जती कहावै। कोई तपस्वी कहावै। कोई नंगा कहावै। कोई औघड़ कहावै। कोई मदारी, कोई देवी कूँ पूजै। कोई भैरव कूँ पूजै। कोई हनुमान कूँ पूजै। कोई खेत्रपाल कूँ पूजै। कोई बालमीत कूँ पूजै। कोई झुझार कूँ पूजै। कोई पितर कूँ पूजै। कोई भाउ सती कूँ पूजै। अंधी दुनिया अपने साहब कूँ छोड़ उलझन माहीं पड़ गई है। बाप कूँ छोड़ माउ के डीकरो हो गये हैं। उन लोकाँ कूँ लाज नहीं आती है। बेफिकरी हो रहे हैं। सुनो राजा विजयसिंहजी हमारा विचार कौन सुनै, कौन पिछानै। कौन अैसा सुजान होवै जो विधि-विधि कर हमसूँ पूछै, देही काया का विचार, कमाण का विचार, बेसताँ का विचार, उठंत का विचार, चालन्त का विचार, सोवंत का विचार, जागत का विचार, चन्द्रमा सूरज का विचार, अंगला पंगला का विचार, गंगा-जमुना का विचार, बंकनाल-सुषमना का विचार, नव सौ नाड़ी बहोतर कोठा का विचार, पाँच तत का विचार, पचीस प्रकृति का विचार, पाँच विकार के सुभाव का विचार, एक एक सोई कह समझाऊँ। सुनो राजा विजयसिंहजी हम तो बार-बार कहत हूँ, जो कोई जाने। तब राजा विजयसिंहजी हाथ जोड़कर कहा- ए रोहलसाहब! कृपा कर हम कूँ विचार पाँच तत का कहो।

तब रोहलसाहब-वाच सुनो राजा विजयसिंहजी! पाँच तत्त का विचार सर्व कहत हूँ जो तुम सुनो अर विचारौ। सरवन एक ठाँह करौ। तो हम कहत हूँ। पाँच तत्त का नाम क्या है। जल, अग्नि, पवन, पृथ्वी, आकास। ये पाँच तत्त हैं। जल तत्त मूँ लोहू अर मास बनिया है। पृथ्वी तत्त मूँ हाड़ बनिया है। अग्नि तत्त मूँ नाड़ी बनी है। पवन तत्त मूँ चाम बनिया है। आकास तत्त मूँ केस अर नैन माहीं स्याही काली टिबती बनी है। सुनो राजा विजयसिंहजी पाँच तत्त का विचार ये है।

तब राजा विजयसिंहजी हाथ जोड़ कै कहा, ए रोहलसाहब! दया करके फरमाओ, पाँच तत्त का वर्ण कैसा है?

तब रोहलसाहब-वाच सुनो राजा विजयसिंहजी जल का वर्ण सेत है। रूप करड़ह। अग्नि का वर्ण राता है, रूप दाहक। पवन का वर्ण लीला है, रूप दूर। पृथिवी का वर्ण पीला है, रूप कठोर। आकास का वर्ण काला है, रूप पुरलाव। नेत्राँ माहिं देखालियो जो पाँच तत्त की क्या रेखिया हैं। चोफेर, गोल, पाँच तत्त बीज है जिसमूँ मानखै का आकार बाछै अर जीव अजुण का आकार बाछत है। ज्यूँ बरसात के दिनाँ माहीं बंकनाल पाताल की खचैनी आकास में बादल बीज है। सुनो राजा विजयसिंहजी, पाँच तत्त का रूप वर्ण कहा है।

तब राजा विजयसिंहजी हाथ जोड़ कै कहा- ए रोहलसाहब! दया करके पच्चीस प्रकृति का विचार हम कूँ सुनाओ।

तब रोहलसाहब-वाच सुनो राजा विजयसिंहजी! पचीस प्रकृति का विचार कह सुनाऊँ। पृथिव तत्त की प्रकृति अस्थि, माँस, त्वचा, नाड़ी रोमावली कहीजे। जल की प्रकृति बिन्दु, मूत, पसेव, लाल, लीद[68] कहीजे। तेज की प्रकृति भूख, त्रिखा, निद्रा, आलस, क्रिया[69] कहीजे। आकास[70] की प्रकृति लजा, माया, मोह, राग, दुःख कहीजे। पवन-तत की प्रकृति गावणा, बिलखणा, सुणना, अगोचरी, अर धावणा कहीजे।[71] सुनो राजा, विजयसिंहजी, ये पचीस प्रकृति का विचार कह्या।

तब राजा विजयसिंहजी हाथ जोड़ कै कहा- ए रोहलसाहब! दया करके कहो, पाँच विकार के स्वभाव कैसे हैं।

तब रोहलसाहब-वाच सुनो राजा विजयसिंहजी पाँच विकार का सुभाउ कहता हूँ। तुम सर्व चित्त लगाइ कै सुनो। विचार हमारा मड़द[72] सचारा[72]। काम का यही सुभाउ है जो कामना जागी। पर नारी की आसा रहै। मन में क्रोध का यही सुभाउ है। जो जे कोई थोड़ा बोलै उस पर लड़ाई करै। अहंकार का यही सुभाउ है। जो बैठे बड़ाई करै, लोभ का यही सुभाउ है जो जाने तो माया धन बैठा एकठा कराँ और के घराँ का धन अपने घर माहिं घराँ लेकर निसदिन दे-दे करता रहे, मोह का यही सुभाउ है। जो कहै तो माता, पिता, भाई, सुत, नारी, कुटुम्ब परिवार सभ हमारा है। अर आसा, तृष्ण, ममता, चिंता ये तो सर्व मनख का कबीला है। जब इस कूँ कोई त्यागै तब चेतन होइ जागै। सुनो राजा विजयसिंहजी, सर्व विकार की बात आप कूँ कह सुनाई है।

तब राजा विजयसिंहजी हाथ जोड़ कर कहा- ए रोहलसाहब! शुद्ध लच्छण कैसे होते हैं, सो दया करके कहो।

तब रोहलसाहब-वाच सुनो राजा विजयसिंहजी, चेतन के जो संगी हैं, सो तुम कूँ कह सुनाता हूँ। एक-एक न्यारा-न्यारा है। सील, संतोष, प्रेम, विवेक, विचार, सुरति, निरति, दया, धरम, जप, तप, भाव, भगति ये सभ चेतन के परिवार हैं। जब कोई ऐसे संगी राखै, तब हमारे धाम प्राप्त होवै, निर्मल होइ कै भजन करै। सुनो राजा विजयसिंहजी! जो कोई हमारा कह्या मानै तो साँच कहत हूँ ये तो कलजुग का मानवी साँच[73] माथै रहै नाहीं। सदाई कूड़[74] कमावत है। झूठे कूँ साँच नाहीं सुहावती है। खारा लगते हैं।

तब राजा विजयसिंहजी हाथ जोड़ के कहाए रोहलसाहब! हे मेरे मालिक! हम कूँ जे कोई विचार होवै सो सभ कहो।

तब रोहलसाहब-वाच सुनो राजा विजयसिंहजी, इन लोगाँ कूँ नींद आती है। जब जागे हैं तो जानते नहीं हैं। नींद मरने की निशानी है। जागण जीवन की निसानी है। जब हमारे नाम सूँ बेमुख हो जावै तब महान जाल में अंधा हो जावै बुरे काम करै। तब उसकूँ मैं बहुत भूख देवाँ अर उसकूँ महान रोग देवाँ अर बहुत खराब होवै तोही अंधा कहीजे मेरी रोटी साहब के पास नाहीं, जो ही हम कूँ देवै तो बेराजी होवाँ। नकटा गाली बोलै, तब हम हँसकर राजी होवाँ, उस कूँ माया मुगती देवाँ। जब माया के पेट माहीं आए जावै, भूख भाग जावै, तब रस भोग स्वादाँ माहिं पड़ जावै, फेर हमारा नाम विसार कै बैठ जावै। ऐसा माया का मद है। इसलिए इस माया सूँ मैं अपने संताँ कूँ न्यारा ही राखिया है। उहाँ कूँ इतना देवूँ जितना हलावत[75] है। भीड़[76] पड़ै तो उसका कारज कराय देवाँ। संत फकीर साँचे निरपख हम कूँ प्यारे हैं। सुनो राजा विजयसिंहजी! हम तो सर्व विचार कहिया है। तब राजा विजयसिंहजी परिक्रमा देकर अर हाथ जोड़कर दंडवत् करके वंदना करी। अर रोहलसाहब के चरण-कमल पर सीस नमाया। अर कहा, ए महाराज! मेरे सीस पर हाथ[77] धरौ। हम तो आपके बन्दे अर चेले हैं। आप हमारे साहब हो। अर जे कोई साधु उमराव, सरदार और लोक लाखाँ होते हैं सभ पगाँ पड़ गए।

तब रोहलसाहब राजा विजयसिंह कूँ उपदेस दिया, सीस के ऊपर हाथ धरिया। सर्व बात का विचार जो कोई हुता, सभ सुना दिया। सार सबद का सुमरन बता दिया। देस काल बता दिया। अपना निज सरूप लखाय दिया। आप माहिं समा दिया। दूसरे साध जे कोई होते। कई फकीर होते। कई कबीर-पंथी होते। कई नाथ होते। कई सामी, सिद्ध, संन्यासी होते। कई तपसी होते, कई नागे होते। कई रूँखड़े होते, कई वैरागी होते। कई मदारी होते, कई दूधाधारी होते। कई ब्रह्मचारी होते, कई पंडित होते। कई ज्योतिषी होते, कई खाकी होते। कई ब्राह्मण होते और हजाराँ-हजाराँ लोक लाखों लोक होते और सरदार, उमराव होते, जे कोई सर्व लोक होता, रोहलसाहब सूँ उपदेस लिया। सब रोहलसाहब की दरगाह के चेले हो गए। भजन माहिं लग रहिए। रोहलसाहब सर्वलोक का तोल बताइ दिया। सार सबद का सुमरण कराइ दिया। निरपख नाम सुनाइ दिया। बुद्धि सतसंग लाग रही। आठ पहर निवपल अर विलास होइ रहिया। आनन्द उच्छव होइ रहिया। अचरंग[78] होइ रहिया। एक पासे[79] ग्यान चर्चा होई रही, एक पासे कथा कीर्तन होइ रहिया, एक पासे तन्दूरा सितारा बाज रहे हैं। एक पासे कथा-कीर्तन होइ रहिया। एक पासे ढाढी गाइ रहे, यूँ सतसंग करते-करते एक मास सात दिन गुजर गए। गुलाब-सागर के ऊपर, महलात के माहीं रोहलसाहब सभी के रह्या था। राजा विजयसिंहजी राखा था। अर चाकरी करता था। सरव राय सेवा करते थे। रोहलसाहब के अर्ज मुख भेला होता। रोहलसाहब के भेला पीछै राजा विजयसिंहजी चढ़ावा किया। कड़ा, कंठी जड़ाऊ अर नाला बंध पागाँ का दुपटा, नररीदार

धोतियाँ, किनारदार चकोरा तलवार, कांघी, बागा, पोसाकाँ चमर चूनर घोड़ा सजाया केअड़ो ऊँट को, केअड़ो हाथी अम्बारी रथ, दागा, छकड़ा, म्याना, पालकी, नगारा, झंडा, गायाँ हजार, सवा लाख रुपया थेलियाँ में, दस हीरा का नग, बीस लाल, दस पन्ना, दो हजार मोहराँ, तम्बू कनात, ये सब वस्तुवाँ राजा विजयसिंहजी रोहलसाहब कूँ नजराणा किया, चढ़ावा किया, पर रोहलसाहब वस्तु को लिया नहीं। कह्या हम क्या करूँ। हम कूँ परवाह इन वस्तुवाँ की नाहीं। क्या लेवाँ। राजा विजयसिंहजी इन बात का हर्ष सोक कोई नाहीं। तब राजा विजयसिंहजी बेराजी होवणा लागा। तब रोहलसाहब पाँच हजार रुपया धरम कराइ दिया। ब्राह्मणाँ के लार गरीब लोकाँ कूँ राजा के धरम वास्ते राजा सारी वस्तुवाँ पाछा राज दे दिया। आप रोहलसाहब एक वस्तु भी नहीं ली। पीछै रोहलसाहब सिंध की तरफ तैयार करी। तब राजा विजयसिंहजी असवारी कर बालोतरा लगै भेड़ा[80] आया। पीछै सीख[81] लेकर पाछा गढ्य दाखिल हुवा। पीछे रोहलसाहब उमरकोट के पासै बहीर[82] हुआ।
॥ इति वार्ता रोहलसाहब की संपूर्ण होई सैर जोधपुर का करके पाछे पधार्‍या ॥

॥ इति अगम-वार्ता रोहलसाहब की संपूर्ण समाप्त ॥

टिप्पणियाँ

प्रारंभ में 18 छंद हैं। उनका अर्थ उनके साथ दे दिया है। शेष गद्य है। गद्य में जहाँ-जहाँ टिप्पणी की आवश्यकता है, वहाँ-वहाँ लिखी हैं।

1. सेली : नाथपंथी साधुओं द्वारा ऊन से निर्मित काला धागा जिसको वे गले में धारण करते हैं। 2. सींगी : शृंगी, सीटी। पोले सींग से निर्मित शृंगी अथवा सीटी को उक्त काले ऊनी धागे में पो कर रखते हैं जो नाद करने में काम आती है। 3. सतसटी : इसका अर्थ हमको स्पष्ट नहीं। हो सकता है, सतसटी, अधारी का समानार्थक शब्द हो। अधारी लकड़ी की बनी वह आश्रय होती है जो अंग्रेजी के 'टी' के आकार की होती है जिसका सहारा योगी ध्यान के समय लेता है जिससे रीढ़ की हड्डी सीधी रहती है। 4. पूनम : रोहलसाहब ने अपना जन्मदिन पूर्णिमा तिथि व वार सोम बताया है। इसमें मास व वर्ष का कोई उल्लेख नहीं है। हमने रोहलसाहब का जन्मवर्ष सन् 1726 ईस्वी सिद्ध किया है। 5. नव तत : स्थूल, सूक्ष्म व कारण तीन प्रकार की देह मानी गई है। सूक्ष्म देह को कई संतों ने नवतत्त्वात्मक मानी है। यही भोग-देह तथा लिंग-देह मानी गई है। सांख्यादि-दर्शनशास्त्र सूक्ष्म-देह को सत्रह तत्त्वात्मक मानते हैं। पाँच ज्ञानेन्द्रिय, पाँच कर्मेन्द्रिय, पाँच प्राण, मन और बुद्धि ये सत्रह तत्त्व हैं। संतों के मत में लिंग-देह के नौ तत्त्व हैं—श्रोत्र, त्वक, चक्षु, जिह्वा, घ्राण, मन, बुद्धि, चित्त व अहंकार। 6. दासकबीर : रोहलसाहब कहते हैं- कबीरसाहब भी काल द्वारा पकड़-कर ले जाये गये। इसका तात्पर्य यह नहीं है कि कबीरसाहब महान् मुक्तात्मा नहीं थे। वस्तुतः शरीर नाशवान है और कबीरसाहब की भी देह विनाश को प्राप्त हुई। 7.

साधुओ! मैंने अनुभव-नगरी बसाई है जिसमें से न कोई आता है और न जिसमें जाता है ॥थल॥ वहाँ न योगी की युक्ति और न योग की धारा है। वहाँ भजन रूपी कमाई भी नहीं। न ज्ञान-ध्यान है, न अजपा-जाप है। वहाँ कोई वस्तु भी देखने में नहीं आती ॥1॥ वहाँ न कोई शब्द-साखी है और न वहाँ कोई ओऽहं व सोऽहं में चित्तवृत्ति लगाता है। जीव व शीव नहीं, ब्रह्म-चेतन नहीं। वहाँ खैंचातानी मिट जाती है ॥2॥ वहाँ भूमि, आकाश, पवन, जल, अग्नि, सूर्य, चन्द्रमा व शीतलता कुछ भी नहीं है। न रात्रि-दिवस है, न नौ लाख तारे हैं। धूप-छायाँ भी वहाँ नहीं ॥3॥ वहाँ रज-वीर्य नहीं, पाँचों तत्त्व भी नहीं, अर्ध भी नहीं है, अणधरराय नहीं है। चौदह लोक, इकीस ब्रह्मांड व नाद-विन्दु भी वहाँ नहीं हैं ॥4॥ कर्त्ता, ब्रह्मा, विष्णु, महेश व गणेश इन पाँचों का निवास-स्थान प्रपंच में है; ये यहीं रहकर अनुभव-नगरी को पाने को व्याकुल होते हैं और इन्होंने खोजने में ही पूरी आयु व्यतीत कर दी (भारत में शैव, वैष्णव, शाक्त, वैष्णव व सौर कुल पाँच पद्धतियाँ हैं। रोहलसाहब इनकी ही चर्चा यहाँ कर रहे हैं किन्तु उन्होंने नाम भिन्न व अधूरे लिखे हैं।) ॥5॥ दस दिग्पाल, सप्त ऋषि, नौ नाथ, अट्‌ठासी हजार शौनकादि ऋषि भी वहाँ नहीं, ये सब यहीं फना=मरते हैं। कूर्म, शेष, कच्छप (कुंजर=हाथी) भी मरणाधर्मा हैं। ये खोज करते-करते ही मर जायेंगे ॥6॥ वहाँ सात सागर व नौ सौ नदियाँ नहीं हैं। वहाँ अधरखंड भी उभार को प्राप्त नहीं होता। वहाँ वज्र, चार सालिम, सिलहा नहीं हैं। जल में ज्योति के दर्शन भी नहीं होते ॥7॥ नर्क, स्वर्ग, वैकुंठ भी नहीं हैं। ये तो भ्रम व भूल रूप हैं। तेतीस करोड़ देवासुर नहीं हैं। इन सभी टोटकों को माया ने बनाया है ॥8॥ ज्योति-स्वरूप निरंजन-निराकार है, जिसने लोकों को ठहराया=स्थिर किया है। मेरी सहस्र नाम की कोई नामावली नहीं है। न दुविधा है, न दुर्मति है ॥9॥ पर्वत, मेरु, सुमेरु नहीं हैं। इक्कीस ब्रह्मांड भी नहीं। चार पुरुष, चार वीर भी नहीं हैं ॥10॥ विराट् नहीं, मूर्त अथवा अमूर्त भी नहीं। वह तेज व वायु भी नहीं कहाता। इच्छा स्वरूपी आदि-माया भी वहाँ नहीं है और नाहीं अंडे (व्यष्टि) की रचना वहाँ होती है ॥11॥ वहाँ हद, बेहद दोनों नहीं हैं। स्त्री अथवा पुरुष का लिंग-भेद भी नहीं। वहाँ न उत्पत्ति, न भोग और न संयोग है। वहाँ न कोई जन्मता और न मरता है ॥12॥ आपा युक्त इधर वाले उधर नहीं पहुँचते। आपा मन की कल्पना है। अनुभव-नगरी में केवल गुरु-ज्ञान के अनुभव से पहुँचता है और वहाँ जाकर बिना जिह्वा के गुण गाता है ॥13॥ सुरति और निरति को एकाग्र करके दोनों नेत्रों को ऊँचा करके जो देखता है, उसको अधर स्वरूपी झाँई (प्रकाश) जैसा दिखता है और सारा जगत् मिथ्या मालूम होता है॥ 14॥ जागृत, स्वप्न व सुषुप्ति तथा चौथा पद तुरीय भी नहीं है। सोलह हंस नहीं हैं, अविनाशी भी नहीं है। सोलह मुकामों की बात भी मूर्खता है ॥15॥ मानसरोवर व उसमें के मोती नहीं हैं। ना ही हंस मोतियों को चुगने का काम करता है। अक्षय-मंडल में महल-झरोखे नहीं और न ही वहाँ श्वेत की शैया बिछी है ॥16॥ सात शून्यों के ऊपर श्वेत शून्य कही जाती है। मैंने तो उसको भी

गेड़ (लकड़ी का डंडा, सोठा) से गुड़का दिया है। इसके आगे असंख्य शून्य हैं जहाँ पर एक शून्य ठहरती है ॥17॥ रोहल कहते हैं- साहिब सभी का स्वामी है। देखते ही सभी उड़ जाते हैं। मेरा देश अविचल है। उसके बारे में क्या कहूँ; कुछ कहते नहीं बनता ॥18॥25॥

पिंड ब्रह्मँड की खोज बिन भाई, साहब की दरगा न पावेगा।
लाख सयाणप करौ चतुराई, हुनर हजार हलावेगा ॥थल॥
पूरे गुरु का दामन पकड़ै, चरनै सीस चढावेगा।
मेहर मौज गुराँ की पावै, ऐसी लगन लगावेगा ॥1॥
सार सब्द मूँ काया पलटै, सहजे धुंन लगावेगा।
दीपक ले मंदिर में आवै, तो खेल अजीब दरसावेगा ॥2॥
चक्कर खोज कला कूँ समझै, अपना हंस उडावेगा।
सुगम छोड अगम घर उलटै, तो अमर ठिकाना पावेगा ॥3॥
पकड़ै डोरी करै निसाणा, सूधी राह चलावेगा।
सात अकास की प्रोल उघाड़ै, जड़ कोतल घोर कुदावेगा ॥4॥
अविचल धाम अविगत सूँ आगै, ऊहाँ जाइ समावेगा।
रोहल खोज मिटै जद सारी, पीछै आवै नहिं जावेगा ॥5॥26॥

हे भाई! पिण्ड-ब्रह्मांड की खोज किये बिना साहिब की दरगाह प्राप्त नहीं हो सकती, चाहे लाखों प्रकार से बुद्धिमानी, चतुराई करो, चाहे हजारों प्रकार के इल्म करो ॥थल॥ जो पूरे गुरु का पल्ला पकड़ता है, उनके चरणों में शीश को चढ़ाता है, वही गुरु की कृपा और प्रसन्नता प्राप्त करेगा। इस प्रकार की लगन लगायेगा ॥1॥ सार शब्द से काया पलट जाती है और सहज में ध्वनि लगेगी। दीपक को लेकर मंदिर में आने से अजीब=आश्चर्यमय खेल का दर्शन होगा ॥2॥ चक्रों (षड्चक्रों) को जानकर कला को समझे तब ही अपने हंस को ऊँचा उठा सकेगा। सुगम को छोड़कर अगम देश की ओर बढ़े तो अमरता रूपी ठिकाना प्राप्त करेगा ॥3॥ डोर को पकड़ कर निशाने पर मार करेगा तब ही सीधी राह पर चलेगा, सात आकाशों का द्वार खोलेगा, और कोतल (राजा का घोड़ा, बिना सज्जित घोड़ा), घोड़े को आगे प्रवेश कराएगा ॥4॥ अविचल धाम, अविगत से भी आगे है, वहाँ जाकर समरस होगा। रोहल कहते हैं, जब सारी खोज पूरी हो जायेगी, तब न वापिस आयेगा, न जायेगा ॥5॥26॥

अमर पुरुष के मारग हालणा।
अगम के देस समावणा, गगन मंडल के मारग चालणा ॥थल॥
सबद सरूप मँह निज काया राखी, सहजे प्रेम लगाया।
मन कूँ फोड़ पटक महिं दीया, द्वारा बूंद हलाया ॥1॥

तीजाँ चौथाँ जब भयो बलवंता, बज्जर प्रोल उघाड़ी।
सूखम सेज पवन की कोठी, पकड़ अकास उडारी ॥2॥
मैं पंछी का सुध मारग लीया, धार मूँ तार मिलाई।
लांबी डोर ज्यूँ हाथ सूँ छूटी, गुड़ी गगन पर उड़ाई ॥3॥
फोड़ इकीस ब्रह्मंड फिर ऊपर जोया, अजब को देस दरसाणा।
अणघड़ देव उहाँ अविनासी का डेरा, हंसा का लोक लखाणा ॥4॥
अखै मंडल झरा चौमुख झरोखा, बैठा अविनासी राजा।
अखंडी जोति जगी उस आगै, गैबी बाजै बाजा ॥5॥
सतगुरु साहब के प्रताप से, भया अमरलोक मँह वासी।
रोहल राह अगम का जान्या, निर्भय नगर विलासी ॥6॥27॥

अमर-पुरुष के मार्ग पर चलना है। अगम-देश में समाहित होना है, गगन मंडल के रास्ते पर चलना है ॥थल॥ शरीर को शब्द के स्वरूप में रखा और सहज प्रेम किया। मन को निष्क्रिय करके जमीन पर पटक दिया, (पछाड़ दिया) द्वारों को रोक-कर (इंन्द्रियाँ, जिनसे भोग भोगे जाते हैं, ही द्वार हैं) मन को हिला डाला ॥1॥ तीसरे तथा चौथे चढ़ाव पर (सीढ़ी पर) जब बलवान होता है यात्री, तब न खुलने वाले वज्र-द्वार को भी खोल देता है। सूक्ष्म शैया व पवन की कोठी है, इनको पकड़-कर आकाश में उड़ायी ॥2॥ मैंने पक्षी का सही मार्ग पकड़ लिया और धार में तार को मिलाया। लंबी डोर की तरह हाथ में से छूटी तो पतंग आकाश में उड़ने लगी ॥3॥ इक्कीस ब्रह्मांडों को पार करके जब ऊपर देखा, तब अजब के देश का दर्शन हुआ। अणघड़ (जिसको कोई बनाता नहीं, जो स्वयंभू हो) देव अविनाशी का वहाँ निवास हैं, वह हंसों का देश है जिसका दर्शन हुआ ॥4॥ अक्षय मंडल जिसमें झरा=सरोवर व चौमुखा झरोखा है, वहाँ अविनाशी राजा विराजता है। उसके समक्ष अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित है और गुप्त बाजे बजते हैं ॥5॥ सद्‌गुरु साहिब के प्रताप से मैं अमर-लोक का निवासी बन गया। रोहल ने अगम का राह जाना और अब निर्भय नगर का विलासी है ॥6॥27॥

हम हूँ साहब सर्व के मालिक, खालिक खलकणहारा।
जात अजात तौं न्यारा खेलूँ, ऐसा सरूप हमारा ॥थल॥
मेरा अवगत सूँ इजहार, नाहीं कोइ रूप अकारा।
ओहि अरूप किसी ने नहिं पाया, भूला देखि पसारा ॥1॥
चौदह लोक इकीसों ब्रह्मंड, एहि तो बन्या विस्तारा।
घड़िया घाट कूँ सत कर मान्या, अवघट लगी रुणकारा ॥2॥
मेरा सरूप अविगत नहिं जानै, भूल गया जग सारा।
सारा संसार है काल का चारा, पकड़ करंत अहारा ॥3॥

जिसने हमारा वचन गह लीया, कर चाल्या खोजनकारा।
नकल कूँ छोड असल घर पावै, उतरै भव जल पारा ॥4॥
भव मिटाइ निर्भइ होइ रहिया, तजी मोह की धारा।
रोहल रहता सदा सुख माहीं, जे कोइ जानै विचारा ॥5॥28॥

सर्व का स्वामी, मैं साहिब हूँ। संसार नष्ट होने वाला है। मेरा ऐसा स्वरूप है कि मैं जाति, अजाति का बिना विचार किये सभी से समान व्यवहार करता हूँ ॥थल॥ मेरा अविगत के नाम से इजहार (प्रकाशन) होता है। मेरा कोई रूप व आकार नहीं है। इसी अरूप को किसी ने नहीं पाया प्रत्युत् संसार वाले सभी (माया के विस्तार) को देखकर भ्रमित हो जाते हैं ॥1॥ चौदह लोक व इकीसों ब्रह्मांडों का इसीसे विस्तार हुआ है। संसारियों ने बने हुए संसार को सत्य करके मान लिया है जबकि अवघट (जो माया-जन्य नहीं है) के प्रति रुणकार (प्रीति) नहीं लगायी है ॥2॥ मेरा स्वरूप अविगत है, उसको जानते नहीं, इस प्रकार सारा जगत ही अविगत रूप मुझको भूल गया है। सारा संसार काल का खाद्य है। काल पकड़कर खा जाता है ॥3॥ जिसने मेरा वचन मान लिया तथा जो खोजने को उद्यत हो गया, वे नकली संसार को छोड़कर असली मेरे घर को प्राप्त करते हैं और संसार सागर को पार कर जाते हैं ॥4॥ मोह की धारा को तजकर संसार को त्यागकर निर्भय होकर रहते हैं। रोहल कहते हैं, ऐसे जो हमारे वचनों को मानने वाले हैं, वे सदैव सुख में रहते है ॥5॥28॥

जिसकी गत मत निर्मल होवै, उसकूँ साहिब कर जाणौ।
त्रिगुण सगुण महिं एक सरीखा, ओहि तो पुरुष पिछाणौ ॥थल॥
सकल सूँ रिलमिल फिरौ जग माहीं, दुविधा मन में न आणौ।
रखौ विचार निरंतर न्यारा, मौज अगम की माणौ ॥1॥
और खोजौ सुद्ध सरूपा, छोड कूड़ किरयाणौ।
अणघड़ अविचल अटल अडोला, वाँ का नाम बखाणौ ॥2॥
पूरा गुरु को भेद जो पायो, बांधी पत पतियाणौ।
रोहल वस्तु गुन मँह जब लाधी, परचौ पाय पिछाणौ ॥3॥29॥

जिसकी गति व मति मलों से रहित, निर्मल हो, उसीको साहिब करके मानो, जानो। निर्गुण व सगुण दोनों ही पक्षों में जो समान हो, उसी को परम-पुरुष परमात्मा जानो ॥थल॥ सभी से मिल-जुलकर जगत में रहो। मन में दुविधा को मत आने दो। सदैव संसार के विचारों से भिन्न विचार रखो और अगम्य के आनंद का लुत्फ उठाओ ॥1॥ कूड़=झूठे किरयाणौ=कर्तृत्त्व (संसार) को त्यागकर शुद्ध स्वरूप की खोज करो। जो अनघड़=किसी द्वारा बनाया न गया है, अविचल है, अटल व अडोल है, उसके नाम का स्मरण करो ॥2॥

मैंने पूर्ण गुरु के भेद को पाकर उनके वचनों पर विश्वास (पत) जमाया जिससे मुझ रोहल ने गुणमयी वस्तु प्राप्त की और साक्षात्कार करके उन का साहचर्य प्राप्त किया, उसको पहचाना ॥3॥29॥

अब क्या डिगूँ मैं अडिग देस पाया। औघट माहीं आकार मिटाया ॥थल॥
सतगुरु साहिब मिलिया मोह पूरा। पुरख प्रवाणी मुख नूर सु पूरा ॥1॥
अंमृत प्याला गुराँ भर दीना। चढी खुमारी अँग अँग भीना ॥2॥
खुल गइ खिड़की मेरा मन पतियाना। जाँ सूँ आया उहाँ उलट समाना ॥3॥
एको हि एक किया है पसारा। रोहल साहब सब सूँ न्यारा ॥4॥30॥

अब मैं कैसे करके विचलित होऊँ, मैंने न डिगने वाला अविचल-देश प्राप्त कर लिया हैं। अवघट (अशरीरी परमात्मा) में शरीर को एकाकार करके अस्तित्त्व मिटा लिया है ॥थल॥ मुझको पूर्ण सद्गुरु साहिब मिले, वे प्रमाणिक पुरुष हैं, उनके मुख पर आत्मसाक्षात्कारजन्य पूर्ण प्रकाश है ॥1॥ गुरुदेव ने अमृत-प्याला भरकर पीने को दिया जिसका मेरे ऊपर नशा चढ़ गया व मेरा अंग-अंग उल्लास से भर गया ॥2॥ सारी खिड़कियाँ (ग्रंथियाँ) खुल गयीं, मन में विश्वास जम गया। जहाँ से आया था, वहीं उल्टा आकर एकरस हो गया ॥3॥ वह अवघट तत्त्व एक ही एक, अकेला है, उसी ने सारा ब्रह्मांड बनाया है। रोहल कहते हैं- साहिब सबसे न्यारा, विलक्षण है ॥4॥30॥

थिर गाँव मेरा थिर नाम हमारा। आपो हि आप रहूँ निरधारा ॥थल॥
नवाँ तताँ के माहीं नहीं मेरी काया। पाँच पचीस नहिं त्रिगुणी माया ॥1॥
कला हमारि सकल के माहीं। हउँ कूँ आधार किसी का नाहीं ॥2॥
सभ कोइ संत मेरा नाम उचारै। हम साधन के साध हमारै ॥3॥
मुझ कूँ तो कोइ मेरा संत जानै। और अंधा लोक नहीं पिछानै ॥4॥
सर्व के माहीं सर्व सूँ न्यारा। कहत रोहल ओ सूप हमारा ॥5॥31॥

मेरा गाँव स्थिर है। मेरा नाम भी स्थिर है। (यहाँ 'थर' 'थरपारकर' देश विदेश का वाचक न होकर 'स्थिरता' का, 'अगम्यदेश' का वाचक है।) मैं स्वयं अपने आप में ही स्थित रहने वाला निराधार (जिसका कोई आधार न हो, किन्तु जो सभी का अधिष्ठान हो) एक, अद्वैत हूँ ॥थल॥ मेरी काया नव-तत्त्वात्मक नहीं है। पाँच तत्त्व, पचीस प्रकृति और त्रिगुणात्मक माया से भी निर्मित नहीं है ॥1॥ मेरी कला (मेरा ही प्रकाश, अंश) सचराचर में है। मेरे लिये, कोई भी, मेरा आधार नहीं है ॥2॥ सभी संत-जन मेरे नाम का उच्चारण करते हैं। मैं साधुओं का व साधु मेरे हैं ॥3॥ मेरे को मेरा कोई संत-जन ही जानता है। उसके अलावा अज्ञानांधकार से ग्रसित अंधे लोग इस सत्य को नहीं जानते। मैं सचराचर में हूँ

तथापि सचराचर से न्यारा हूँ। रोहल कहते हैं- मेरा स्वरूप यही है ॥4॥31॥

ऐसौ अकल कला को खेल है।
साधौ ए तो रूप अरूप को मेल है ॥थल॥
रूप है फूरा अरूप समुद्र है, लहर रूप के माहीं।
लहर समुद्र में समुद्र लहर में, लहर समुद्र बिन नाहीं ॥1॥
रूप है पुतली अरूप सोइ नट है, जिसके हाथ मँह डोर।
रात माहिं हलावै भुलावै, परदे भए हैं चोर ॥2॥
ज्यूँ बड कुँवार व्यौहारी सासरे, काढै घूंघट लावै लाज।
आप छिपाइ औराँ कूँ देखै, मुखौं न आवै अवाज ॥3॥
रूप में रोहल अरूप है कुदरत, कुदरत निर्मल नूर।
गुप्ती नूर परगट नूर, आदि अंत भरपूर ॥4॥32॥

अकल=परमात्मा की कला=माया का यह खेल है। साधुओं! यह अरूप परमात्मा व रूपवान संसार का मेल है ॥थल॥ रूप लहर है। अरूप समुद्र है। लहर रूपात्मक है। लहरें समुद्र में हैं। समुद्र लहरों में है। बिना समुद्र के लहरें नहीं होतीं ॥1॥ रूप पुतली (लकड़ी की बनी कठपुतली) है जबकि अरूप नट (सूत्रधार) है जिसके हाथ में कठपुतली को नचाने की डोर होती है। जब रात्री होती है, तब नट कठपुतलियों को हिलाकर दर्शकों को भुलावे में डालता है क्योंकि परदों को चोर बना रखा है ॥2॥ जिस प्रकार बडी बहु ससुराल के व्यवहार में घूंघट (अवगुंठन) मुँह पर लगा कर लज्जा करती है। स्वयं को छिपाती है किन्तु स्वयं दूसरों को देखती है। ऐसा करने पर भी उसके मुख से आवाज नहीं आती ॥3॥ रोहल कहते हैं- इसी प्रकार कुदरत रूप में अरूप है, कुदरत निर्मल नूर है। गुप्त नूर ही प्रकट नूर है जो आदि-अंत में भरपूर है ॥4॥32॥

साधौ कोइ समझै रमज यूँ जानै।
देखत संत भणण नहिं आवै, ए तो अनुभव मूँ अर्थ पिछानै ॥थल॥
जगत तरंग समँद होइ न्यारा, समँद मूँ तरँग उठावै।
मिट गई तरँग समँद होइ रहिया, पाछै नीर नजर नहिं आवै ॥1॥
ज्यूँ बीज का चांद सुलट सुगम मँह, आपकी कला मँह आवै।
दिन दिन बधता होइ सवाया, पूर्णिमा का घर पावै ॥2॥
ऊगा भान धरणि के ऊपर, नवखंड तेज प्रकासा।
खींच तेज भेला ले जावै, आपहि आप निरासा ॥3॥
कंचन एक अनेक है भूषण, अनंत नाम धराया।

भूषन भांज कंचन कर लीया, अनंत नाम मिटाया ॥4॥
तपस्या करि राजेश्वर होई, तप करि भया नियारा।
कीनी कमाई न्रिफल नहिं जावै, जिसकूँ मानै जग सारा ॥5॥
साँच कहत हूँ कोइ साँचा होवै, सुनै हमारा हेला।
रोहल साहब सकल सूँ न्यारा, आपहि आप अकेला ॥6॥33॥

साधुओ! कोई ही रमज=रुहानी (आत्मिक-अनुभव) को इस प्रकार जानता है। संत आत्मा का अनुभव करते हैं किन्तु वह कहने में नहीं आता। ये तो उसका अर्थ अनुभव करके ही जानते हैं ॥थल॥ जीव तरंग है। ब्रह्म समुद्र है। जब तरंग उठती हैं, तब भिन्न प्रतीत होती हैं, परन्तु तरंगें उठती तो समुद्र में ही हैं। जब तरंग मिट गईं, तब समुद्र मात्र रहता है, पृथक् से नीर नहीं दिखता। जब तक जीव में द्वैत-भाव हैं, तब तक ही भिन्नता मालूम देती है, जब जीवत्व-भाव मिट गया, आत्माकार-स्थिति हो गई, तब केवल आत्मा किंवा ब्रह्म ही शेष रहता है ॥1॥ जैसे दोज का चन्द्रमा सुलटता हुआ, बढ़ता हुआ सुमार्ग में अपनी कला में आता है, अपने पूर्ण स्वरूप की ओर प्रतिदिन बढ़ता है और अंततः पूर्णिमा को अपना पूर्ण घर=पूर्ण स्वरूप पा लेता है, अपनी कला में आ जाता है ॥2॥ पृथिवी पर सूर्योदय होता है, नौ-खंड ब्रह्मांड में प्रकाश होता है। सूर्य का तेजस्वी प्रकाश भेड़ा=अंधकार को नष्ट कर देता है व स्वयं में स्वयं स्थित हो जाता है ॥3॥ कंचन एक है, उससे निर्मित आभूषण अनेक हैं और उनके अनेक नाम रखे जाते हैं। आभूषणों को भंग करके स्वर्ण बना लिया जाता है। उनके जो अनेक नाम रखे गये, वे स्वतः मिट जाते हैं ॥4॥ तपस्या करके राजेश्वर बन जाते हैं, तप करके न्यारे (मोह-माया से) हो जाते हैं। की हुई कमाई निष्फल नहीं जाती, इस बात को सारा जगत् जानता है ॥5॥ मैं सच कहता हूँ। जो कोई सच्चा होगा, वही हमारा हेला (बुलाहट, उपदेश) सुनेगा। रोहल कहते हैं, साहिब समस्त कायिक पदार्थों से न्यारा है। वह आप अकेला, अद्वैत रूप है ॥6॥33॥

साधौ सभ मन का है विस्तारा।
मन की ही उतपत मन की ही परलय, मन हि सकल सूँ न्यारा ॥थल॥
मन हि अकासे मन हि पताले, मन जोड़ा नर नारी।
मन ही राजा मन ही परजा, मन हि बडा अहंकारी ॥1॥
मन ही घाती मन ही पापी, मन बोड़ै मन तारै।
मन हि बिगाड़ै मन हि सुधारै, मन सभ काज सँवारे ॥2॥
मन ही भूला मन ही समझा, मन अग्यानी मन स्याणा।
मन हि गुरुजी मन ही चेला, मन सूँ मनख उलझाणा ॥3॥
मन ही चेतन मन ही साखी, मन आतम ब्रह्म अविनासी।

मन ही मेला मन का खेला, मन अमरलोक का वासी ॥4॥
मन मौजी ऊलट घर आया, आप में आप समाया।
रोहल रूप अरूप सूँ न्यारा, निज नामी नाम कहाया ॥5॥34॥

साधुओ! आपको जो कुछ विस्तार दिखता है, वह सारा का सारा मन का ही विस्तार है। मन के द्वारा उत्पत्ति, मन के द्वारा ही प्रलय है। मन ही सबसे न्यारा है ॥थल॥ मन ही आकाश-पाताल है, मन के ही कारण नारी-पुरुष का जोड़ा है। मन ही राजा व प्रजा है। मन बडा अहंकारी है ॥1॥ मन ही घात करने वाला व पापी है, मन ही डुबोता व तारता है। मन ही बिगाड़ता व सुधारता है तो मन ही समस्त कामों को सँवारने वाला है ॥2॥ मन ही भूलता व मन ही समझता है। मन ही अज्ञानी तो मन ही सयाना है। मन ही गुरु तो मन ही चेला है। मन के कारण ही प्राणी उलझता है ॥3॥ मन ही चेतन तो मन ही साक्षी है, मन ही आत्मा तो मन ही अविनाशी ब्रह्म है। मन ही मिलता है तो मन ही बिछुड़ता है। मन ही अमरलोक का निवासी है ॥4॥ मन ही आनन्दमय है जो उलटकर निज घर में आता है। वह स्वयं में स्वयं ही समरस होता है। रोहल कहते है- रूप, अरूप परमात्मा से न्यारा है। निज नामी ही नाम कहलाता है ॥5॥34॥

चेत सवेरा चलणा राह, बेगि उठ प्राणी मान सलाह ॥थल॥
औघट घाट सूखम गैला, बिन पग पैंडा चलना अकेला।
करत पुकारा सांभल हेला, गाफिल होइ क्यों भयो गुमराह ॥
बेगि उठ प्राणी मान सलाह ॥1॥
तुरत चलण की त्यारी कीजे, घड़ी एक दम ढील न दीजे।
अपना अगम का मारग लीजे, तो पहुँचौ किहिं ठौर ठाह ॥
बेगि उठ प्राणी मान सलाह ॥2॥
जानौ ना दूर रहना ना नेड़ा, कुटुँब कबीला दीसै नहिं तेरा।
करोड़ पुकार्‌यो लेकर भेड़ा, भव सागर का भारी दरियाह ॥
बेगि उठ प्राणी मान सलाह ॥3॥
अब का चूका भव भव भूला, कुबुधि कुमति सँग क्यों नर खेला।
नाम कूँ छोड चौरासी मूँ डोला, हरि बिन कौन तेरा हमराह ॥
बेगि उठ प्राणी मान सलाह ॥4॥
देह मनख तैं अमोलक पाई, भजन किए कुछ होत भलाई।
जान सकै तो जान मेरा भाई, बेर बेर मैं करूँ आगाह ॥
बेगि उठ प्राणी मान सलाह ॥5॥
सार सबद मुँह उलट समाओ, लहर बाहर की मौज मिलाओ।

मृत्युलोक में फिर न आओ, रहत रोहल पीछै बेपरवाह ॥
बेगि उठ प्राणी मान सलाह ॥6॥35॥

ज्ञान रूपी सवेरा हो गया है, जाग, रास्ते पर चलना है, जल्दी उठ, हे प्राणी! मेरी सलाह मान ॥थल॥ रास्ता ऊबड़-खाबड़ और तंग है। बिना पैरों के रास्ते में अकेले चलना है। मैं चिल्लाकर कह रहा हूँ, मेरा हेला (बुलावा, उपदेश, सलाह) सुन। गफलत में पड़कर क्यों गुमराह हो रहा है। हे प्राणी! जल्दी उठ खड़ा हो, मेरी सलाह को मान ले ॥1॥ तुरन्त चलने की तैयारी कर। एक घड़ी तक श्वास लेने की प्रतिक्षा भी मत कर। अपने अगम-धाम का मार्ग पकड़, तब ही जाकर तू कहीं ठौर-ठिकाने पहुँचेगा। हे प्राणी! मेरा परामर्श मान ले, हे प्राणी! चलने को उठ खड़ा हो ॥2॥ मृत्यु को दूर मत मान। कुछ भी पास में नहीं रहेगा। कुटुम्ब-कबीला जो दिखता है, वह तेरा नहीं है। साथ में नाव लेकर मैं करोड़ों बार तेरे को पुकार-कर कह चुका कि भव-सागर भारी दरियाव है, इसको पार करना मुश्किल है। मेरी नौका में चढ़ जा। हे प्राणी! मेरा परामर्श मान ले, शीघ्रतापूर्वक उठ खड़ा हो, सावधान हो जा ॥3॥ हे भोले प्राणी! इस बार चूक गया तो बार-बार जन्मेगा, मरेगा। हे मनुष्य! तू क्यों कुबुद्धि व कुमति के संग खेल रहा है। तू भगवन्नाम को छोड़कर चौरासी लाख योनियों में भ्रमण कर रहा है। बिना हरि के तेरा साथी कौन है। हे प्राणी! मेरी सलाह मानकर शीघ्रतापूर्वक चलने को उठ खड़ा हो ॥4॥ तूने मनुष्य की अमूल्य देह प्राप्त की है। भजन करने से ही कुछ न कुछ कल्याण होता है। हे मेरे भाई! तू जान सकता है तो जान ले। मैं बार-बार सावधान कर रहा हूँ- हे प्राणी! मेरी सलाह मानकर शीघ्रतापूर्वक चलने को उठ खड़ा हो ॥5॥ संसार से उलट-कर सार शब्द में समरस हो। बाह्य लहर=आनन्द को भीतरी मौज में मिला ले। तत्पश्चात् मृत्युलोक में नहीं आओगे। रोहल कहते है- तत्पश्चात् निष्फिक्र रहना होता है। हे प्राणी! शीघ्रतापूर्वक उठ खड़ा हो, मेरी सलाह मान ले ॥6॥35॥

सकल अवतार को एक ही मूल है, साहिब सकल सूँ न्यारा।
नवियाँ तुर्क अर हिन्दुवाँ अवतार, ए तो बन्या पसारा ॥थल॥
सवा लाख नवी है तुरकाँ के माहीं, हिन्दुवाँ चौबीस अवतारा।
चार किताब में तुरक अलूधा, चार वेद हिन्दू वारा ॥1॥
मुसलाँ करत निमाजा रोजा, जिकर फिकर ब्यौहारा।
मका मदीना करि करि मरि गए, जन्म गँवाया सारा ॥2॥
व्रत अग्यारस हिन्दवाँ रखता, एकादसी अहारा।
अड़सठ तीरथ जाइ जाइ भटक्या, जाना नहीं विचारा ॥3॥
सुंनत करके तुरक कहाया, बात करत बेकारा।
हिन्दवाँ घाट कन्दूर जनेवा, तिलक ललाट लगारा ॥4॥

हिन्दवाँ पूजै पत्थर पाणी, देवी देव दुवारा।
मुसला हाड कबर का पूजै, देवै दरुद शुकारा ॥5॥
हिँदवा तुर्क दोनूँ घर भूला, बांध्या नहिं पतियारा।
जुग चार हि दावा में खोया, सड़ि सड़ि मुए नकारा ॥6॥
संत फकीर है वाँ सूँ न्यारा, खेलै खेल खेलारा।
रोहल रमज समझ सुख पावै, ऐसा नर कोई सचियारा ॥7॥36॥

समस्त अवतारों का मूल एक साहिब है जो सबसे न्यारा है। तुर्कों के नवी और हिन्दुओं के अवतारये तो उस एक के मात्र विस्तार हैं ॥थल॥ तुर्कों के यहाँ सवा लाख नवी माने जाते हैं। हिन्दुओं में चौबीस अवतारों की मान्यता है। तुर्क चार किताबों में उलझे हैं, हिन्दू चार वेदों वाले हैं ॥1॥ मुसलमान नमाज पढ़ते व रोजा रखते हैं। अल्लाह का जिक्र=स्मरण, फिक्र= मनन करने का व्यवहार करते हैं। मक्का-मदीना की हज=यात्रा कर-करके मर गये और इस प्रकार सारा जन्म बर्बाद कर दिया ॥2॥ हिन्दू एकादशी का व्रत रखते हैं। एकादशी को निराहार रहते हैं। अड़सठ तीर्थों में जा-जाकर भटकते हैं किन्तु साहिब का यथार्थ विचार नहीं जाना ॥3॥ सुन्नत कराकर तुर्क कहलाते हैं। बेकार की बातें करते हैं। हिन्दू शरीर पर कन्दूर=भगवा वस्त्र व यज्ञोपवीत धारण करते व ललाट पर तिलक लगाते हैं ॥4॥ हिन्दू मूर्ति व तीर्थों की पूजा करते हैं। देवी-देवों के द्वारों पर जाते हैं। मुसलमान कबरों में दबे हाडों को पूजते हैं और दरुद पढ़कर शुक्रिया देते हैं ॥5॥ यथार्थ में हिन्दू तथा तुर्क दोनों ही निज-घर को भूल गये हैं। किसी ने भी साहिब के प्रति विश्वास स्थिर नहीं किया। चारों युग दावा करने में ही खो गये और सड़-सड़कर नाकारा हो गये॥ 6॥ संत फकीर उनसे विलक्षण हैं। खिलाड़ी बनकर खेल खेलते हैं। रोहल कहते हैं- रमज=रहस्यानुभूति, आत्मानुभूति करके सुख पाते हैं, ऐसा कोई ही सच्चा प्राणी होता है ॥7॥36॥

हम बाजीगर बाजी खेलूँ, कोइ वेखै नर सचियारा।
नट बाजीगर नाम हमारा, अधर खेलै न्यारा ॥थल॥
सातवें पयाल निसान उपाया, दहुँ दिसि मँड्या पसारा।
अनहद ढोल बाजे नौ खँड ऊपर, लागि रह्या झंकारा ॥1॥
रचिया राज पाँच नौ पसर्या, उतपत बन्या आकारा।
ब्रह्मा विष्णु सिव पांडे रमता, नाच करै सक्ति जगत बजारा ॥2॥
पाच पचीस सभै जग मोह्या, ताँ लागा ततकारा।
मूरख देखत माहिं अलूधा, बिरला जानि विचारा ॥3॥
टुक एक जंत्र मंत्र वचन सिद्धाई, बनिया दस अवतारा।
ऐसे हलाइ जगत कूँ चलिया, ओ भी नहिं करतारा ॥4॥

बारह बहोतर पंथ कहीजे, एही ओला व्योहारा।
पखापखी करि बाण्या बांध्या, पाया जनम दुवारा ॥5॥
निर्गुण नाम सकल सूँ न्यारा, निरपख रहै निरधारा।
निराधार आधार न राखै, सोइ है सिरजणहारा ॥6॥
साँच कहूँ मैं हेला साँचा, सुनै कोइ साधु पुकारा।
कहत रोहल मेरा खोज विचारै, तो पावै खेल अपारा ॥7॥37॥

मैं बाजीगर हूँ, खेल खेलता हूँ। कोई सत्य को जानने वाला नर उसको देखता, जानता है। मेरा नाम बाजीगर नट है जो अधर, न्यारा होकर खेलता है। अर्थात् खेल रूपी सृष्टि में लिपता नहीं है। दृष्टा मात्र है ॥थल॥ मैंने सातवें आसमान पर निशान रोपा है, दसों दिशाओं में ब्रह्मांड का पसारा=प्रसार कर रखा है। नौवें खंड के ऊपर अनहद नाद का ढोल बजता है और अनवरत् झंकार, ध्वनि होती है ॥1॥ मैंने अपना राज स्थापित किया है। पाँच महाभूत, नौ सूक्ष्म-तत्त्व का प्रसार किया जिससे उत्पत्ति होकर आकार, स्थूल आकार बना। ब्रह्मा, विष्णु व ब्रह्मा नामक पुरोहित रम रहे हैं और महाशक्ति बाजार में नाच नाचती है ॥2॥ पाँच-पचीसात्मक समस्त जगत मोहित हो गया जिनके ऊपर शक्ति के ततकारे का प्रभाव हो गया। मूर्ख लोग देखते ही उस नाच में भीतर-भीतर उलझ गये। कोई बिरला होता है जो इसको विचारपूर्वक जानता है कि यह है क्या ॥3॥ थोड़ा-बहुत यंत्र, मंत्र, वचनों की सिद्धाई के साथ दस अवतार बने हैं। इस प्रकार ये समस्त जगत् को चलाकर जगत से चले जाते हैं। वास्तविक कर्तार=साहिब ये भी नहीं हैं ॥4॥ बारह-पंथ व बहत्तर-पाखंड कहे जाते हैं। ये सभी जागतिक व्यवहार मात्र हैं। पक्षपात-मय बनाव बना रखे हैं जिनके कारण पुनः-पुनः जन्म लेते हैं (मुक्ति प्राप्त नहीं करते) ॥5॥ निर्गुण-नाम सबसे विलक्षण है जो पक्षहीन व निराधार रहता है। निर्गुण-नाम निराधार है अर्थात् उसका कोई दूसरा आधार नहीं, प्रत्युत् वही सबका आधार है। वास्तव में यही सृजनहार साहिब है ॥6॥ मैं सत्य कहता हूँ, मेरा उपदेश सच्चा है। जो कोई साधु हैं, वे मेरी पुकार को सुनो। रोहल कहते हैं- जो मेरी खोज करने को विचारता=उद्यत होता है, वही मेरे खेल को पाता है ॥7॥37॥

कोइ ऐसा साहब का साधू है, जो खेलै उन्मन सहज समाधी है ॥थल॥
सत सबदाँ की डोरी पकड़ै, निसदिन धुनि मँह लागै।
पाँच पचीसी भार हटावै, आसा तृष्णा त्यागै ॥1॥
अर्ध उर्ध का करौ निवेरा, पूरा राखौ प्राणा।
काया खोज होवै जद न्यारा, तो पीछै निरवाणा ॥2॥
पिंड ब्रह्मंड का अंडा फूटा, पावै अमर लोक का धाम।
अडिग अविचल देस कहीजे, उहाँ हंस लेवै विसराम ॥3॥

आवै न जावै मरै न जनमें, उतपति परलय नाहिं।
संत साहब का करत विलासा, इन असथानाँ माहिं ॥4॥
आकार हि बुदबुदा ज्यूँ जल के माहीं, त्यूँ इन घर अकल दरियाह।
आप हि उपजै आप हि विनसै, कैत यूँ रोहल साह ॥5॥38॥

साहिब का कोई ही ऐसा साधु होता है जो उन्मनी सहज समाधि में खेलता, निमग्न रहता है ॥थल॥ सत्य-शब्द की डोरी पकड़कर निशि-दिन उसी की ध्वनि में लगता है। पाँच व पचीस का भर हटाकर आशा व तृष्णा को त्याग देता है ॥1॥ ऊपर-नीचे का (प्राण व अपान को एक करके) निपटारा करके दोनों को एक प्राण के रूप में रखो। जब काया का अस्तित्त्व अलग हो जाता है, उसके उपरान्त ही निर्वाण की स्थिति बनती है ॥2॥ पिंड व ब्रह्मांड रूपी अंडे के फूटने पर ही अमरलोक-धाम की प्राप्ति होती है। वह अडिग, अविचल देश कहा जाता है। वहीं हंस विश्राम पाता है ॥3॥ उस अडिग, अविचल देश में न आता, न जाता है। न मरता, न जन्मता है। वहाँ उत्पत्ति व प्रलय भी नहीं है। संत, साहिब का विलास करता है, इन स्थानों में ॥4॥ जैसे जल में जल का बुदबुदा आकारवान होता है, वैसे ही इनके घर में (अडिग, अविचल के घर में) अकल (न कलने वाला) दरियाव है। आप स्वयं ही उपजता व आप स्वयं ही विनशता है, ऐसा रोहलशाह कहता है ॥5॥38॥

साधौ नगर हमारा न्यारा।
और लोक सब ऊरा रह गया, परसै कोइ हंस प्यारा ॥थल॥
आदि पुरुष सिव विष्णू ब्रह्मा, इन चारों का विसतारा।
चौदह लोक इकीसों ब्रह्मँड, ये ही भेद पसारा ॥1॥
धर्मराइ है सभ का राजा, ले जीव नरक में डारा।
अखै वृछ मूँ अवतार उपना, वैकुँठ माहीं करत गुजारा ॥2॥
इछा सरूपी आदी माया, ओ भी चलत करत चौधारा।
बडे बडे औ सुर नर मुनिजन, अंतै छल छल मार्या ॥3॥
तेतीस करोड़ देव स्वर्ग में बैठा, नखत्र नौ लख तारा।
कलंक लगाया ले गौतम चांद कूँ, सूरवीर गिरनारा ॥4॥
सहस ऊपर पाँच नाम ठहराया, तीन अंड माहिं दोइ भारा।
अजर अजोनी चन्द्र सत सुकृत ध्यावै, यूँ नहिं उतरै पारा ॥5॥
सत्रह खंड पर चार धाम है, जिस पर जम का द्वारा।
एक निरंजन चार सिकारी, बाजै काल नगारा ॥6॥
इस पद अतीत नहिं मानै परवाना, किसी का न चलै सारा।
ररंकार अवगत पर उलट्या, हंस वाँ का संधारा ॥7॥

काल डाढ सूँ कोइ न छूटै, किमि जीवन का निस्तारा।
सागी नाम मेरा ले सुमरौ, और नाम थकवारा ॥8॥
कोटि उपाइ करै बहु कीता, समझै नहिं संसारा।
अभय अविनासी अघ नासी नहिं पूगै, पुजसे कोइ हंस सचारा ॥9॥
मानसरोवर मँह हंस विराजै, करै अंमृत भोजन अहारा।
मानख मँह हंस उहाँ सूँ आवै, काया में करत सँचारा ॥10॥
सत्त सबद सूँ सृष्टी उपनी, उतपत का आचारा।
ऐसे वचन सूँ उहाँ न पूगै, जिस मूँ बन्या आकारा ॥11॥
निज नाम हमारा सार सबद है, अजर जरै अंतर झारा।
उसकी डोर अमर लोक माहीं, मेरे सूप मझारा ॥12॥
पाँच क्रोड़ सुन सार के आगै, निहसुन धाम निहारा।
राखै ध्यान विचार विवेकी, कर लीजे उद्यम करारा ॥13॥
पाँच करोड़ सुंन के आगै, धाम गंगे भणकारा।
पाँच करोड़ सुंन के ऊपर, धाम अदीठ धणकारा ॥14॥
पाँच करोड़ सुंन जिसके आगै, अंमृत धाम की धारा।
पाँच करोड़ सुंन ऊपर सुन है, सुगंधी धाम फुहारा ॥15॥
पाँच करोड़ सुंन पर सुन कहिजे, उनमुन धाम दीदारा।
पाँच करोड़ सुंन पर धाम अचरंगी, अचरंग आवै अपारा ॥16॥
पाँच करोड़ सुंन पर सुन सुख की, मौजी धाम मल्हारा।
और करोड़ पाँच सुन्य के ऊपर, प्रतिबिंब धाम पतियारा ॥17॥
पाँच करोड़ सुंन पर धाम उजासी, जाणै कोइ जाणणहारा।
पाँच करोड़ सुंन आगल सुन है, धाम उजवाल उजारा ॥18॥
पाँच करोड़ सुंन उनके ऊपर, झगमग धाम निरवारा।
पाँच करोड़ सुंन पर महा चांदणौ, रोहल साहब निरधारा ॥19॥39॥

साधुओ! हमारा नगर न्यारा है। अन्य लोक तो इधर ही रह गये, हमारे परली ओर के नगर को कोई प्यारा हंस ही प्राप्त करता है ॥थल॥ आदि पुरुष, शिव, विष्णु व ब्रह्मा इन चारों की सहायता से ही यह सारा विस्तार (ब्रह्मांड बना) हुआ है। चौदह लोक व इकीस ब्रह्मांडों का पसारा भी इनका ही का है ॥1॥ धर्मराज सभी का राजा है जो बुरे कर्म करने वालों को नरक में डालता है। अक्षय वृक्ष में से अवतार उत्पन्न हुआ और वैकुंठ में अपना गुजर-बसर करता है ॥2॥ आदि माया इच्छा स्वरूपी है जो भी चार धार वाले चरित्र करती है। अंत में इसने बडे-बडे देवता, मनुष्य और मुनिजनों को छल-छलकर मारा है ॥3॥ तेतीस

करोड़ देवता स्वर्ग में रहते हैं। नौ लाख नक्षत्र तारे हैं। गोतम ऋषि ने चन्द्रमा को कलंकित किया जो कि शूरवीरों में गिना जाता था ॥4॥ सहस के ऊपर, पाँच नाम निश्चित् किये, तीन में से दो अंडे भारी हैं। अजर अयोनी, चन्द्र, सत् व सुकृत का ध्यान करते हैं किन्तु इस प्रकार भी पार नहीं उतरते ॥5॥ सत्रह खंड पर चार धाम हैं जिस पर यम का ठिकाना है। निरंजन एक है। शिकारी चार हैं। काल का नगारा बजता है ॥6॥ इस पद से अतीत, इस परवाने को नहीं मानता। किसी का भी सारा=वश नहीं चलता। ररंकार अविगत पर उलटा, उसके हंस का संहार किया ॥7॥ काल के डाढों से कोई नहीं बचता, फिर जीवों का तो निस्तार हो ही कैसे? इसलिए मेरे सागी=सामर्थ्यवान नाम को लेकर स्मरण करो, अन्य नाम तो नष्ट होने वाले हैं ॥8॥ करोड़ों उपाय करने के उपरान्त भी संसार वाले समझते नहीं। अभय, अविनाशी, अघनाशी नहीं पहुँचते। कोई सच्चे हंस ही पहुँचते हैं ॥9॥ मानसरोवर में हंस निवास करते हैं और अमृत का भोजन करते हैं। मनुष्य में रहने वाला हंस वहीं से आता है और काया में प्रवेश करता है ॥10॥ सत्य शब्द से सृष्टि की उत्पत्ति हुई, उसी से आचार की उत्पत्ति। ऐसे वचन कहने से वहाँ नहीं पहुँच सकते, जिसमें से आकार बना है ॥11॥ सार शब्द ही मेरा निज नाम है जिससे न जरने योग्य भी जर जाता है और अंतर्हृदय झड़कर शुद्ध हो जाता है। उसकी डोर अमरलोक में मेरे स्वरूप में है ॥12॥ पाँच करोड़ शून्य-सार के आगे निरशून्य धाम है। विचारवान विवेकी ध्यान करते हैं, कठोर उद्यम करके ॥13॥ पाँच करोड़ शून्य के आगे गंगाधाम का प्रकाश है। पाँच करोड़ शून्य के ऊपर अदृष्ट धाम की ध्वनि है ॥14॥ उसके आगे पाँच करोड़ शून्य है जहाँ अमृतधारा का धाम है। पाँच करोड़ शून्य के ऊपर शून्य है जिसमें सुगंधि धाम की फुहारें चलती हैं ॥15॥ पाँच करोड़ शून्य के ऊपर शून्य कही जाती है जहाँ उन्मन-धाम का दीदार होता है। पाँच करोड़ शून्य के ऊपर अचरंगी धाम है जहाँ अपार अचरंग आता है ॥16॥ पाँच करोड़ शून्य के ऊपर सुख-शून्य है जो आनन्दवाला धाम है। और पाँच करोड़ शून्य के ऊपर प्रतिबिम्ब धाम है ॥17॥ पाँच करोड़ शून्य के ऊपर उजाले वाला धाम है जिसको कोई जानने वाला ही जानता है। पाँच करोड़ शून्य के आगे शून्य धाम है जहाँ उज्ज्वल प्रकाश है ॥18॥ पाँच करोड़ शून्य उसके ऊपर है जहाँ जगमगाने वाला विलक्षण धाम है। पाँच करोड़ शून्य के ऊपर महाप्रकाश है जो निराधार रोहलसाहब का निवास है ॥18॥39॥

रे हंसा अमर लोक सुहावणौ, मृत्यु लोक मत वैस।
रे हंसा करै नी पयाणौ, पहुँच तू उलट अगम के देस,
फेर यहाँ नहिं आवणौ ॥थल॥
हंस बगलाँ के देस में आया, जिथे जाण न तेरी पिछाण।
हंस कौन लेवै तेरी पारखा, ए तो अंधौ लोक अजाण ॥1॥

भौ सागर की सीर में, बूडौ जावै संसार।
भजन कियो सेइ ऊतर्या, गोता खावै गँवार ॥2॥
रे हंसा तेरे कुल मूँ कोई नाहीं, ए तो जगत बिराणा होई।
मानसरोवर के मुल्क में तू जा, राज हंसाँ रो है जोई ॥3॥
अखै मँडल अस्थान है वहाँ, हिरम्बर हंस चौधार।
हीरा मोती लाल है, जाँकूँ चुग चुग करत अहार ॥4॥
न्रिभय अघट गढ गाँव है, वहाँ पहुँचे खडे प्रयाण।
बगुला पाछा रे गिर पड़ै, कोइ कोइ हंस चढै निरवाण ॥5॥
उहाँ गयाँ आवै नहीं, अडिग अवीचल धाम।
रोहल कूँ उथ राज है, अधर अगम निज गाम ॥6॥40॥

हे हंस! अमर-लोक सुहावना है। अतः मृत्युलोक में मत रह; हे हंस! तू यहाँ से प्रयाण कर। उलट-कर अगम-देश की ओर चल ताकि यहाँ फिर वापिस नहीं आना पड़े ॥थल॥ हंस, बगुलों के देश में आ गया, जहाँ न तेरी जानकारी है, न कोई पहचान है। हंस! यहाँ तेरे गुणों की पहचान कौन करेगा क्योंकि यह लोक तो अंधा व अज्ञानी है ॥1॥ इस भव-सागर की धारा में सारा संसार डूबा जा रहा है। जिन्होंने भजन किया, वे ही इससे पार हो सके हैं अन्यथा मूर्ख तो गोते ही खाते रहते हैं ॥2॥ हे हंस! तेरे कुल का (तेरा सजातीय) यहाँ कोई नहीं है, यह जगत तो पराया है। मानसरोवर के मुल्क में जा, जहाँ हंसों का राज्य है ॥3॥ वहाँ अक्षय-मंडल स्थान है जहाँ चारों ओर स्वर्ण-पक्ष युक्त हंस हैं। वहाँ हीरा, मोती, लाल हैं जिनको चुग-चुग-कर हंस भोजन करते हैं ॥4॥ वह निर्भय, बिना घट वाला गढ़ व गाँव है। वहाँ खडे (सावधान होकर) प्रयाण करने वाले पहुँचते हैं। बगुले वहाँ से गिर पड़ते हैं। कोई-कोई हंस ही निर्वाण-पद पर चढते हैं ॥5॥ वहाँ जाने पर वापिस नहीं आते। वह अडिग, अविचल धाम है। रोहल का वहाँ राज्य है जो कि अधर व अगम्य निज गाँव है ॥6॥40॥

लागी प्रीति पियाजी सूँ, और बात सभ भूली।
अंत को खोज कह्यो नहिं जावै, सेज बनी पर सूली ॥थल॥
दुनिया हमारा दर्द न जानै, बेदरदी क्या बूझै रे।
लागौ घाव जिनके घट माहीं, पीड़ उसी कूँ सूझै रे ॥1॥
विरह विराग दिल भीतर जाग्यो, ऐसी लगन लगाई रे।
भूल गयो है तन मन मेरौ, जिंह दी खबर न काई रे ॥2॥
कौन हुआ है हम कूँ हेर्यो, गैब के माहिं गलताना।
देख्यू देख देखन में न आवै, होइ रह्या हैराना ॥3॥

जग जंजाल गयो मिट मेरौ, रही न कुल की आसा।
एकोएक नाम की है आसा, रोहल रहत पियासा ॥4॥41॥

प्रियतम से प्रीति लग गई, अन्य सभी बातें मैं भूल चुकी हूँ। उसके अंत की खोज के बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता। शूली पर सेज बनी है ॥थल॥ दुनिया वाले मेरे दर्द को नहीं जानते। बेदर्दी हमारी पीड़ा को क्या जानें। जिसके शरीर में घाव होता है, पीड़ा का अनुभव उसी को होता है ॥1॥ विरह और वैराग्य दिल के भीतर जागृत हो गये हैं, दिल में ऐसी लगन लग गई है कि मेरा तन व मन भी भूल में पड़ गया है जिसकी अब कोई खबर तक नहीं है ॥2॥ ऐसा कौन है, जो मेरे को ढूंढे। मैं तो आत्माकार स्थिति में निमग्न हूँ। देख कर देखा, किन्तु देखने में आता नहीं, हैरान हो रहा हूँ ॥3॥ मेरा जगत जंजाल मिट गया है और कुल की कोई आशा शेष नहीं रही है। मात्र एक नाम की ही आशा है, रोहल उसके लिए प्यासा रहता है ॥4॥41॥

साधौ चेतन राजा राज कमावै, जाँ की प्रजा बहुत सुख पावै ॥थल॥
महल चौबारा अजब झरोका, चेतन तख्त विराजै।
राम नाम का निसान उपाया, गैबी बाजा बाजै ॥1॥
दया धरम दोइ प्रौली बैठा, जप तप फरास दोई।
आव भाव दोइ खास हजूरी, सुरति निरति पास होई ॥2॥
सील संतोष प्रेम विवेका, पाँचवाँ हमराह विचारा।
ग्यान ध्यान दोइ माँह हाजरी, आठ पहर इकसारा ॥3॥
जत सत दोई देस दिवान, पूरी अकल हलावै।
दृढ सिंघासण छत्र झिणाका, खम्या चमर दुलावै ॥4॥
चकवै राज भया है निरभय, दहुँ दिसि फिरी दुहाई।
रोहल राव रंक सुखी प्रजा, जद लागै छाप सवाई ॥5॥42॥

साधुओ! जहाँ चैतन्य नामक राजा राज्य करता है, उसकी प्रजा बहुत ही सुख प्राप्त करती है ॥थल॥ चेतन राजा के महल, चौबारे और झरोखे अजब हैं, और तख्त पर चैतन्य राजा विराजता है। राम-नाम का झंडा लहराता है और वहाँ गुप्त बाजे बजते हैं ॥1॥ पौली (प्रतोली) पर दया और धर्म दोनों बैठे हैं तथा जप व तप दोनों फरास हैं। हाव व भाव दोनों निजी सेवक हैं तथा सुरति व निरति निकट में रहती हैं ॥2॥ शील, संतोष, प्रेम, विवेक एवं पाँचवाँ साथी विचार है। अनवरत् आठों प्रहर ज्ञान व ध्यान दोनों अंदर के निजी सेवक हैं ॥3॥ देश के दीवान जत व सत हैं जो कि पूरी अक्ल से काम करते हैं। दृढ़ता सिंहासन है। छत्र झिणाका? है। क्षमा-भाव का चमर ढुलता है ॥4॥ चक्रवर्ती राज्य निर्भय हो गया

है। दसों दिशाओं में आन फिर गई है। रोहल कहते हैं- राव, रंक सारी प्रजा सुखी है, ऐसा होता है, तब राज्य की सवाई छाप मानी जाती है ॥5॥42॥

अकल कला महिं हरिजन खेलै।
रहै निरासि आस नहिं राखै, धरणि उपर पग पाँय न मेलै ॥थल॥
बिन पग पैंडे सहजे चालै, गवन करत है उलटे गेलै।
जागृत सोवत स्वप्न सुखोपति, एक धुनि लागी साँझ सवेलै ॥1॥
बिना कँठ जिह्वा वचन उचारै, अखर की बात कहै बिन हेलै।
अँखिया बिना अणभूम बतावै, सूरमा वहि वाँ पंथ सुहेलै ॥2॥
बिन मुख अंमृत भोजन खावै, मंछा धापइ दलदर ठेलै।
अनासुरत सूँ रसि या पीवै, अमिय रस प्याला अधर झेलै ॥3॥
सुकृत फूल फूल्यो घट भीतर, रोम रोम जाँकी वासना फेलै।
अलखहि बात लखी गुरु गम सूँ, रोहल सूर कहै निज चेलै ॥4॥43॥

अकल की कला में हरिजन खेलते हैं। वे निर्आशी बनकर रहते हैं। लोक-परलोक की आशा नहीं रखते। भूमि पर पैर नहीं रखते (संसार में लिपायमान नहीं होते) ॥थल॥ बिना पैरों के ही सहज ही मार्ग में चलते हैं। उल्टे-मार्ग में गमन करते हैं (कुण्डलिनी को जागृत-कर सुषुम्ना-मार्ग से ऊपर जाने को ही उल्टा-मार्ग कहा जाता है।) जागते, सोते, सुषुप्ति, स्वप्न अवस्थाओं में सुबह-शाम एक ही ध्वनि लगी रहती है ॥1॥ कंठ और जिह्वा के बिना वचन बोलते हैं। बिना हेला=बोले ही अक्षर ब्रह्म की बात कहते हैं। बिना आँखों के ही अनुभूत-तत्त्व का वर्णन करते हैं। नगारे की आवाज होने पर (सु हेलै) पंथ पर चल पड़े, वही शूरवीर है ॥2॥ बिना मुख के ही अमृत का भोजन खाते हैं। मंशा संतुष्ट होती है, दारिद्र्य पलायन करता है। ये अनासुरत का रस पीते हैं। अमृत-रस के अधर प्याले को झेलते हैं ॥3॥ घट के ही भीतर सुकृत रूपी फूल प्रफुल्लित हो गया, जिसकी सुगंधि रोम-रोम में फैल गयी है। जो अलख तत्त्व था, वह गुरु के उपदेशानुसार प्राप्त ज्ञान से जान लिया और शूरवीर रोहल, निज चेले से कहते हैं ॥4॥43॥

संत जन पास है नाम का बेड़ा।
सुनै कोइ हेला चढ आवै सूरा, अगम लोक मूँ आया तेड़ा ॥थल॥
सत का बेड़ा ले सभ कूँ बुलावै, सिर साँटै ले जावै भेरा।
छोड़ौ संसार है झूठ पसारा, काल क्रोध कुबुधि का घेरा ॥1॥
वचन मान चल्या कोइ पूरा, जम का मिटावै झगड़ा झेरा।
सभ मरजात लोकलाज खोई, होइ निरवाण न राख्या चेरा ॥2॥

सुन्य नखत्र माँह सुरत लगाई, भव जल अमाप अथाह है भेड़ा।
दूत भूत मछ भव सागर का, सतगुरु ठेल गिराया सेड़ा ॥3॥
पैंडे पयाण करत रैणि दिन, जल्द जहाज किया ले नेड़ा।
पुरसलात पार उतार्या, रोहल अमर घाट गम गेड़ा ॥4॥44॥

संतजनों के पास नाम रूपी जहाज है। कोई शूरवीर 'अगम-लोक का बुलावा आया है' आवाज सुनकर आते और चढ़ते हैं ॥थल॥ संत-जन सत्य रूपी जहाज को लेकर बुलाते हैं और सिर के बदले में जहाज को लेकर जाते हैं। कहते हैं- संसार को छोड़ो, यह सारा विस्तार झूठा है। यह संसार काल, क्रोध और कुबुद्धि का घेरा है ॥1॥ कोई पूर्ण साधक संतों के वचनों को अंगीकार करके चलता है और यमराज का झगड़ा-झंझट मिटाता है। समस्त मर्यादा, लोक-लाज खोकर, सांसारिक किसी भी सम्बन्धी से सम्बन्ध न रखकर, निर्वाण होकर जो जहाज पर चढ़ते हैं, उनके यमराज के झगड़े-झंझट संत-जन मिटा देते हैं ॥2॥ शून्य-शिखर में सुरति=चित्त की वृत्ति को संयोजित करते हैं। संसार-सागर का जल अमाप=माप-हीनता व सीमा-हीनता का समूह है। भव-सागर के दूत, भूत, मत्स्य आदिकों को सद्गुरु महाराज ने धक्का देकर दूर गिरा दिया ॥3॥ रात-दिन मार्ग में चलते हैं जिससे जहाज शीघ्र ही अगम-लोक के निकट लग जाता है। सद्गुरु महाराज ने वह पुल भी पार करा दिया, जिसकी चौड़ाई सलाई के समान बिल्कुल पतली है। (पुरसलात, मुस्लिम-धर्म का पारिभाषिक शब्द है।) रोहल कहते हैं- यह अमरधार पाने का रास्ता है ॥4॥44॥

जिस घर सूँ तुम आव्यो, उस घर हंसा जाइ।
संग गुराँ को कर चलौ, पल में देवै पुजाइ ॥
निर्भय नगर माहीं थिर रहौ ॥थल॥
औराँ तो घर औंधा मंडिया, तीन लोक के माहिं।
ब्रह्मा विष्णु शिव पहुँचै नाहीं, चार वेद को गम नाहिं ॥1॥
चौदह लोक में एक लोक है, नौ खंड जगत व्यवहार।
सात दीप नवखंड नहीं, घट मंडल नहिं आकार ॥2॥
सुर आसुर दानव देवता, और सर्व अवतार।
उहाँ तो कोइ पूगा नाहीं, देह धर मुवा केइ बार ॥3॥
चाँद सूरज उहाँ नाहीं, नखतर तारा नौ लाख।
ध्रुवह मंडल मँह उलझिया, मर मिट गया होइ राख ॥4॥
धरमराइ को सभ दँड भरै, पकड़ दूत ले जाइ।
चौदह लोक में जा बसै, अंत चौरासी जाइ ॥5॥
उहाँ ररंकार अवगत नहीं, महल नहीं अटल कोट।

कोइ अविनासी सरूर नहीं, सभ पर जिसकी चोट ॥6॥
सार सब्द निज नाम है, जिसको ल्यो आधार।
असंख सुन ऊपरि धाम है, जिहिं रो भजन करौ इकसार ॥7॥
जहाँ सुरति निरति पहुँचै नहीं, अनासुरति को खेल।
अमर लोक सुहावणौ झरै, किमि करि लीजे गैल ॥8॥
उहाँ तख्त सिंघासण दरबार है, चमर ढुलै चौधार।
हंस केहड़ी सुन कर रह्या, मोख है सरकार ॥9॥
ओही तत्त्व हमारा धाम है, असंख जुगाँ सूँ अग्याध।
रोहल होइ हम आवियो, अंत उधरणा साध ॥10॥45॥

जिस घर से तुम आये हो, हे हंस! उसी घर को जाओ। साथ में गुरु का संग-साथ रखो जो तुमको पल मात्र में गंतव्य तक पहुँचा देंगे। निर्भय-नगर में स्थिर होकर रहो ॥थल॥ औरों ने तो तीन-लोकों में उल्टे घर बनाये हैं। ब्रह्मा, विष्णु, शिव भी निर्भय-नगर तक नहीं पहुँचते; चारों वेदों को भी उसकी गम नहीं है ॥1॥ चौदह-लोकों में से एक लोक है जिसमें जगत का व्यवहार नव-खंडों में है। सात-द्वीप व नव-खंड तथा घट-मंडल-आकार वहाँ नहीं है ॥2॥ सुर, असुर, दानव, देवता तथा सर्वावतार, वहाँ तक कोई नहीं पहुँचा। सभी देह धारण कर-करके कई बार मर गये ॥3॥ वहाँ चन्द्रमा, सूर्य, नक्षत्र, नौ लाख तारे नहीं हैं। ये सब ध्रुव-मंडल में ही उलझकर रह गये, मर-कर राख होकर मिट गये ॥4॥ सभी धर्मराय का दंड भुगतते हैं। उसके दूत पकड़कर ले जाते हैं। चौदह लोकों में जाकर तो निवास कर लेते हैं किन्तु अंत में चौरासी में ही आकर पड़ते हैं ॥5॥ वहाँ ररंकार अविगत नहीं है, महल व अटल-कोट भी नहीं है। वहाँ कोई अविनासी का सरूर=सुरूर=नशा नहीं है कि जो सभी पर चोट करता है, प्रभाव डालता है ॥6॥ सार शब्द केवल निज नाम है उसी का आश्रय लो। असंख्य शून्यों के ऊपर उसका धाम है, उसी का लगातार भजन करो ॥7॥ जहाँ सुरति व निरति नहीं पहुँचती, वहाँ अनासुरति का खेल है, सुहावना अमर-लोक शोभायमान है, उसका रास्ता कैसे भी करके प्राप्त करो ॥8॥ वहाँ तख्त सिंहासन युक्त दरबार है, चारों ओर चमर ढोले जाते हैं, कोई ही हंस वहाँ रहता है, मोक्ष ही सरकार है ॥9॥ यही तत्त्व हमारा धाम है। यह अनंत युगों से अगाध स्वरूप है। वहाँ से मैं रोहल बनकर, अनंत संतों का उद्धार करने को भूलोक में आया हूँ ॥10॥45॥

हरि भक्तन हरि नाम उचार्‌यो।
निस दिन हर घड़ी हर पल दम, ऊठत बैठत कदे न विसार्‌यो ॥थल॥
फिरत उदास जगत सूँ न्यारा, मन ममता को मोह निवार्‌यो।
काम क्रोध पाँच पचीस ले, सभ ही विरहा अगनी बार्‌यो ॥1॥

खम्या महा बल ग्यान का बाण, सत नाम गुण ले हाथ में धार्‌यो।
कुलछ करम दुख भरम विकारा, सभ दल पकड़ काट संघार्‌यो ॥2॥
घाट मिटाइ औघट घाट राख्यो, निहकलंक होइ सभ कलंक उतार्‌यो।
मृत्त लोक की आसा छोड़ी, असल ठिकाणौ आडौ चितार्‌यो ॥3॥
कुसंग तज्यो सतसंग में रहनी, नाम के लाभ सूँ सदा निहार्‌यो।
रह गलतान अंतर धुनि लागी, अनंत अनंत अनंतौ उचार्‌यो ॥4॥
जिहिं जान्यो साहब पहचान्यो, धर ध्यान विवेक सुध ग्यान विचार्‌यो।
रोहल राहा सीधी चालौ, उन संत अपनौ हंस उबार्‌यो ॥5॥46॥

हरि-भक्त हरि-नाम का उच्चारण करते हैं। निशि-दिन, हर-घड़ी, हर-पल, हर-श्वास, उठते-बैठते हरि -नाम का विस्मरण कभी नहीं करते ॥थल॥ जगत से उदासीन व न्यारे हुए विचरण करते हैं; मन से ममता व मोह का निवारण करके। काम, क्रोध, पाँच तत्त्व, पचीस प्रकृति सभी को विरह रूपी अग्नि में जला डालते हैं ॥1॥ क्षमा का महा बल, ज्ञान का बाण, सत्य नाम का धनुष हाथ में धारण करते हैं। कुलक्षण, कर्म, दुख, भ्रम, विकार आदि, समस्त दल को पकड़कर, काटकर नष्ट करते हैं ॥2॥ शरीर को मिटाकर (आसक्ति मिटाकर) अवघट-अशरीरी शरीर धारण करते हैं। निष्कलंक बनकर समस्त कलंकों को दूर करते हैं। मृत्युलोक की समस्त आशाओं को नष्ट करके असली ठिकाने की ओर चित्त को संयोजित करते हैं ॥3॥ कुसंग को त्यागकर सुसंग में रहते हैं। भगवन्नाम के लाभ की ओर हमेशा देखा अर्थात् भगवन्नाम-जप किया। अंतर में ध्वनि लगाकर उसीमें निमग्न रहते हैं। अनंत परमात्मा के अनंत नामों को अनंत बार उच्चारण करते हैं ॥4॥ जिन्होंने ध्यान करके, विवेक व शुद्ध ज्ञान का बारंबार मनन करके साहिब को जानकर पहचान लिया है। रोहल कहते हैं, जो सीधे-मार्ग पर चलते हैं, उन संतों ने अपने हंस का उद्धार कर लिया ॥5॥46॥

सारंग

बरसत प्रेम बादल घन मेह।
विरह की बूंद पड़ी जिन ऊपर, दिन दिन बधत सनेह ॥थल॥
अंमृत धारा रिमझिम लाई, पीवत रह रस ठाहर पाई।
करम न लागै खेह, बरसत प्रेम बादल घन मेह ॥1॥
गाजै गगन में अनहद घोर, दादुर बोलै चातक मोर।
आतम पायो भेह, बरसत प्रेम बादल घन मेह ॥2॥
ग्यान घटा करि दह दिसि आया, जीउ सीउ में उलट समाया।
भूल गए तन देह, बरसत प्रेम बादल घन मेह ॥3॥

भया चित चेतन कुबुधी भागी, रोहल रूह अँतर धुनि लागी।
चरण कमल में लेह, बरसत प्रेम बादल घन मेह ॥4॥47॥

प्रेम रूपी बादलों से घनघोर मेह बरसता है। जिनके ऊपर विरह रूपी बूंद पड़ जाती है, उनका प्रेम दिनानुदिन बढ़ता है ॥थल॥ अमृतधारा की रिमझिम झड़ी लग रही है। इस अमृत-रस को पीते रहने से प्राप्तव्य परमधाम रूपी जगह प्राप्त हो गई। अब कर्मों की आंधी की मिट्टी नहीं लगती। प्रेम रूपी बादल घनघोर मेह बरसाते हैं ॥1॥ गगन में अनहद नाद गर्जता है। चातक, दादुर और मोर जैसी वहाँ नाद या ध्वनि होती है। आत्मा का भेद प्राप्त हो गया, प्रेम रूपी बादल घनघोर मेह बरसते हैं ॥2॥ ज्ञान रूपी घटाओं को लेकर प्रेम रूपी बादल दसों दिशाओं में छा गये। जीवात्मा उलटकर, शीव=परब्रह्म परमात्मा से एकाकार हो गया। परिणामतः शरीर व घर को भूल गये। प्रेम रूपी बादल घनघोर मेह बरसते हैं ॥3॥ चित्त चैतन्य हो गया, कुबुद्धि नष्ट हो गयी, आत्मा के अंदर ध्वनि लग गयी, चरण कमलों का आश्रय ग्रहण करके। प्रेम रूपी बादल घनघोर मेह बरसते हैं ॥4॥47॥

मंगल

प्यारे दुख सुख दूर बिडार, जगत को संग तजौ।
दुरमति दुविधा खोइ, सुमति कारज सझौ ॥थल॥
प्यारे सतगुरु सूँ सभ होइ, प्रमारथ जीव का।
देवै तुरत बताइ, सुमारग पीव का ॥2॥
प्यारे राख वचन में ध्यान, सुनौ निज कान सूँ।
मरजीवा होइ रहौ, सूरा सच ध्यान सूँ ॥3॥
प्यारे और काम अकाम, सुध काम इक नाम है।
नाम लेन निरवाण, निज धाम विश्राम है ॥4॥
प्यारे असल ठिकाना पाइ, दूजी नहिं आसा करै।
राखौ नहिं पाछल और, पिया आज्ञा धरै ॥5॥
प्यारे अरस परस है दीदार, पिया सन्मुख बसै।
रोहल साहब के संग, सदा रिलमिल हँसै ॥6॥48॥

हे प्यारे! दुःख-सुख को दूर करके जगत् का संग (आसक्ति) त्याग दे। दुर्मति व दुविधा को नष्ट करके सुमति-पूर्ण कार्य कर ॥थल॥ जीव का समस्त परमार्थ सद्गुरु द्वारा संभव होता है। प्रियतम को पाने का मार्ग तुरंत बता देते हैं ॥2॥ प्यारे! चित्त-वृत्ति को सद्गुरु के वचनों में लगा-कर रख और उनको एकाग्र होकर कानों से सुनो। सच्चे ध्यान के द्वारा जीवन्मुक्त शूरवीर होकर रहो ॥3॥ प्यारे! अन्य कार्य, शुद्ध काम नहीं हैं। शुद्ध काम परमात्मा

का नाम है। नाम-स्मरण करना निर्वाण-स्वरूप निज-धाम में विश्राम है ॥4॥ प्यारे! असली ठिकाना पाने का प्रयत्न कर। दूसरी आशा मत कर। प्रियतम की आज्ञा में ही पैर आगे रख। पैरों को एक बार आगे रखकर पीछे मत कर ॥5॥ प्यारे! अरस-परस (आमने-सामने) दर्शन कर। प्रियतम सामने ही तो है। रोहल, साहब के साथ सदैव रल-मिलकर आनंद करता है ॥6॥48॥

प्यारे, मानखौ रतन अमोल, कैसे पुन पावियो।
कूड़ कपट कर जग माँह, जनम गँवाइयो ॥थल॥
प्यारे, चेतना है तो चेत, अचेत क्यों रहिए।
साहब को नाम संभार, साच तुझ कूँ कहिए ॥1॥
प्यारे, सतगुरु तेरौ है स्याम, सीस चरने धरौ।
सहस बार कुरवान, अपना तन मन करौ ॥2॥
प्यारे, सिर साँटै नाम सुणाइ, सोहंग जाणिए।
महर अगम की मौज, सुहागण माणिए ॥3॥
प्यारे सतगुरु देवै सुहाग, दुहाग आवै नहीं।
नैना चढी खुमार, उतरि जावै नहीं ॥4॥
प्यारे लोट पिया की सेज, दुख सभ विसर गया।
रोहल साहब बहुत, असंख आनंद भया ॥5॥49॥

प्यारे! मनुष्य-जन्म जैसा अमूल्य रत्न कितने ही पुण्यों के प्रताप से मिला है। तूने तो झूठ व कपट का जगत में सहारा लेकर व्यर्थ ही जन्म को बर्बाद कर दिया ॥थल॥ प्यारे! सावधान होना है तो हो जा, असावधान क्यों रहता है? मैं तुझसे सच कहता हूँ, साहिब के नाम का स्मरण कर ॥1॥ प्यारे! सद्गुरु तेरा स्वामी है, उसके चरणों में मस्तक धर। अपने तन-मन को हजार बार न्यौछावर कर ॥2॥ प्यारे! सिर के बदले में नाम-स्मरण का उपदेश देते हैं, तब भी यह सौदा सस्ता ही जान। अगम की कृपा और आनंद से अपने आपको सौभाग्यवान जान ॥3॥ प्यारे! सद्गुरु ऐसा सौभाग्य देते हैं कि उसके पश्चात् दुर्भाग्य आता ही नहीं। नयनों में चढ़ा हुआ नशा, उतरता नहीं ॥4॥ प्यारे! प्रियतम की सेज पर सोने से समस्त दुःख विस्मृत हो गये। रोहल कहते हैं- साहिब के मिलने से संख्यातीत आनंद मिला ॥5॥49॥

प्यारे कंथन नाल संजोड़, आज पूनम भई।
हरष राखौ निज भाव, अचरँग अंते सई ॥1॥
प्यारे सज सोलह सिंगार, सतसंग जावाई।
भ्रम का पड़दा तोड़, कुल लाज गँवाई ॥2॥
प्यारे ए काया दिन दोइ, कुछ सुकृत कीजिए।
निज नाम अमीरस प्रेम, पियाला पीजिए ॥3॥

प्यारे सब्द की डोर लगाइ, चढ़ मकड़ी तार सूँ।
अनासुरत वृति धार, अलिप संसार सूँ ॥4॥
प्यारे करि सतगुरु को संग, पियाजी सूँ मिल रहौ।
औ सुख आनंद विलास, किसी कूँ मत कहौ ॥5॥
प्यारे सदा रहौ गलतान, मंगल गाविए।
रोहल साहब की धाम, हंसा पाविए ॥6॥50॥

हे प्यारे! आज पूर्णमासी है। कंथन=प्रियतम के साथ सम्बन्ध जोड़। हर्ष सहित निज भाव रख। अंत में अचरंग है ॥1॥ प्यारे! सोलह श्रृंगार सजाकर सत्संग में जा, भ्रम के पड़दे को तोड़; कुल की लज्जा को गँवाकर ॥2॥ प्यारे! यह काया दो दिन की है, थोड़ा-बहुत सुकृत (पुण्य) कर। निज नाम के अमृत का प्याला पी ॥3॥ प्यारे! शब्द की डोर (लय) लगाकर उस पर उसी प्रकार आरूढ़ हो जैसे मकड़ी लार से तार बनाकर बार-बार जाला पूरने को आती-जाती है और उसी में बन्द हो जाती है। अनन्य-वृत्ति परमात्म-नाम में लगाकर संसार से दूर हो जा ॥4॥ प्यारे! सद्गुरु की संगति करके प्रियतम से मिलकर रह। प्रियतम से मिलने का आनंद-विलास किसी से भी मत कह ॥5॥ प्यारे! सदैव प्रियतम में निमग्न रह और मंगल-गान कर। रोहल कहते हैं, साहिब की धाम हंसों को मिलती है ॥6॥50॥

प्यारे करौ आज आनंद उछाव, तिथि पूनम वार है।
प्यारे रिलमिल करौ सनेह, सतसंगत सार है ॥1॥
प्यारे वंदन कर होइ अधीन, गुरु के चरनौं रहौ।
राख निरंतर ध्यान, सत नाम अह निसि कहौ ॥2॥
प्यारे सुद्ध सुरत मिलाइ, कर दीदार सरूप का।
असंख ससि सूर उजवाल, अखंड अनूप का ॥3॥
प्यारे अखंड अनूप है आप, दरसन पर आनियो।
हंसा करै कलोल, वचन मेरा मानियो ॥4॥
प्यारे उहाँ गयाँ नहिं आवै, देह पाछै धराइ कै।
रोहल अमर पुरुष के धाम, पूगा हंसा जाइकै ॥5॥51॥

प्यारे! आज आनंद का उत्सव करो। आज पूनम तिथि है। प्यारे! हिल-मिलकर स्नेह करो, सार रूप सत्संगति है ॥1॥ प्यारे! शरणागत होकर वन्दना करो और गुरु के चरणों की सान्निध्य में रहो। निरंतर ध्यान करो। अहर्निशि सत्य-नाम का स्मरण करो ॥2॥ प्यारे! शुद्ध सुरति को प्रियतम से मिलाकर उसके स्वरूप का दीदार कर। उसका प्रकाश असंख्यों चन्द्रमा, सूर्य के अनुपम अखंड प्रकाश के समान है ॥3॥ प्यारे! प्रियतम अखंड व अनुपम है, दर्शन प्राप्त कर ताकि तेरी आत्मा आनंद-केलि करे, मेरा यह वचन मान ले ॥4॥ प्यारे!

वहाँ जाने के पश्चात् कोई भी देह धारण करके वापिस नहीं आता। रोहल कहते हैं- अमर पुरुष के धाम में हंस जाकर पहुँच गया ॥5॥51॥

छाप

राम नाम धन सतगुरु दीया। सिर के साँटै प्याला पीया ॥
घट भीतर का खोज बताया। सत सबदाँ सूँ सूझी काया ॥1॥
मूल चक्र पलहड़ै दृढताई। लिंग चक्र सूँ देह पलटाई।
नाभि कमल से दम उलटाना। उहाँ है विसनू का नीसाना ॥2॥
दिल दरियाह भर्या भरपूर। दे टुबकी नित बरसै नूर।
हृदय कँवल में सिव दरसाया। हीरा मोती माणक पाया ॥3॥
कंठ कमल में हंसा बोलै। तिरवेणी की खिड़की खोलै।
भँवर गुफा में करत निवासा। को अमीरस पीवै प्यासा ॥4॥
गगन मंडल में हुवा झँकारा। अनहद बाजै नाद अपारा।
जागी जोति भया उजवाला। मन चित होइ रह्या मतवाला ॥5॥
प्रेम कुंजी सूँ प्रोल उघाड़ी। एक हाथ की लागी ताड़ी।
पुहुप पछिम की घाटी चढिया। उलट अगम के मारग पड़िया ॥6॥
त्रिकुटी खोल चढ्या निरवाणा। पीछै हंस अकास उडाणा।
असंख सुन पर अविचल धाम। उहाँ हरिजन कीया विश्राम ॥7॥
जाइ पूगा है दसवें द्वार। सहज समझ सूँ किया दीदार।
रोहल साहब आपौ आप। मिटी चौरासी लागी छाप ॥8॥52॥

सद्गुरु ने राम नाम रूपी धन प्रदान किया। सिर समर्पित करके राम-नामामृत का प्याला पान किया। शरीर के भीतर ही खोज करने का उपदेश दिया। सत्य शब्द के द्वारा काया का शोधन किया ॥1॥ सर्वप्रथम मूलचक्र पर दृढ़ता करवाई। लिंगचक्र से देह को पलटवाई। नाभि-कमल से श्वास उल्टा हुआ। वहाँ विष्णु का स्थान है ॥2॥ दिल रूपी दरियाव भरपूर है। डुबकी मारने पर नित्य प्रकाश बरसता है। हृदय-कमल में शिव का दर्शन हुआ और हीरा, मोती, माणिक्य प्राप्त किये ॥3॥ कंठ कमल में हंस बोलता है जो त्रिवेणी की खिड़की को खोलता है। भँवर गुफा में निवास करता है। वहाँ कोई प्यासा अमृत-रस पीता है ॥4॥ गगन-मंडल में झंकार होती है। अपार अनहद नाद बजता है। ज्योति जागी जिससे प्रकाश हुआ, मन और चित्त मतवाले हो रहे हैं ॥5॥ प्रेम रूपी कूँची से दरवाजा खोला, एक हाथ की ताली=कूँची लगी द्वार खेलने में; पुष्पों की पश्चिम की घाटी से ऊपर चढ़े (सुषुम्ना में 21 छल्ले होते हैं, उसी को संतों ने घाटी कहा है।) उलटकर अगम के मार्ग पर चले ॥6॥ त्रिकुटी को खोलकर निर्वाण स्थान पर चढ़ गये। तत्पश्चात् हंस उडकर

आकाश को गया। असंख्य शून्यों पर अविचल धाम है वहाँ हंस-जन विश्राम करते हैं ॥7॥ दसवें द्वार पर पहुँच गये। सहजभाव से साक्षात्कार किया। वहाँ साहिब ही साहिब, आप ही आप है। चौरासी मिट गयी। साहिब की छाप लग गयी ॥8॥52॥

गुरु सबदी रोहल साहब की चेले कूँ प्रबोधा

अर्ध नाम उठावै, उर्ध नाम उलटावै।
अर्ध नाम की गैब अवाजा। उर्ध्व नाम का अनहद बाजा ॥
अर्ध नाम सात दीप नौ खंडा। अर्ध नाम पिंड ब्रह्मंडा ॥
अर्ध नाम का सकल पसारा। उर्ध्व नाम है अलेख रा ॥
सीस गुराँ के चरणै दीया। सत्त नाम का बीड़ा लीया ॥
सत्त नाम की भूली भाख्या। चौरासी में पड़ता राख्या ॥
स्याम अखर अरूप की रेख। खोल खिड़की अपना साहब सनमुख देख ॥
रोहल साहब का प्रबोध, निज चेले कूँ सुनावै, वृत्ति रहती बतावै।
निज सरूप लखावै, भरम मिटावै, कबहुँ नहिं डुलावै, सुद्ध मार्ग पावै ॥53॥

रोहलसाहब की शब्दी, शिष्य को प्रबोध

नीचे से नाम को उठाना, ऊपर के नाम को और ऊपर उठाना। नीचे के नाम की ध्वनि गुप्त है। ऊपर के नाम की आवाज अनहद है। नीचे का नाम सात द्वीप, नौ खंड में हैं। नीचे का नाम पिंड-ब्रह्मांड में है। नीचे के नाम का ही सारा विस्तार है। ऊपर का नाम अलख है जो सबको देखता है किन्तु जो सभी को नहीं दिखता। सद्गुरु के चरणों में मस्तक समर्पित किया और सत्य-नाम-स्मरण करने का संकल्प धारण किया। जो सत्य नाम की भाषा भूलते हैं वे चौरासी लाख योनियों में पड़ते हैं। श्याम अक्षर अरूप परमात्मा के रूप का खाका है। खिड़की को खोलकर अपने साहिब को सामने देखो। यह प्रबोध रोहलसाहब का है जो चेले को सुनाया है। इसमें बहती हुई वृत्ति को रहती हुई बताई गई है। यह उपदेश निज-स्वरूप का दर्शन कराता है, भ्रम को मिटाता है, कभी भी चंचल नहीं होने देता और शुद्ध मार्ग इसके द्वारा मिलता है ॥53॥

निज हंसा बेड़ा नाम का झेल। गुरु साहब के वचनों खेल ॥
ले सार सब्द उह उलटी गेलै। अनासुरत अमर घर मेलै ॥1॥
डोर ऊपर चढ देखौ सरूप। गैबी दरसै एक अनूप ॥
सकल दीप पिंड ब्रह्मंड सूँ न्यारा। सर्व मंडाण असंख सुन सूँ भारा ॥2॥
उसका नाम अंटी में लीजे। छुपा नाम भेद प्रगट नहिं कीजे ॥
हंसा तुम कूँ लाख दुहाई। सीस पड़े तो रह्यो न जाई ॥3॥

जे कोइ हंसा पूरा होवै। उसकी गति मति सारी जोवै ॥
नाम संभावै पलटै नाहीं। उसकूँ लीजे सतसंग माहीं ॥4॥
जदाँ ऐसे चेला करौ मंजूर। पीछै वचन सुनै कोइ सूर ॥
जे कोइ हंसा आप उबारै। तो चल आवै पास हमारै ॥5॥

दोहा

रोहल नाम कहाइया, हम है आपो हि आप।
सब अवताराँ सिर धणी, सब संतन सिर छाप ॥6॥54॥

निज हंस! नाम का जहाज पकड़। गुरु-साहब के वचनों के अनुसार आचरण कर। सार शब्द ग्रहण कर। उसका रास्ता उलटा है। अनन्यात्मक-सार शब्द रूप अमर घर में निश्चय ही मेल कराती है ॥1॥ डोरी (लय की डोरी) पर चढ़कर निज स्वरूप को देखो। एक अनुपम व गुप्त तत्त्व का दर्शन होता है। वह समस्त द्वीप, पिंड, ब्रह्मांड से विलक्षण है। वह सर्व रचना व असंख्य शून्यों से भी महान् है ॥2॥ उसका नाम अंटी में लो। उसका नाम गुप्त रखो, प्रकट मत करो। हे हंस! तुमको लाख बार सौगंध है। यदि कहने के लिए माथे पर आ पड़े, तब भी मत कहो ॥3॥ जो भी कोई हंस पूर्ण होता है, वह उसकी सारी गति व मति को जानता है। नाम धारण करता है, उससे पलटता नहीं। ऐसे हंस को सत्संग में ग्रहण करो ॥4॥ जब ऐसे चेले को स्वीकार कर लो तब ही कोई शूरवीर जैसे वचन सुनने को मिलते हैं। जो भी कोई अपनी आत्मा का उद्धार करना चाहता है तो वह चल-कर मेरे पास आवे ॥5॥ मेरा नाम रोहल है किन्तु हूँ मैं स्वयं परब्रह्म-परमात्मा ही। समस्त अवतारों का स्वामी हूँ और समस्त संतों के मस्तक पर छाप या सर्व संतों का सिरमौर हूँ ॥6॥54॥

आसा

साधू जन चिंता क्यों करै, मेरा साहिब साहूकार।
चाहि करै सोइ आउ मिलै, रोजी साँझ सवेर ॥थल॥
रोटी लंगोटी इतना, दाता देवणहारा।
आप दिवावै आप कूँ, हरिजन हरि का प्यारा ॥1॥
पंखी पखेरा अजगरा, सर्व जीवन का प्यारा।
किते हि कीट पलंत है, ओही देवणहारा ॥2॥
नौ निधि लछमी सँग सदा, रिधि सिधि भर्या भंडारा।
बाँट बरतावै घर घर, माया अंत अपारा ॥3॥
हरिजन हरि का गुमास्ता, बणजै नाम व्यापारा।
रोहल रघुवर हृदय बसत है, पूजै पूजणहारा ॥4॥55॥

कचे जे कुननि जी जंहिं चिनीं वस।
से पके पेर न डीन्दियूँ तिन खे चारो डे न चस।
रोहल चवे तिन जेरे जाऊं खास।
से लेटी पवन्दियूँ लस, तू मींहियूँ पस म मतियूँ ॥1॥
कपो जे चारीं पेट चिता ई पांहिंजी।
लालच लगी लोभ जी वेन्दियूं न वारीनि ॥
रोहल चवे रीझ में मींहियूं सभ मारिनि।
हंजूं से हारीनिं, थोड़े घने डींहड़े ॥2॥
जिन चल्हन सांचाह सो मींहियूं पस म मतियूँ।

कान्युनि जे कचनि जूं से खुतिन जेरी जाए ॥
जड़ मन वरदा वाहिदी, वाऊ तदहिं जाऊं पवंदनि जान में ॥3॥
मांजी जेरा जिन जा पके कीअड़ा पाक।
चारो सोचर नदियुनि जो मोरयो मींहं माक ॥
रोहल चवे रीझ खूं तिन जी सूर ही सची साख।
से थकी डीन न थाक, अंदर अछा जिन जा ॥4॥
पको जे चरन, तिनजूं मींहूं पस म मेरियूं।
अवसर अचे न उनखे तोड़े गाह बरनि ॥
रोहल रीझि न रंजियूं जे फांगिन मंझि फिरनि।
से मड़हीं कीन मरनि, धुगाही जे डुख सां ॥5॥

बैत हीर रांझो

हीर कनूं तन बीर गई जड़ां, प्रेम पढहायसि पटी।
नेणें निंड न आवस निपुड़े, हीर पटी सिर पटी ॥
साल्हूं साड़ सटे सिर उतऊं, पाड़ खेड़ां दी पटी।
छती छाड़ पटी उते पटी, चा भारी सिरु पटी ॥
झोक डहूं वल वेंदी हीर पाड़ खेड़्याँ दी पटी।
टेंजी बाह खेड़्यां दी वेड़हियां, कोन ओछोड़ थियूं सिर पटी।
रोहल रांझो हीर दा यारो इश्क लगा लट पटी ॥1॥
मारण हीर दी कीते खेडा नित नित खडां खटी।
पासा पलंग न डींदी हीरे खूह खेड़ियां दी खटी ॥
खांदी भूल त ताआमा हीरे बिन और खेड़ियाँ दी खटी।
शरबत हार घटी ना पीवे खह खेड़ियां दी खटी ॥
रोहल रांझो नाल शरमावे, हीर खेड़े तूं खटी ॥2॥

बैत पारसी

अज जवान तो के भई, गोयत शह दानिए केसआन।
आफरिला हरदो आलम आनस्त खुद रोहल मदान।
जजबातो दीगर नीसत किस अलाह अलहम दुलिल्लाह मुशरकीन।
आशिक बरोवी खुद माशूक यक जात दान ॥1॥
आफताब इश्क तालो शदचून अज मशरिक वजूद।
चशम दर हैरत बमानल अकल करदा सजूद ॥

नागहा नजर फतादा वर जमाले दोस्त खुद।
वाहिद यक भई नुमाइद आना दमे रोहल बशद ॥2॥
च अहमक बूद आन मजनून के आशिक गसत बरलैला।
लैले रफत अज दसतिश पशिमान मांद अजलैले ॥
अजब मन शमस कब्र यजम के आशिक गुसतम बरखुद।
चून खुदरा नजर करदम न दीदम हुसने खुदा दरखुद ॥
दरजबान हिफत आसमान तलई कूंची।
तरतीब हरस हवा पाई गिनी ॥3॥
मन राय गुफ्त अहमद खुद फीका वराइल हका।
साद कान राशिद ब दस्तावेज आन बी शबाशेख ॥
आशिकान राशिद यकीन रोहल ब गुफतनी मुस्तफा।
नशीता खुद बरतन्हाता दिल बेचशम मर्द मक ॥4॥

साहू साहब की वाणी

अथ सर्व-शास्त्र अन्तर-विलास सम्वाद शाहू फकीर व रोहल-साहब का

चौपई : *अंतर विलास जिसकूँ जागै। करम भरम का संसा भागै ॥*
पूरे गुरु कूँ सीस चढावै। चरण कमल में उलट समावै ॥1॥
सीस धरै गुरु आगै भेट। दुविध्या दुरमति सारी मेट ॥
तन मन देवै संका नाहीं। लागा रह चरणाँ के माहीं ॥2॥
कर अर्पण सिर काया सारी। जो तुम होवौ सुरू विचारी ॥
गुरु ऊपर धन माल निवार। गुरु सूँ राखौ तजौ सँसार ॥3॥
सकल सँसार मिथ्या कर जानी। अणहोती नहिं सत कर माणी ॥
अणथिर हुती सु कैसी प्रीत। राखौ गुरु साहब सूँ रीत ॥4॥
गुरु का मान वचन है सूरा। नित्त हि प्रीति परख निज पूरा ॥
गुरु साहब की सेवा कीजे। चरण पखाल र अमिरत लीजै ॥5॥
आठ पहर कर गुरु का संग। कर कुर्बान अपना सिर अंग ॥
काया माया काम न आवै। जीवित गुरु के बिले लगावै ॥6॥
काया पोट क्रमाँ की भारी। गुरु अकल धरै कोइ संत विचारी ॥
गुरु करमाँ की पोट उडावै। जंम काल सूँ तुरत छुडावै ॥7॥
गुरु साहब की सिर पर छाप। पीछै दोष करम नहिं पाप ॥
घाट मिट्या जब अवघट पाया। पीछै काल करम नहिं काया ॥8॥
अवघट देव अखंड सरूप। ज्यूँ का त्यूँ है सुद्ध अनूप ॥
उसका हरदम कर दीदार। अनासुरत का राख विचार ॥9॥
ऊठंता औंकार उठावै। सूरा सो जो हुंकार सुनावै ॥
सो हुंकार महिं साहिब तेरा। सूरा मान वचन इक मेरा ॥10॥
पूरा सोहि गुरु वचनाँ हालै। प्रीति निभावै वचनै पालै ॥

सीस पड़ै गुरुमत नहिं जावै। सचा धाम साहिब का पावै ॥11॥
असल धाम होइ पूरा पावै। निगुराँ कूँ ओ हाथ न आवै ॥
निगुरा ऊणा रह्या, अधूरा। जिसकूँ सतगुरु मिल्या न पूरा ॥12॥
गुरु बिन घोर अंधेर न जाइ। गुरु बिन नाम की खबर न पाइ ॥
गुरु बिन हाथ न आवै ठौर। गुरु साहिब ही सिर का मोर ॥13॥
गुरु बिन निगुरा साखत ठोठ। गुरु बिन निगुरा जैसा रोठ ॥
गुरु बिन निगुरा पावै काँही। गुरु बिन निगुरा बैल की त्याँही ॥14॥
गुरु बिन निगुरा जैसा स्वान। गुरु बिन भूले सर्व अजान ॥
गुरु बिन क्रोध न जावै रीस। गुरु बिन निगुरा भव सूँ अबीस ॥15॥
गुरु बिन निगुरा है अपराधी। जैसे मारौ ज्यूँ अपराधी ॥
निगुरा पापी काम कमावै। गुरु बिन मोख मुक्ति नहिं पावै ॥16॥
गुरु बिन निगुरा कबहु न छूटै। जिस कूँ जंम पकड़ ले कूटै ॥
थाप देकर आगै चलावै। फाँसी गल मँह नाठा जावै ॥17॥
निगुरा पड़िहै नरक दुवार। जमदूत बांध र दीनी मार ॥
.................................। अंत निगुरा का ऐसा रोला ॥18॥
गुरु बिन निगुरा रहै अलोना। गुरु बिन निगुरा अंधा ओणा ॥
गुरु बिन अंधा मूरख भोर। गुरु बिन निगुरा बेसहूर ॥19॥
गुरु ही गती मुक्ति का दाता। गुरु बिन घोर अँधेर न जाता ॥
गुरु है साहिब गुरु है साँई। गुरु बिन कोई दूजा नाहीं ॥20॥
गुरु साहिब को नाम ले, करूँ कोटि परणाम।
रोहल गुरु परताप सूँ, पावै पूरा धाम ॥21॥

अथ रोहलसाहब अर साहूजी को उत्तर-प्रश्न लिखंत

प्रश्न, शाहूजी-वाच

दोहा : *पूरे गुरु कूँ किमि लखै, किस विधि पड़ै पिछान।*
साहू अबै अरज करै, देवौ सरव गियान ॥22॥
ग्यान बिना गम किम पड़ै, जब सतगुरु कह समझाइ।
साहू पर किरपा करौ, देवौ तुरत लखाइ ॥23॥

उत्तर, रोहलसाहब-वाच

सतगुरु पूर्ण पारस है, सदा बेपरवाह।

रोहल ओ राजा भए, राजन के पतसाह ॥24॥
रंग अछवाड़ निरमलौ, नैन वैन भरपूर।
रोहल वचन बोल मोती पड़ै, कोइ चुगै हंसा सूर ॥25॥
निहकामी निहक्रोधी, निरलोभी निरमोह।
रोहल आसा तृष्णावान कूँ, नहिं दगाबाजी नहिं द्रोह ॥26॥

प्रश्न, साहूजी-वाच

ओ तो सतगुरु आप हो, निहचल निराधार।
सम दृष्टी के नाथ हो, साहब सिरजणहार ॥27॥
मेरे तो अब आप हो, दूजा नाहीं कोइ।
इक चेला दूजा गुरू, तीजा साहिब होइ ॥28॥
इन तीनाँ का निरना कहौ, एक एक वीचार।
करौ निवेरा हम सूँ, किस विधि किस परकार ॥29॥

उत्तर, रोहलसाहब-वाच

ज्यूँ सूरज आकास सूँ, दीसै माहीं काँसी।
इस काँसी कूँ चिलकन हुए, भीत ऊपर भासी ॥30॥
त्यूँ साहब सतगुरु चेले कूँ विचार है, तीनाँ माहीं एक।
एको एकहि एक है, जिसमें सरव अनेक ॥31॥
देखत भूली दुनिया भई, करहै संत विरोल।
खोज बतावै अभय जिन्ह करन, भरम मिटावै भूल ॥32॥

प्रश्न, साहूजी-वाच

साहब उत्पति कौन करै, किमि साहब ते संसार।
अब ही अब हम कूँ कहौ, सब ही सर्व विचार ॥33॥
हम पूछूँ आपै कहौ, तीजा कहिए कौन।
साहू पर किरपा करौ, ज्यूँ सूझै तीनौ भौन ॥34॥

उत्तर, रोहलसाहब-वाच

सब का साहिब हम हुआ, आया रोहल कहाय।
मुझ कूँ कोइ जानै नहीं, गाफिल गोता खाय ॥35॥

अमरलोक सूँ आइया, जीव देखौ रे देख।
असल धाम की गम नहीं, भूला सारा भेख ॥36॥
न्यारे मेरे धाम है, असल जुगाँ सुँ अगाध।
सुर नर अवतार पीछै हुवा, अखुट दरसन सभ साध ॥37॥
सृष्टी रचना रची नहीं, आकार न कोइ अस्थूल।
उस पल रोहल आप था, निज सरूप निज मूल ॥38॥

प्रश्न, साहूजी-वाच

आप साहब हो सर्व के, किस विधि धारी देह।
हम कूँ ऐसी बात का, भाखौ सारा भेह ॥39॥
कहाँ होती कहाँ से आई, किमि करि किया पसार।
साहू कूँ मालूम नहीं, बन्या जीवन विस्तार ॥40॥
ज्यूँ की त्यूँ सब ही कहौ, कथा कराई बात।
साहू अब बलिहार है, किमि करि खोजूँ गात ॥41॥

उत्तर, रोहलसाहब-वाच

हम होता आप हि आप में, नहिं को मँडल विस्तार।
ना कोइ नाम न ठाम था, नहिं उतपत कोइ आकार ॥42॥
हम उतपत किस ते नहिं भया, हम सूँ सभ कोइ होइ।
मैं स्रव का निज मूल हूँ, जे जानें नर कोइ ॥43॥

प्रश्न, साहूजी-वाच

आप ते उतपति किमकर भई, अर मँडियो सर्व मँडान।
साहू पूछै साहिबा, जिसकूँ कीजे जाण ॥44॥
पहले क्या होता पीछै क्या भया, क्या क्या रचिया खेल।
साहू सरणै आपके, अब कहौ कोइ औ खेल ॥45॥

उत्तर, रोहलसाहब-वाच

गैबी होता गैब में, आप अकेला एक।
मेरे आपे आप मूँ, भया अनंत अनेक ॥46॥
पहले प्रेम मुझ कूँ भयो, कीनूँ आइ किलोल।

उस प्रेम सूँ सहजे उठी, ज्यूँ ब्रह्म दरिया की झोल ॥47॥
मेरे निज्ज सरूप मूँ, भव कला को परकास।
गुप्ते घोर अंधार मूँ, अचिंत भयो ऊजास ॥48॥
जग मग चहु दिसि चांदणौ, बिन धर थापी धाम।
ऊहाँ जगमग हंस है, भगत बडे विसराम ॥49॥
पछै धाम दूजी भई, अखंडी उजवाल।
हंस उज्वलि उनमें बसै, सदा रहै मतवाल ॥50॥
दूजी सूँ तीजी हुई, धाम को नाम उजास।
उथै उजासी हंस है, लियो वह आइ निवास ॥51॥
तीजी सूँ चौथी भई, धाम प्रतिबिंब प्रवेस।
जहाँ प्रतिबिंबी हंस को, सथान कहीजे देस ॥52॥
चौथी मूँ पाँचवी भई, सूझे धाम मलार।
ऊहाँ मौजी हंस है, मौन माहिं मुख्तियार ॥53॥
पाँचवीं सूँ छठवीं होइ, धाम अचरंगी धूण।
जिथ अचरंगी हंस रहै, हर हीरों के गूण ॥54॥
छठवीं मूँ सातवीं भई, उनमनि धाम अनूप।
उनमनि हंस उहाँ बसै, अर सनमुखी सरूप ॥55॥
सातवीं सूँ आठवीं कीनी, पुहुप सुगंधी धाम।
तित्थ सुगंधी हंस है, कमल फुलौं का गाम ॥56॥
आठवीं पर नवमीं भई, धाम अमृत की धार।
हंस अंमृत उहाँ तपै, बेखुद माहिं खुमार ॥57॥
नवमीं सूँ दसमीं होई, धाम अडीठ अस्थान।
उत्थ अडीठी हंस है, मगन सदा मस्तान ॥58॥
दसवीं मूँ अग्यारवीं, धाम गोरंगी होइ।
तहाँ गोरंगी हंस है, बिरला जानै कोइ ॥59॥
ग्यारवीं सूँ बारवीं भई, धाम नेकी निखेल।
ऊहाँ नेकी हंस है, खूब बन्यो सुध खेल ॥60॥
बारवीं सूँ भइ तेरवीं, सार सबद की सेज।
सार हंस ताहाँ बसै, जिस मूँ अधको तेज ॥61॥
तेरहवीं मूँ भइ चौदवीं, ररंकार के धाम।
जहाँ ररंकार हंस है, अणअच्छर को गाम ॥62॥

चौदवीं सूँ पंद्रवीं होइ, सत्त सबद की ठौर।
सत हंसा को वास हे, सत सुख र सुकृत की डोर ॥63॥
पन्द्रवीं पर भइ सोलवीं, मानसरोवर के निवास।
उथ हंस को राज है, मान हंस के वास ॥64॥
मानसरोवर सूँ अवगत बनी, अर अविनासी अवगत माहिं।
अनिवासी मूँ निरंजन भयो, पकड़ी जिसकी बाहिं ॥65॥
अविनासी कूँ यूँ कह्यो, तेरी नहिं परवाह।
तुम मानसरोवर मूँ पैदा हुवा, तेरा सोई ठाह ॥66॥
जम काल हमारा नाम है, सभ का करूँ अहार।
जो वचन लियावै ठेठ का, सोइ मेरा सरदार ॥67॥
उसकूँ सब वंदन करै, गण दानव जमदूत।
किसका बल लागै नहीं, राकस डाघी भूत ॥68॥
रोहल कह साहू सुनौ, जम जोरावर होइ।
मेरे नाम असल बिना, कबहुँ न छूटै कोइ ॥69॥
मेदनि जम के मुख बसै, जोड़ अकास पताल।
चौदह लोक इकीस ब्रह्मँड पर, जंम पसार्यो जाल ॥70॥

साहूजी इस बात कूँ विचार पूछत भयो, प्रश्न

एहि रचना किस विधि रची, और कौन रचावणहार।
साहू कभी सांबणौ मेरा, साम धणी करतार ॥71॥
धरणि अकास तेज पवन, जल थल धूल र सेस।
ए किमि कर पैदा हुवा, ब्रह्मा विष्णु महेस ॥72॥
चांद सुरज किम तारा भया, सुर नर सभ औतार।
साहू को समझाओ देवा, बलि बलि ये वीचार ॥73॥

उत्तर, रोहलसाहब-वाच

सुण साहू रोहल कहै, तोहि बतावूँ खोज।
कर वचन वचन की पारखा, सरव बात कूँ सोज ॥74॥
नरहीण मूँ बरकत भई, अर बरकत सूँ महान तत।
महान तत मूँ तामस भई, तामस माहीं सकत ॥75॥
सकत मूँ आकास तत भयो, आकास मूँ सपरस।

सपरस सूँ पवन भयो, पवनै जोत उजास ॥76॥
जोत मूँ तेज भई, तेज मूँ सूक्ष्म रस रसाल।
सूक्ष्म मूँ जल तत भयो, जल मूँ निज आधारी गंध पयाल ॥77॥
आधारी गंध मूँ भूमि तत भयो, पृथिवी सूँ ईश्वर की काया।
ईश्वर की काया मूँ, जड़ चेतन उपजाया ॥78॥
जड़ चेतन इना दिना, सेन तीन गुण कीया।
तीनाँ गुणाँ मूँ पाँच विकार थीया ॥79॥
पाँच विकार मूँ भया सूक्ष्म, नवाँ तत का सरीर।
जिस मूँ सर्व इंद्रिय का, सुभाउ जोति मन धीर ॥80॥
तमोगुण सतोगुण रजोगुण मूँ मन भया, मिल सभ ही किया कमथाण।
एक अंडा थापिया करि थापना, जिसमें आदिकला समाई आण ॥81॥
जल में जोति जिसमें अंडा, तिस मूँ आदि पुरुष धारी काया।
आदि पुरुष के नाभि मूँ पदम लागा, उस पर फूल लगाया ॥82॥
उस कमल मूँ ब्रह्मा विष्णु सिव सक्ति भया, कीना उतपति का विचार।
मेदनी रची चारि जुग थापिया, बण्यो जगत व्यवहार ॥83॥
रोहल कहै साहू सांभळौ, तुझ कूँ कथा सुनाई खोल।
उतपति सभी इहिं विधि होई, तोहि लखायो तोल ॥84॥

साहूजी ब्रह्मांड के मंडाण कूँ विचार पूछत भये, प्रश्न

धरणि अकास किस ऊपर बणिया, किमि तारामंडल चंद सूर।
सुर नर अवतार देवता, किम इनको भयो असथूर ॥85॥
जीवा जूण सभ जानवर, अर मानवी आकार।
साहू पूछै ये किम हुवा, इनको कहौ विचार ॥86॥

उत्तर, रोहलसाहब-वाच

पहले तेज बूंद के वज्र सिला, जिस पर सात पताल।
तिस पर पहली भीत है, उस पर सात अकास सँभाल ॥87॥
कमल मूँ तो सुमेर भयो, उस पर अखै वृछ को झाड़।
उसके पतरा मूँ पैदा हुवा, दसओं ई अवतार ॥88॥
सुर नर पीछै पैदा हुआ, स्वर्ग लोक में वास।

धर्मराइ अदालत करै, पूछै दोष तपास ॥89॥
चाँद सुरज तारा नखत, भए कासब केरा पूत।
जूण चौरासी चार वाणी चार खाणी, दैत दाणव दूत ॥90॥
ये सब परिवार कासब का भया, जो दीसै सृष्टी माहिं।
उपजै खपै इस च्यारि जुग में, निगुरा पहुँचै नाहिं ॥91॥

अथ साहूजी देह की उतपत को विचार पूछत भयो, प्रश्न

घाट घड़ीजै पिंड को, किस विधि मानख देह।
देह हंस के आप में, किम करि बनै सनेह ॥92॥
लड़के किस विधि होइहै, लड़की किस विधि होइ।
साहू पूछै सारी कहौ, साहिब मेरा सोइ ॥93॥

उत्तर, रोहलसाहब-वाच

पिंड बन्यो पंच तत्त को, जो दीसै स्रव आकार।
जामें पचीस परकृती, तीन गुण पाँच विकार ॥94॥
ये सुभाउ सब सरीर में, पसु जानवर मानख माँह।
गुरु पूरे मिलिए बिना, कुलछ पलटै नाँह ॥95॥
कुलछ पलटावै सतगुरु, जो समरथ स्रव जान।
अग्यान मिटावै इक पलक में, देवै ब्रह्म गियान ॥96॥
मानुष की रे देह में, एक बीज की मूरत।
मर्द माहिं आकार मर्द को, नारि मँह नारि की सूरत ॥97॥
ओ मूरत अंग सत जेतरी, पाँच रंग की देह।
जो ऊगै सो बीज है, देही माहिं विदेह ॥98॥
रितु आवै बिगस कँवल होवै, पुरुष स्त्री की रीज।
फूल इनकी बूंद पखी, माहिं समावै बीज ॥99॥
पहलै रजमा छूटै मर्द का, पीछै लड़के को अवतार।
नारी के निंग ऊपजै, लड़की को अवतार ॥100॥
पहले जल वर्ण बूंद है, देवै पतियाँ भरी ज ऊपर चौफेर।
इसमूँ लोहू का गोटा भया, जिस मूँ अण्डे का अवतेर ॥101॥
जब अंडे मूँ रजमा बाहंत का, फूट निकलै बाहर।
जल मूँ सेत तेज मूँ राता आकास मूं काला,

पृथिवी तेज मूँ तिल जैसा सण हुआ जाहर ॥102॥
अंडे मूँ लोथ भई, जिस मूँ भए सरीर।
छठे महिने हंसा आविया, कीनौं काया माहीं सैर ॥103॥
माता के मुख मूँ आइयो, निचर्‌यो बंक नाळ की बाट।
बंक मूँ नाड़ी तले रोपी, बालक नाभी के घाट ॥104॥
मानसरोवर सूँ हंस आइकै, इस विधि लियो विश्राम।
दसवें महिने बाहर आवै, लेख छलअण धाम ॥105॥
फंद पड़ै आइ संसार के, जामूँ निकसै किसे प्रयाण।
जे सतगुरु पूरा मिलै तोहि चढै निरवाण ॥106॥
सुन तुम साहू हम कह्‌यो, इन कथा को अनुमान।
अब तुम ही विचार करौ, सारौ समझ बयान ॥107॥
गुरु गुरु तो सभ कोइ करै, कोइ इस विधि कह समझाइ।
ओहूँ सूँ ओहूँ रह्‌या, आखिर ओहूँ जाइ ॥108॥

अथ साहूजी दिल विचार पूछत भयो है, प्रश्न

आप हो साहब सरव के, मेरे तो निज मूल।
साहु सुनावै साँइया, सब ही सूल कसूल ॥109॥
बिन पूछ्‌याँ समझै नहीं, अर पूछ्‌याँ सूझै पाइ।
सतगुरु बिन पावै नहीं, लाखौं बल लगाइ ॥110॥
मिहर करि मुझ कूँ कहौ, तत पाँच प्रकृति पचीस।
न्यारा विचार एक एक का, भाखौ सवा बीस ॥111॥

उत्तर, रोहलसाहब-वाच

पहले पाँच तत्त की, तुम से कहूँ मैं बात।
पछै पचीस परकृति कहूँ, और खोज मर जात ॥112॥
जल पृथि तेज पवन आकास है, ये पाँच तत का नाम।
इन पाँचा का घाट घड़ियो, जिसमें हंस लियो विश्राम ॥113॥
पाँच तत्त्व को परगट्‌यो मानखौ असथूल।
इस देही के झाड़ में, दो सुंदर लागा फूल ॥114॥
इन फूलाँ का रंग पाँच है, पंचा का रँग गोल।
दुई दिलाँ के फूल मूँ, एक तेज पंच को तोल ॥115॥

विचार तुम कूँ सभ कह्यो, पांच तत्त्व को एह।
पचीस परकृति अब कहूँ, भाख सुनाऊँ भेह ॥116॥

पाँच तत्त्व को विचार संपूर्ण भयो, पचीस प्रकृति को लिखंत

जल तत की परकृति कहूँ, बूंद मूत्र पसेव होवै।
मूंढे मूँ लार पड़ै, लार पाँचवी जोवै ॥117॥
पृथवी तत की परकृति, अस्थि माँस त्वचा खाली।
और नाड़ि देह की, पाँचवीं रूमाली ॥118॥
पवन तत की परकृति कहूँ, गँवण अगोचरी सुभाउ।
बकना सत कूजना, अर ध्यावना ऐसा भाउ ॥119॥
तेज तत की परकृति कहूँ, खुद्या तृषा लगावै।
निद्रा आलस आवती, अर उबासी आवै ॥120॥
आकास तत की परकृति कहूँ, लज्जा मोह माया।
और राग अर दोष हियारी, चालौ माहीं काया ॥121॥
पाँच तत की पचीस परकृति, कही सभौ समझाइ।
रोहल कह साहू सुणौ, तुझ कूँ दई बताइ ॥122॥

प्रश्न, साहूजी-वाच

पाँच विकार की खोज कहुँ, जिसकी न्यारी न्यारी चाल।
परगट कहै सुनाइ द्यो मूझ कूँ करौ निकाल ॥123॥
कर्म विकार ज्यूँ सभ मिटै, देही निरमल होइ।
जोई सरणै आपके, निहकरमी न्यारौ होइ ॥124॥

उत्तर, रोहलसाहब-वाच

पाँच विकार के नाम कहुँ, काम क्रोध लोभ मोह अहंकार।
इनके न्यारे न्यारे सुभाउ है, जिसका सुन वीचार ॥125॥
काम सूँ जागै कामना, जासूँ भोग कमाइ।
खेलै संत निरास में, संसारी आसा में जाइ ॥126॥
क्रोध सूँ लड़कर मरै, पच पच सभ संसार।
विष जाके मिटै नहीं, सारी सभै जमार ॥127॥

लोभ सूँ लालच करै, हाय भाय दिन रात।
जाके मंछा धापै नहीं, मन में पाँच सात ॥128॥
मोह सूँ मोह्यो फिरै, माहिं कुटुँब परिवार।
कह माता पिता सुत भाई घणा,करत न्यात घर बार ॥129॥
अहंकार सूँ अहंता भया, बड़ाई राखौ।
अतर लगावै डोडा चाबै, मुख काच जैसा भाखै ॥130॥
अहंकार डूबै अभिमान में, फिरै ऊजल वैस।
झूठी भाषा भाखवै, भरी सभा में भैस ॥131॥
पाँच विकार पलटै नहीं, जब लग कूड़ा होइ।
कुलछ पलटै सुलछ पावै, साध कहीजे सोइ ॥132॥

प्रश्न, साहूजी-वाच

सुलछ राखौ देह में, सोहि कहौ सभ मोहि।
साँई सर्व जहान को, अर्ज सुनाऊँ तोहि ॥133॥
हम हूँ बालक आपके, तुम मात पिता मेरे।
असल आदि जुगादि सूँ, तब खिग भई तेरे ॥134॥
रहति विरति बताइ द्यो, रती न राखो फेर।
तरग फरग संसार सूँ, रहूँ मैं अपजेर ॥135॥

उत्तर, रोहलसाहब-वाच

पहला सूलछ सील है, दूजा है संतोष।
तीजा प्रेम चौथा विचार है, पाँचवा है विवेक 36॥
ये पाँच सुलछ बलवंत है, चेतन का उमराव।
ओ पाँच कुलछ इन सूँ डरै, जण को जेरो घाव ॥137॥
ये स्रव विकार कूँ नास करै, जिसके संगी जोध।
लोभ मोह अहंकार कूँ आचरण करै, कूट काढै काम क्रोध ॥138॥
सुरति निरति दया धरम, जप तप जोधा होइ।
भाव भगति सुमति सहज ही राखै, वृत्ती ऐसी कोइ ॥139॥
जद कोइ सहज ऐसा राखै, सोहि सूरमा सुजान।
सार सबद का सुमिरण करै, गुरु का मान फरमान ॥140॥
अनासुरति की वृति धरै, आस सुँ रहै निरास।

तब हमारे निज धाम में, पावै सुक्ख निवास ॥141॥
उहाँ जावै आवै नहीं, मृत्युलोक के घाट।
ओ अविचल नगर निर्भय बसै, नहिं जम की लागै झाट ॥142॥

प्रश्न, साहूजी-वाच

भजन करूँ किम देह का, ओ किस विधि कमाई।
सारी विधि समझाइए, द्यो आपकी बड़ाई ॥143॥
साहू सिष है आपका, मुझे तेरा बसीला।
तुझ बिन मेरा को नहीं, कुटंब और कबीला ॥144॥
आप कुटुम्ब परिवार हो, आदि जुगादी संग।
आप हो सागर सुख का, मैं हूँ लहर तरंग ॥145॥
काया का जो हि विचार है, सो सभी कहीजे।
साहू कूँ साची कहौ, किस विधी रहीजे ॥146॥
साहूँ कूँ सोझी पड़ै, ऐसा देवौ ग्यान।
हम हूँ वारण वारणी, आप ऊपर कुरवान ॥147॥

उत्तर, रोहलसाहब-वाच

जोग कमावण को खोज कहूँ, सुन साहू दे कान।
खट चक्कर है घट का, जिसका समझै ग्यान ॥148॥
खट चक्कर खट देवता, जाँ के न्यारे न्यारे ठौर।
ये देव सभ देह लग, इनकी देही माहीं दौर ॥149॥
एक एक देव का, न्यारा कहूँ विचार।
तुम ले करौ पारखा, जानौ जाननहार ॥150॥
मूल कमल दल चार है, जिस पर गणेस देव।
दृढ आसन ठहराइ करि, करै सुर नर सेव ॥151॥
लिंग चक्र खट दल भया, ब्रह्मा को असथान।
अगला घाट पलटाइ कै, निज सतसंग कूँ सुजान ॥152॥
नाभि कमल दल आठै, जिस पर विष्णु को वास।
उहाँ सूँ गुण ले सातकी, सहजे पाइ निवास ॥153॥
हिरदै ऊपर सिव बसै, द्वादस दल को फूल।

सिव सक्ती को विचार ले, दिल दरिया में झूल ॥154॥
चक्र कंठ पर सरस्वती, कमल षोड़ष दल जोइ।
अर्ध उर्ध को भेद ले, किम कर ग्यानी होइ ॥155॥
त्रिकुटी पर निज सेस, कमल दोइ दल देख।
जीत निरंजन जंम कूँ, मेटि काल की रेख ॥156॥
त्रिवेणी पर परमहंस है, कमल सहस दल वर्ण कपूरि।
अंमृत अमी रस पियो, कि सदा रहौ भरपूरि ॥157॥
चहुँ दिसि चमकै दामिनी, अखंडी उजवाल।
भरम अंधेरा सभी मिटै, निर्मल रहौ निरवाल ॥158॥
अनहद बाजा होत है, बजै छतीसी साज।
मंन मगन नित सुनत है, नह नह विधि आवाज ॥159॥
गगन मँडल में गरजियो, छिप्या चंद अर सूर।
मेरु सिखर आसण किया, नाद संख बजावै तूर ॥160॥
दसम द्वार दरसन करै, सनमुख आतमराम।
अष्ट कमल के ऊपरै, लियो जाइ विसराम ॥161॥
पारा हंस प्रकासियो, कियो आगै पयाण।
असंख संखै ऊपरै, पावै असण ठिकाण ॥162॥
असल ठिकाणा अगाध का, उहाँ मेरा निज सरूप।
उस हमारे निज स्रूप मूँ, आकार बन्यो सभ रूप ॥163॥
उस न्यारे कूँ कौन लखै, भूला जगत के व्यवहार।
हाइ हाइ करता मर गया, कितनाई नर नार ॥164॥
रोहल कह साहू सुणौं, ये है वचन हमारा।
जो लागै सोइ मर्द है, इन देही सूँ न्यारा ॥165॥

प्रश्न, साहूजी-वाच

ब्रह्मंड देह सूँ न्यारा कहौ, जिसको किस विधि जाण।
साहू कूँ मालूम नहीं, किस विधि पड़ै पिछान ॥166॥
पिछाण कहौ मुझ पारखा, न्यारे को नीकाल।
समझ बिना सूझै नहीं, सतगुरु कहूँ सवाल ॥167॥
साहू सदा गुलाम है, हर दम रहूँ हजूर।
दया करौ मन का मिटै, फंदा फकल फितूर ॥168॥

उत्तर, रोहलसाहब-वाच

एक देह पँच तत को बन्यौ, मानूषौ अवतार।
दूजी देही प्रेम की, पाँच रंग विसतार ॥169॥
तीजी देही नव तत्त की, जिसमें सर्व इंद्रि को भेज।
सुपन वेखै चाला करै, ज्यूँ अणखै माहीं खेज ॥170॥
चौथा सरीर पिंड तत्त का, न्यारा सकल सुभाउ।
पाँचवाँ सरीर हंस का, देह समाया आउ ॥171॥
छठा सरीर चसमा भया, द्वादस पर ठहराइ।
सातवाँ स्रव न्यारा भया, कोइ सूरा पहुँचै जाइ ॥172॥

प्रश्न, साहूजी-वाच

सात सरीर आप ज कहै, पीछै उनको क्या वीचार।
साहू कूँ संसौ भयो, कहियो बहुत पुकार ॥173॥
जिससूँ मेरौ श्याम है, सोइ मुझे देउ बताइ।
सागी सूप लगा देवौ, दुरमति भरम मिटाइ ॥174॥
आपहो साहिब सिर धणी, निज मालिक मेरे।
हम तो दास हूँ आपकौ, चरणाँ को चेरे ॥175॥
मुझ कूँ अंतर खोल कै, कहौ विचार सुनाइ।
साहू सरणै आपके, नित बलिहारी जाइ ॥176॥

उत्तर, रोहलसाहब-वाच

सुन साहू तुम कूँ कहूँ, सात सरीर को तोल।
विधि विधि कह समझाइ द्यो, कहूँ अंतर खोल ॥177॥
पहला सरीर देह का, जो चलै फिरै जग माहिं।
सभ कारज देह सूँ सूझै, बिन देह कारज नाहिं ॥178॥
दूजी देही प्रीति की, पाँच रंग के घाट।
जब अस्थूल सूँ न्यारौ हुवै, बिखर पबै फूटफाट ॥179॥
जल तत्त जल सूँ मिलै, पृथिवी धरणि समाइ।
तेज तेज में पवन पवन में, आकास आकास जाइ ॥180॥
तीजा सरीर नौ तत्त का, जिसमें सरव लुभाउ।
ये सुभाउ मिटै नहीं, क्रित जब खाण में जाउ ॥181॥

चौथा सरीर पिंड तत्त का, देवलोक लग जाव।
पावै धाम वैकुंठ की, अर स्वर्ग लोक समाव ॥182॥
पाँचवा सरीर सतगुरु का भया, चश्मा निरत निसाण।
छठवाँ सरीर हंस का, माँह चश्म समावै आण ॥183॥
सातवाँ निज स्रूप साहब का, जिसमें सतगुरु समाइ।
जब धाम हमारे पूग गया, पाछै नाहीं आइ ॥184॥
साहू समझ विचार कूँ, तुझै रोहल सुनाव।
गाम हमारी जाइ करि, पाछा नाहीं आव ॥185॥

प्रश्न, साहूजी-वाच

किस विधि न्यारे कूँ जानिए, अर धारा पिंड ध्यावै।
ओ निज सरूप है आपका, किण पर सूँ पावै ॥186॥
सार सबद निज नाम है, उसका कहौ सुमार।
भजन करूँ मैं आपका, आठ पहर इक सार ॥187॥
अनासुरत किम धारणा, किम कर राखै इक ठाह।
सुरति निरति ठिग जात है, रहति बतावौ राह ॥188॥
अडिग अविचल धाम का, जिसका देवौ सुक्ख निवास।
साहू के साहब आप हो, मैं धणी तुम्हारौ दास ॥189॥

उत्तर, रोहलसाहब-वाच

सुण साहू अब मैं कहूँ, न्यारे को निज वास।
सब्द उनका नाम सार है, उसका करौ अभ्यास ॥190॥
सार सब्द निज नाम है, अनासुरत की डोर।
ज्यूँ गुड़ी खंवण अधर रही, राख आठ पहर की ओर ॥191॥
ये नौ न्यारा निज रूप है, कोइ निज हंसा जान।
साहू कहूँ साँच मैं, जे मेरा वचन मान ॥192॥
रोहल कह साहू सुणौ, न्यारे को ये खोल।
सारौ विचार मैं कह्यो, तुझ कूँ ये है तोल ॥193॥

अथ साहूजी रोहलसाहब की महिमा करत भयो है

चौपई : *रोहेल साहब पर बलिहारी। मेरी प्रीति लगी अति प्यारी ॥*

साहू सुनौ महीमा गावै। पलक पलक बलिहारी जावै ॥194॥
रोहल साहब नाम कहाया। मृत्युलोक में अगम सूँ आया ॥
अगम अगोचर धाम अघेरी। साहू संत लिए सिध सेरी ॥195॥
रोहल साहब सब का साँई। प्रकट नाम है जाँई ताँई ॥
साहू हरदम नाम उचारै। पिया पिया पियु पिया पुकारै ॥196॥
रोहल साहब सभ के भेड़ा। हैले ऊपर हरदम नेड़ा ॥
साहु सदा चरणाँ के माहीं। रोहल साहब बिन मेरा कोइ नाहीं ॥197॥
रोहलसाहब सामरथ, सभ की करत सहाइ।
साहू जिसके नाम पर, नित बलिहारी जाइ ॥198॥

इति शास्त्र अंतर-विलास संपूर्ण समाप्त ॥ चौपाई 24 ॥ दोहा 174 ॥ सर्व 198 ॥

सतगुरु रोहलजी के प्रसाद पूर्ण सत-आत्मा-विचार-अनुभव ग्रंथ

चौपई : *गुरु रोहल के चरने लागा। जन्म मरण का संसा भाग ॥*
जैसे पावक कासठ माहीं। प्रगट भयाँ वह कासठ नाहीं ॥1॥
गुरु रोहल वह सबद सुनाया। हउमैं संसा तुरत मिटाया ॥
क्याह कहूँ कुछ कह्यो न जाही। सतगुरु सब्द काटै जम फाही ॥2॥
गुरु रोहल सा और न कोई। तीन लोक में देख्या जोई ॥
ग्यान दीप वह घट में दीया। ज्यूँ रे सर्प का भ्रम सो गया ॥3॥

दोहा : *साहू था सो उठ गया, सोहूँ एक अपार।*
मूरख अंधा पोट भर, सिर पर राखै भार ॥4॥

चौपई : *ना कोइ जनमें ना कोइ मरै। ताँ फिर जोनी कौन स भरै ॥*
गुरू कृपा वह बन्धन टूटा। हउमैं गागर भ्रम का फूटा ॥5॥
गुरु किरपा बिन मुक्ति न आवै। वाँ किरपा ते जन्म न पावै ॥
जन्म मरण वह हमरा खेला। साहू सो हूँ रहत अकेला ॥6॥
ना कोइ मिलिया ना कोइ न्यारा। सोहूँ चेतन रूप अपारा ॥

विचार अनुभव में टुबकी मारै। अपना कारज आप सँवारै ॥7॥

दोहा : *मिल्या बिछुड़िया तो कहूँ, जे कारज कारण होइ।*
साहू एकौ रम रह्या, दूसर नाहीं कोइ ॥8॥

चौपई : *ज्यूँ एका अंडौ घट्ट अपारा। घट फूट्याँ वह अंडौ न्यारा ॥*
ज्यूँ रवि एका धूप अनेका। त्यूँ हूँ चेतन रूप विवेका ॥9॥
कहाँ हम जोगी कहाँ हम भोगी। कहाँ हम वैद्य कहाँ हम रोगी ॥
कहाँ हम पंडित कहाँ हम तुरका। कहाँ हम स्याना कहाँ हम मुरखा ॥
ज्यूँ वन एका पान अनेका। त्यूँ हूँ चेतन रूप विवेका ॥10॥

प्रश्न : *एक अनेक सु कहिए काह। जैसे तरँग सागर बिन नाँह ॥*
चेतन रूप सो कहै अकेला। कौन सु विछुड़्या कौन सु भेला ॥11॥

उत्तर : *कोइ न जानै मेरी बात। सो जानै जाकुँ लागी धात ॥*
ग्यान कुंढे वह चोट चलाई। हूँ मैं गले मूँ काटी फाही ॥12॥

दोहा : *नाम रूप सभ तरँग जल, क्यूँ कर उतरूँ पार।*
सतगुरु पूरा काढ ले, पकड़ उतारौ पार ॥13॥

सवैया

आप विचार पड़ौ अब पार तू, जान गँवार नहीं यह हासी।
एक अनेक धर्‌या बहु भेष तू, आपहि पेख यही घर वासी ॥
जहाँ रात न दिंन मिल्यो नहिं भिंन, कह्यो अब गंन वही घर वासी।
साहू साह रम्यो घट मूँ अब, ज्युँ रोमहि रोम में जोत प्रकासी ॥14॥

चौपई

नाम लेवै वह तीरथ जोवै। ज्यूँ खँड कह्याँ मुख मीठा होवै ॥
नाम रूप सभ आतम देखी। प्रगट्या सुर्य उनौ नहिं पेखी ॥15॥
नाम लियाँ वह क्या सुख होवै। जब लग अपना आप न जोवै ॥
नाम लेवै बहुता ज्यूँ सौहा। मोह माया का पकड़्या खोहा ॥16॥
सोऽहं छोड फिरै वह भटके। ज्यूँह सूवा नलनी मूँ लटकै ॥
आप आप कूँ आपै फांधा। साहू वाँ कूँ कौन सो बांधा ॥17॥
आप विचार्‌या आपा टूटा। मोह माया का पिंजडा फूटा ॥
साहु भया वह साँसा भागा। आप था फिर आप कूँ लागा ॥18॥

दोहा : *लोहे मूँ कंचन भया, गुरु पास के संग।*
साहू भिनता कब रहै, जब सुलटा उलट्या गंग ॥19॥
साहू आतम राम सभ यह, दया जो सतगुरु कीन।
मुझ कूँ सब्द सुनाइ करि, कियो आप सूँ लीन ॥20॥

चौपई

गुरु रोहल जब किरपा कीनी। आप विचार मुझ अग्या दीनी ॥
आप विचार बिना नहिं मोख। इन बिन मिटै न संसा सोक ॥21॥
विचार कह्यो गुरु कैसे मानूँ। अविचार भयो सो क्यों कर जानूँ ॥
अब तो सरन तुमारी आया। कृपा करौ तुम भी मैं आया ॥22॥
एहि रूप तू आप कूँ जान। और रूप सभ आपहि मान ॥
आप कूँ त्याग चेतन है रूप। और जाप सभ संसा कूप ॥23॥
जाप बिना भ्रम मिटै न दोष। जा सूँ जोगेसुर पावै मोख ॥
प्राणायम प्रगट कर भाखूँ। अमीं रस गुरु कैसे चाखूँ ॥24॥
सेवा पूजा कैसे करूँ। वाँ बिन और नहीं तो मरूँ ॥
जासूँ मोख कहौ गुरु सोई। तुम बिन और न हमरा कोई ॥25॥

उत्तर, झूलना

आपना आप तू मार देता नहीं, दरै दर दौड़ता फिरै डोला।
जिस्सके कारनै कष्ट बहुता करै, वही रे वही तू काँह भूला ॥
पिंड ब्रह्मंड में तुम्हैं ही रम रह्या, तहीं नहिं जान रे काँह भूला ॥
साहु अपना आप है और नहिं थाप है, ज्ञान झूले पर बैठ झूला ॥26॥

दोहा : *साहू अपना रूप तुम, सोऽहं करता भोग।*
चेतन रूप तू आप सुख, और जोग सभ रोग ॥27॥

प्रश्न : *तुम कह्यो ब्रह्म एक है, सो एक भयो बहु भेष।*
साहू कैसे करि जानिए, जो ऐसा ब्रह्म अलेख ॥28॥

उत्तर, चौपई

एक ओइ तब अलग कहिजे, जब लग नाहीं होइ ॥
साहू आपा धार सही, लातौ मैं ठाहर सोइ ॥29॥
आपै डूबै आपै तरै, आपै करता आपै भरै ॥

आपै गीअर ग्याता आप, आपै सेवग स्वामी जाप ॥30॥
एहि बात को बिरला बूझै। सो जानैं जाकूँ आपहि सूझै ॥
अपना विचार आप सो करै। दुतिया भाउ हउमैं सभ जरै ॥31॥
सो जोगी कबहू नहिं मरै। आप तिरै औराँ कूँ तारै ॥
हउमैं का सभ परदा फाड़ै। द्वैत भाव सभ मिथ्या जारै ॥32॥
एकौ रूप आप सो मानही। जैसे तरँग सागर बिन नाहीं ॥
.........................। त्यूँ आप बसै सभ ही घट माहीं ॥33॥
साहू सोऽहं एक प्रकास। कहा भया ठाकुर कहा भया दास ॥
कहा भया चोर कहा भया त्यागी। कहा भया मूर्ख कहा भया भागी ॥34॥
जैसे वृच्छ वृच्छ है सोई। साख पात नहिं दूजा कोई ॥
आप आप कूँ आपै भूला। चौरासी मूँ फिरता डूला ॥35॥
आप आप कूँ आपै दाधा। जैसे मरघट काकरुँ बाधा ॥
दर दर फिरै बहुत दुख खाधा। वाँ बिन और न दूजी फाँधा ॥36॥
मृगजल देखि र नौका चाहै। आपै डूबै को पार लँघावै ॥
वाकूँ कैसा कह समझावै। बोड़े आगै वैन बजावै ॥37॥
भिन भिन है सभ खेल हमारा। हम ही चेतन रूप अपारा ॥
हम ही सतगुरु हम ही चेला। ना कोइ विछुड़्या ना कोइ मेला ॥38॥
भांडा भव भरम का फूटा। हउमैं का सभ संसा लूटा ॥
साह साहू इत्थे नाहीं। आप आपकी पकड़ी बाहीं ॥39॥
भिन भिन रूप सो कैसे जानूँ। देखे बिन सो कैसे मानूँ ॥
हम मूरख अब पड़े हु खोहा। तुम हो पारस हम हू लोहा ॥40॥
वेदों का मत एही भी है। जोग नेम बिन नहीं लही है ॥
इसी बात मूँ संसा जानूँ। सतगुरु मैं कैसे कर मानूँ ॥41॥
कुरान कहै पच्छिम सूँ लहै। वेद कहै पूरव सूँ वहै ॥
दोनों कान पर पाग रखै। डूब मरै क्यों पार लंघै ॥42॥
हउँ तू संसा दोई अरी है। आप त्याग तो तू हि वही है ॥
साधू संगती ये पल पइए। नहिं तो जन्म अक्यारथ बहिए ॥43॥
साध संग ते संसा भागै। काम क्रोध का डंक न लागै ॥
वाँ किरपा ते ग्यान प्रकासी। आपा आप और नहिं भासी ॥44॥
ग्यान विग्यान दोनों गुरु कहिए। अपना आप सो क्योंकर लहिए ॥
सतगुरु पूरा मोकुँ बतइए। नहिं तो जन्म अक्यारथ बहिए ॥45॥

ग्यान विग्यान दोनों तब पावै। जब कूँची वैराग की हाथ सो आवै ॥
साहू ए पद तब ही पावै। हउमैं का सभ संसा जावै ॥46॥

दोहा : *साहू आतम राम सभ, दूर दृष्टि सभ त्याग।*
सुन रे मूरख चेत तू, अग्यान नींद सूँ जाग ॥47॥
साहू आतमराम सभ, तुझ बिन दूजा कौन।
तुम कूँ ऐसा चाहिए, ज्यूँ जल मध्ये लौन ॥48॥

चौपई : *सुन रे मूरख आप हि त्याग। सुन रे मूरख आप हि जाग ॥*
सुन रे मूरख आप पछान। सुन रे मूरख आप कुँ जान ॥49॥
सुन रे मूरख तू है सोई। तुझ बिना दूजा नाहीं कोई ॥
काहे कूँ तू भरमै भोला। ज्यूँ सागर में तरँग सु डोला ॥50॥
मैं ज कही कब सागर देखूँ। कष्ट करे वह क्योंकर पेखूँ ॥
वाँ कूँ कैसा ही दरसावै। आप के माहिं और कूँ धावै ॥51॥
मैं ज कही वह भ्रमना लागे। आपके माहिं और कूँ भागे ॥
अग्यान दृष्टि सूँ क्योंकर पेखै। जल के माहीं वह नहिं देखे ॥52॥
काल दृष्ट सू इसकूँ कहिए। आपा त्याग और कूँ छहिए ॥
दर दर फिरै को मुक्त बतावै। वाँ कूँ कैसा कह समझावै ॥53॥

दोहा : *साहू गूंगी भावना, गूंगा होइ सुजान।*
उल्लू कूँ कुछ ना सुझै, प्रगट्या चेतन भान ॥54॥

चौपई : *ऊँच नीच में सोहू होइ। भई कृपा तब दरस्या सोइ ॥*
जिस कारन जग भया विरागी। सोहि लगन घट भीतर जागी ॥55॥

सवैया : *केस सभी सिर सेत भए अब, कष्ट केइ वह सांति न पाई ॥*
आप विचार कियो नहिं मूरख, ज्यूँ कपि मूठि फिरै बिललाई।
हाटो हि हाट सो डोलत है सठ, मीन कहै कब सागर जाई।
साहू साह हथो हथ हाजिर, ताहि न जानें सो पुरुष न लुगाई ॥56॥

चौपाई : *को गंगा को मथुरा जावै। कोइ तीरथ बहु व्रत्त रखावै ॥*
कोइ कहै वह कष्ट है कीजे। राम नाम रस तब ही लीजे ॥57॥
कोइ कहै पच्छिम कूँ जावौ। कोइ कहै पूरव कूँ ध्यावौ ॥
बाधे गुरु का यही मता। ज्यूँ पत्थर पर करले तपा ॥58॥

दोहा : *जब लग आपा ना मिले, तब लग भासै और।*
साहू ग्यान प्रकास बिन, कबहु न पावै ठौर ॥59॥

सवैया : *ग्यान बिना नर मूँछ कटावत, ग्यान बिना नर मक्का जावै।*
ग्यान बिना नर मूंड मुंडावत, ग्यान बिना नर जटा बधावै ॥
ग्यान बिना नर दौड़त है पुनि, ग्यान बिना नर गंगा न्हावै।
जब आतम ग्यान प्रकास कियो घट, साहू राम सदा सुख पावै ॥60॥

चौपई : *नाम रूप सभ सोऽहं बसै। ज्यूँ जल भीतर उलटा दिसै ॥*
नाम रूप ते सोऽहं न्यारा। ज्यूँ जल भीतर दीसत तारा ॥61॥
नाम रूप अनेक है लागे। काकूँ ग्रहै काकूँ त्यागे ॥
जो देखूँ सोही वह जरै। सोइ बतावौ भूल न मरै ॥62॥
हम मूरख हुँ अल्प मत बंधा। काम क्रोध का बडा हि युद्धा ॥
मोह अहंकार सूँ क्योंकर छूटूँ। लोभ कहै अब तुझ कूँ लूटूँ ॥63॥
इन्द्रिय देह मिथ्या कर जान। यहाँ तो उपजै अति अभिमान ॥
आप को त्याग तुहि है सोई। तुझ बिना दूजा नाहीं कोई ॥64॥

दोहा : *साहू आखिर जावणा, आइ वेखौ हुण पीउ।*
राते सुख ना सोवणा, खड़ उसका वो जीउ ॥65॥
साहू कर तन आरसी, आँख नूर करि देखि।
यह दरसन मूँ देखले, घट घट जाँको वेखि ॥66॥

चौपई : *मेरौ कह्यो तू कान न लावै। यहाँ तो बहुता तू दुख पावै ॥*
सेत भया समझै नहिं मूढ। सठ मूरख तेरे सिर धूड़ ॥67॥
रे मूढा दिन बैठा जाइ। गुरू सदीदे औरे आइ ॥
वर्णाश्रम की चौपड़ भारी। जीती बाजी आपै हारी ॥68॥
तीरथ वरत धरे बहु भेषा। पूर्ण ब्रह्म सूँ कीया लेखा ॥
गंगा मथुरा घट के माहीं। मूरख ढूँढै सुनिया जाहीं ॥69॥

दोहा : *तीरथ वरत उपासना, बहु वेखा करि लेह।*
साहू पानी जुगतिया, नाद विधा न गेह ॥70॥

चौपई : *अगम अगोचरी मुख वाणी। येहि बात किहि बिरले जाणी ॥*
सो जाणै जाकुँ आप दिखावै। हउमैं का सब संसा जावै ॥71॥

साहू ब्रह्म जुदा नहिं भेड़ा। ज्यूँ सागर तरँग सुँ होइ बनेड़ा ॥
नख सिख व्याप्या सोहू माहीं। वेद कतेब की तहाँ गम नाहीं ॥72॥
वेद कतेब करम के वाचा। सतगुरु सबद मिल्या मन साचा ॥
बोले साहू जिन जाँझो रता। ज्यूँ खेलै बांझ का पोता ॥73॥
हउँ तू था वह गइ है आस। हद्द छोड बेहद किया वास ॥
अगम अगोचर गोचर होई। साहू नाहीं बोल्या सोई ॥74॥

दोहा : *साहू की क्यूँ भया, सुन रे मूढ अजान।*
मिरग जल की आव कूँ, कब करिए परवाँन ॥75॥

त्रोटक : *रे कुबुधी भूम सो जोई। रे संसै बीज सो बोई ॥*
रे तृष्णा जल सू पूगा। रे अग्यानि ऊगो सो ऊगा ॥
रे मन कहै यहै बाई। रे जैसी पोखै तैसी चाई ॥76॥

दोहा : *साहू यह संसार की, कैसी करिए बात।*
जो आठ पहर मूँ डोलना, ना कुछ हाथ न साथ ॥77॥
बार बार तुझ कहत हूँ, मूढा चेत गँवार।
मनख जन्म फिर न आवही, साहू कहै पुकार ॥78॥

सवैया : *प्रेम बिना नर भूलत है वह, प्रेम बिना नर झूठ बखानी।*
प्रेम बिना नर आप न जानत, प्रेम बिना नर कूप उरझानी॥
प्रेम बिना नर नर्क न सूझत, प्रेम बिना नर काहे सो मानी।
प्रेम विचार भेला जब होत है, साहू साह सभहि घट जानी ॥79॥

चौपई : *चंदन नागिन सूँ लिपटिया। ग्यान मोर जब ऊपर ठहरिया ॥*
तब आप आप कूँ ऊपर भागी। साहू ताकूँ विष्ष न लागी ॥80॥

कवित्त : *ग्यानी की तो दृष्टी दूर, जहाँ देखी तहाँ हजूर,*
जहाँ प्रगट्या ग्यान सूर, तुमरी सब जात है।
हउँ तू दोई अरे, नूर कुंडी दिया तूर,
ज्यूँ चंदन के ऊपर मोर, सर्प सब ही खात है ॥
जैसे जल मध्य माहँ, चहुँ दिसा चलत नाँह,
वाँ कूँ पेड़ा ई आस भयो, वर दो ही ते वात है।
जैसे कँवल आप माहिं, ग्यानी त्यूँ जगत माँह,
साहू तू विचार देख, सकल ब्रह्म बात है ॥81॥

दोहा : *साहू देख्या आप मूँ, अपना रूप अनूप।*
भरम भुलाना मिट गया, होया चेतन रूप ॥82॥

चौपई : *देहभिमान मिट्या नहि भ्रंम, वह समझै न कबहु ये म्रंम ॥*
देहभिमान भरम का खूवा। कीता बूडा पच पच मूवा ॥83॥

प्रश्न : *पाँच तत्त की देह अस्थूल। सा समझै कबहु नहिं मूल ॥*
एक अनेक सूँ क्योंकर लागूँ। कान कूँ घर हू कान कूँ त्यागूँ ॥84॥
जो देखूँ सो मर मर जाइ। कान मूँ अपना कान्ह समाइ ॥
कौन सु जन्में कौन सु मरै। फिर फिर जोनी कौन सु भरै ॥85॥
उत्तर :*ज्यूँ तरंग सिंधू कूँ झपै। वा मूँ उपना वा मूँ खपै॥*
तू जनम मरण साहू उस माहिं। सुन रे मूढ़ा तू है काहिं ॥86॥

दोहा : *पाँच तत्त गुन तीन में, जब लग तुमरी दौर।*
तब लग भटकत मूँ रहै, कबहु न पावै ठौर ॥87॥

चौपई : *तुम कूँ किते कहे उपदेस। साम घटे सिर आए केस ॥*
आप आप सूँ आपै भूला। चौरासी मूँ फिरता डोला ॥88॥

दोहा : *साहू ये तन खाक है, आखिर माटी होइ।*
पहुती भेड़ी मार कर, गाफिल पीछै रोइ ॥89॥

दिन तो गफलत में गया, अर रैन गँवाई रोइ।
आखिर तो है चालना, अर जन्म गँवाया खोइ ॥90॥

चौपई : *संसार समन्द अखंड अपारा। वाँ में संत का नौका भारा ॥*
वाँ ते चढै सो पार परै। नहीं तो फिर फिर डूबै मरै ॥91॥
हउमैं भइ वह कहते ग्यान। ताते उपजै अति अभिमान॥
वह कहता हम ब्रह्म समान। फिर कहता हम जीव अजान ॥
उसकूँ कहते बंधन ग्यान। दर दर फिरै न पावै मान ॥92॥

दोहा : *है नाहीं क्या कीजिए जो घट घट परगट रूप।*
तन दर्पण मूँ देखिले, साहू रूप अरूप ॥93॥

सोरठा : *साहू रूप अरूप, नहीं बोलै नहिं मूँ कहै।*
कहो मुझे समझाइ, यह बोलै सो कौन है ॥94॥

दोहा : *साहू रूप अरूप था, घट घट बोले राम।*
कहा हिन्दू कहा तुरक है, कहा नच नच माँगै जाम ॥95॥
ये ही रूप अरूप है, हाथों हाथ हजूर।
साहू एको रम रह्या, नहीं निकट नहिं दूर ॥96॥
दूर कहूँ तो निकट है, निकट कहूँ तो दूर।
साहू था सो उठ गया, नहीं निकट नहिं दूर ॥97॥

सिष-वाच

चौपई : *देहभिमान मिट्या अब छीना। सतगुरु वचन सुन्या मन भीना ॥*
पंच नवाँ की छोडी दौर। सतगुरु सब्द किया मन ठौर ॥98॥
हउमैं की वह होती दौड़। ग्यान कुण्डी वह दीनी तोड़ ॥
मन चंचल पायो विसराम। जहाँ देखूँ तहाँ दीसत राम ॥99॥
ऊँच नीच में सोइ होइ। भई कृपा तब दरस्या सोइ ॥
ग्यान सूर घट भीतर जागा। रैन अँधार सकल सू भागा ॥100॥
जहाँ देखूँ तहाँ राम हजूर। सरव निरंतर है भरपूर ॥
जिस कारण जग भया उदासा। वह तो घट घट कीया वासा ॥101॥
जल की बूंद पड़ी जल माहीं। वाकूँ भगता कहिए काँहीं ॥
ज्यूँ सागर में तरँग समाना। आया था थिर आप कुँ जाना ॥102॥

दोहा : *जो उपजै विनसै वही, ताहि बताऊँ कौन।*
ये ही बात विचार करि, हम पकड़ै है मौन ॥103॥

चौपाई : *उपजै खपै सो दीसत माया। ज्यूँ वृछ एक दूसरी छाया ॥*
कब देसी कब देसी नाहीं। सुन रे मूरख तू है काहीं ॥104॥
आपा भया तो दूजा भासी। आप गया तो दूजा नासी ॥
साहू ए पल तब ही पावै। हउमैं संसा भरम भुलावै ॥105॥

सिष-वाच

दोहा : *मृग सिंधू ज्यूँ देख त्यूँ, जग सपने व्यवहार।*
साहू नौका प्रेम चढ़, उतरिया है पार ॥106॥
कीटी का तहाँ पग नहीं, हस्ती की कब लत्त।
आप आप मूँ रम रह्या, साहू उलटी मत्त ॥107॥

सवैया : *मत्त गई अर गत्त गई, असत्त गई सुन प्रेम नजारा।*
सो धन खिंन चलै नहिं मंन को, बिरला जंन जो आप विचारा ॥
सोहू एक विचार किए वह, वेख तू, आप हि देख तभी निरधारा।
साहू राम दिया भर जाम, इथै घर धाम जो होत बकारा ॥108॥

त्रोटक : *ना कुछ गया न आया है। सोना बिछुड़्या कुछ पाया है ॥*
यह उपजै खपै सो माया है। सो सो हउँ वेख बनाया है॥
तहाँ साहू साह कहाया है। जहिं देखे भरम कल्हाया है ॥109॥

चौपई : *सुख जो ही था चाख्या सोई। तू निबंधना बंध न कोई ॥*
आपै गुरु आपै भया चेला। ना कोई बिछुड़्या ना कोइ मेला ॥110॥

झूलण : *प्रेम कंमान ले सुरति का खींच कर, ग्यान का तीर ले हाथ बाऊँ।*
आप कूँ घात करि द्वैत कूँ मार करि, अंत मैदान में सुक्ख पाऊँ ॥
अगम दरियाह मूँ टुब्बकी मार करि, एक सूँ मेख करता नहाऊँ।
साहू आप मूँ ऊपना आप मूँ खापना, आप सूँ आप हूँ आप खाऊँ ॥111॥

कुंडलिया : *गुरु वही चेला वही सब्द वही कर जान।*
साहू आप विचार कर एहु निवार सुजान॥
एहु निवार सुजान घट्ट घट सोहउँ बोल्या।
विवेकि पुरुष सो सार हंसा घूंघट खोल्या ॥
सर्व वियापी आतमा देख्या आप पिछान।
गुरु वही चेला वही सब्द वही कर जान ॥112॥

चौपई : *अणभौ ग्यान सो घट मूँ जागा। रैन अंधेरा सकल सो भागा ॥*
आपा भया तो दूजा भासै। आप उठ्या तो दूजा नासै ॥113॥
विचार किया तब ही यह बूझै। विचार किया तब ही यह सूझै ॥
विचार बिना नर कोइ ना छूटा। भई कृपा तब संसा लूटा ॥114॥
अब तो सुरति समानी धरनि अकास। हउमैं का वह झगड़ा नास ॥
जिसकूँ चाहा तू अब सोई। तू निरबंधन बंध न कोई ॥115॥
तुम तो प्रेम पियाला पीया मस्त। सौदा किया आपने हस्त ॥
जब सिर दीया तब यह लीया। अपना सौदा आप हि कीया ॥116॥
दर्पण फेरा पूठा देखै। सो अपना मुख क्योंकर पेखै ॥
साहू वाँकूँ क्यों दरसावै। जो पिरथक त्याग और कूँ जावै ॥117॥

पृथक आप सो देखै नाहीं। मूरख ढूँढै स्वान हि जाई ॥
जैसे मरघट ठौर न पावै। दर दर फिरै बहुत दुख खावै ॥118॥
विचार बिना नर कोइ न पावै। तब जानैं जब आपा जावै ॥
आपा सुध आपा नहिं बूझै। आपा उठ्या तो तब ही सूझै ॥119॥
यह काया सो तो माया है। जिहि माया जग भरमाया है ॥
सो ना तेरी ना मेरी है। यह खाक भसम की ढेरी है ॥120॥
सो ग्यान कुंडी सूँ घेरी है। अब ना कोइ सज्जन ना वैरी है ॥
सो साहू की यह फेरी है। सो समझ्या कूँ यह सेरी है ॥121॥
ना कुछ गया नहीं कुछ पाया। अपना सौदा आप बनाया ॥
घट घट सोहउँ किया प्रकास। कहा भया ठाकुर कहा भया दास ॥122॥
आप आप सूँ आपै लागा। हउमैं का सब साँसा भागा ॥
क्या कहिए कछु कह्यो न जाइ। जो कहिए सो कहै लजाइ ॥123॥
साधु संग तेरे पद पावै। नहिं तो मिथ्या जन्म गँवावै ॥
साधु संग ते आप सुँ लागै। हउमैं का सब संसा भागै ॥124॥
साधु संग ते ग्यान प्रकास। रैन अंधेरा सकल सु नास ॥
साधु संग ते जन्म न पावै। हउमैं संसा तुरत मिटावै ॥125॥

दोहा : साहू अनुभव ग्यान मूँ, टुबकी मारी माँह।
जहाँ देखूँ तहाँ आतमा, दुतिया दीसत नाँह ॥126॥
साहू आतम ग्यान मूँ उलटी लागा आप।
भरम भुलाना मिट गया, गुरु रोहल परताप ॥127॥

इति शास्त्र अनुभव-विचार संपूर्ण समाप्त

चौपई 85 ॥ दोहा 30 ॥ कवित्त मनहर 1 ॥ सवैया 5 ॥ झूलणा 2 ॥ त्रोटक 2 ॥
सोरठा 1 ॥ कूँडल्या 1 ॥ सर्व 127॥

सबद

साधौ वहाँ पर खेल हमारा।
हम भी नाहीं तुम भी नाहीं, नाहिं सकल संसारा ॥थल॥

क्या हिन्दू क्या तुर्क सडावे, दोनों हि मंगणहारा।
उह गंगा उह मक्का जावे, झगड़ा लागा भारा ॥1॥
परगट राम न जानैं कोई, मोटै बंध लगारा।
घट की गंगा न्हाइ न जानैं, वाँका मूंढा कारा ॥2॥
तीन गुणाँ में सभ जग बंधा, चौथा गाँव हमारा।
नाम नगर का बेगम नगरी, मार्या प्रेम नगारा ॥3॥
नंगा फिरूँ न कपड़ा पहरूँ, ना कोइ भेष हमारा।
हम वासी हूँ उसी देस का, जहाँ आवागमन निवारा ॥4॥
हम में स्रव मैं स्रव सूँ न्यारा, ज्यूँ जल दीसत तारा।
कह साहू जन सुन गुरु रोहल, स्रव घट दरसन थारा ॥5॥1॥

तन मन अंदर दामिनि चमकै, विरहा बादल लाया है
समझ सजन कूँ सही सुञा तो, आसिक लाल लखाया है ॥थल॥
चोले अंदर बैठा बोलै, काया को रूप धियाया है।
गुझड़ी गाल्ह नहीं आखण दे, रावळ रमज रिझाया है ॥1॥
पछिम देस सूँ बादल आयो, मेघ मेह बरसाया है।
अगम देस सूँ पड़ियाँ बूंदाँ, मालिक मुलक बसाया है ॥2॥
बिन नैनन मैं निरख्यो साधू, बिन जिभ्या गुण गाया है।
लव लव दे बिच सुहणा साँई, साजन उहाँ समाया है ॥3॥
आसिक रोहल रंडण चाढ्है, साहू रंग रचाया है।
नहिं मैला नहिं पुराना थींवे, रोजौ रोज सवाया है ॥4॥2॥

देहभिमान मिटै जब ममता, सुमति सहज घर आई।
गुरू कृपा वह बंधन टूटै, हउँ तू दोनों भाई ॥थल॥
सर्प कँठ डाल चली धरा पुर, त्युँ ग्यानी रहत संसारा।
वेद कतेब की तहाँ गम नाहीं, सो हउँ सगल पसारा ॥1॥
जन्म मरन सुपनै की भावना, जब जागा भव भागा।
एकोहि एक मिल्या भरपूरा, उलट उहाँ सूँ लागा ॥2॥
नहिं कोइ देव नहीं कोइ ध्याता, नहिं को धूप न छाया।
एकोहि एक मिल्या अविनासी, उपजै खपै स माया ॥3॥
कहीं से कहूँ कहीं सँग बोलूँ, और देवन को दूजा।
हउँ तू नाहिं कहै जन साहू, जो जाणै सो नर बूझा ॥4॥3॥

क्याह कहूँ कछु कह्यो न जावै, बखमी बात सवाई।
रहत अकेले अज्ञात कहीजे, सतगुरु दिया बताई ॥थल॥
नहिं कोइ अजपा जाप सिमरना, अरथी गरथी नाहीं।
सब्द न साखी खाणी न वाणी, गीता गावण नाहीं ॥1॥
चन्द न सुरज पवन नहिं पाणी, अचरज बात बनाहीं।
अजब रंग किया बैरंगी, रँग जाइ बेरँग माहीं ॥2॥
रहणि न करणी सेवा न साधन, ना कोइ करूँ कमाई।
पूरण भाग मिल्या अविनासी, उहाँ जाइ हंस मिलाई ॥3॥
नहिं कोइ कार अकारी नाहीं, नहीं धूप नहिं छाई।
साहू कह गुरु रोहल पाया, रोहल सुन्य समाई ॥4॥4॥

मेरी बात सुन एही कि केई, भूल रह्या हर तरफ देही ॥थल॥
कि सरवण और नहीं धार्या, कि बाजा कूच नगारा।
कि सुनकर लाज नहीं आती, मुसाफिर हटाँ वही जाती ॥1॥
कि गाफिल नींद मूँ सोता, जब जाग्या तब रोता।
पिया संग है नहीं राती, बिछोड़ै दी बडी काती ॥2॥
आपा मूल कूँ पेखौ, घट घट बोलता देखौ।
कि वाँसूँ प्रीति है मेरी, नहीं तेरी नहीं मेरी ॥3॥
हंम सूँ मिले ना बिछुड़े, जो बेखमें हुँ सदा बिगड़ै।
जो अब तो आ जगाना हूँ, जो जग में तो बेगाना हूँ ॥4॥
आपा लक्ख की कहता, जो हद में ओ नहीं आता।
जो अनहद के सदा वासी, जो काटे भरम की पासी ॥5॥
साहूदास नहिं बोल्या, जिसे घूंघट सती खोल्या।
जो उसमें पत्त है आवै, त चौरासी में न फिर जावै ॥6॥5॥

जाँ घट ठाकुर लिया निवासा, तिस कारण जग फिरै उदासा ॥थल॥
कौन सो जन्में कौन सो मरै। फिर फिर जोनी कौन सो भरै।
गुरु कृपा वह बंधन टूटै। हउमैं गागर भरना फूटै ॥1॥
वैरागी विचार भया बडभागी। जहाँ कुछ नाहीं तहाँ धुन लागी ॥
सहस भान घट भीतर जागा। रैन अंधेरा भीतर भागा ॥2॥
जाँ देखूँ ताँ राम हजूर। सकल निरंतर है भरपूर ॥

आपो दिया जुगौ जुग जीया। सिर साटे साहब हम लीया ॥3॥
नहिं कुछ लिया नहीं कुछ दीया। अपना सौदा आपहि कीया ॥
साहू नाहीं बोलै ओही। जल थल गुप्त प्रगटिया सोही ॥4॥6॥

मेड़ा मेड़ा यहाँ ही मेड़ा।
आतम जैसा देव न कोई, काया जैसा और न डेरा ॥थल॥
अंधे मूरख दर दर डोलै, कोइ पूजै गुरु कोइ पूजै देव रे।
वाँ से नाहिं तुमार निवेरा, काया जैसा और न डेरा ॥1॥
बिना विचार बहुत गल थकी, कोइ जावै गंगा कोइ जावै मक्की।
वाँ से नाहिं तुमार निछेड़ा, काया जैसा और न डेरा ॥2॥
तरंग कहै कब सागर वेखूँ, कष्ट किये बिन क्योंकर पेखूँ।
जुदा नाहीं है तुम संग भेड़ा, काया जैसा और न डेरा ॥3॥
दास साहू जन खडा पुकारै, समझ लिया तो पार उतारै।
आप दिया बिन काज न तेरा, काया जैसा और न डेरा ॥4॥7॥

बैत

पँहिंजूँ अखियूँ रखी पाण में लियो पातो जिन।
सो विहण तिनखे विह थियो नकी सुख सुम्हण ॥
से अठई पहर अजीब साँ बठिया ओरन कनि।
त साहू मुँझऊँ तिन अचे बूअ बहार जी ॥1॥
अचे बूअ बहार जी छड पिरीं पसायो।
वेई विछाड़ै रातड़ी अंडण सो आयो ॥
लधो ला मकान मूँ गुरु रोहल बतायो।
साहू समायो पाण पंहिंजो पाण में ॥2॥
डहनि वैरिनि बिच में आयो आए इंसान।
पहिरियूँ वैरी पांहिंजो आहे नफ्स नजस नादान ॥
बियो वैरी तंहिं सां सामिल आहे सैतान।
टियो वैरी वितरो आए सुहिबत जाल जियाँ ॥
चौथों वैरी था चऊं विटो वे फरमान।

पंजूं वैरी पेट आए जो नित नित घुरे नान ॥
छहूँ वैरी उञ आए जालई पाणीअ परेसान।
सतूं वैरी सहूत आए जंहिं कया हजारे हैरान ॥
अठों वैरी आकरो आए तक बरतोलाँ।
नाऊँ वैरी निंड आए जो गफलत जो गुजरान ॥
डहों वैरी डमर आए जो जहलु बडो जउलां।
इन्हनि डहनि वैरिन विच में जो जंग खटे जवान ॥
ही सिर करियां कुर्वान तहिं सूरह तां साहू चवे।
पेट सुबुड सुलतान पेट हथियार बंधावे ॥
चकी पिन्ही पेट पेट वह आप पकावे।
करे मजूरी पेट पेट सिर वास चढावे।
पाजा पूजा पेट की इह सभई पेट के काज।
पर साहू पेट न होवहीं त कौन जचे महाराज ॥3॥

उलट-भेद

मन बिच पाए बैठो सी मोल्हां, जाई मींहं विया इया कोन्हां।
पीन्ही साइण सुम्ही गोली, साहू है को समझे बोली ॥
पने कूँ धन कैंची कतर, जाया भई निभाया पतर।
कोरई तानीं आणिया सतर, जोगी कूँ धन फिरंदे झोई ॥

साहू ही को समझे बोली

अहीं बोली विच नहीं जिवान, गई इंसानी थी सुलतान।
भज गई भ्रम दी बोली, साहू ही को समझे बोली ॥

गुलामअली साहब की वाणी

ग्रन्थ ब्रह्म-विचार

सवैया

कोइ कहत है मक्के के माहीं, कोइ कहै वनवास है जी।
कोइ कहत है धरणी ऊपर, कोइ कहै आकास है जी ॥
जिस कूँ दूर तु देखत है वही, प्रीतिम तेरे ताँ पास है जी।
गुलाम अली गुरु रोहल को अब, दासन को ताँ दास है जी ॥1॥
एक अनेक अनेक मुँ एक हि, एक अनेक समाय रह्यो है।
आप में आप हि व्याप रह्यो अब, आप मुँ आप सो आय रह्यो है ॥
गुरु रोहल राह बताय दियो घट, लख अलख लखाय रह्यो है।
गुलाम अली अब ग्यान गले मँह, आप छक्यो छक छाय रह्यो है ॥2॥
बाहर भीतर एक निरंतर, व्याप रह्यो है प्रीतम प्यारो।
घट घट माहीं खेल करत्त है, एक अनेक रहत्त सो न्यारो।
लाखन मूँ नहिं लाभत है यह, सतगुरु सब्द कह बहुत विचारो।
गुलाम अली उस खाक मिले जहिं, राम के नाम को नैम विसारो ॥3॥
ब्रह्म को भेद बताय दियो सो, सतगुरु सब्द को दान दियो है।
जो दृष्टि न मुष्टि नहीं कछु आवत, जाँ के महीं सो जान लियो है ॥
एक अनेक के भेष बनावत, रंग कहाँ शहशान कियो है।
गुलाम अली जो जीवित मरना, जुग जुगों सो जान जियो है ॥4॥
चेतन चाम को महल बनायो, अवघट आयकै घाट घड़्यो है।
पंच के पिंजरे पाय पड़्यो तब, आप उहाँ सूँ आइ रह्यो है ॥
गुरु शाहू जब ही किरपा कीनी, दिल मूँ तब ही ध्यान धर्‍यो है।
गुलाम अली अब ग्यान गले महिं, सभ ही सारौ काज सर्‍यो है ॥5॥

दोहा : *सभ घट एक हि राम रह्यो, जगत में जगदीस।*
गुलामअली गुरु रोहल की, जब चरण लगायो सीस ॥6॥

गजल : *जो सतगुरू सबद का सूरा। कि प्रेमी है वही पूरा।*
कि जिसने आप पहचाना। कि आप बिन आप कूँ जाना ॥7॥

प्रश्न, दोहा : *सतगुरु यह समझा मुझे, तुम पारस हम लोह।*
जोई जोगी जोग करत है, वहि कह समझाओ मोह ॥8॥

उत्तर : *आप बना अब आप मँह, जोगी जोग कमाइ।*
षट चक्कर षट देव हैं, सभ में उलट समाइ ॥9॥

सिष-उवाच, गजल

जो सतगुरु संग मूँ राता। कि मुख ने भखन मूँ माता ॥
दुहूँ दिसि गगन गरजाया। कि अनहद नाद बजवाया ॥
कि दम दम दामिनी दरसै। कि ब्रह्म की बूदंनी बरसै ॥
कि छम छम छाबतिया छेरें। कि ब्रह्मग्यान बाजतियाँ भेरें ॥
देखी है गंगा नी जमना। उहाँ सूँ राह है रमना ॥
कि त्रिवेणी तीर परसाया। कि तन मूँ तीरथाँ न्हाया ॥
गगन में पवन चढवाया। कि दसमा द्वार भी धाया ॥
शाहु ने शाह समझाया। उहाँ सूँ ख्याल ऊठाया ॥
परम मुनी पद कूँ पाया। गुलाम अली सरण आया ॥10॥

गुरु-उवाच, दोहा

जोगि जोग पूरण भयो, अब अनुभव कीयो वास।
जहाँ एक दोइ के गम नहीं, आवागँवन निवास ॥11॥

सिष-उवाच

अनुभव अथाह समंद्र है, जिसका आर न पार।
गुलाम अली गुरु रोहल को, अब चरण कँवल आधार ॥12॥

कवित्त : *सतगुरु को सब्द सत सुन मूँ पाई है गत,*
गुरु बिन कैसी है गत ब्रह्म जहाँ विसार्‌यो है।
दिल मूँ सो दान दियो मन माहीं मानि लियो,
प्रेम सूँ पिछान लियो तलब माहीं तार्‌यो है ॥
जान मूँ जान्यो है जब आप बीज आन्यो है अब,
मन को मान्यो न तब इश्क से उतार्‌यो है।
गुलाम अली और आस सुँ क्या फिरूँ वनवास,

सुँ प्रेम के प्रकास सुँ अब तो उजार्‌यो है ॥13॥
सतगुरु को सब्द सुन सुंन मूँ लागी है धुंन,
गुरु को गायो है गुन भेद जहि बतायो है।
सत्संग के तो संग संग लागै है नैनन संग,
बेरँग वही रंग रंग कैसो रंग लायो है ॥
तू जो करै आज आज आवै नहीं क्यों न लाज,
नाम बिना कौड़ी काज और तो अजायो है।
गुलाम अली ग्यान गली फूल्यो है कँवर कली,
शाहू ने शाह बली सत्‌गुरु समझायो है ॥14॥
सतगुरु के संग संग लागो है राम रंग,
रंग मुँओ ही रंग, साजन समायो है।
सतगुरु के आस पास तजो तुम और आस,
धरणी माहीं क्या अकास जोत जहाँन गायो है ॥
अब गुरु देख्यो घट घट प्रकास ताके वट पट,
बात येही अटपट अब छाती में छिपायो है।
हिरदै हरि नाम नाम और सूँ कैसा है काम,
कहत यही जन गुलाम गुरु के गुन गायो है ॥15॥

दोहा :
गुलाम अली अब आप मूँ, सहजे रह्‌यो समाय।
गुरु शाहू के चरन पर, लियो जब सीस लगाय ॥16॥
गुलाम अली सभ देखिया, देवी देव मनाय।
ब्रह्मँड सारा घट में गुरु, शाहू दिया बताय ॥17॥

गुरु-उवाच, झूलना

तन मंन के माहिं सो देख लीजे, ओहि सास उसास मूँ सास है जी।
तीन लोक मूँ फूलनी फूल रह्‌यो, भेड़ि भेड़ि मुँ ओहि ताँ बास है जी ॥
यह कंचन जैसी है काया तेरी, बिना राम के नाम सो नास है जी।
गुलाम अली एकोएक में एक हो, आपे सु आप उदास है जी ॥18॥

सिष-उवाच

जाणी जाण कै माहिं पिछान लिया, सत्संग सूँ जब ही संग है जी।
मोहन मन के माहिं सो मान लिया, अंग अंग मुँओ ही जो अंग है जी ॥
तन मंन के माहिं जो खेलता है, रँग रंग मूँ ओही बेरंग है जी।
गुलाम अली अब आप मूँ आप ही, आपे सो आप असंग है जी ॥19॥

गुरु-उवाच

धुंध घोल तुम आँख खोल देखो, सभ दिलबर का दीवार है जी।
बोल भूल माहिं ओही बोल देखो, सभ साजन का सिंगार है जी ॥
घट घट माहिं अवघट भया सारा, साहब तो बीच संसार है जी।
गुलाम अली जब आप उठो तब, आप ओही इजहार है जी ॥20॥

प्रश्न, दोहा

कहाँ ऊँच भयो कहाँ नीच है, कहाँ चोर भयो कहाँ साध।
गुलाम अली अब मौन है, क्या कहिए बकवाद ॥21॥

थीरक छंद

कहाँ चोर बन्यो कहाँ साध भयो, कहाँ पापी बन्यो अपराध भयो।
कहाँ मौन बन्यो कहाँ बकवाद भयो, कहाँ जान के माहिं सो जान लियो है ॥
कहाँ झूठ बन्यो कहाँ साँच भयो कहाँ कंचन है कहाँ काच भयो।
कहाँ वाच में वाच अवाच भयो, कहाँ मन के माहिं सो मान लियो है ॥
कहाँ नेड़े बसे कहाँ दूर भयो, कहाँ हाजिर है हज्जूर भयो।
कहाँ कायर है कहाँ सूर भयो, कहाँ आप सूँ आप पिछान लिया है ॥
कहाँ खास बन्यो कहाँ आम भयो, कहाँ हाकिम है हक्काम भयो है।
कहाँ जिनो जन गुलाम भयो कहाँ, दिल के माहिं सो दान लियो है ॥22॥

प्रश्न, दोहा

दो दिन का नेहड़ा लगा, तीन गुणाँ की टेक।
गुलाम अली अब आप है, किम भयो एक अनेक ॥23॥

उत्तर, सवैया

ज्यूँ जल तरँग तरँग मँह जल है, जल्ल तरंग नहीं कुछ न्यारो।
त्यूँ जग मँह जगदीस विराजत, जान जगत्त यह झूठ पसारो ॥
ज्युँ कंचन एक अनेक है भूषण, भूषण बहुत सुवर्ण है सारो।
गुरु रोहल यह भेद बतायो, गुलाम अली हउँ वारण वारो ॥24॥

सिष-उवाच, दोहा

कबु जानैं मन वन फिरूँ, वन में रहूँ उदास।
मन की ममता तब मिटै, छुटकाया कासी को वास ॥25॥

उत्तर, सवैया

हे प्रीतम पास फिरै वनवास क्यों, रहत उदास बन्यो है उदासी।
तुहि इंसान सही सुलतान सो, आप पिछान फिरौ क्या कासी ॥
जो सतगुरु सर्न चुम्यो जब चर्न सो, जीवत मर्न नहीं है हासी।
गुलाम अली गुरु ग्यान गले सो, कँवर कली को भँवर है वासी ॥26॥

प्रश्न, दोहा

कबु जानत मैं ब्रह्म हूँ, कहा जानत जीउ अजान।
गुलाम अली इस पंथ की, किस विधि पड़ै पिछान ॥27॥

उत्तर कवित्त

जान्यो नहीं जुक्ति जोग बांध्यो है हरष सोग,
सोई है साक्षात रोग थाम माहीं थाधो है।
हउमैं जब बीच आन्यो मन माहीं ब्रह्म मान्यो,
कबहूँ जीउ जानियो बंध ग्यान बांधो है ॥
जीउ मूँ जानैं तू जान जानत नाहीं क्यों अजान,
भयो है सांत को सान खिन कैसो खाधो है।
पृथक है राम नाम भर रह्यो ठाम ठाम,
कैत यही जन गुलाम आखिन में आंधों है ॥28॥

सिख-उवाच, सवैया

प्रेम प्रकास कियो जब ही तब, मिट्ट गयो है सगल्ल अंधेरौ।
आप के माहीं आप पिछानत, दिल्ल दसा मँह दरसन देरौ ॥
हौं अर तुंम की भ्रंमना भागी, काट दियो गुरु बंधन मेरौ।
गुलाम अली गुरु रोहल को, होऊँ चर्ण कँवल्ल को चेरौ ॥29॥

झूलना

ब्रह्म विचार में ब्रह्म का खेल है, आप बिना आप मँह बूझे बूझा।
प्रेम प्रकास में धरणि अकास में, सभ मँह एक हि गूझे गूझा ॥
ब्रह्म बहार में गुल गुलजार में, सभ मँह साजन सूझै सूझा।
गुलाम अली अब आप मँह आप हूँ, कह्यो नहिं जात है एकै दूजा ॥30॥

गुरु-उवाच

जो कुछ करना है ओही कर लीजे, फिर फिर यहाँ नहिं आवना है।

सब संसार असार की प्रीति तजो, आस झूठी जो जगत सूँ जावना है ॥
जोई आये यहाँ जग जावै नहीं अब, लिव उसी से जो लावना है।
गुलाम अली अब आप मूँ आप है, बीच सूँ आप उठावना है ॥32॥

सिष-उवाच, सवैया

सतगुरु के सब्द की जोति जगी तहाँ जोत सूँ जोत जगावना है।
सभ घट माहिं लालो लाल है, उस लाल सूँ लिव लगावना है ॥
जब बूंद सागर मूँ आइ मिलै, तहाँ नहीं गया कुछ आवना है।
गुलाम अली अब आप हू अंत, देव नहीं कोइ ध्यावना है ॥32॥

रेखता

मेरी प्रीति तुम से लागी, औरों की बात त्यागी ॥थल॥
कैसा आ पड़ा है राजा, अब जा दौड़ा जगाया।
आप ही मूँ आप पाया, साजन मिला है सगाया ॥1॥
आप भव भरम का भागा, आपन सूँ आप लागा।
जब ही ताँ हऊँ जागी, ममता की मटकी भांगी ॥2॥
हउँमैं की रैण काटी, रे अगनि बिन डुबाती।
रूई की नहिं बाती, बिना तत जोत जागी ॥3॥
जब इश्क मूँ झूम आया, साहू ना साह सदाया।
प्याला जो पूरि पिलाया, अँखिया मूँ लाली लागी ॥4॥
गुलाम हूँ अली का, ना गुल ना कली का।
महबूब के गली का, प्रेम बड़ा है पागी ॥5॥33॥

सवैया

दिल दीदार ब्रह्म बहार खुल्यो, गुलजार सो कँवन कली को।
जो जानी जान भरम सभ भान दियो दिल दान सो ग्यान गली को
जो जीवत मरन सो सतगुरु सरन गुरु हुओ जब चरन सो साह बली को।
दियो जब जाम भयो विसराम सर्‍यो सब काम गुलाम अली को ॥35॥

गुरु-उवाच

ब्रह्म विचार भयो ज्याँके घट, ताह समान नहीं अब कोई।
ओही आप के माहिं सो आप पिछानत मौन उस तूँ नहीं तहाँ दोई ॥
सभ के माहीं सो बस रह्यो है, जिस कूँ चाहत तू अब सोई।
गुलाम अली जोई आप उठावे, आप उठ्याँ बिन मुक्त न होई ॥35॥

सरीर असार की प्रीति तजो क्यों, झूठे सुख में आय उलूझै।
लोक की लाज सो तोड़ दियो अब, सूरा सो जो सन्मुख झूझै ॥
आप के माहिं सो आप पिछानत, आप बिना अब आप कूँ बूझै।
गुलाम अली अब एक भयो तब, सभ मँह एक हि साहिब सूझै ॥36॥

सिष-उवाच, रेखता

प्याला प्रेम का पीया, कि ताते जुगो जुग जीया ॥थल॥
हुस्न हैरत्त हैराना, हुआ हउँ मस्त दीवाना।
हरी अब हाथ सर्न दीया, प्याला प्रेम का पीया ॥1॥
प्याला पूरण का पाया, जिसे जहाँ जोग जगाया।
थिया है खूब ने कीया, प्याला प्रेम का पीया ॥2॥
दिया है घूटु में घाटी, पिया है सिरों के साटी।
आँखै लाली का रंग लीया, प्याला प्रेम का पीया ॥3॥
गुरु रोहल के चरना, शाहू नी शाह की सरना।
कैसा कामण ताँ कीया, प्याला प्रेम का पीया ॥4॥
गुलाम अली का घर नामा, आया हूँ जोड़ के जामा।
सजन सारा नी सरसीया, प्याला प्रेम का पीया ॥38॥

सवैया

ब्रह्म विचार कयो विसराम सो, आप अधार भयो निरधारौ।
एक हि एक भयो वह वेख तहाँ एक अनेक कियो विसतारौ ॥
न थाप अथाप न पुंन न पाप है, आप हि आप सही सरसारौ ॥
लियो राम को नाम भयो विसराम सो, जन गुलाम हउँ वारणवारौ ॥38॥

दोहा

सभ घट एक हि रम रह्यो, जगत माहिं जगदीस।
गुलाम अली गुरु रोहल के, जब चरण लगायो सीस ॥39॥

गुझल

न दरसै देव को दूजा, कि सभ मँह साजन इक सूझा।
ओ पृथक वह गूझा, कि आप बिन आप कूँ बूझा ॥
कि हउमैं नींद सूँ जागा, कि उलटा आप सूँ लागा।
कि जान्या अन्तरै जामी, ओही शोक ओहि सामी ॥

कि एक ही एक अकेला, वही गुरु वही चेला।
सजन सूँ प्रीत नहिं लागी, कि हउमैं भरमना भागी ॥
दहूँ दिसि जोति नहिं जागी, सजन देख्या वही सागी।
कि जानी जान मँह जोया, कि मन का मैल नी धोया ॥
कि सभ मँह हक नी होया, सहज की सेज पर सोया।
कि खोले ज्ञान की गली, कि बोल्या है गुलाम अली ॥40॥

कवित्त :
गगन माहिं घनघोर अनहद बजै टकोर,
रिझझिम लगै झकोर बादल भर आयो है।
नहीं तहाँ पुंन पाप भूल गयो जोग जाप,
आप बिना पायो आप, आपौ विसरायो है ॥
गुरु कह्यो कहूँ काह नैन बिना नींह नाह,
